

इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, आओ सहेजें अपनी विरासत को व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

चैत्र शुक्ल पक्ष षष्ठी विक्रम संवत 2081

# अमृत विचार

वर्ष 5, अंक 19, पृष्ठ 16+4, मूल्यः 5 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

आज का मौसम | 36.0° अधिकतम तापमान | 24.0° न्यूनतम तापमान | धूप खिली रहेगी, हल्के बादल रहेंगे। | सूर्योदय 05 : 46 सूर्यास्त 18 : 32

मुरादाबाद, रविवार, 14 अप्रैल 2024




परिणीति चोपड़ा ने फिल्म के लिये 15 किलो वजन बढ़ाया...15

## इजराइली जहाज पर ईरान का कब्जा

दुबई, एजेंसी

ईरान-इजराइल में तनाव बढ़ता जा रहा है। मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि ईरान दो दिन के अंदर इजराइल पर हमला कर सकता है। इस बीच ओमान की खाड़ी से होर्मुज होते हुए भारत आ रहे कार्गो शिप पर ईरान की सेना ने कब्जा कर लिया है। जहाज पर 17 भारतीय भी मौजूद हैं।

कार्गो शिप लंदन बेस्ड कंपनी का है, जिसका मालिकाना हक इजराइली अरबपति के पास है। शिप पर 20 क्रू मेंबर सवार हैं, जो फिलीपींस के नागरिक हैं। इजराइली सेना के प्रवक्ता डेनियार हगारी ने कहा कि हम हमलों पर चुप नहीं बैठेंगे। इसका जवाब दिया जाएगा। इधर, भारत समेत छह देशों- अमेरिका, ब्रिटेन, रूस, फ्रांस और जर्मनी ने अपने नागरिकों के लिए एडवाइजरी जारी की है। इसमें लोगों को ईरान और इजराइल न जाने की सलाह दी गई है। एक अप्रैल को इजराइल ने सीरिया में ईरानी एम्बेसी के पास एयरस्ट्राइक की थी। इसमें ईरान के दो टॉप आर्मी कमांडर्स समेत 13 लोग मारे गए थे। ईरान ने बदला लेने के लिए इजराइल पर अटैक करने की धमकी दी थी।

**जहाज पर 17 भारतीय सवार, तनाव बढ़ा**



### भारतीयों की मुक्ति को ईरान के संपर्क में भारत

नई दिल्ली। ईरान और इजराइल के बीच बढ़ने तनाव को देखते हुए भारत ने अपने नागरिकों की सुरक्षा और मुक्ति के लिए तेहरान और नई दिल्ली, दोनों स्थानों पर ईरानी अधिकारियों के संपर्क में है। ईरान ने जहाज जब्त करने का कदम यह आशंका बढ़ने के बीच उठाया कि तेहरान 12 दिन पहले सीरिया में ईरानी वाणिज्य दूतावास पर हुए हमले के जवाब में इजराइली क्षेत्र पर हमला कर सकता है।

## कंगना रनौत के सामने विक्रमादित्य को उतारा

नई दिल्ली, एजेंसी

**कांग्रेस की नई सूची**



कांग्रेस ने शनिवार को लोकसभा चुनाव के लिए 16 और प्रत्याशियों की सूची जारी कर दी। चंडीगढ़ सीट के अलावा, गुजरात की चार, हिमाचल की दो और ओडिशा की नौ सीट के लिए एलान किया गया है। साथ ही पार्टी ने गुजरात की पांच विस सीटों पर उपचुनाव के लिए भी उम्मीदवारों का एलान कर दिया है।

पूर्व केंद्रीय मंत्री मनीष तिवारी को चंडीगढ़ संसदीय क्षेत्र से मैदान में उतारा गया है। यहां पिछली बार पूर्व केंद्रीय मंत्री पवन बंसल को टिकट दिया गया था। हालांकि, उन्हें भाजपा उम्मीदवार किरण खेर के हाथों 49 हजार से ज्यादा वोटों से हार का सामना करना पड़ा था। हिमाचल के मंत्री विक्रमादित्य सिंह को राज्य के मंडी लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी और फिल्म अभिनेत्री कंगना रनौत के खिलाफ अपना प्रत्याशी बनाया है। विक्रमादित्य हिमाचल प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह के बेटे हैं।

## कक्षा पांच की छात्रा को अगवाकर किया सामूहिक दुष्कर्म, दो पर एफआईआर

रुदौली, अयोध्या

- लखनऊ में दो दिनों तक बनाकर रखा बंधक, आरोपियों को तलाश रही पुलिस

**अमृत विचार** : कक्षा पांच की छात्रा को अगवा कर सामूहिक दुष्कर्म करने की वारदात सामने आई है। पीड़िता को दो दिन तक लखनऊ में बंधक बनाकर उससे दुष्कर्म किया गया। आरोपियों के चंगुल से छूटी पीड़िता घर पहुंची और परिजनों को घटना की जानकारी दी। पुलिस पीड़िता की शिकायत पर एक नामजद समेत दो के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनकी तलाश में जुटी है। घटना आठ अप्रैल की बताई जा रही है।

कोतवाली क्षेत्र की 13 वर्षीय किशोरी गांव के निजी स्कूल में पांचवीं में पढ़ती है। पुलिस को दी तहरीर के अनुसार, गांव का युवक स्कूल आते-जाते वक्त रास्ते में रोककर आए दिन उससे छेड़छाड़ करता था। आठ अप्रैल की सुबह वह घर निकली थी। पहले से घात लगाए आरोपी ने चाकू के बल पर उसका अपहरण कर लिया। गांव के बाहर गन्ने के खेत में दुष्कर्म करने के बाद आरोपी उसको लखनऊ ले गया। वहां पर दो दिनों तक एक घर में बंधक बनाकर अपने दोस्त के साथ मिलकर दुष्कर्म करता रहा। आरोपियों ने पीड़ित किशोरी को शिकायत करने पर जान से मार डालने की धमकी दी। गत दिवस वह मौका पाकर वहां से भाग निकली और अपने घर पहुंची। प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र सिंह ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर गांव के ही अनुज कुमार व एक अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश की जा रही है। चिकित्सीय परीक्षण के लिए पीड़िता को अस्पताल भेजा जाएगा।

## एक नजर

### खराब मौसमः दिल्ली में 22 उड़ानों का मार्ग बदला

नई दिल्ली। खराब मौसम के कारण शनिवार शाम को दिल्ली हवाई अड्डे पर 22 उड़ानों का मार्ग बदल दिया गया। इनमें से नौ उड़ानों को जयपुर, आठ को लखनऊ, दो को चंडीगढ़ और 1-1 को वाराणसी, अमृतसर तथा अहमदाबाद भेजा गया। अधिकारी ने कहा कि जिन उड़ानों का मार्ग परिवर्तित किया गया, उनमें इंडिगो की नौ, एयर इंडिया की आठ और विस्तारा की तीन उड़ानें शामिल हैं। मार्ग परिवर्तन शाम तीन से साढ़े छह बजे के बीच हुआ। राष्ट्रीय राजधानी में इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा (आईजीआईए) प्रतिदिन 1,300 उड़ानों की आवाजाही संभालता है।

### चुनावी बॉण्ड खरीदार मेघा इंजीनियरिंग पर केस

नई दिल्ली। सीबीआई ने हैदराबाद स्थित मेघा इंजीनियरिंग एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड के खिलाफ रिश्वत देने के मामले में एफआईआर दर्ज की है। कंपनी ने 966 करोड़ रुपये के चुनावी बॉण्ड खरीदे थे और वह इन बॉण्ड की दूसरी सबसे बड़ी खरीदार है। अधिकारियों ने शनिवार को कहा कि जगदलपुर एकीकृत इस्पात संयंत्र से संबंधित कार्यों के लिए मेघा इंजीनियरिंग के 174 करोड़ रुपये के बिलों को मंजूरी देने में 78 लाख रुपये की रिश्वत दी। प्राथमिकी में एनआईएसपी और एनएमडीसी के आठ अधिकारियों और मेकॉन के दो अधिकारियों को भी रिश्वत लेने के लिए नामित किया गया है।

### घर में घुसा तेंदुआ, आठ घंटे बाद पकड़ा जा सका

मेरठ। कसेरूखेड़ा में एक घर में शनिवार सुबह के समय घुसा तेंदुआ आठ घंटे के प्रयास के बाद काबू में आ पाया। वन विभाग के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। प्रभागीय वन अधिकारी (डीएफओ) राजेश कुमार ने बताया कि शनिवार की सुबह करीब 10 बजे छावनी क्षेत्र के कसेरूखेड़ा इलाके के एक घर में तेंदुआ घुसने की जानकारी वन विभाग को मिली थी। पुलिस और वन विभाग की टीम मौके पर पहुंच गई। शाम को करीब साढ़े छह बजे ट्रेंकुलाइज कर (बेहोशी का इंजेक्शन देकर) तेंदुआ को पकड़ा जा सका। उन्होंने बताया कि घर में घुसा तेंदुआ नर है और उसकी उम्र साढ़े तीन से चार साल के बीच है। डीएफओ के अनुसार मकान को चारों ओर से जाल से घेर लिया गया। घर में फंसे परिवार को निकालने के लिए दीवार तोड़ी गई।

# बेटियों की सुरक्षा में सेंध लगाने वालों की जगह जहन्नुम : योगी

## बहेड़ी की जनसभा में मुख्यमंत्री ने कहा कि अब नो कर्फ्यू नो दंगा, यूपी में सब चंगा

कार्यालय संवाददाता, बरेली



- दंगाइयों को पता है उल्टे लटका दिए जाएंगे, 370 हटने के बाद खत्म हुई आतंकवाद की समस्या

**अमृत विचार** : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विपक्षी पार्टियों पर हमला करते हुए कहा कि कांग्रेस, सपा, बसपा की सरकारों में चारों तरफ दंगे होते थे, लेकिन प्रदेश में सात साल में एक भी दंगा नहीं हुआ है। दंगा करने वालों को मालूम है कि दंगा करेंगे तो उल्टे लटका दिए जाएंगे। व्यापारियों और बेटियों की सुरक्षा में सेंध लगाने वालों को पता है कि जेल जाने से पहले उनके लिए जहन्नुम का रास्ता तैयार है।

मुख्यमंत्री शनिवार को पीलीभीत में जितिन प्रसाद के समर्थन में बहेड़ी के रामलीला मैदान में जनसभा में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि नया भारत देश की सीमाओं को सुरक्षित करना जानता है। कहा कि पिछली सरकारें कर्फ्यू लगाती थीं लेकिन अब माफिया गले में तख्ती लटकाकर घूम रहे हैं और बोल रहे हैं कि बस जान बख्श दो। कहा कि कुछ लोग पहले ही अपने कर्मों की सजा पा चुके हैं। कुछ भयभीत होकर खुद जहन्नुम जा रहे हैं। कहा कि अब यह नहीं होगा कि दंगा भी कराएंगे और फिर किसी पार्टी से फतवा जारी कर अव्यवस्था पैदा करेंगे। वहीं उत्तराखंड में भी सीएम योगी विपक्ष पर हमलावर दिखाई दिए। उन्होंने कहा कि भाजपा समस्या नहीं समाधान पर विश्वास करती है। यह बात सीएम ने शनिवार को हल्द्वानी के एमबी इंटर कॉलेज में हुई विजय संकल्प रैली में कही।

### मुरादाबाद दंगे की जांच रिपोर्ट दबाई, हमने किया खुलासा

बिजनौर। मुख्यमंत्री योगी ने कहा, जो लोग माफिया को पालते थे, वह आपको सुरक्षा नहीं दे सकते। यह भाजपा का सुशासन है, जिसने लोगों को सुरक्षा का अहसास कराया है। 1980 में मुरादाबाद में सांप्रदायिक दंगा हुआ, इसमें दर्जनों लोग मारे गए। इतने सालों तक इसकी जांच रिपोर्ट को भी फाइलों में दबा दिया गया। मेरे मुख्यमंत्री बनने के बाद इसका खुलासा हुआ। उसमें बड़े-बड़े लोग बेपर्दा हुए। मुख्यमंत्री मुरादाबाद लोकसभा क्षेत्र की विधानसभा बढ़ापुर के गांव आलमपुर गांवड़ी में भाजपा प्रत्याशी कुंवर सर्वेश सिंह के समर्थन में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। यहां उन्होंने 2016 में सहारनपुर में हुए सिख विरोधी दंगे का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि आज यूपी में न दंगा है, न कर्फ्यू है सब कुछ चंगा है। दंगाई छिपे हुए हैं।

### जमीन चाहे रामलला की हो या गरीब की वसूली ब्याज सहित की जाएगी

उन्होंने कहा कि आज यूपी और किसान आगे बढ़ चुका है। जम्मू कश्मीर में अब किसी भी वर्ग, जाति का व्यक्ति जमीन खरीद सकता है। कांग्रेस ने इससे लोगों को वंचित कर रखा था। जमीन चाहे रामलला की हो या फिर किसी गरीब या व्यापारी की, उससे ब्याज सहित वसूली की जाएगी।

### किसान को बनाएंगे भुगतान न करने वाली चीनी मिलों के मालिक

सीएम ने कहा कि प्रदेश में 120 चीनी मिलों में 105 एक सप्ताह में भुगतान कर रही हैं। उन्होंने कहा कि हमने तय किया है कि जो भी चीनी मिलें गन्ना भुगतान समय पर नहीं करेंगी, हम किसानों को उसका मालिक बनाएंगे। किसान ही उन चीनी मिलों को संचालित करेंगे।

## कोर्ट में केजरीवाल की याचिका पर 15 को होगी सुनवाई

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री केजरीवाल को आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन मामले में ईडी के गिरफ्तार करने और हिरासत में रखने के फैसले को दिल्ली हाईकोर्ट के नौ अप्रैल को वैध करार देने के खिलाफ दाखिल याचिका पर सुप्रीम कोर्ट 15 अप्रैल को सुनवाई करेगा।

सुप्रीम कोर्ट की वेबसाइट पर सुनवाई के लिए जारी मुकदमों की सूची में केजरीवाल की याचिका भी है। हाईकोर्ट ने धनशोधन के मामले में केजरीवाल की गिरफ्तारी को वैध करार दिया था और कहा था कि बार-बार समन देने के बावजूद जांच में शामिल होने से इनकार करने के बाद ईडी के पास थोड़ा विकल्प बचा था। हाईकोर्ट ने आप नेता की गिरफ्तारी और संघीय एजेंसी की हिरासत में भेजे जाने को चुनौती देने वाली याचिका रद कर दी है। हाईकोर्ट की ओर से मामले में ईडी की किसी भी दंडात्मक कार्रवाई से सुरक्षा देने से इनकार करने के कुछ घंटों बाद ही ईडी ने 21 मार्च को केजरीवाल को गिरफ्तार किया था। केजरीवाल को अदालत ने 15 अप्रैल तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया है और वह अब तिहाड़ जेल में हैं।

## पटरी पर लेटा युवक आधा घंटा ट्रेन लेट

कार्यालय संवाददाता, बदायूं



ट्रेन के आगे लेटने वाला युवक।

- जीआरपी ने पकड़ कर खींचा, पूछताछ के बाद छोड़ा

**अमृत विचार** : शराब के नशे में एक युवक ट्रेन की पटरी पर लेट गया, जिससे कासगंज से आने वाली ट्रेन शेखूपुर रेलवे स्टेशन पर आधा घंटा तक खड़ी रही। युवक को पटरी पर लेटा देखकर ट्रेन के लोको पायलट ने सूचना जीआरपी को दी। जीआरपी ने युवक को पटरी से खींचकर घटाया, जिसके बाद ट्रेन अपने गंत्वय की ओर रवाना हुई। जीआरपी उसको बदायूं रेलवे स्टेशन लेकर आई और पूछताछ के बाद छोड़ दिया।

पैसेंजर ट्रेन कासगंज से दोपहर 12: 27 बजे बदायूं रेलवे स्टेशन पर पहुंचती है। शनिवार को ट्रेन अपने निर्धारित समय पर रेलवे स्टेशन नहीं पहुंची तो यात्रियों ने पूछताछ शुरू कर दी। यात्रियों को बताया गया कि शेखूपुर रेलवे स्टेशन पर ट्रेन खड़ी है। वह जल्द आने वाली है। करीब 1 बजे ट्रेन रेलवे स्टेशन पहुंची। ट्रेन से जीआरपी ने एक युवक को उतारा। युवक शेखूपुर के निकट रेलवे लाइन पर लेट गया था, जिसकी बजह से ट्रेन आधा घंटा वहीं पर खड़ी थी। युवक ने अपना नाम रामसिंह निवासी पलिया मेहंदी बताया। उसने कहा कि घर में सब लोग उसे परेशान करते हैं। उसके भाई ने उसे बहुत पीटा, जिससे वह गुस्से में था और ट्रेन से कटने के लिए पटरी पर लेट गया। युवक ने शराब पी रखी थी। जीआरपी ने उसके परिजनों को फोन करने इसकी जानकारी दी। घरवालों ने बताया कि वह हर रोज घर में झगड़ा करता है। कई बार घर से बिना बताए चला गया। वह शराब पीने का आदी है। इसलिए उसे आज भी डांटा गया था।

## पुलिस हिरासत में ग्रामीण की मौत, परिजनों का हंगामा

संवाददाता, मितौली (लखीमपुर खीरी)

- चौकी इंचार्ज और हेड कांस्टेबल के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचारः** पांच साल की बालिका की गला दबाकर हत्या करने के मामले में थाने लाए गए ग्रामीण की मौत हो गई। परिजनों ने शव सड़क पर रखकर जाम लगाया और पांच घंटे हंगामा किया। परिजनों की तहरीर पर चौकी इंचार्ज पिपरझला, हेड कांस्टेबल पर रिपोर्ट दर्ज हुई है।

गांव पकरिया जलालपुर के अनूप कुमार की पांच साल की पुत्री अंशू तीन अप्रैल को लापता हो गई थी। अगले दिन उसका शव झाड़ियों में मिला था। पोस्टमार्टम में गला दबाकर हत्या की पुष्टि हुई थी। संदेह पर पुलिस शुक्रवार को गांव के आशाराम को थाने लाई और उसकी हालत बिगड़ गई। पुलिस सीएचसी ले गई, जहां से जिला अस्पताल भेजा गया। वहां डॉक्टर ने आशाराम को मृत घोषित कर दिया। जानकारी पर परिजन रात में ही वहां पहुंचे और शव घर ले आए। शनिवार सुबह मृतक के शरीर पर चोटों के निशान दिखा तो पुलिसकर्मियों पर पिटाई और करंट लगाने का आरोप लगाकर रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की और शव सड़क पर रखकर हंगामा किया। सीडीओ अनिल सिंह व एएसपी पश्चिमी नैपाल सिंह के सख्त कार्रवाई के आश्वासन पर परिजन शांत हुए।

**रामेश्वरम कैफे विस्फोट**

## दोनों आरोपी रिमांड पर गए बेंगलुरु

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु के रामेश्वरम कैफे में हुए विस्फोट के मामले में एनआईए ने कोलकाता से गिरफ्तार दोनों आरोपियों को ट्रांजिट रिमांड पर यहां लेकर आई है। दोनों को चिकित्सा जांच के बाद एनआईए की अदालत में पेश किया जाएगा। कोलकाता की अदालत ने विस्फोट मामले में दोनों आरोपियों को शुक्रवार को तीन दिन की ट्रांजिट रिमांड पर भेजा और एनआईए को उन्हें कर्नाटक की राजधानी ले जाने की अनुमति दी थी। एनआईए ने मुसव्विर हुसैन शाजिब और ए मथीन अहमद ताहा को रामेश्वरम कैफे में हुए विस्फोट में उनकी भूमिका के लिए गिरफ्तार किया था।

## बाबा तरसेम हत्याकांड का मुख्य साजिशकर्ता हरियाणा से गिरफ्तार

संवाददाता, नानकमत्ता

- बिलासपुर (रामपुर) का हिस्ट्रीशीटर है सुल्तान सिंह, 25 हजार का था इनाम

**अमृत विचार** : डेरा कार सेवा प्रमुख बाबा तरसेम सिंह हत्याकांड के मुख्य साजिशकर्ता सुल्तान सिंह को एसटीएफ ने हरियाणा के जींद जिले से गिरफ्तार कर लिया। इस पर 25 हजार का इनाम था। वह बिलासपुर (रामपुर) का हिस्ट्रीशीटर था। उधर, बीते दिवस गौरी फंटा (लखीमपुर खीरी) से पकड़े गए षड़यंत्रकारी सतनाम सिंह का शनिवार को चालान कर दिया गया। दूसरा शूटर सर्वजीत सिंह अभी भी हत्थे नहीं चढ़ा है।

एसएसपी मंजूनाथ टीसी ने बाबा तरसेम हत्याकांड के मुख्य साजिशकर्ता सुल्तान सिंह व बीते दिवस गिरफ्तार सतनाम सिंह की जानकारी दी। बाबा की हत्या के षडयंत्र में शामिल रहे सतनाम सिंह पुत्र जागीर सिंह निवासी कुईया महोलिया बंडा (शाहजहांपुर) को एसटीएफ ने नेपाल बॉर्डर से सटे गौरी फंटा (लखीमपुर) से गिरफ्तार किया था। एसएसपी ने बताया कि सुल्तान ने सतनाम सिंह द्वारा दिलबाग सिंह, बलकार सिंह, प्रगट सिंह, हरविंदर उर्फ पिंदी के साथ मिलकर बाबा तरसेम सिंह की हत्या का षडयंत्र रचा। इसे पूरा करने के लिए धार्मिक स्थल और दिलबाग सिंह के घर पर हत्या की योजना बनाई गई। बाबा की हत्या का मुख्य शूटर अमरजीत सिंह एनकाउंटर में मारा जा चुका है।

### 28 मार्च को हुई थी बाबा की हत्या

बाबा तरसेम सिंह की हत्या 28 मार्च की सुबह उस वक्त बाइक सवार दो शूटरों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी जब वह डेरा परिसर में बैठे हुए थे। पूरा हत्याकांड सीसीटीवी में कैद हो जाने से कुछ ही देर में दोनों शूटर्स की पहचान हो गई थी। इस मामले में दो शूटर्स समेत छह लोगों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज कराया गया।

## रोड शो के दौरान पथराव, आंध्र प्रदेश के सीएम घायल

**विजयवाड़ा (आंध्र प्रदेश)।** विजयवाड़ा में रोड शो के दौरान मुख्यमंत्री वाईएस जगन मोहन रेड्डी पर शनिवार को अज्ञात लोगों ने पथराव किया। सीएम ललाट पर पत्थर लगने से घायल हो गए। मुख्यमंत्री कार्यालय के अनुसार, मुख्यमंत्री सिंह नगर के विवेकानंद स्कूल सेंटर में भीड़ का अभिवादन कर रहे थे तब उन्हें पत्थर आ लगा, जिसके बाद लोगों ने रूमाल से उनका ललाट पोछा। बस के अंदर डॉक्टर ने उनका प्राथमिक उपचार किया। घटना के बावजूद मुख्यमंत्री ने अपना टूर जारी रखा और चार घंटे तक प्रचार किया। वाईएसआरसीपी ने आरोप लगाया कि इसके पीछे तेदेपा (तेलुगु देशम पार्टी) का हाथ है।

## स्वास्थ्यवर्द्धक पेय पदार्थ की श्रेणी से हटेगा बॉर्नविटा

नई दिल्ली, एजेंसी

- उत्पादों का वर्गीकरण तय करने का सरकार ने दिया आदेश

सरकार ने ई-कॉमर्स कंपनियों से पोर्टल से बॉर्नविटा समेत अन्य पेय पदार्थों को स्वास्थ्यवर्द्धक पेय पदार्थ की श्रेणी से हटाने का निर्देश दिया है।

वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय ने दिए परामर्श में कहा कि बाल अधिकार संरक्षण आयोग अधिनियम 2005 की धारा (3) के तहत गठित वैधानिक निकाय राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने सीआरपीसी अधिनियम 2005 की धारा 14 के तहत जांच के बाद निष्कर्ष निकाला कि एफएसएस अधिनियम 2006, एफएसएसएआई और मोंडेलेज इंडिया फूड प्राइवेट लिमिटेड द्वारा प्रस्तुत नियमों और विनियमों के तहत कोई स्वास्थ्यवर्द्धक पेय परिभाषित नहीं है। आदेश 10 अप्रैल को जारी हुआ है। इसमें कहा गया कि ई-कॉमर्स कंपनियों/पोर्टलों को सलाह दी जाती है कि वह अपने मंच/साइट से बोर्नविटा समेत अन्य पेय पदार्थों को स्वास्थ्यवर्द्धक पेय की श्रेणी से हटा दें। खाद्य सुरक्षा मानक नियामक एफएसएसएआई ने दो अप्रैल को ई-कॉमर्स खाद्य व्यवसाय संचालकों को वेबसाइट पर बेचे जा रहे उत्पादों का वर्गीकरण तय करने का निर्देश दिया था।

## मानवाधिकारों का संदेशखालि में हुआ उल्लंघन : आयोग

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने प. बंगाल के संदेशखालि मामले की मौके पर पहुंचकर की गई जांच में अत्याचार की घटनाओं को चिह्नित किया और कहा कि ऐसी घटनाओं की रोकथाम में की गई लापरवाही से मानवाधिकारों का उल्लंघन हुआ। आयोग ने रिपोर्ट में कहा कि प्रतिशोध के व्यापक भय के साथ ही ताकत दिखाने के खेल ने एक दुर्जेय बाधा के रूप में काम किया, जिससे लोगों ने शिकायतें दर्ज कराने से परहेज किया। एनएचआरसी ने कहा कि आयोग ने कई सिफारिशें की हैं और हर सिफारिश पर बंगाल सरकार से आठ सप्ताह में कार्रवाई की रिपोर्ट मांगी है।

**राहत** | क्षुद्रग्रह एपोफिस वैज्ञानिकों की चिंता का सबसे बड़ा कारण था

## टल गया पृथ्वी पर आने वाला अबतक का सबसे बड़ा खतरा

बबलू चंद्रा, नैनीताल

**अमृत विचार** : बहुचर्चित नही बल्कि कुख्यात भी साथ ही वैज्ञानिकों की चिंता का बड़ा कारण क्षुद्रग्रह एपोफिस के पृथ्वी से टकराने की संभावना नही रही। इस से वैज्ञानिकों ने राहत की सांस ली है और पृथ्वी के लिए अबतक का सबसे बड़ा खतरा भी टल गया है। यह क्षुद्रग्रह पृथ्वी के एक बड़े हिस्से को तबाह करने की ताकत रखता है। हालिया गणना में यह जानकारी सामने आई है।

एपोफिस की खोज 2004 में हुई थी। हमारे आसमान में बेख़ौफ घूमती इस चट्टान का आकार करीब आधा किमी है। अगर यह पृथ्वी से टकरा जाए तो हजारों किमी हिस्से को तबाह कर सकती है। इसके पृथ्वी से टकराने की प्रबल संभावना के चलते खगोलविद्द बेहद चिंतित हो चले थे। जिस कारण नासा समेत रसिया व इसा स्पेस एजेंसी इसकी जांच पड़ताल के साथ ही लगातार निगरानी कर रहे थे। शुरुआती गणना में उसके अप्रैल 2013 में पृथ्वी से टकराने की संभावना जताई गई थी। जिसे लेकर वर्ष 2013 में धरती के तबाह होने की खबरों ने दुनियाभर के लोगों ने चिंता में डाल दिया था। मगर उसी दौरान एक और अध्ययन ने इसके 2013 के बजाय 2029 में टकराने की संभावना की घोषणा कर दी। इस गणना से निकट भविष्य का खतरा तो टल गया, लेकिन समस्या का सही निदान नही मिल पा रहा था। इसके बाद 2021 में पूनः एपोफिस की गणना की गई तो पता चला कि अब यह 2036 में पृथ्वी से टकराएगा। इस तरह से इस आकाशीय पिंड पर वैज्ञानिक पल पल नजर बनाए रहे और इस खतरे को दूर करने के उपाय भी तलाशते रहे। मगर अब जो रिपोर्ट आई है उसके मुताबिक पृथ्वी को अगले सौ साल किसी भी आकाशीय पिंड यानी क्षुद्रग्रह से कोई खतरा नही है। इसकी ऑर्बिट की सटीक गणना को लेकर गोल्डस्टोन डीप स्पेस कम्युनिकेशंस कॉम्प्लेक्स व ग्रीन बैंक टेलीस्कोप का सहारा लिया गया , तब यह जानकारी सामने आई। एपोफ़िस पृथ्वी की तरह सूर्य की परिक्रमा करता है, जिसे एक चक्कर पूरा करने में 323.6 दिन लगते हैं, जबकि पृथ्वी को 365.3 दिन का समय लगता है।



### 2029 में देखा जा सकेगा कुख्यात एपोफिस को

**नैनीताल।** हाल के वर्षों की गणनाओं से पता चला है कि यह क्षुद्रग्रह 2029 और 2036 दोनों में पृथ्वी के पास से सुरक्षित रूप से गुजरेगा। 2029 में पृथ्वी की सतह से 19,662 मील की मामूली दूरी से गुजरगे। यह पृथ्वी की परिक्रमा करने वाले कई उपग्रहों से अधिक निकट की दूरी है। तब इसे पृथ्वी के गुरुत्वाकर्षण क्षेत्र का सामना करेगा। तब संभव है कि एपोफिस पर भूकंप आए। इससे एपोफिस की कक्षा में भी थोड़ा बदलवा आएगा। इस दौरान इस पिंड को आसानी से देखा जा सकेगा।

## एक नजर

### कर्मियों से जिला निर्वाचन अधिकारी ने पूछे सवाल

मुरादाबाद, अमृत विचार : कांठ रोड पर राजकीय पॉलीटेक्निक में चल रहे मतदान कार्मिकों के प्रशिक्षण में जिला निर्वाचन अधिकारी मानवेंद्र सिंह पहुंचे। उन्होंने मतदान कार्मिकों से मिले प्रशिक्षण के बारे में जानकारी ली। अधिकारियों से मतदान के लिए दी गई जानकारी के बारे में भी पूछा। कहा कि यदि किसी को कोई बात स्पष्ट न हो तो दोबारा उसके बारे में जानकारी कर संतुष्टि कर लें। जिससे मतदान के दौरान कोई समस्या न आए। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी गुलाब चंद, अपर जिलाधिकारी वित्त व राजस्व सत्यम मिश्र सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### स्ट्रांग रूम का निरीक्षण कर दिए निर्देश

मुरादाबाद, अमृत विचार : जिला निर्वाचन अधिकारी मानवेंद्र सिंह ने मंडी समिति में बने स्ट्रांग रूम का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने यहां मतदान के बाद रखी जाने वाली ईवीएम की सुरक्षा से संबंधित जानकारी अधिकारियों से ली। कहा कि सुरक्षा व रखरखाव में कमी नहीं होनी चाहिए।




नवरात्र में प्राचीन सिद्ध पीठ श्री नौ देवी काली माता मंदिर के महंत मतदान के लिए श्रद्धालुओं को जागरूक करते हुए। ● अमृत विचार

# लोकतंत्र का पर्व महान, जरूर करें मतदान

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: 19 अप्रैल को प्रथम चरण में होने वाले मतदान के लिए जिला प्रशासन की ओर से तो मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चल ही रहा है। धार्मिक स्थलों से भी लोगों को अपना वोट देने के लिए श्रद्धालुओं को प्रेरित किया जा रहा है।

लालबाग स्थित प्राचीन सिद्ध पीठ श्री नौ देवी काली माता जी मंदिर में नवरात्र में पूजा व दर्शन करने के लिए आ रहे श्रद्धालुओं को लोकतंत्र का पर्व महान, जरूर करें अपना मतदान का संदेश देकर प्रेरित किया जा रहा है। मंदिर के महंत श्रीराम गिरी महाराज लोकसभा चुनाव को लेकर मतदाता जागरूकता की पहल को आगे बढ़ा रहे हैं। वह स्वयं मंदिर व मेला क्षेत्र में आने वाले सभी श्रद्धालुओं से 19 अप्रैल को मतदान करने की अपील कर रहे हैं। उनका कहना है कि प्रायः लोग मतदान के लिए रुचि नहीं दिखाते हैं। जिस कारण कम मतदान प्रतिशत होने के कारण गलत लोग चुन लिए जाते हैं। इसलिए मतदाताओं से अपील है कि वह मतदान दिवस को छुट्टी के रूप में मनाने की बजाय लोकतंत्र के इस महापर्व में अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें। यह लोकतंत्र की मजबूती के लिए महत्वपूर्ण कार्य है। उन्होंने लोगों से जनहित में विकास और सद्भाव के लिए वोट देने की अपील की।

## बिना बुलावा जनसभा में नहीं जाएंगे सपा सांसद



मुरादाबाद, अमृत विचार : टिकट कटने से नाराज सपा के वर्तमान सांसद डॉ. एसटी हसन रविवार को राजकीय इंटर कॉलेज में सपा प्रत्याशी रुचि वीरा के समर्थन में हो रही अखिलेश यादव की जनसभा में उपस्थिति को लेकर लोग उत्सुक हैं। हालांकि अभी तक उनको जनसभा में आने के लिए बुलाया नहीं गया है। उनका कहना है कि यदि बुलावा नहीं आएगा तो वह नहीं जाएंगे।

समाजवादी पार्टी के नेतृत्व ने अपने वर्तमान सांसद को पहले पार्टी का सिंबल देकर चुनाव मैदान में उतरने के लिए कह दिया था। मगर नामांकन के दिन रुचि वीरा को टिकट दे दिया गया। जिसके बाद से उनके नाराज होने की चर्चा रही। रविवार को राष्ट्रीय अध्यक्ष की सभा में जाने के सवान पर उन्होंने कहा कि अभी तक उनको बुलाया नहीं गया है। बिना बुलाए तो वह कतई नहीं जाएंगे।

## आज अखिलेश यादव सपा प्रत्याशी रुचि वीरा के लिए करेंगे जनसभा

# अब सपा-बसपा के दिग्गज गरजेंगे

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद





अमृत विचार: जैसे-जैसे मतदान की तारीख करीब आ रही है। दलों में प्रचार का शोर बढ़ रहा है। भाजपा के बाद अब सपा, बसपा के दिग्गजों की गर्जना राजनीतिक जनसभाओं में मतदाता सुनेंगे। 14 अप्रैल को इंडी गठबंधन की सपा प्रत्याशी रुचि वीरा के समर्थन में अखिलेश यादव जनसभा करेंगे। जबकि 15 अप्रैल को बसपा सुप्रीमो मायावती लाइनपार के रामलीला मैदान में हुंकार भरेंगी।

लोकसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा के बाद से भाजपा के दिग्गजों ने मुरादाबाद से अपनी पार्टी के प्रत्याशी कुंवर सर्वेश सिंह की जीत के लिए बैठक व जनसभा की। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने 12 अप्रैल को जनसभा के अलावा पिछले सप्ताह रामपुर रोड स्थित एक होटल में 18 सीटों पर जीत के लिए पार्टी की लोकसभा चुनाव की प्रदेश की कोर कमेटी के पदाधिकारियों के साथ बैठक में समीक्षा की थी। जबकि केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने सोशल मीडिया सेक्टर की बैठक में मीडिया प्रबंधन के गुर सिखाए। इसके अलावा उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने भी बैठक में मार्गदर्शन कर प्रत्याशी के पक्ष में माहौल बनाया। अब बारी सपा, बसपा के प्रत्याशियों के पक्ष में चुनावी प्रचार व जनसभा की है। महानगर के राजकीय इंटर कॉलेज में आयोजित जनसभा को सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव संबोधित करेंगे। इसमें पार्टी के स्थानीय जनप्रतिनिधि और पदाधिकारी मौजूद रहेंगे। दोपहर 12 बजे होने वाली जनसभा के लिए पार्टी के जिलाध्यक्ष जयवीर सिंह यादव आदि पूरी ताकत झोंक कर इसे सफल बनाने में लगे हैं। वहीं बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती 15 अप्रैल को लाइनपार के रामलीला मैदान में जनसभा में हुंकार भरेंगी। इन दोनों स्टार प्रचारकों के आने से इन पार्टी के प्रत्याशियों को चुनाव में बल मिलेगा।

सपा जिलाध्यक्ष जयवीर सिंह यादव और बसपा जिलाध्यक्ष सुनील आजाद ने बताया कि जनसभा में बड़ी संख्या में लोग जुटेंगे। जनसभा की सफलता के लिए पार्टी के पदाधिकारियों व जन प्रतिनिधियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

# रैली निकाल कर मतदाताओं को किया जागरूक, मतदान की दिलाई शपथ

## जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत बाइक रैली को दिखाई हरी झंडी, मतदान करने के लिए प्रेरित किया

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: जिला निर्वाचन अधिकारी मानवेंद्र सिंह ने शनिवार को मतदाता जागरूकता (स्वीप) कार्यक्रम के अन्तर्गत पेट्रोल पंप यूनियन, गैस एजेंसी के प्रतिनिधियों, कोटेदारों द्वारा निकाली गई बाइक रैली को हरी झंडी दिखाई। उन्होंने सभी को 19 अप्रैल को बूथों पर पहुंचकर शत-प्रतिशत मतदान करने की शपथ दिलाई। कहा कि दूसरों को भी मतदान करने के लिए जागरूक करें।

रिलायंस मोबिलिटी पेट्रोल पंप लाकड़ी फाजलपुर से रैली निकाली गई। इसमें पंप स्वामी, कोटेदार, गैस एजेंसियों के कर्मचारी उत्साह के साथ शामिल हुए। जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी को 19 अप्रैल को मतदान करने की शपथ दिलाई। मतदाताओं से अपील की कि वह स्वयं भी मतदान करें और दूसरों को भी प्रेरित करें। जिला निर्वाचन अधिकारी के अलावा मुख्य विकास अधिकारी सुमित यादव ने उचित दर विक्रेताओं, गैस एजेन्सियों और पेट्रोल पंप के प्रतिनिधियों के वाहनों पर मतदाता जागरूकता स्टीकर लगाए। रैली दिल्ली रोड पर पाकबड़ा में मेसर्स ख्वाजा फिलिंग स्टेशन पर आकर समाप्त हुई।

इस दौरान क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी शैलेन्द्र सिंह, पिन्टू सिंह, अरुण कुमार, जयवीर सिंह, पूर्ति निरीक्षक नवीन कुमार, रिलायंस पेट्रोल पंप के प्रोपराइटर आलोक जैन, मेसर्स ख्वाजा पेट्रोल पंप के प्रबंधक इरशाद इलाही सहित बड़ी संख्या में उचित दर विक्रेता उपस्थित रहे।




दिल्ली रोड स्थित पेट्रोल पंप से निकली मतदाता जागरूकता रैली में शामिल लोग। ● अमृत विचार

### ईवीएम वेयर का किया निरीक्षण

मुरादाबाद, अमृत विचार : जिला निर्वाचन अधिकारी मानवेन्द्र सिंह ने शनिवार को ईवीएम वेयर हाउस का निरीक्षण किया। उन्होंने ईवीएम/वीवीपैट कमिशनिंग कार्य के बारे में जानकारी ली। उप जिलाधिकारियों को निर्वाचन कार्य में कोई ढिलाई न बरतने का निर्देश दिया। इस दौरान उपजिलाधिकारी सदर जितेंद्र सिंह वीरवाल, तहसीलदार सदर, बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

### 15 अप्रैल को होगा प्रशिक्षण

मुरादाबाद, अमृत विचार : लोकसभा चुनाव के लिए द्वितीय रेन्डमाइजेशन के बाद मतदान कार्मिकों का प्रशिक्षण जो 14 अप्रैल को होना था। उसे डॉ. भीमराव आंबेडकर जयंती के अवकाश के चलते स्थगित कर दिया गया है। अब यह प्रशिक्षण उसी जगह व समय पर 15 अप्रैल को होगा। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व प्रभारी अधिकारी डाक मतपत्र सत्यम मिश्र ने बताया कि कांठ रोड स्थित राजकीय महिला पालीटेक्निक में मतदान कार्मिकों को प्रशिक्षण 15 अप्रैल को दिया जाएगा।

### 4 जून को मंडी समिति में होगी मतगणना

मुरादाबाद, अमृत विचार : लोस चुनाव में मुरादाबाद सीट के अन्तर्गत आने वाले मुरादाबाद नगर, ग्रामीण, ठाकुरद्वारा, कांठ और ठाकुरद्वारा विधानसभा क्षेत्र के मतों की गिनती 4 जून को मंडी समिति में होगी। रिटर्निंग अधिकारी मानवेंद्र सिंह ने बताया कि मुरादाबाद लोकसभा सीट से चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवार व उनके चुनाव अभिकर्ता को यह जानकारी दी जा रही है कि केंद्रीय निर्वाचन आयोग ने जिले से भेजे मतगणना केंद्र का अनुमोदन कर दिया है। मुरादाबाद संसदीय क्षेत्र के अन्तर्गत कांठ, ठाकुरद्वारा, मुरादाबाद ग्रामीण, मुरादाबाद नगर विधानसभा की मतगणना 4 जून को सुबह 8 बजे से यूपी स्टेट वेयर हाउस कृषि उत्पादन मंडी समिति मझोला में होगी।



जागरूकता रैली निकालते उर्वरक विक्रेता, साथ में जिला कृषि अधिकारी ऋतुषा तिवारी।

### उर्वरक विक्रेताओं ने रैली निकालकर किया जागरूक

मुरादाबाद, अमृत विचार : लोक सभा चुनाव को लेकर जिला कृषि अधिकारी के नेतृत्व में मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। सरकारी व गैर सरकारी उर्वरक विक्रेताओं की रैली को कलेक्ट्रेट से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली विभिन्न मार्गों से गुजरते हुए पंचायत भवन पहुंचकर संपन्न हुई। रैली में एआर कॉपरेटिव, डीडीए कृषि, स्वीप की नोडल रितु नारंग ने भी सहयोग किया। शनिवार को जिला निर्वाचन अधिकारी मानवेंद्र सिंह की अध्यक्षता में 11 बजे कलेक्ट्रेट परिसर से मतदाता जागरूकता रैली के लिए जिले भर के सरकारी और गैर सरकारी उर्वरक विक्रेता एकत्र हुए। जिला कृषि अधिकारी ऋतुषा तिवारी के दिशा-निर्देशन में सभी उर्वरक विक्रेताओं को पंक्तिबद्ध किया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कलेक्ट्रेट परिसर में सभी को निर्भीक होकर तथा बिनी किसी प्रलोभन के निर्वाचन में अपने मताधिकार का प्रयोग किए जाने की शपथ दिलाई। इसके बाद रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। रैली कलेक्ट्रेट से जैन मंदिर होकर पीली कोठी चौराहे पर पहुंची। इस बीच सभी उर्वरक विक्रेताओं ने पहले मतदान बाद में जलपान के नारे के साथ लोगों को जागरूक किया। इसके बाद पंचायत भवन में रैली का समापन किया गया। जहां जिला कृषि अधिकारी ऋतुषा तिवारी ने कहा कि मतदान एक पर्व देश का गर्व यह बात सभी को ध्यान में रखते हुए मतदान के दिन अपने आसपास के एक-एक व्यक्ति को मतदान करने के लिए लाना है। रैली के दौरान उप कृषि निदेशक संतोष कुमार द्विवेदी, सहायक आयुक्त एवं निबंधक सहकारिता जितेन्द्र कुमार, नोडल अधिकारी (स्वीप) रितु नारंग के साथ जनपद के समस्त, सरकारी एवं निजी फुटकर थोक उर्वरक विक्रेता शामिल रहे।

## 328 कार्मिकों को मिले चुनाव ड्यूटी प्रमाण पत्र

मुरादाबाद, अमृत विचार: लोकसभा चुनाव को लेकर चुनाव पर्यवेक्षक कुमार राहुल ने जिले के प्रशासनिक अधिकारियों के साथ राजकीय महिला व पुरुष पॉलिटेक्निक में चल रहे प्रशिक्षण शिविर का निरीक्षण किया। उन्होंने कैंपस में चल रहे फैसिलिटेशन सेंटर पर कार्मिकों के पोस्टल बैलेट से किए जाने वाले मतदान की परियोजना निदेशक सतीश प्रसाद मिश्रा से जानकारी की। शनिवार को महिला एवं पुरुष पॉलिटेक्निक में लोकसभा चुनाव को लेकर कार्मिकों के दूसरे दिन के चुनावी प्रशिक्षण का निरीक्षण करने लोस चुनाव के पर्यवेक्षक कुमार राहुल सुबह 11:30 बजे पॉलिटेक्निक पहुंचे। उनके साथ मुख्य विकास अधिकारी सुमित यादव, एडीएम प्रशासन गुलाब चंद मौजूद थे। पॉलिटेक्निक परिसर में पहले से मौजूद जिला ग्राम्य अभिकरण परियोजना निदेशक सतीश प्रसाद मिश्रा, जिला पंचायत राज अधिकारी वाचस्पति झा ने चुनाव पर्यवेक्षक को पहले कैंपस के कमरों में चल रहे प्रशिक्षण का निरीक्षण कराया। वहीं मौजूद जिला बचत अधिकारी सिद्धार्थ ने बताया कि 328 कार्मिकों को चुनाव ड्यूटी प्रमाण पत्र दिया गया है। मुरादाबाद लोकसभा 6 के 10 से 13 तक पोस्टल बैलेट से 511 मतदाता कार्मिकों ने मतदान किया।

# चाय की दुकानों पर प्रत्याशियों को लेकर छिड़ी गर्मागर्म बहस

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : मुरादाबाद सांसद के चयन के लिए मतदाताओं में गली-मोहल्लों में चाय के होटलों पर देर रात तक चर्चा हो रही है। वहीं, गांव देहात में चौपालों पर ग्रामीण खेत का काम निपटाने के बाद शाम से ही चर्चाओं का दौर शुरू हो जाता है। पार्टियों के समर्थक व मतदाताओं के बीच प्रत्याशी के वोटों के आंकड़ों पर लंबी बहस छिड़ जाती है। भाजपा प्रत्याशी के लिए पार्टी के शीर्ष नेताओं के दौरे के बाद अब सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और बसपा सुप्रीमो मायावती के आने की चर्चा ने चुनावी माहौल में बदलाव ला दिया है।

शहर के पुराने मोहल्लों में आजकल देर रात तक चाय के होटल खुल रहे हैं। मोहल्ला फैजगंज में चुनाव को लेकर दिलदार के होटल पर जनपद के चुने जाने वाले सांसद को लेकर चर्चाएं हो रही हैं। होटल मिश्रित आबादी में होने के कारण सभी पार्टी के समर्थक शाम से देर रात तक पार्टी के प्रत्याशियों के वोट बैंक आंकड़ों का हिसाब लगाने का काम कर रहे हैं।

शनिवार रात को लालबाग और नबाबपुरा मोहल्ला के बीच सुनील प्रजापति के चाय के होटल पर चुनावी चर्चा के माहौल में लोगों में तिकोनिया चुनाव में दो पार्टी के समर्थकों में बहस छिड़ी तो मामला शर्ते पर आकर रुका। लेकिन बाद में दोनों समर्थकों में मतदान के बाद परिणाम के इंतजार करने की बात पर सहमति बनी गई।

## पहले करें मतदान बाद में करें जलपान

मुरादाबाद, अमृत विचार : जिला प्रशासन का मतदान प्रतिशत बढ़ाने पर जोर है। इसके लिए लोगों को जागरूक किया जा रहा है। जिला निर्वाचन अधिकारी मानवेंद्र सिंह का कहना है कि मतदान लोकतंत्र का आधार है। अपनी पसंद का जनप्रतिनिधि चुनने के लिए मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें। यदि अच्छे जनप्रतिनिधि निर्वाचित होंगे तभी इसका लाभ नागरिकों को मिलेगा। जिला निर्वाचन अधिकारी ने शिक्षकों, छात्र-छात्राओं, अधिवक्ताओं, कर्मचारियों, अधिकारियों, स्वयंसेवी संगठनों के स्वयंसेवकों से आगे आकर लोगों को लोकतंत्र के उत्सव में सहभागिता के लिए प्रेरित करने को कहा। कहा कि युवा वर्ग अपने माता-पिता, अभिभावकों, रिश्तेदारों से लोकसभा चुनाव की मतदान तिथि को 19 अप्रैल को बाद में जलपान, पहले करें अपना मतदान के माध्यम से प्रेरित करें।

# चुनावी बयार में जनसभाओं में भीड़ किसकी है, पता नहीं

▸▸ बस, नेताओं द्वारा बुला लिए गए पंडाल की कुर्सियां भरने के लिए

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: इन दिनों चुनावी बयार चल रही है। जनसभाओं में भीड़ भी खूब इकट्ठी की जा रही है। लेकिन यह भीड़ किसकी है, किसी को पता नहीं। नेताओं की चाहत है कि उनके बनाए गए पंडाल में लगी कुर्सियां भर जाएं बस। जब कुर्सियां भर जाती है, तब उनके नेता को बुलाया जाता है। भले ही स्टार प्रचारक जनसभा स्थल के पास ही मौजूद हों। हालांकि यह पहले से ही तय माना जाता है कि अगर नेता के आने का समय दस बजे दिया गया है तो नेता बारह बजे तक ही आएंगे। हालांकि इस भीड़ को जुटाने के लिए संबंधित पार्टी के नेताओं को काफी मशक्कत करनी पड़ती है। नेता के आने तक भीड़ को किसी न किसी तरह से रोके रखना पड़ता है।

इसमें हर तरह का जोर राजनीतिक पार्टियां लगा लेती हैं, इससे प्रचार के लिए आए नेता को लगता है कि पार्टी के साथ भारी संख्या में मतदाता हैं। अभी हाल ही में एक पार्टी की जनसभा हुई, जिसमें पार्टी के कार्यकर्ताओं ने एड़ी चोटी का जोर लगा दिया कि पंडाल में लगी कुर्सियां भर जाएं। जनसभा का समय तो 10 बजे का था लेकिन नेता लगभग 12 बजे आए। अब सुबह 10 बजे से मौजूद जनता ने स्टार प्रचारक को कुछ देर तक सुना और फिर धीरे-धीरे निकलने लगी, यह हाल देख नेता ने भी अपने भाषण को विराम दिया। अब जनसभा में जुटाई गई भीड़ किसकी थी, कुछ पता नहीं। उसे जितना सुनना था, उसने सुना, इसके बाद धीरे -धीरे निकलने लगे। फिर भी स्टार प्रचारक को लगा होगा कि जो भी भीड़ है, वह सब उनके मतदाता ही हैं।

लोकसभा चुनाव | प्रत्याशी जनसंपर्क में झोंक रहे ताकत फिर भी मतदाता खामोश होकर सबको परखने में लगा है

# मतदान में 5 दिन बाकी, मतदाताओं की चुप्पी से प्रत्याशी बेचैन

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: लोकसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान में अब चंद दिन शेष बचे हैं। 19 अप्रैल को मुरादाबाद मंडल के मुरादाबाद, रामपुर, बिजनौर और नगीना सुरक्षित सीट पर मतदान होना है। लेकिन मतदाताओं की चुप्पी से प्रत्याशी बेचैन हैं।

19 अप्रैल को पहले चरण में मुरादाबाद मंडल के मुरादाबाद, बिजनौर, नगीना (सुरक्षित) और रामपुर सीट पर मतदान होगा। इसमें प्रत्याशी अपने संसदीय सीट के सिरमौर के लिए मतदान करेंगे। प्रत्याशी व उनके समर्थक जनसंपर्क में लगे हैं, लेकिन मतदाताओं की चुप्पी न टूटने से उनकी बेचैनी बढ़



रही है। चौक चौपाल पर चुनावी चर्चा में मतदाता शामिल तो हो रहे हैं, लेकिन किसके पक्ष में उनका रुझान है उस बारे में पत्ते नहीं खोल रहे हैं। ऐसे में दलों के दिग्गजों का राजनीतिक गणित भी फिट नहीं बैठ रहा है। सभी कयास लगाने में जुटे हैं। शुक्रवार को बुद्धि विहार की जनसभा में भी जुटी भीड़ से भाजपा के चाणक्य का खुश न होना उनके शब्दों से झलका। ऐसे में जनसभा में जुटने वाली भीड़ भी स्टार प्रचारकों को जीत हार का आकलन करने में सफल नहीं कर रही है। क्योंकि चुनावी चर्चा में शामिल मतदाता भी इतने सयाने हैं कि वह सबको जीत का आशीर्वाद देकर भ्रमित कर रहे हैं। मतदाताओं का रुख भांपने में राजनीति के विशेषज्ञों को भी पसीना छूट रहा है।

### दिन में कहीं और तो रात का ठौर अलग

मतदाताओं व दलों के बहुतेरे कार्यकर्ताओं की उपस्थिति भी प्रत्याशियों को भ्रमित कर रही है। जो मतदाता दिन में किसी और पार्टी प्रत्याशी के चुनाव कार्यालय में दिख रहे हैं रात में उनका ठौर बदल रहा है। पार्टी के कार्यकर्ता भी अपने फायदे के अनुसार हर ओर चक्कर काट कर बहती गंगा में डुबकी लगाकर पुण्य पाने में जुटे हैं।

### मुरादाबाद में 24,45,921 मतदाता चुनेंगे अपना नुमाइंदा

मुरादाबाद, अमृत विचार : मुरादाबाद में पहले चरण में 19 अप्रैल को मतदान कराया जाएगा। चुनाव में 24,45,921 मतदाता अपना रहनुमा चुनेंगे। जिसमें 12,98,304 पुरुष, 11,47,512 महिला और 95 अन्य मतदाता शामिल हैं। जिले की छह विधानसभाओं में 24,45,921 मतदाता हैं।

**विधानसभावार मतदाताओं की संख्या**

| विधानसभा | पुरुष मतदाता | महिला मतदाता | अन्य | कुल |
|---|---|---|---|---|
| मुरादाबाद नगर | 2,83,709 | 2,53,020 | 48 | 5,36,777 |
| मुरादाबाद ग्रामीण | 2,06,586 | 1,84,773 | 12 | 3,91,371 |
| कांठ | 2,07,876 | 1,83,240 | 12 | 3,91,128 |
| ठाकुरद्वारा | 2,01,050 | 1,76,272 | 1 | 3,77,323 |
| कुंदरकी | 2,08,375 | 1,83,068 | 13 | 3,91,456 |
| बिलारी | 1,90,708 | 1,67,149 | 9 | 3,57,866 |
| योग | 12,98,304 | 11,47,522 | 95 | 24,45,921 |









## षष्ठम कात्यायनी



कात्यायनी नवदुर्गा या हिंदू देवी पार्वती शक्तिद्ध के नौ रूपों में छठवां रूप हैं। कात्यायनी अमरकोष में पार्वती के लिए दूसरा नाम है। संस्कृत शब्दकोश में उमा, कात्यायनी, गौरी, काली, शाकुम्भरी व ईश्वरी इन्हीं के अन्य नाम हैं। शक्तिवाद में उन्हें शक्ति या दुर्गा, जिसमें भद्रकाली और चंडिका भी शामिल हैं में भी प्रचलित हैं। देवी कात्यायनी की पूजा से बृहस्पति ग्रह मजबूत होता है। देवी कात्यायनी की पूजा से बृहस्पति ग्रह मजबूत होता है।

बीज मंत्र-क्लीं श्री त्रिनेत्राय नमः।







# मां स्कंदमाता की पूजा-अर्चना कर मांगा आशीर्वाद

## मंदिरों और घरों में महिलाओं ने किया भजन-कीर्तन, आज छठवें दिन होगी मां कात्यायनी की पूजा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** नवरात्र में पांचवां दिन मां स्कंदमाता को समर्पित होता है। इस दिन भक्तों ने माता की पूजा-अर्चना कर परिवार में शांति की कामना की। कालीमाता मंदिर, दुर्गा मंदिर, माता मंदिर में भक्तों ने माता को भोग लगाया। साथ ही प्रातःकालीन आरती में भाग लिया। शाम को मंदिरों में भजन-कीर्तन हुआ। रविवार को मां कात्यायनी की पूजा-अर्चना होगी।

पं. मनोज पाठक ने बताया कि इस दिन पीले रंग के वस्त्र धारण करने चाहिए। यह रंग जीवन में शांति, पवित्रता, ध्यान और सकारात्मकता को फैलाता है। भक्तों ने पांचवें दिन सबसे पहले स्नान किया। उसके बाद माता की पूजा की तैयारी की। मां स्कंदमाता की मूर्ति, फोटो और प्रतिमा को गंगा जल से पवित्र किया। इसके बाद माता को कुमकुम, अक्षत, फूल, फल आदि अर्पित किए और फिर मिठाई का भोग लगाया। माता के सामने घी का दीपक जलाया। उसके बाद सच्ची निष्ठा से मां स्कंदमाता की पूजा की।

पं. मनोज पाठक ने बताया कि इस देवी की चार भुजाएं हैं। ये दाईं तरफ की ऊपर वाली भुजा से भगवान स्कंद को गोद में पकड़े हुए हैं। नीचे वाली भुजा में कमल का पुष्प है। बाईं तरफ ऊपर वाली भुजा वरदमुद्रा में है। नीचे वाली भुजा में कमल पुष्प है। ये कमल पर विराजमान रहती हैं। इसलिए इन्हें पद्मासना देवी के नाम से भी जाना जाता है। ऐसा माना जाता है कि स्कंदमाता अपने भक्तों से बहुत जल्द प्रसन्न होती हैं। साथ ही माना गया है कि माता की पूजा करने से मोक्ष की प्राप्ति होती है।



मनोकामना श्री हनुमान मंदिर में भजन करतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

### मनोरंजन सदन में आयोजित समारोह में भगवान श्रीराम की झांकियों ने मोहा मन

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** भगवान परशुराम सेवा समिति द्वारा शनिवार का सत्रहवां महाव्रत परायण व पत्रिका विमोचन समारोह का आयोजन किया। मनोरंजन सदन में आयोजित समारोह में अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष अनिमेश कुमार शर्मा ने की। पदाधिकारियों द्वारा दीप प्रज्जवलित करके कार्यक्रम का आरंभ किया गया। भजन गायक राजकुमार गोस्वामी ने गणेश वंदना की मनमोहक प्रस्तुति दी। राजकुमार ने एक के बाद एक भजन की प्रस्तुति देकर मंत्रमुग्ध कर दिया। आकर्षण का केंद्र भगवान राम की झांकी रही, जिसे देख हर कोई मोहित हो गया। समारोह में फूलों की होली खेली गई, जिसमें बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक ने खूब आनंद लिया। महिला इकाई द्वारा माता रानी की प्रतिमा का श्रृंगार किया गया। जिसके बाद गुरु कृपाचार्य द्वारा लिखी गई संवत 2081 की तिथि व्रतोत्सव पत्रिका का विमोचन किया गया। संरक्षक उमेश त्रिवेदी द्वारा समिति द्वारा किए गए विभिन्न कार्यों पर प्रकाश डाला गया और आगामी योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। संचालन मयंक शर्मा ने किया। इस दौरान संजय स्वामी, राजेंद्र मोहन शर्मा, अवधेश पाठक, हिमांशु वशिष्ठ, सौरभ त्रिवेदी, महेश शर्मा, डॉ. प्रदीप शर्मा, राम प्रकाश शर्मा, सुगंधा शर्मा, शकुंतला शर्मा आदि रहे।

### भगवान श्रीकृष्ण को पाने को गोपियों ने की थी पूजा

नवरात्र का छठा दिन मां दुर्गा की छठी शक्ति मां कात्यायनी को समर्पित है। ऋषि कात्यायन की पुत्री होने के कारण इनका नाम कात्यायनी रखा गया। मां कात्यायनी की पूजा से विवाह संबंधी समस्याएं दूर होती हैं। महंत सज्जन गिरि महाराज ने बताया कि धार्मिक मान्यता है कि इनकी कृपा से योग्य वर और विवाह की सभी अड़चनें दूर हो जाती हैं। ये ब्रज मंडल की अधिष्ठात्री देवी हैं। मां कात्यायनी सफलता और यश का प्रतीक हैं। भगवान कृष्ण को पाने के लिए ब्रज की गोपियों ने इन्ही की पूजा कालिंदी नदी के तट पर की थी। ये ब्रज मंडल की अधिष्ठात्री देवी के रूप में प्रतिष्ठित हैं।

### पूजा का महत्व

मां कात्यायनी की पूजा अमोघ फलदायिनी हैं, मान्यता है कि देवी कात्यायनी जिस पर प्रसन्न हो जाएं उसे अर्थ, धर्म, काम और मोक्ष की प्राप्ति होती है। देवी भागवत पुराण के अनुसार देवी के इस स्वरूप की पूजा करने से शरीर कांतिमान हो जाता है। इनकी आराधना से गृहस्थ जीवन सुखमय रहता है और साधक के रोग, शोक, संताप और भय आदि सर्वथा नष्ट हो जाते हैं। शत्रुओं पर विजय प्राप्ति के लिए भी मां कात्यायनी की पूजा की जाती है यह स्वयं नकारात्मक शक्तियों का अंत करने वाली देवी हैं।

# 20 अप्रैल से ग्रेटर नोएडा में शुरू हो रहा एक्सपो मार्ट

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** महानगर के ज्यादातर निर्यातक 20 अप्रैल से ग्रेटर नोएडा के एक्सपो मार्ट पर शुरू होने जा रहे फेयर की तैयारी में जुट गए हैं। यह फेयर एक्सपो मार्ट में स्थायी रूप से संचालित शोरूमों पर ही आयोजित की जाएगी। जबकि अस्थायी स्टॉल इस मेले में नहीं लगाए जाएंगे।

20 अप्रैल से ग्रेटर नोएडा में एक्सपो मार्ट शुरू होने जा रहा है। इस मेले में जिन निर्यातकों का मार्ट परिसर में स्थित स्थायी शोरूमों पर मालिकाना हक है, प्रत्यक्ष तौर से वही निर्यातक इस मेले में हिस्सा लेकर ग्राहकों के समक्ष अपने हस्तशिल्प उत्पादों का प्रदर्शन कर सकेंगे और उनसे बिजनेस हासिल कर सकेंगे। मुरादाबाद हैंडीक्राफ्ट्स एक्सपोर्टर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष नवेदउर्रहमान ने बताया कि मेले में गंभीरता से हिस्सा लेने के इच्छुक ऐसे निर्यातक जिनका मार्ट में स्थायी शोरूम नहीं है, उनके लिए स्थायी शोरूम धारक निर्यातकों ने उन्हें इसे किराए पर लेने का ऑफर दिया है। जिसके चलते स्थायी शोरूम नहीं रखने वाले निर्यातकों को भी मेले में भाग लेने का मौका मिलेगा।

### 400 विदेशी ग्राहक मार्ट में लेंगे हिस्सा

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** एक्सपो मार्ट में अमेरिका और यूरोप समेत कई देशों के 400 से अधिक खरीदार मेले में हिस्सा लेंगे और महानगर के निर्यातकों पर कारोबार बरसाएंगे। इन खरीदारों ने मेले में पहुंचने को हामी भर दी है। इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट के चेयरमैन डॉ. राकेश कुमार ने बताया कि मार्ट देश का ऐसा पहला अनूठा आयोजन है जो खरीदारों के लिए समग्र सोर्सिंग समाधान प्रस्तुत करता है। यह मार्ट को विश्व के सर्वश्रेष्ठ सोर्सिंग हब के साथ प्रतिस्पर्धा में लाने और वैश्विक दर्शकों को आकर्षित करने का केंद्र बनेगा।

### राज्य स्तरीय एथलीट प्रतियोगिता के लिए ट्रायल आज

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** 31वीं यूपी स्टेट ओपन एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए ट्रायल प्रतियोगिता का आयोजन रविवार को केजी के डिग्री कॉलेज के ग्राउंड में शाम 4 बजे से किया जाएगा। मुरादाबाद जिला एथलेटिक्स संघ के संयुक्त सचिव गौरव ने बताया कि प्रतियोगिता 19 अप्रैल को कानपुर के सीएसजेएम यूनिवर्सिटी स्टेडियम में और 20 अप्रैल को गाजियाबाद के इंडियन एयर फोर्स हिंडन स्टेडियम में होगी। इस चैंपियनशिप में 16 वर्ष से अधिक आयु के बालक और बालिका भाग ले सकते हैं। इस ट्रायल प्रतियोगिता में जिन खिलाड़ियों की प्रदर्शन बेहतर होगा उनको राज्य स्तर की प्रतियोगिता के लिए चयन किया जाएगा।

### रामजन्मोत्सव पर होगा कार्यक्रम

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** राष्ट्रीय पुजारी परिषद की ओर से महानगर में 17 अप्रैल 2024 को चैत्र शुक्ल नवमी (रामनवमी) पर 121 मंदिरों में दोपहर 12 :00 बजे श्रीराम जन्मोत्सव कार्यक्रम धूमधाम से आयोजित किया जाएगा। परिषद के संस्थापक श्याम कृष्ण रस्तोगी ने बताया कि रामनवमी के अवसर पर हाथी वाले मंदिर से निकलने वाली शोभायात्रा में बड़ी संख्या में श्रीराम भक्त शामिल होंगे।

## जनसंपर्क



ठाकुरद्वारा विधानसभा क्षेत्र के एक गांव में जनसंपर्क के दौरान लोगों से वोट के लिए अपील करतीं गठबंधन प्रत्याशी रुचि वीरा। ● अमृत विचार

### बिना भेदभाव विकास कार्य करने का भरोसा दिया

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** मुरादाबाद लोकसभा छह की समाजवादी पार्टी-गठबंधन प्रत्याशी रुचि वीरा अपने चुनावी दौरे में ठाकुरद्वारा विधान सभा पहुंची। जहां उन्होंने ठाकुरद्वारा विधान सभा के अनेक गांवों में घर-घर जाकर जन संपर्क किया। कई जगह प्रत्याशी रुचि वीरा का महिलाओं ने फूल माला डालकर जोरदार स्वागत किया। शनिवार सुबह सपा प्रत्याशी रुचि वीरा ठाकुरद्वारा विधान सभा के गांव मानपुर, तालपुर, लालपुर, पीपलसाना, बंदो वाली मढैया, बलिया, शरीफनगर, रानी नंगला, राज मासूमपुर, हाजी फरीदपुर, भोजपुर, मानपुर में जनसंपर्क के दौरान हजारों मतदाताओं से मिली और अपने लिए वोट देने की अपील करते हुए उन्होंने मतदाताओं को सदैव उनके साथ खड़े होने का विश्वास दिलाया। इसके बाद प्रत्याशी रुचि वीरा ने सुरजन नगर ग्राम पंचायत में जनसंपर्क के दौरान क्षेत्र की जनता से अपने हक में मतदान करने आह्वान किया। उन्होंने कहा कि मैं मुरादाबाद लोकसभा में अपने प्रयासों से रुके हुए विकास कार्यों को शुरू कराउंगी। मैं आपको विश्वास दिलाती हूं कि लोक सभा के प्रत्येक क्षेत्र में बिना भेदभाव के विकास कराऊंगी। इस दौरान जनसंपर्क में पूर्व मंत्री अर्ताउरहमान, पूर्व मंत्री जुगल किशोर, विधायक नवाब जान खां, पूर्व चेयरमैन राशिद हुसैन, अख्तर अली, नन्हे सिंह जाटव, मोनू यादव, विकास सागर, रवि, उरमान अली, इस्लाम, शाकिर, शमसुद्दीन, विजय वीर सिंह यादव, विकास चौधरी, राजकुमार प्रजापति, पूर्व मंत्री आदि लोग उपस्थित रहे।

# अपने लक्ष्य के प्रति एकाग्र होकर कार्य करे मनुष्य

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** स्वदेशी जागरण मंच की ओर से शनिवार को टीमिट सभागार में उद्यमिता से स्वावलंबन विषय पर संगोष्ठी का आयोजन हुआ।

संगोष्ठी का आरंभ भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण से हुआ। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता स्वदेशी जागरण मंच के अखिल भारतीय संगठक कश्मीरी लाल ने कहा कि जीवन में तीन चीज अपनी आदत में शामिल कर लें। पहला एकाग्रता यानि अपने लक्ष्य के प्रति एकाग्र होकर कार्य करें। दूसरी सामाजिक संबंधों का दायरा बढ़ाएं, लोगों को जोड़ें और तीसरा कार्यों को बार-बार करे। जिससे उसमें दक्षता प्राप्त हो, असफलता से घबराएं नहीं बल्कि असफलता के कारण जानकर उन पर काम करें ।

प्रांत संयोजक कपिल नारंग ने कहा कि समाज एवं युवाओं को अपनी मानसिकता को बदलना होगा। उद्यमिता में रिस्क है, लेकिन यदि सोच समझ कर कार्य किया जाए तो उसके लाभ कई गुना अधिक है। कार्यक्रम में प्रांत समन्वयक कुलदीप सिंह, विभाग संयोजक प्रशांत शर्मा, जिला संयोजक एके अग्रवाल, महानगर संयोजक हिमांशु मेहरा, जिला महिला प्रमुख पूनम चौहान, महानगर महिला प्रमुख मीनू अरोड़ा, जिला अभियान समन्वयक आमोद शर्मा, डॉ राजेश अग्रवाल, अजय नारंग, प्रदीप शर्मा, कशिश चौहान आदि रहे।






## एक नजर

### खाई में बुलेट गिरने से दो युवक घायल

**कालाढूंगी, अमृत विचार :** शनिवार दोपहर नैनीताल से लौट रहे मुरादाबाद के पर्यटकों की बुलेट खाई में गिर गई। मुरादाबाद निवासी आसिफ और अब्दुल नैनीताल से घूमकर लौट रहे थे। ब्रह्म बुबु मंदिर गेट के पास उनकी बुलेट खाई में गिर गई। आसिफ को गंभीर चोट व अब्दुल को सामान्य चोट आयी। डॉक्टरों ने उपचार के बाद दोनों को हल्द्वानी रेफर कर दिया।

### एमआर हैंडीक्राफ्ट फैक्ट्री से सामान चोरी

**मैनाठेर, अमृत विचार :** मैनाठेर क्षेत्र के मुरादाबाद-चंदौसी मार्ग पर स्थित एमआर हैंडीक्राफ्ट फैक्ट्री में देर रात चोरों ने फैक्ट्री की छत से घुसकर हजारों रुपये का सामान चोरी कर लिया। फैक्ट्री के स्वामी ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में कहा है कि उसकी गागन तिराहे पर एमआर हैंडीक्रॉफ्ट के नाम से फैक्ट्री है। शनिवार की रात को चोर छत के रास्ते जीने से उतर कर फैक्ट्री में रखे लैपटॉप, जरूरी कागज, पीतल के सामान आदि चोरी कर ले गए।

# कूड़ा फेंकने से महानगर के नाले पटे

## गंदगी और मच्छरों से लोग बेहाल, नगर निगम को साफ-सफाई का नहीं ध्यान

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** महानगर के नाले कूड़े से पट चुके हैं। नालों में फेंका जाने वाला कूड़ा नालों पर भारी पड़ रहा है। नालों से जहां पानी निकालने की व्यवस्था है, वहीं इनमें कूड़ा फेंका जा रहा है। इससे नालों की उपयोगिता ही बदल गई है। ये कूड़ा वाहक बन गए हैं। नालों की नियमित सफाई न होने के कारण समस्या गंभीर हो रही है। इनमें पड़ा कूड़ा सड़ने के कारण दुर्गंध भी हो रही है। इस प्रकार की समस्या तो नगर के अनेक क्षेत्रों में है, लेकिन विशेष रूप से यह समस्या हरथला और कांठ रोड में कुछ ज्यादा ही है। यहां पर तो नालों में अस्पतालों के कचरे भी डाल दिए जाते हैं। इससे समस्या और भी गंभीर हो गई है।

इसके साथ ही सड़कों की होने वाली खुदाई और उससे निकलने


हरथला में कूड़े और मिट्टी से पटा नाला।

वाली मिट्टी भी कोई कमी नहीं छोड़ रही है। इसका परिणाम यह है कि नालों में कूड़ा जमा हो जाता है और फिर उससे अनेक प्रकार की समस्याएं पैदा होती हैं। नगर निगम प्रशासन के अनुसार उनकी ओर से कूड़ा उठाने की व्यवस्था तो है, लेकिन लोग कूड़ा एक जगह न डालकर नालों में डाल देना सबसे सहज मानते हैं। जिन घरों के पास से होकर नाले निकलते हैं, वहां के लोग अपने घरों का काफी कूड़ा नालों में डाल देते हैं, इसका परिणाम यह है कि वह कूड़ा नालों में कहीं न कहीं फंसकर अन्य कूड़े को भी रोक लेता है। हरथला में ही कुछ जगहों पर तो नालों में इतना कूड़ा इकट्ठा हो जाता है कि लोग उस कूड़े में नाले में ही आग लगा देते हैं। लोगों के लिए तो यह काफी सरल काम है, लेकिन इससे निकलने वाली गैसें जीवन के लिए काफी नुकसानदेह होती हैं। वैसे भी महानगरों से निकलने वाले कूड़े को जलाने की मनाही है, इसके बावजूद लोग जला रहे हैं। इस समय नालों में फैली गंदगी के कारण मच्छरों का आतंक काफी ज्यादा हो गया है। मच्छरों को भगाने वाली दवाओं के बिना लोगों का रात में सोना कठिन हो गया है। इसके साथ ही इनसे तरह-तरह की बीमारियों का भी जन्म होता है। हरथला में मक्खियों का इतना आतंक है कि उनसे टकराए बिना लोग कॉलोनियों में आगे निकल नहीं सकते हैं। कालोनियों से मक्खियों को भगाने की व्यवस्था की मांग लोगों ने की है।

इसको लेकर अपर नगर आयुक्त द्वितीय अजीत कुमार सिंह का कहना है कि नालों की सफाई का कार्य शुरू करा दिया गया है, बारिश के पहले सफाई करा दी जाएगी। इसके साथ ही लोगों से अपील है कि वे नालों में कूड़ा न डालें। घरों से निकलने वाले कूड़े को जलाएं नहीं। नगर निगम की ओर से सफाई को लेकर बराबर ध्यान दिया जाता है। कीटनाशकों का छिड़काव भी समय-समय पर कराया जाता है।

### पीड़िता को मारपीट कर घर से निकाला

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** दहेज के लालची ससुराल वालों ने शादी के साढ़े चार साल में ही विवाहिता से मारपीट कर जुड़वा बच्चों के साथ घर से निकाल दिया है। पीड़िता ने कटघर थाने में पांच लोगों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई है। इसमें पति मोनू, जेठ सोनू, देवर दीपू, ससुर सीताराम, सास वीना नामजद हैं। डबल फाटक जय नगर गली नंबर एक की किरन कश्यप ने पुलिस को बताया है कि उनका विवाह आठ नवंबर 2019 को मोनू पुत्र सीताराम से हुआ था। उनकी ससुराल गलशहीद थाना क्षेत्र में वाल्मीकि मंदिर के पास भूड़े का चौराहा के पास है। अक्टूबर 2023 में उसने जुड़वा बच्चों को जन्म दिया था। 13 मार्च को आरोपियों ने उसे मारा-पीटा और दोनों बच्चों के साथ घर से निकाल दिया था। कटघर थानाध्यक्ष तेजवीर सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।


आंबेडकर जयंती की पूर्व संध्या पर रोशनी में नहाया आंबेडकर पार्क। ● अमृत विचार

### सेंट मीरा अकादमी में मनाई आंबेडकर जयंती

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** कांशीराम नगर स्थित सेंट मीरा अकादमी में शनिवार को बैसाखी और आंबेडकर जयंती मनाई गई।

कार्यक्रम का आरंभ विद्यालय की शिक्षा निदेशक एवं वित्त निदेशक अक्षरी प्रकाश और पर्णिका प्रकाश ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन करके किया। इसमें सभी अध्यापक, अध्यापिकाएं और विद्यार्थी शामिल हुए। विद्यार्थियों ने अपने कार्यक्रमों से सभी का मन मोह लिया। बैसाखी पर बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत करके सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। अक्षरी प्रकाश और पर्णिका प्रकाश ने संबोधन में बैसाखी के पर खालसा पंथ की स्थापना और कृषि के महत्व को बताया। साथ ही बाबा साहब आंबेडकर के बताए रास्ते पर चलने का आह्वान किया। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्या पारुल अग्रवाल ने कार्यक्रम की सफलता पर सभी को धन्यवाद दिया और सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।

# अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य ने दंपती पर लिखाई एफआईआर

- वाहन में भी तोड़फोड़ करने का आरोप
- आरोपी दंपती पर पुवांया में चोरी से चर्च संचालित करने का भी आरोप

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** उप्र अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य नवेंदु सिंह इजिकेल ने पाकबड़ा थाने में दंपती व सहयोगियों के विरुद्ध अपने पर किए गए हमले के आरोप में एफआईआर दर्ज करा दी है। उनका कहना है कि उनके साथ हमले की घटना पाकबड़ा में रॉयल बैंक्वेट हॉल में विवाह कार्यक्रम में हुई। शाहजहांपुर निवासी सुनील कुमार सिंह, इनकी पत्नी व कुछ सहयोगियों के विरुद्ध मामला दर्ज कराया है। आरोप है कि इन लोगों ने उनकी कार में भी तोडफोड़ की है।

पीड़ित पक्ष नवेंदु सिंह इजिकेल उप्र अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य हैं। इन्होंने पाकबड़ा थाने में तहरीर देकर पुलिस को बताया है कि 8 अप्रैल को वह पाकबड़ा क्षेत्र में रॉयल बैंक्वेट हॉल में विवाह कार्यक्रम में आए थे। वहीं, सुनील कुमार सिंह और उसकी पत्नी भी मौजूद थे। सुनील बरेली जिले के भोजीपुरा थाने के गांव सागरपुर के रहने वाले हैं लेकिन, उसका हाल पता शाहजहांपुर पुवांया है। नवेंदु सिंह का आरोप है कि सुनील पुवांया में चोरी से चर्च चलाते हैं। इस मामले में उन्होंने पूर्व में कई बार विरोध भी किया। इसलिए दंपती रंजिश रखते हैं। नवेंदु का कहना है कि शादी कार्यक्रम में रात 9 बजे के दौरान सुनील व उनकी पत्नी ने उन पर हमला कर दिया। उनकी कार की नंबर प्लेट को भी तोड़ डाला, जिसके सुबूत के तौर पर उनके पास फोटो भी सुरक्षित हैं। गनीमत रही कि उनके सरकारी गनर प्रवेश ने उनको सुरक्षा कवर दिया तो उनकी जान बच गई और वह वहां से सुरक्षित निकल आए। पीड़ित पक्ष का कहना है कि आरोपी दंपती उन्हें लगातार जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। उनके सम्मान को हानि पहुंचा रहे हैं। इस मामले में पाकबड़ा थानाध्यक्ष सत्येंद्र सिंह का कहना है कि इन दोनों पक्षों की आपस में जरूर कहासुनी होने की बात सामने आ रही है लेकिन, हमला करने जैसा कोई साक्ष्य नहीं मिला है और न ही इस मामले में कोई गवाही दे रहा है। फिलहाल, पीड़ित पक्ष के नवेंदु सिंह इजिकेल की तहरीर पर आरोपियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर ली है।

# ससुराल पहुंचे मायके वालों ने ससुर समेत तीन को पीटा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** बिटिया की ससुराल पहुंचे मायके वालों ने उसके पति, ससुर व जेठ को पीट दिया। महिला के घायल पति ने पिता व भाई को जिला अस्पताल लाकर भर्ती कराया है।
मामला मझोला थाना क्षेत्र के चौधरपुर के मोहम्मद सलीम के घर का है। अस्पताल में पिता व भाई का इलाज करा रहे मुस्तकीम ने बताया कि शनिवार दोपहर को उनके ससुराल के लोग आए थे और उन लोगों ने जो मिला उसे पीटने लगे। इसमें उसके पिता सलीम और भाई मो. रजा घायल हुआ है। हमला करने वाले ससुराल के लोगों में ससुर, साले, सास और कुछ अन्य लोगों के नाम बताए हैं। मुस्तकीम ने बताया कि ससुराल से आए लोग गाली-गलौज करने लगे और जब विरोध किया तो मारपीट करने लगे। पीड़ित ने बताया कि वह पिकअप चलाता है। बताया कि ससुराल बिल्सी में है। 2021 में खुशबू से शादी हुई थी। ससुराल वालों के मारपीट करने का कारण बताया कि उसकी पत्नी बच्ची को मार रही थी। हमने कहा कि मत मारा कर तो बच्ची कहने लगी कि पापा मां बहुत मारती है। जिस पर पत्नी ने बेटी को गाली देते हुए कहा कि इसके (पिता) पास मत जा, नहीं तो ये गलत जगह झोंक देगा। पत्नी की यह बात मुस्तकीम को नागवार गुजरी तो उसने उसे दो-चार थप्पड़ मार दिए थे। पीड़ित ने बताया कि वह थाने में तहरीर दे रहा है।

# रुद्रपुर ले जाकर किशोरी से तीन दिन तक किया दुष्कर्म

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** मूंढापांडे थाना क्षेत्र की किशोरी को रुद्रपुर ले जाकर किराए के कमरे में तीन दिन रखकर दुष्कर्म का मामला सामने आया है। हालांकि, मामले में किशोरी के लापता होने के अगले दिन पुलिस ने 4 अप्रैल को आरोपी के विरुद्ध अपहरण के आरोप में नामजद एफआईआर दर्ज की थी। लेकिन, नामजद की गिरफ्तारी न होने पीड़ित पक्ष शनिवार को मुरादाबाद आकर एसएसपी के सामने पेश हुआ। पीड़ित पक्ष ने अन्य आरोपों के तहत एफआईआर में धाराओं की वृद्धि करने की मांग की है। तीन लोगों पर किशोरी से सामूहिक दुष्कर्म का आरोप लगाया है।

पीड़िता के भाई ने एसएसपी को बताया है कि उसकी बहन की आयु 15 वर्ष है। उसे 3 अप्रैल की दोपहर 2 बजे गांव का ही शोएब पुत्र खुर्शीद फुसला कर ले गया था। बहन के बारे में जब पता नहीं चला तो उन्होंने तलाश शुरू की। लेकिन, उसके बारे में कोई पता नहीं चला तो आरोपी शोएब के घर वालों से संपर्क किया। लेकिन, वे कुछ भी बताने को तैयार नहीं थे। पीड़िता के भाई ने मूंढापांडे थाने में आरोपी शोएब के विरुद्ध नामजद एफआईआर दर्ज कराई थी। शनिवार को पीड़िता का भाई एसएसपी के सामने पेश हुआ था। उसका कहना है कि उसकी बहन को ले जाने में नामजद अभियुक्त शोएब की मां व दो अन्य लोगों का भी हाथ है। पीड़िता के भाई ने पुलिस को बताया है कि जब उसकी बहन आरोपियों के चंगुल से छूटी तो उसने घर आकर आपबीती बताई। बहन ने बताया है कि शोएब और साथियों ने उसे रुद्रपुर ले जाकर किराए के कमरे में तीन दिन तक रखा। वहां शोएब व दो अन्य ने उससे तीन दिन तक दुष्कर्म किया। एसएसपी हेमराज मीना ने थानाध्यक्ष मूंढापांडे जांच कर न्यायसंगत कार्रवाई के निर्देश भी दिए हैं।

### विवेचक पर लगाए आरोप

पीड़ित किशोरी के भाई ने एसएसपी को बताया है कि बहन की आपबीती सुनने के बाद वह मूंढापांडे थाने पर गया, लेकिन वहां पुलिस उसकी बात सुनने को तैयार नहीं है। न ही नामजद अभियुक्त के विरुद्ध पुलिस ने अब तक कोई कार्रवाई की है। आरोप है कि पूर्व में दर्ज एफआईआर के मामले की जांच के विवेचक पीड़िता के भाई पर दबाव बनाते हैं और फर्जी आरोप में फंसा देने को धमकाते हैं। डरा-धमकाकर उसे थाने से भगा देते हैं।






# पत्नी को लेने स्कूल जा रहे पति की दुर्घटना में मौत

## मृतक के परिजनों ने हाइवे पर लगाया जाम

संवाददाता, छजलैट



अमृत विचार : ग्राम भीकनपुर स्थित विद्यालय से अपनी पत्नी को बाइक से लेने जा रहे व्यक्ति की हादसे में मौत हो गई। उसकी बाइक में पीछे से कार ने टक्कर मार दी। दुर्घटना से नाराज मृतक के परिजनों ने हाइवे पर जाम लगा दिया। पुलिस ने जाम खुलवाकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

थाना छजलैट के ग्राम शेखुपुरा निवासी विशाल कुमार पुत्र धर्मपाल सिंह (30 वर्ष) का विवाह लगभग चार वर्ष पूर्व हुआ था। उसकी पत्नी पूजा क्षेत्र के ग्राम भीकनपुर स्थित एक विद्यालय में अध्यापिका हैं। विशाल अपनी पत्नी पूजा को लेने भीकनपुर स्थित विद्यालय जा रहा था। जैसे ही वह ग्राम मथाना एवं रजपुरा के मध्य पुरानी सीमेंट फैक्ट्री के पास ऊमरी कलां छजलैट हाइवे पर पहुंचा तो ऊमरी कलां की तरफ से आ रही कार यूपी21सीएच4495 ने पीछे से बाइक में टक्कर मार दी। बाइक को टक्कर मारकर कार खंदक में पलट गई। हादसे में बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई। दुर्घटना की सूचना मिलने पर परिजनों ने हाइवे पर जाम लगा दिया। सूचना मिलने पर थानाध्यक्ष छजलैट अर्जुन सिंह एवं डहरा चौकी इंचार्ज रविंद्र सिंह पुलिस बल के साथ पहुंचे। उन्होंने परिजनों को समझाकर जाम खुलवाया और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परिजनों ने कार्रवाई के लिए थाने में तहरीर दी है। विशाल की मौत से परिजनों का बुरा हाल है। कार का चालक दुर्घटना स्थल से भाग गया। डहरा चौकी इंचार्ज ने बताया कि कार से शराब की बोतल, तीन बोतल बीयर पुलिस को मिली हैं।



घटनास्थल पर विलाप करतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

### एक नजर

### नाले में गिरने से चार वर्षीय बच्ची की मौत

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : घर के बाहर खेल रही बच्ची अचानक नाले में गिर कर डूब गई। जानकारी मिलते ही परिजनों व मोहल्ले के लोगों ने नाले से उसे बाहर निकाला। लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। मोहल्ला धोबियान निवासी सब्बीर की चार वर्षीय पुत्री शिफा शनिवार शाम घर के बाहर खेल रही थी। खेलते-खेलते वह घर के पास बह रहे नाले में गिर गई। जानकारी होने पर जब तक परिजनों और मोहल्ले के लोगों ने बच्ची को नाले से बाहर निकाला। तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। बच्ची का शव देखकर परिजनों और पड़ोसियों में दुख की लहर दौड़ गई। बच्ची का शव देखकर उसकी मां बदहवास हो गई।

### तमंचा और कारतूस बरामद एक आरोपी गिरफ्तार

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : कोतवाली पुलिस ने तमंचा व कारतूस बरामद कर युवक को गिरफ्तार किया है। शनिवार को कोतवाली प्रभारी निरीक्षक शैलेंद्र चौहान को सूचना मिली थी कि एक युवक तमंचा के साथ संदिग्ध अवस्था में देखा गया है। जिस पर प्रभारी निरीक्षक ने उपनिरीक्षक त्रिवेंद्र सिंह के निर्देशन में टीम गठित कर कार्रवाई के लिए कहा। उप निरीक्षक ने मौके पर पहुंच कर ग्राम पंचायत मदारपुर मोड़ पर खड़े युवक को पकड़ लिया। तलाशी में युवक के पास से तमंचा और कारतूस मिला। आरोपी ने अपना नाम सलीम पुत्र शखावत निवासी शहबाजपुर कलां बताया है। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

### 20 लीटर अवैध शराब बरामद, दो आरोपी पकड़े

कांठ, अमृत विचार : थाना पुलिस ने दो व्यक्तियों को अलग-अलग स्थान से 20 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया है। थाना के उप निरीक्षक विनीत कुमार एवं हेड कांस्टेबल प्रमोद कुमार ने ग्राम राजीपुर खादर के निकट से रमेश पुत्र छोटे सिंह निवासी ग्राम राजीपुर खादर को 10 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया है। वहीं, दूसरी ओर हेड कांस्टेबल राहुल देव एवं कांस्टेबल अंकित कुमार ने दरियापुर मार्ग से ऋषिपाल पुत्र रामगोपाल निवासी ग्राम राजीपुर खादर को 10 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर न्यायालय भेज दिया है।

### ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार छात्र की मौत



बिलारी, अमृत विचार : मोहल्ला महाजनान निवासी विवेक कुमार शर्मा के पुत्र शुभ भारद्वाज की शुक्रवार शाम पेट्रोल पंप के पास बाइक में ट्रक की टक्कर लगने के कारण मौत हो गई। मोहल्ला महाजनान स्थित विवेक कुमार शर्मा का 17 वर्षीय बेटा शुभ भारद्वाज देवेंद्र पाल इंटर कॉलेज का छात्र था। वह अपने दोस्त अमन पाशा के साथ बाइक से शाम पांच बजे रुस्तम नगर सहसपुर जा रहा था। बताते चलें सड़क पर किसी का रिफाइंड का पीपा गिरकर फट गया था। इससे सड़क चिकनी होने के कारण बाइक फिसल गई और ट्रक की चपेट में आ गई। इस हादसे में शुभ भारद्वाज बुरी तरह से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को सीएचसी पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक चिकित्सा देकर जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया। परिजन शुभ भारद्वाज को निजी अस्पताल ले गए। जहां चिकित्सकों ने जांच कर उसे मृत घोषित कर दिया।

### अलग-अलग हादसों में बाइक सवार दो युवक घायल

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : अलग-अलग दुर्घटनाओं में बाइक सवार दो युवक घायल हो गए। शुक्रवार शाम बिलारी निवासी शीशपाल पुत्र देशराज बाइक से शरीफनगर जा रहा था। तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। जिसमें बाइक सवार सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा देखकर राहगीरों ने इसकी सूचना एंबुलेंस को दी। एंबुलेंस से घायल को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ठाकुरद्वारा में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने हालत गंभीर बताते हुए उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। वहीं, जनपद रामपुर के गांव काशीपुरा आगा निवासी वीर सिंह पुत्र हीरालाल शुक्रवार रात बाइक से काशीपुर जा रहा था। काशीपुर चुंगी के निकट अचानक दूसरे वाहन से बाइक बचाने की कोशिश में में बाइक पुलिया से टकरा गई। जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने हालत गंभीर बताकर उसे भी हायर सेंटर रेफर कर दिया।

### सार-संक्षेप

### खेत से चारा लेने गए युवक को सांप ने डसा

छजलैट, अमृत विचार : थाना छजलैट क्षेत्र के ग्राम सालवा निवासी सद्दाम का भतीजा मोहम्मद आजम पुत्र स्व. वकील अहमद उम्र 13 वर्ष दोपहर दो बजे पशुओं के लिए जंगल से चारा लेने गया था। चारा काटते समय एक सांप ने नवयुवक के पैर में डस लिया। सांप के डसने के बाद नवयुवक की चीख निकल पड़ी। पास काम कर रहे व्यक्तियों को पता चला तो उन्होंने परिजनों को सूचना दी। परिजन नवयुवक को लेकर जिला अस्पताल इलाज करने के लिए पहुंचे। परिजनों का कहना है कि मोहम्मद आजम की स्थिति नाजुक है।

### मतदान के लिए आशा कर्मियों को दिलाई शपथ

बिलारी, अमृत विचार : शनिवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मतदाता अभियान जागरुकता के तहत कार्यक्रम हुआ। जिसमें आशा कर्मियों एवं मतदाताओं को जागरूक करने के लिए शपथ दिलाई गई। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से जागरुकता रैली भी निकाली। रैली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से होकर महिला चिकित्सालय एवं शाहबाद रोड से होते हुए पुराने अस्पताल तक निकाली। जिसमें पहले मतदान बाद में जलपान के नारे लगाए गए। रैली में चिकित्सा अधीक्षक डॉ. प्रवीण श्रीवास्तव, ब्लाक कार्यक्रम प्रबंधक चंचल सिंह आजाद, मनोज शर्मा, सतीश गुप्ता, संजय कुमार जैन रहे।

### सट्टा खेल रहे दो आरोपी गिरफ्तार

कांठ, अमृत विचार : उप निरीक्षक लईक अहमद ने हेड कांस्टेबल अश्वनी कुमार के साथ नगर के मुर्गा मार्केट के निकट से चंद्रपाल पुत्र केवल सिंह को सट्टा पर्ची एवं 240 रुपये नकद के साथ गिरफ्तार किया है। वहीं, दूसरी ओर उपनिरीक्षक रविंद्र कुमार ने कांस्टेबल शुभम मावी एवं सुमंत गिरी ने युसूफ पुत्र सुकवा निवासी ग्राम आवी हाफीजपुर को मनकुआ अड्डे निकट से सट्टे का गत्ता एवं 440 रुपये नकद के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर न्यायालय भेज दिया है।

### नाबालिग साली से जीजा ने की छेड़छाड़, रिपोर्ट

कुंदरकी, अमृत विचार : थाना क्षेत्र के तहत ईद के दिन घर में अकेली नाबालिग साली से छेड़छाड की। महिला के अनुसार 11 अप्रैल को वह पड़ोस में ही ईद मिलने के लिए गई हुई थी। इस दौरान उसकी नाबालिग पुत्री घर पर थी। तभी उसका दामाद उस्मान निवासी ग्राम कैथला संभल घर आया और उसकी अकेली पुत्री से छेड़छाड़ करने लगा। इस पर किशोरी ने शोर मचा दिया। शोर सुनकर उसका भाई घर पहुंचा तो जीजा नाबालिग को छोड़ धमकाते हुए वहां से फरार हो गया। पुलिस ने आरोपी जीजा के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### अज्ञात वाहन ने मारी ई रिक्शा को टक्कर, कई घायल

कुंदरकी, अमृत विचार : गांव जलालपुर खास निवासी इमरान पुत्र लतीफ शाह ने थाने में शिकायती पत्र देकर बताया कि उसका बेटा जीशान शुक्रवार शाम ई रिक्शा से गांव से सवारियां लेकर कुंदरकी ले जा रहा था। जब वह जलालपुर साप्ताहिक बाजार के पास पहुंचा तो कुंदरकी से जलालपुर की ओर आ रहे वाहन ने उसके बेटे की ई रिक्शा में टक्कर मार दी। टक्कर से ई रिक्शा पलट गया और रिक्शा चालक जीशान सहित कई सवारियां चोटिल हो गईं। चोट लगने से उसके बेटे जीशान की हालत बेहद गंभीर है। जिसका इलाज मुरादाबाद स्थित निजी हॉस्पिटल में उपचार चल रहा है। थाना प्रभारी संजय कुमार ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

### अधिकारियों ने मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर दिए निर्देश

कांठ, अमृत विचार : निर्वाचन आयोग के निर्देश पर शनिवार को प्रेक्षक कुमार राहुल ने एसडीएम, प्रशिक्षु आईपीएस ऋषभ रनवाल के साथ कस्बा ऊमरी कलां के पब्लिक इंटर कॉलेज पर पहुंचकर संवेदनशील, अतिसंवेदनशील मतदान केंद्रों की व्यवस्थाएं देखीं और उन्होंने चुनाव के मतदान के बारे में वहां पर मौजूद नगर पंचायत के ईओ श्वेतांक सारस्वत से भी जानकारी ली। उन्होंने ऊमरी कलां के लोगों से भी बातचीत कर आपराधिक तत्वों की सूचना पुलिस को देने का आग्रह किया। इस अवसर पर ऊमरी कलां चौकी प्रभारी रविंद्र कुमार रहे।

### नाबालिग के लापता होने के मामले में रिपोर्ट दर्ज

कांठ, अमृत विचार : चार दिन पहले घर से लापता हुई नाबालिग के पिता ने थाने में तहरीर देकर अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज कराई है। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी ने थाने में तहरीर देकर बताया कि उसकी पुत्री 10 अप्रैल को घर से बिना बताए कहीं चली गई है। जिसके बारे में रिश्तेदारी व आसपास सभी जगह पूछताछ की गई। लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लगा। पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।



स्कूल बस में लगी आग। ● अमृत विचार

## विद्यार्थियों को लेकर जा रही स्कूल बस में लगी आग

संवाददाता, कांठ

अमृत विचार : स्कूल से बच्चों को घर लेकर जा रही शिरडी साईं पब्लिक स्कूल की बस में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। आसपास के दुकानदारों ने विद्यार्थियों को जलती बस से उतार लिया।

शिरडी साईं पब्लिक स्कूल मुरादाबाद की बस अपराह्न ढाई बजे लगभग छजलैट और और कांठ क्षेत्र के बच्चों को छोड़कर शेष विद्यार्थियों को उनके घर छोड़ने मिश्रीपुर मार्ग पर जा रही थी। इसी दौरान डॉ. पवन के नर्सिंग होम के समीप बस में शार्ट सर्किट से आग लग गई। बस में आग लगी देखकर आसपास के दुकानदार एकत्र हो गए। दुकानदारों ने किसी तरह से बस में सवार छह बच्चों को नीचे उतार लिया और चालक से बस पीछे करने के लिए कहा। इसके बाद दुकानदारों ने सब मर्सिबल से पानी डालकर आग पर काबू पा लिया।

### डॉ. आंबेडकर के जन्म दिवस पर प्रतियोगिताएं

कांठ, अमृत विचार : डायट में डॉ. आंबेडकर के जन्मदिवस पर निबंध, पोस्टर तथा क्विज प्रतियोगिताएं हुईं।

कार्यक्रम का आरंभ डायट प्राचार्य डॉ. ओम प्रकाश गुप्ता ने बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर किया। प्रतियोगिताओं में 153 छात्रों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में प्राचार्य ने बाबा साहब के जीवन मूल्यों के बारे में बताया। वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेंद्र सिंह ने भी बाबा साहब के कार्यों एवं समाज में उनके योगदान के बारे में बताया। कार्यक्रम में प्रवक्ता डॉ. स्नेह लता राव तथा शीतल कुमार ने भी विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अभिषेक भारद्वाज ने किया। इस अवसर पर उपेंद्र कुमार, शरद कुमार, बिंदेश्वर प्रजापति, कनिष्का, महिमा चौधरी, मोहिनी, मनु रानी, रश्मि, भावना, डिम्पल, कोमल, गरिमा सिंह, एकता आदि डीएलएड प्रशिक्षु उपस्थित रहे।

## हाईटेंशन के तार से निकली चिंगारी से गेहूं का लाक जला

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

▶▶ ट्रैक्टर चलाकर कई खेतों में खड़ी गेहूं की फसल को बचाया

अमृत विचार : हाईटेंशन लाइन के जर्जर तारों में फाल्ट होने से निकली चिंगारी से छह बीघा भूमि का कंबाइन से कटा गेहूं का लाक राख हो गया।

शनिवार दोपहर ढाई बजे के लगभग खेतों के ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन विद्युत लाइन के जर्जर तारों में अचानक चिंगारी निकलने लगी। इससे क्षेत्र के गांव मुंशीगंज निवासी जगतार सिह पुत्र हजूर सिंह का कंबाइन से काटा गेहूं का लाक खेत में पड़ा था। चिंगारी से गेहूं के लाक में आग लग गई। किसानों ने खेतों में आग देखी तो शोर मचा दिया। जिस पर जगतार सिंह, सरदार सोनू सिंह, बलदेव सिंह, नरेंद्र सिंह अपने ट्रैक्टर लेकर मौके पर पहुंचे और आग लगने की सूचना अग्निशमन विभाग को दी। किसानों ने पास के खेतों में खड़ी गेहूं की पक्की फसल के किनारे ट्रैक्टर से जोत कर करीब 100 बीघा गेहूं की खड़ी फसल को बचा लिया। सूचना पर अग्निशमन टीम भी मौके पर पहुंची। टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

किसानों का आरोप है कि कई बार विद्युत विभाग से शिकायत करने के बाद भी हाईटेंशन विद्युत लाइन के जर्जर तारों को ठीक नहीं किया गया। जिस कारण किसानों को प्रतिवर्ष लाखों रुपये का नुकासान उठाना पडता है। जगतार सिंह ने बताया कि एक दिन पहले ही उन्होंने कंबाइन से अपने खेत के गेहूं काटे थे। रविवार को भूसा निकालने की मशीन आनी थी। लेकिन खेत में आग लगने से करीब 10 हजार रुपये से अधिक कीमत का भूसा राख हो गया।

## नाबालिग ने कमरे में फंदे से लटककर दे दी जान

संवाददाता, बिलारी

▶▶ दो साल पहले दूसरे समुदाय के युवक के साथ हुई थी फरार

अमृत विचार : निकटवर्ती गांव में नाबालिग ने कमरे में फंदे से लटककर आत्महत्या कर ली। परिजन खेत से घर पहुंचे उन्होंने युवती को फंदे से लटके देखा। परिजन उसे फंदे से उतारकर चिकित्सक के पास ले गए। जहां चिकित्सक ने जांच कर उसे मृत घोषित कर दिया।

निकटवर्ती गांव में रिटायर्ड होमगार्ड की पांच बेटी व दो बेटों में एक बेटी करीब दो साल पहले गांव के ही युवक के साथ घर से फरार हो गई थी। बाद में उसे पुलिस ने गिरफ्तार कर नारी निकेतन भेज दिया था। छह महीने पहले वह नारी निकेतन से घर आई थी। शनिवार दोपहर परिवार के सभी लोग खेत पर गेहूं निकालने के लिए गए थे। इस दौरान घर पर नाबालिग अकेली थी। इसी बीच उसने कमरे में अपने दुपट्टे से फंदा बनाया और लटक कर जान दे दी। बाद में परिवार के लोग मौके पर पहुंचे, तो वह कहीं दिखाई नहीं दी। इधर-उधर तलाश करने पर कमरे में झांक कर देखा तो किवाड़ अंदर से बंद थे। परिवार के लोग खिड़की तोड़कर कमरे में घुसे और उसे फंदे से उतारकर चिकित्सक के पास ले गए। लेकिन चिकित्सक ने जांच कर उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी पर पुलिस क्षेत्राधिकारी राजेश कुमार, कोतवाली प्रभारी रविंद्र प्रताप सिंह मौके पर पहुंचे। इसके साथ फॉरेसिंग टीम ने भी घर से साक्ष्य एकत्र किए। आत्महत्या के मामले में परिवार के लोगों ने गांव के ही युवक पर आरोप लगाया कि उसी की वजह से आत्महत्या की है। चर्चा है कि परिजनों को उसका दूसरे समुदाय के युवक से मिलना पसंद नहीं था। कोतवाली प्रभारी रविंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि अभी मामले में तहरीर नहीं मिली है जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

### एफएसटी टीम ने पकड़े 11.50 लाख रुपये

भगतपुर, अमृत विचार : शनिवार को थाना भगतपुर की चौकी नेपा पर मौजूद एफएसटी टीम एवं भगतपुर पुलिस ने चेकिंग के दौरान काशीपुर की दिशा से आ रहे ट्रैक्टरों पर सवार दो लोगों से 11.50 लाख रुपये बरामद किए। जिन लोगों के पास रुपये मिले वह कोई दस्तावेज नहीं दिखा सके। पुलिस ने रकम को सील कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

थाना भगतपुर प्रभारी कृष्ण कुमार ने बताया कि नेपा पुलिस चौकी पर थाना भगतपुर पुलिस एवं एफएसटी टीम चेकिंग कर रही थी। तभी काशीपुर की दिशा से आ रहे दो ट्रैक्टरों को रोका। जिस पर दो अलग-अलग व्यापारियों आरिफ निवासी नियामतपुर इकटोरिया थाना मूंढापांडे व इस्तखार निवासी करिया नंगलासानी थाना भगतपुर से 11.50 लाख रुपये मिले। उनसे रकम के दस्तावेज दिखाने के लिए कहा जिस पर वे लोग कोई भी दस्तावेज नहीं दिखा सके। इसके बाद एफएसटी टीम को बुलवाया व रकम के संबंध में कार्रवाई की।

## हसन शाह का तीन दिवसीय उर्स कुल शरीफ के साथ सम्पन्न

संवाददाता, कुंदरकी

अमृत विचार : ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम जैतपुर पट्टी स्थित मजार शरीफ पर ख्वाजा मुहम्मद गुलजार हसन शाह का तीन दिवसीय उर्स शनिवार को कुल शरीफ के साथ सम्पन्न हो गया। जिसमें भारी संख्या में अकीदतमंद मौजूद रहे। उर्स में अकीदतमंदों ने चादर चढ़ाकर दुआएं मांगी।

वहीं कमेटी के पदाधिकारियों ने बताया कि उर्स का आगाज गुरुवार को मिलाद शरीफ के साथ हुआ था और शुक्रवार को शाहबाद, बदायूं, पाकबड़ा, कुंदरकी से आए कव्वालों ने नात और मन्कबत पेश की थी। शनिवार दोपहर को कुल शरीफ की रस्म हुई। सज्जादा नशीन शाहिद मियां ने मुल्क में अमन व चैन और खुशहाली के लिए दुआ कराई गई। कुल शरीफ के बाद लंगर भी लगाया। जिसको वहां मौजूद लोगों में तकसीम किया गया। कुल शरीफ में आसपास के ग्राम वासियों के साथ-साथ दूर दराज से लोग भी पहुंचे थे। इस मौके पर कमेटी के फुरकान अंसारी, सहीद अख्तर, तौफीक मलिक, रफीकउद्दीन सदर, सानू अंसारी, असलम हाजी, तालिब अंसारी, शाने आलम, मकलूब मलिक, हामिद अंसारी, असरफ अली, इब्राहीम, गुलाम मुस्तफा, वाजिद हुसैन, रऊफ अली आदि मौजूद रहे।



उर्स में तकरीर करते उलमा।

### रॉयल पब्लिक स्कूल में होगा अध्यापकों का प्रशिक्षण

बिलारी, अमृत विचार : रॉयल पब्लिक स्कूल में 15 से 16 अप्रैल तक सीबीएसई बोर्ड के अध्यापकों का प्रशिक्षण होगा। जिसमें मुरादाबाद मंडल के 60 विद्यालयों से अध्यापकों का प्रशिक्षण होगा। प्रधानाचार्य मुकेश शास्त्री ने बताया कि केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के क्षेत्रीय कार्यालय देहरादून से जारी पत्र के अनुसार मुरादाबाद मंडल के लगभग 60 सीबीएसई बोर्ड के स्कूलों में पढ़ा रहे अध्यापकों को दो दिवसीय एथिक्स और इंटीग्रिटी के लिए क्षमता निर्माण कार्यक्रम के तहत बिलारी के रॉयल पब्लिक स्कूल का चयन किया गया है। जिसमें अध्यापकों को सीबीएसई बोर्ड से नियुक्त प्रशिक्षक डॉ. प्रशांत कुमार के द्वारा प्रशिक्षण दिलाया जाएगा।

### श्रीमद् भागवत कथा से पहले निकाली कलश यात्रा

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : श्रीमद् भागवत कथा से पहले ढोल नगाड़ों व भजन-कीर्तन कर कलश यात्रा निकाली गई।

शनिवार को गांव जलालपुर खालसा में राजेश शास्त्री ने विधि विधान के साथ कलश यात्रा का आरंभ कराया। राजेश शास्त्री ने कहा कि कलश यात्रा में शामिल होने से मनुष्य को मोक्ष की प्राप्ति होती है। आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम में विजेंद्र सिंह राणा, प्रदीप कुमार, यशपाल सिंह, राजपाल सिंह, दीपांशु चौहान, आलोक चौहान, कमल प्रकाश, अरुण कुमार, सुरजीत पाल, वरुण कुमार चौहान, दयाराम सिंह, प्रेम सिंह, बबीता देवी, कविता देवी, अमलेश देवी, ममता चौहान, इंदु चौहान, सीमा चौहान, सूरजमुखी, रीना देवी, कुंती देवी, प्रज्ञा चौहान, दीक्षा चौहान आदि ने भाग लिया।

## स्कंदमाता की पूजा कर मंगल कामना की

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

अमृत विचार : चैत्र नवरात्र के पांचवें दिन शनिवार को दुर्गा माता के पांचवें स्वरूप स्कंदमाता की विधि विधान के साथ पूजा अर्चना की गई।।

शनिवार को नगर से देहात क्षेत्र के माता मंदिरों में पूजा अर्चना करने के लिए भक्तों की कतार लगी रही। पूजा अर्चना का देर रात तक सिलसिला जारी रहा। भक्तों ने स्कंदमाता की विधि विधान के साथ पूजा अर्चना कर फल फूल एवं प्रसाद भेंट किए। वहीं दोपहर बाद कोतवाली रोड दुर्गा मंदिर, खाकेश्वर मंदिर, हरिहर मन्दिर, पीपल टोला स्थित पंचशील मन्दिर, बाजार गंज स्थित दुर्गा मंदिर, चित्रगुप्त मंदिर, कालरात्र मंदिर, फरीदनगर रोड स्थित प्राचीन माता मंदिर, सिंचाई कालोनी स्थित मंदिर, मोहल्ला बंजारन, जाटवान मंदिर, शरीफनगर, सूरजननगर, लूंगीकल लौंगी खुर्द, सुल्तानपुर दोस्त नाखूनका, गोपीवाला, निर्मलपुर, फौलादपुर, किशनपुर गामड़ी, रतुपुरा आदि मंदिरों में दोपहर बाद माता के भजनों से क्षेत्र का माहौल भक्तिमय हो गया।



ठाकुरद्वारा में दुर्गा मंदिर में भजन-कीर्तन करतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

### मंदिरों में दर्शन को लगी रहीं कतार

कांठ, अमृत विचार : चैत्र नवरात्र के पांचवें दिन श्रद्धालुओं ने उपवास रखकर मां स्कंदमाता की पूजा अर्चना की। मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। मंदिरों पर महिलाओं ने गीत गाकर मां को मनाया। पंडितों ने बताया कि मां स्कंदमाता का स्वरूप शुभ माना जाता है। मां के स्वरूप में चार भुजाएं है। जिसमें दो में कमल और एक हाथ में बालक स्वरूप कार्तिकेय और चौथे हाथ से आशीर्वाद का रूप है। नवरात्र पर नगर के रामलीला मंदिर सहित विभिन्न मंदिरों में महिलाओं द्वारा भजन एवं कीर्तन का आयोजन किया गया।

### कथा में आचार्य ने पूतना वध का प्रसंग सुनाया

बिलारी, अमृत विचार : ग्राम अमरपुर काशी के चामुंडा मंदिर में श्रीमद् भागवत कथा के पांचवें दिन कथा व्यास आचार्य ओम शास्त्री ने पूतना वध का प्रसंग सुनाया।

कथा व्यास ने बताया की कंस के कहने पर पूतना बाल रूप कृष्ण को दूध पिलाने लगी। जब वह दुग्ध पान करने लगे तो पूतना मृत्यु को प्राप्त हो गई। कथा में स्वामी ब्रह्मानंद पुरी प्राचीन शिव मंदिर रुस्तमपुर खास, ठाकुर पान सिंह चौहान, डॉ. अशोक सिंह, मनोज प्रताप सिंह, अशोक कुमार, अशोक गुप्ता, सुषमा देवी, रेनू सिंह, सिद्धार्थ शेखर, अभिषेक कुमार, जयप्रकाश सैनी, सतवीर सैनी, बृजबाला ठाकुर, डोरी लाल सैनी, हरिओम सैनी, अखिलेश श्रीवास्तव, राधा सैनी रहे। कथा व्यास ओम शास्त्री ने अतिथियों का जय श्री राम पटका भेंट कर आशीर्वाद दिया। इस दौरान संचालन पंडित विनोद कुमार मिश्रा ने किया।

बरेली इंटरनेशनल विश्वविद्यालय
प्रवेश प्रारम्भ
सत्र : 2024-25
Accreditations, Affiliations & Approvals
University Grants Commission of India / Medical Council Of India / Dental Council of India / Pharmacy Council of India / Indian Nursing Council / Uttar Pradesh Nursing & Midwives Council / Association of Indian Universities / Uttar Pradesh State Medical Faculty
प्रस्तुत पाठ्यक्रम
CUET (UG/PG) स्कोर स्वीकृत और CUET (UG/PG) में सूचीबद्ध
मेडिकल साइसेंज
एमएससी मेडिकल (एनाटॉमी/बायोकेमिस्ट्री/माइक्रोबायोलॉजी/फार्माकोलॉजी/फिजियोलोजी)
डेन्टल साइंसेज
डिप्लोमा - डेंटल हाइजिनिस्ट/डिप्लोमा - डेंटल मैकेनिक्स
नर्सिंग विज्ञान
एएनएम/जीएनएम/बीएससी नर्सिंग/पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग/निर्स प्रक्टिशनर इन क्रिटिकल केयर (NPPCC)/ एमएससी नर्सिंग (मेडिकल सर्जिकल/चाइल्ड हेल्थ/मेंटल हेल्थ/अब्स्टेट्रिक्स एवं गायनेकोलॉजिस्ट)
फार्मेसी
डी. फार्मा/बी. फार्मा/एम फार्मा (फार्माकोलॉजी/फार्मास्यूटिक्स)
पैरामेडिकल साइंसेज
डिप्लोमा इन मेडिकल लैब तकनीशियन (DMLT)/डिप्लोमा इन एक्स-रे तकनीशियन/डिप्लोमा इन डायलिसिस तकनीशियन/ डिप्लोमा इन इमरजेंसी और ट्रामाकेयर/डिप्लोमा इन एम आर आई तकनीशियन/बैचलर इन फिजियोथेरेपी (BPT)/ बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी (BMLT)/बैचलर ऑफ रेडियोलॉजी एंड इमेजिंग टेक्नोलॉजी (BRIT)/बीएससी (ऑप्टोमेट्री)
फोरेंसिक साइंसेज
बीएससी फोरेंसिक विज्ञान
मैनेजमेंट एंड कॉमर्स
बी.कॉम (ऑनर्स)/बीबीए (Finance & Texation)/बीसीए (आईटी और मल्टीमीडिया)/एम.कॉम (ऑनर्स)/मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (MBA)/मास्टर ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन (MHA)/मास्टर ऑफ पब्लिक हेल्थ (MPH)
ह्यूमैनिटीज एंड जर्नलिज्म
बी.ए (पत्रकारिता)/बी.ए (जनसंचार)/एम.ए (अंग्रेजी)/एम.ए (मनोविज्ञान)/एम.ए (पत्रकारिता)/एमए (जनसंचार)
योगा एंड नेचुरोपैथी
पीजी डिप्लोमा इन योगा एंड नेचुरोपैथी (PGDYN)
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें - 9105500202, 9105500404, फोन-0581-2526153, 051, 053
पता : एडमिशन सेल, एडमिनिस्ट्रेटिव ब्लॉक, बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज कैंपस, बरेली, पिन कोड-243006 (उ.प्र.)
E-mail : admission@biu.edu.in

एक नजर

## बिजनौर रोड पर दो बाइक की भिड़ंत में युवक की मौत

अमरोहा, अमृत विचार : बिजनौर रोड पर दो बाइकों की आमने-सामने की भिड़ंत होनो से युवक की मौत हो गई। पुलिस ने उसका शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मोहल्ला नियाजी निवासी फरीद (24) पुत्र इस्लामुद्दीन बीती रात बाइक से साथियों के साथ घूमने के लिए घर से निकला। जब बिजनौर रोड पर चूना भट्ठी के सामने पहुंचा तो सामने से एक आ रही बाइक ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। जिससे फरीद की मौत हो गई, जबकि उसका एक साथी घायल हो गया। उसे अस्पताल में भर्ती कर दिया गया है। मौके पर पहुंची पुलिस ने उसका शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फरीद हेयर कटिंग का काम करता था। मां और पिता का रोते-रोते बुरा हाल हो गया। फरीद के घर में ईद त्योहार की खुशियां मनाई जा रही थीं जो की मातम में बदल गईं।

## पुलिस ने दो वारंटी को किया गिरफ्तार

अमरोहा, अमृत विचार : नगर कोतवाली पुलिस ने अभियान के दौरान दो वारंटी को गिरफ्तार कर लिया। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार तिवारी ने बताया कि पुलिस क्षेत्राधिकार अरुण कुमार के नेतृत्व में अपराधियों के खिलाफ नगर में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के दौरान शनिवार को पुलिस ने मोहल्ला लकड़ा से जितेंद्र और मोहल्ला कुरेशी से सोहेल को गिरफ्तार किया है।

# देश व प्रदेश में खुद को सुरक्षित महसूस कर रहे हैं लोग : स्वतंत्र

## जलशक्ति मंत्री ने भाजपा के पिछड़ा वर्ग सम्मेलन को किया संबोधित

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा


जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह को मूर्ति भेंट करते प्रत्याशी कंवर सिंह तंवर।

अमृत विचार : भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष व जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने पिछड़ा वर्ग सम्मेलन को संबोधित किया। उन्हांने विपक्ष पर जमकर कटाक्ष किया। कहा कि पिछली सरकारों में गुंडागर्दी होती थी। अब लोग अपराध करने से कतरा रहे हैं। देश और प्रदेश में लोग सुरक्षित महसूस कर रहें है। 24 घंटे लोगों को बिजली की सुविधा मिल रही है।

कैलसा स्थित घनश्याम दास इंटर कॉलेज में शनिवार को भाजपा का पिछड़ा वर्ग सम्मेलन हुआ। इसमें मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि जिस ओर पिछड़ा वर्ग का वोट जुड़ गया, उस पार्टी की जय जयकार अर्थात उसकी विजय निश्चित हो गई। केंद्र सरकार ने चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न देने का काम किया। किसान के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बहुत कार्य किए हैं। हर वर्ष 6 हजार रुपये केंद्र सरकार किसान को देती है। किसानों को सिंचाई के लिए मुफ्त बिजली देने का काम भारतीय जनता पार्टी ने किया। आज हमारी बहन, बेटियां सड़क पर सुरक्षित चलती हैं। पिछली सरकारों में अपराधी बहन-बेटियों को परेशान करते थे। आए दिन छीना झपटी आम बात हो गई थी।

प्रधानमंत्री ने महिलाओं के सम्मान के लिए योजनाएं चलाई हैं। इस दौरान उन्होंने भाजपा प्रत्याशी कंवर सिंह तंवर को जिताने की अपील की। कहा कि तीसरी बार भाजपा की सरकार बनाकर नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाना है। पूर्व सांसद देवेंद्र नागपाल ने भी केंद्र व प्रदेश की सरकारों की उपलब्धियां गिनाईं। इस दौरान देवेंद्र नागपाल, विधायक राजीव तरारा, विधायक महेंद्र सिंह खड़कवंशी, संयोजक हरज्ञान प्रजापति, राजीव सिसोदिया, सतपाल सिंह पाल, दिनेश सिंघल, गुरिंदर सिंह ढिल्लो, जिला महामंत्री अभिनव कौशिक, मनवीर चिकारा, सुभासपा जिलाध्यक्ष सतपाल तोमर, जयदेव सिंह, रमेश कलाल, युद्धवीर सिंह, पिंकी चौधरी आदि मौजूद रहे।

# कार सवार युवकों ने ठेले वाले को बंधक बनाकर पीटा, रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा


घायल योगेश सैनी। ● अमृत विचार

अपराध

- मोमोज के रुपये मांगने पर भड़के आरोपी, कार में डालकर दो किलोमीटर दूर ले गए
- पुलिस ने तीन आरोपियों को किया गिरफ्तार, छह लोगों के खिलाफ की कार्रवाई

अमृत विचार : बंबूगढ चौराहे पर कार सवार युवकों ने मोमोज का ठेला लगाने वाले युवक को रुपये मांगने पर बंधक बनाकर मारा पीटा। आरोपी उसे कार में डालकर ले गए और सड़क किनारे फेंककर फरार हो गए। पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। साथ ही छह आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

अमरोहा देहात थाना क्षेत्र में बंबूगढ़ चौराहे के पास रहने वाला योगेश सैनी मोमोज का ठेला लगता है। आरोप है कि शुक्रवार देर रात उसके पास एक कार आकार रुकी। कार में से 5-6 युवक उतरकर उसके पास आए। युवकों ने 30 रुपये के मोमोज ले लिए और चल दिए। योगेश ने उनसे मोमोज के रुपये मांगे तो आरोपी भड़क गए और उसके साथ गाली गलौज करनी शुरू कर दी।

विरोध करने पर उन्होंने उसे अपनी कार में डाल लिया और अपने साथ ले गए। कार सवार युवक ठेले वाले को दो किलोमीटर दूर कैलसा बाईपास रोड पर सड़क किनारे फेंक गए। मारपीट से ठेले वाला घायल हुआ है। उसकी आंख पर चोट लगी है। बाद में वह थाने पहुंचा और घटना की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने 5-6 अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

प्रभारी निरीक्षक प्रेमपाल सिंह ने बताया कि घटना में शामिल राजीव पुत्र सरदार सिंह, टीटू पुत्र विजय सिंह, प्रिंस निवासी जग्गा नगला थाना डिडौली को गिरफ्तार कर लिया गया है। उनका चालान कर दिया गया है।

सार-संक्षेप


राज्यमंत्री जसवंत सैनी को मूर्ति देते पालिकाध्यक्ष राजपाल सैनी व अन्य।

## पालिकाध्यक्ष ने राज्य मंत्री जसवंत सैनी का किया स्वागत

हसनपुर, अमृत विचार : कैंप कार्यालय पर पालिकाध्यक्ष राजपाल सैनी ने राज्यमंत्री जसवंत सैनी का स्वागत किया। उन्हें श्री राम की पूर्ति भेंट की। शनिवार को नगर के झकड़ी चौराहा स्थित कैंप कार्यालय में राज्य मंत्री जसवंत सैनी पहुंचे। इस दौरान पालिकाध्यक्ष व परिवार के लोगों ने राज्य मंत्री को भगवान श्री राम की मूर्ति भेंट की। राज्य मंत्री ने कार्यकर्ताओं को आपसी मतभेद भुलाकर चुनाव में जुट जाने की अपील की। इस मौके पर कविता सैनी, प्रशांत सैनी, इशांत सैनी, राजकुमार सैनी, नितिन सैनी, राहुल दक्ष, सौरभ सैनी, राजीव सैनी आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।


चामुंडा मंदिर में पूजा करते भक्त। ● अमृत विचार

## स्कंदमाता की पूजा कर भक्तों ने प्राप्त किया आशीर्वाद

हसनपुर, अमृत विचार : चैत्र नवरात्र के पांचवें दिन शनिवार को भक्तों ने मां स्कंदमाता की पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि मांगी। नगर के देवी मंदिरों में सुबह से ही भीड़ लगनी शुरू हो गई। यह सिलसिला देर रात तक चला। नगर स्थित शक्तिपीठ मां चामुंडा मंदिर में मां भगवती के पंचम स्वरूप मां स्कंदमाता की पूजा अर्चना करने के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ी। भक्तों ने मां स्कंदमाता की विधि विधान के साथ पूजा अर्चना की। फल फूल एवं प्रसाद भेंट किया। माता रानी को प्रसन्न करने के लिए ज्योत भी की। मां स्कंदमाता को मातृत्व के रूप में माना जाता है। इस रूप की विधिवत पूजा करने से संतान सुख की प्राप्ति होती है। मां दुर्गा के पांचवें स्वरूप मां स्कंदमाता का स्वरूप काफी शुभ माना जाता है। मां कमल में विराजमान रहती हैं।


नवरात्र पर मंदिर में पूजा करतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

## पूजा करने के लिए मंदिर में उमड़ी भीड़

गजरौला, अमृत विचार : नवरात्र के पांचवें दिन शनिवार को मां स्कंदमाता की पूजा कर परिवार व समाज में सुख-शांति एवं समृद्धि की प्रार्थना की। देवी के मंदिरों में महिलाओं ने भजन-कीर्तन किया। शहर के इंदिरा चौक स्थित गंगा प्याऊ मंदिर, बस्ती मार्ग स्थित चामुंडा देवी मंदिर, ललिता देवी मंदिर, रेलवे स्टेशन रोड स्थित शिव मंदिर, ग्रामीण क्षेत्र के मंदिरों में भी सुबह से ही मां स्कंदमाता की पूजा-अर्चना के लिए भीड़ लगी रही। पुरोहितों ने दुर्गा सप्तशती का पाठ किया। घरों पर भी भक्तों ने दुर्गा चालीसा का पाठ किया।


मतदान के लिए महिलाओं को जागरुक करतीं शिक्षिकाएं। ● अमृत विचार

## छात्राओं ने मतदान के लिए किया जागरूक

गजरौला, अमृत विचार : राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की छात्राओं व स्टाफ ने नगर के कई मोहल्लों में लोगों को मतदान के लिए जागरूक किया। प्रधानाचार्या नीतू सिंह ने कहा कि हमें मतदान वाले दिन अपने घर से निकलकर पहले मतदान करना है। मतदान हमारे लोकतंत्र को मजबूत सरकार देने का काम करेगा। इस दौरान राघवा खानम, विजयलक्ष्मी, सनम, सीमा, माधुरी सिंह आदि मौजूद रहीं।

## ईद पर रोडवेज को हुआ 11 लाख का मुनाफा

अमरोहा, अमृत विचार : परिवहन निगम ने ईद पर यात्रियों की सुविधा के लिए स्पेशल बसें मार्गो पर चलाई थीं। इन बसों से परिवहन निगम को 11 लख रुपये का मुनाफा हुआ है। सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक मोहम्मद शफी ने बताया कि ईद पर यात्रियों की सुविधा के लिए अमरोहा डिपो से मेरठ और दिल्ली के लिए स्पेशल बसों को चलाया गया। स्पेशल बसों से परिवहन निगम को 11 लख रुपये का एक दिन में मुनाफा हुआ है। चांद रात वाले दिन दिल्ली को 20 बसों को भेजा गया था और प्रतिदिन मार्गों पर चलने वाली बसों के फेर बढ़ा दिए थे।

## अश्लील वीडियो वायरल करने वाली युवती पर रिपोर्ट

गजरौला, अमृत विचार : महिला व उसके परिवार की अन्य महिलाओं के अश्लील फोटो सोशल मीडिया पर वायरल करने का मामला सामने आया है। आरोपी युवती शनिवार को महिला के घर पहुंची और जमकर हंगामा भी किया। इस मामले में महिला ने आरोपी युवती के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला की मंडी धनौरा के एक मोहल्ला निवासी युवती से जान पहचान है। बीते दिनों दोनों के बीच किसी बात को लेकर मन मुटाव हो गया था। आरोप है कि मंडी धनौरा की युवती ने महिला व उसके परिवार की अन्य महिलाओं के अश्लील फोटो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिए। महिला के पति ने फोटो देखे तो घटना की जानकारी हुई। युवती से इसकी शिकायत की। आरोप है कि वह महिला के गांव पहुंची तथा उसके घर के सामने खड़े होकर हंगामा कर दिया। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने दोनों को शांत कराया। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने बताया कि आरोपी युवती के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

## विश्व हिंदू परिषद की बैठक में कार्यक्रम की योजना बनाई


विश्व हिंदू परिषद की बैठक में मौजूद पदाधिकारी। ● अमृत विचार

हसनपुर, अमृत विचार : आर्य समाज मंदिर में शनिवार को विश्व हिंदू परिषद प्रखंड की बैठक में रामोत्सव कार्यक्रम की योजना बनाई गई। विश्व हिंदू परिषद के विभाग संगठन मंत्री गौरव प्रताप सिंह ने कहा कि कार्यक्रम को सफल बनाया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता आर्य समाज के अध्यक्ष विनय कुमार गुप्ता ने की। विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री विपिन, नगर अध्यक्ष मोहित अग्रवाल ने बताया कि संगठन की दृष्टि से हसनपुर का नाम हंसपुर नगर है। 17 से 23 अप्रैल तक श्री राम जन्मोत्सव व श्री हनुमान जन्मोत्सव के कार्यक्रम हसनपुर के आठ खंड में प्रत्येक मंदिरों में विश्व हिंदू परिषद की ओर से मनाए जाएंगे। इस दौरान अशोक रस्तोगी, अमित शर्मा, अनिल शर्मा, अनुराग शर्मा, नन्हे सिंह सैनी आदि मौजूद रहे।

## छात्र-छात्राओं ने मतदान के प्रति किया जागरूक

हसनपुर, अमृत विचार : नगर स्थितपुरुषोत्तम शरण राममूर्ति सरस्वती कन्या इन्टर कॉलेज में शनिवार को मतदान जागरूकता अभियान चलाया गया। इसमें छात्राओं, प्रधानाचार्या एवं शिक्षक शिक्षिकाओं ने मतदान जागरूकता के लिए लोगों के घर घर जाकर जागरूक किया।

प्रधानाचार्या अंकिता शर्मा ने कहा कि मतदान हमारा अधिकार है। लोकतंत्र के इस महापर्व पर सभी लोग अपने घरों से बाहर निकले और अपने मताधिकार का जरूर प्रयोग करें। बिना किसी भय के अपने वोट का प्रयोग करके एक ईमानदार प्रगतिशील और विकासशील सरकार बनाने में अपना अहम योगदान करें। इस दौरान नेहा रस्तौगी, अंकित चौहान, अशोक कुमार, नीतू, आंचल, अल्बर्ट, गरिमा शर्मा, मुक्ता सारस्वत आदि मौजूद रहे।


हिल्टन पब्लिक स्कूल में शपथ लेते विद्यार्थी। ● अमृत विचार

# मतदान करने की दिलाई शपथ

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

अमृत विचार : आवास विकास कॉलोनी प्रथम स्थित हिल्टन पब्लिक स्कूल में शनिवार को छात्र-छात्राओं ने मानव श्रृंखला बनाई। विद्यालय की सलाहकार ततहीर फात्मा व प्रधानाचार्य मोहित शर्मा ने कहा कि छात्र अपने आसपास व परिजनों को पहले मतदान फिर जलपान के लिए प्रेरित करें। इसके बाद विद्यालय स्टाफ व छात्र-छात्राओं को मतदान की शपथ दिलाई गई। विद्यालय की डायरेक्टर भावना सैनी ने भी सभी से मतदान करने की अपील की।

इस दौरान राजीव शर्मा, असद अब्बास, प्रमोद, कपिल, रूबी, वैशाली, अंकित, फाबिया अल्तमिश, बबीता, अंजू, हिना, शबनूर आदि ने सहयोग किया।

# प्रेक्षक ने बूथों पर देखीं व्यवस्थाएं

संवाददाता, हसनपुर


मतदान केंद्र का निरीक्षण करते प्रेक्षक राहुल शर्मा। ● अमृत विचार

अमृत विचार : नगर व ग्रामीण क्षेत्र में चुनाव प्रेक्षक राहुल शर्मा ने मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखीं। जहां कमियां मिलीं, उन्हें दूर करने के निर्देश दिए। मतदाताओं को बेखौफ होकर मतदान करने के लिए प्रेरित किया।

लोकसभा चुनाव के लिए द्वितीय चरण में 26 अप्रैल को मतदान होगा। इसकी तैयारियों को लेकर शनिवार को चुनाव प्रेक्षक राहुल शर्मा पहुंचे। उन्होंने सबसे पहले नगर पालिका कार्यालय में पहुंचकर मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्ट्रांग रूम व बूथों के आसपास सुरक्षा व्यवस्था परखी। बाद में सुखदेवी इंटर कॉलेज एवं प्राथमिक विद्यालय लालबाग में मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। बूथों पर प्रकाश, पेयजल व साफ-सफाई की व्यवस्था कराने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग की मंशा के अनुरूप ही मतदान व मतगणना को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराया जाएगा। इस दौरान संवेदनशील अतिसंवेदनशील मतदान केंद्रों की जानकारी दी। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त कराने के आवश्यक निर्देश दिए।

## रंगोली बनाकर मतदान करने के लिए किया प्रेरित

हसनपुर, अमृत विचार : राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में शनिवार को प्रधानाचार्या कुमकुम के निर्देशन में मतदाता जागरुकता कार्यक्रम के अंतर्गत रंगोली बनाई गई। मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया। शिक्षिका विनीता यादव ने रंगोली बनवाई। विद्यालय की स्वीप प्रभारी प्रीति चौधरी ने कहा कि सबसे पहले राष्ट्रहित, ये ज्ञात हो, लोकतंत्र मजबूत हो, ये गौरव की बात है। इस दौरान अध्यापिका सुमनलता वर्मा, प्रीति चौधरी, दीप्ति कुमारी, शैली राजपूत, खालिदा नसरीन आदि मौजूद रहीं।

# कब्रिस्तान में दफन को लेकर दो पक्षों में मारपीट, रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

अमृत विचार : दफन को लेकर दो पक्ष में विवाद हो गया। मारपीट और हंगामा हुआ। कब्र की खुदाई करने पहुंचे लोगों ने विरोध पर हमला कर एक युवक को घायल कर दिया। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने लोगों समझाया। तहरीर पर चार आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

यह घटना शुक्रवार रात नगर कोतवाली क्षेत्र के कल्याणपुर रोड स्थित एक कब्रिस्तान की है। दरअसल, मोहल्ला बटवाल के रहने वाले लोग अपने परिजन की मौत के बाद शव को पुश्तैनी कब्रिस्तान में दफन करते हैं। शुक्रवार रात एक बुजुर्ग महिला की मौत हो गई थी। लोग कब्रिस्तान में उनके दफना के लिए कब्र की खुदाई करने पहुंच थे। कब्रिस्तान का गेट बंद मिलने पर ताला तोड़ दिया गया। जानकारी पर पहुंचे दूसरे पक्ष के लोगों ने इसका विरोध किया। उनका कहना था कि महिला की शादी हो चुकी थी। ससुराल वालों को अपने कब्रिस्तान में दफना करना चाहिए। कहासुनी के बाद विवाद बढ़ गया और एक दूसरे पर हमला कर दिया। हंगामा और मारपीट की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। घटना में एक युवक घायल हो गया। पुलिस ने लेखपाल व कानूनगो को मौके पर बुला लिया। प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार तिवारी ने बताया कि तहरीर पर हमजा, ताबिश, शोएब व साद के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। शनिवार सुबह शव को सुपुर्द-ए-खाक कर दिया गया।



श्री वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय में मतदान के लिए शपथ लेते हुए प्रोफेसर और छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार

# भारत शक्तिशाली देशों में से एक

संवाददाता, गजरौला

अमृत विचार : श्री वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय में शनिवार को शत-प्रतिशत मतदान शपथ ग्रहण समारोह, संगोष्ठी एवं जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इसमें शत-प्रतिशत मतदान के लिए शपथ दिलाई। राष्ट्र के विकास में अपनी प्रभावी भूमिका के निवर्हन के लिए प्रेरित किया। छात्र-छात्राओं ने नुक्कड़ नाटिका प्रस्तुत की।

नुक्कड़ नाटिका का आरंभ डॉ. सुधीर गिरि, प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी, कुलपति डॉ. एके शुक्ला व कुलसचिव डॉ. पीयूष पाण्डे ने किया। डॉ. सुधीर गिरि ने कहा कि आज मजबूत लोकतांत्रिक ढांचे की वजह से भारत दुनिया के सबसे शक्तिशाली देशों में से एक है। इस दौरान डॉ. वीपीएस अरोड़ा, अजय श्रीवास्तव, डॉ. राजेश सिंह, डॉ. योगेश्वर प्रसाद शर्मा, डॉ. आशुतोष सिंह, डॉ. ओम प्रकाश आदि रहे।

## मतदान केंद्रों पर दुरुस्त रहें व्यवस्थाएं : जिलाधिकारी

अमरोहा, अमृत विचार : जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी और एसपी कुंवर अनुपम सिंह ने नौगांवा तहसील क्षेत्र के बूथों का निरीक्षण किया। उन्होंने सीसीटीवी कमेरे, बिजली, पानी समेत अन्य सुविधाएं देखीं। सुरक्षा व्यवस्था को दुरुस्त रखने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी व एसपी शनिवार को गांव जलीलपुर, मानकजूड़ी व नन्हेड़ा अल्यारपुर में बने मतदान केंद्र व बूथों पर पहुंचे। मार्ग सहित अन्य व्यवस्थाओं पर जायजा लिया। व्यवस्थाओं को सही कराने को लेकर उपजिला अधिकारी नौगांवा को निर्देश दिए। अधूरी व्यवस्थाओं को समय से पूरा करने को लेकर निर्देश दिए। कहा कि जो बूथ मरम्मत करने योग्य हैं, उनकी मरम्मत रंगाई पुताई समय से करा दिया जाए। इस दौरान एसपी ने लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष रूप से करने के लिए कहा।

प्राथमिकताएं — सरकारी योजनाओं का लाभ लोगों तक पहुंचाए क्षेत्र का प्रतिनिधि

# समस्याओं का समाधान करने वाला हो सांसद

संवाददाता, हसनपुर

अमृत विचार : लोकतंत्र के पर्व की तारीख जैसे-जैसे करीब आ रही है, वैसे-वैसे चुनावी माहौल भी रंग बदल रहा है। 26 अप्रैल को दूसरे चरण में क्षेत्र की जनता अपना नया सांसद चुनेगी। हर कोई अपने समर्थन वाले जीतने के आंकड़े बता रहा हैं।

ऐसे में लोगों का कहना है कि लोकसभा में क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाला व्यक्ति जनता के दुख दर्द में खड़ा होने वाला व क्षेत्र का विकास करने वाला होना चाहिए। युवाओं कहना है कि लोकसभा क्षेत्र में बेरोजगारी खत्म करने के लिए भी काम किया जाए। बिना किसी भेदभाव के काम करने वाला सांसद होना चाहिए।


क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाला व्यक्ति हर किसी की समस्या को सुनकर उसका समाधान करे। वह गरीब अमीर में फर्क नहीं करके हर किसी के सुख-दुख में काम आ सके।
–कामिनी अग्रवाल, गृहिणी


क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाला व्यक्ति जनता के दुख दर्द में साथ खड़ा होने वाला चाहिए। अपने प्रतिनिधि को साथ खड़ा दे जनता अपना दर्द भूल जाती है। सबको साथ लेकर चलने वाला होना चाहिए।
–विवेक गुप्ता, व्यापारी


क्षेत्र का चहुंमुखी विकास करने वाला व्यक्ति सांसद होना चाहिए। नए सांसद से उम्मीद है कि वे सरकारी योजनाओं को क्षेत्र में लाकर जनता के हित में काम कर सकेगा।
–रोहित अग्रवाल, सामाजिक कार्यकर्ता


प्रतिनिधित्व करने वाला व्यक्ति पढ़ा लिखा होना चाहिए। योजनाओं का जानकार हो। वह लोकसभा में क्षेत्र की समस्याओं को उठा सके। क्षेत्र में रोजगार के साधनों को ला सके।
–इरम खान, सभासद


क्षेत्र का सांसद वह व्यक्ति बनना चाहिए, जो सरकारी योजनाओं का लाभ लाभार्थी तक पहुंचाने का जज्बा रखे। क्षेत्र के प्रतिनिधि को सर्व समाज के हित में काम करने वाला होना चाहिए।
–नीरज सिंह, किसान


यह कृषि प्रधान क्षेत्र है। इसलिए क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाला व्यक्ति किसानों की समस्याओं का समाधान करने वाला होना चाहिए, जो किसानों की समस्या को सरकार तक पहुंचा सके।
–चौधरी समरपाल सिंह, किसान


एसडीएम कार्यालय के बाहर मौजूद भारतीय किसान संघ के कार्यकर्ता।

# गंगा एक्सप्रेस-वे के लिए उठाई जा रही मिट्टी के रुपये न देने का आरोप

संवाददाता, हसनपुर

अमृत विचार : भारतीय किसान संघ ने शनिवार को एसडीएम कार्यालय में ज्ञापन सौंपा। इसमें कहा कि गंगा एक्सप्रेस-वे के निर्माण के लिए उठाई जा रही मिट्टी के रुपये ठेकेदार किसानों को नहीं दे रहा है। इससे किसान परेशान हैं।

भारतीय किसान संघ के जिलाध्यक्ष कृष्ण कुमार शर्मा के नेतृत्व में किसान एकत्र हुए और एसडीएम कार्यालय पहुंचे। यहां लिपिक को ज्ञापन सौंपाकर बताया कि गंगा एक्सप्रेस-वे के निर्माण को किसानो के खेतों की मिट्टी उठाई जा रही है। इसके बदले में किसानों को तय की गई धनराशि ठेकेदार द्वारा नहीं दी जा रही है। रुपये मांगने पर ठेकेदार उन्हें धमकी दे रहा है। ज्ञापन देने वालों में प्रांतीय उपाध्यक्ष चौधरी नरेंद्र सिंह, चंद्र प्रकाश शर्मा, महिपाल सिंह, धर्मपाल सिंह चौहान, लहरी सिंह आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### दो बाइकों की टक्कर में तीन लोग घायल

**संभल, अमृत विचार :** नखासा थाना क्षेत्र के गांव खानपुर खुम्मार निवासी अकरान शुक्रवार की रात दस बजे जोया निवासी अपने रिश्तेदार अजीम के साथ संभल से बाइक पर सवार होकर घर जा रहा था। सदर कोतवाली क्षेत्र में मुरादाबाद मार्ग पर स्थित ब्लाक संभल के पास बुलेट मोटरसाइकिल ने अकरान की बाइक में टक्कर मार दी। जिससे अकरान, अजीम व हयातनगर में बिजली के खंभों पर आर्मर्ड केबल लगाकर मुहल्ला मिया सराय कमरे पर जा रहे दिल्ली निवासी अंशुल मिश्रा घायल हो गए। आसपास के लोगों ने घायलों को निजी वाहन से उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया।

### चरस बेचती महिला गिरफ्तार

**सरायतरीन, अमृत विचार :** हयातनगर थाना क्षेत्र में सरायतरीन के मुहल्ला कोटला तिराहे से मुहल्ला की ओर जाने वाले रास्ते पर शनिवार को मुहल्ला पीला खदाना निवासी फुरकान की पत्नी रोशन चरस बेचने के लिए ग्राहकों का इंतजार कर रही थी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और रोशन को गिरफ्तार कर लिया। महिला पुलिस ने तलाशी ली तो रोशन के पास से 500 ग्राम चरस बरामद हुई। पुलिस ने उसका चालान कर दिया।

### संघ ने धूमधाम से मनाया नववर्ष प्रतिपदा कार्यक्रम

**असमोली अमृत विचार :** ऐंचौड़ा कम्बोह थाना क्षेत्र के गांव तुर्तीपुर इनायतपुर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा नववर्ष प्रतिपदा का कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया। अमृत वचन और एकल गीत के बाद संभल विभाग के विभाग प्रचारक अतुल ने संघ के संस्थापक डॉ. केशवराव बलिराम हेडगेवार के जीवन पर प्रकाश डाला। कहा कि संघ प्रत्येक वर्ष 6 उत्सव मनाता है। जिसमें एक नववर्ष प्रतिपदा का उत्सव है। इस दौरान असमोली खंड के खंड कार्यवाह गौरव, हरपाल, जयवीर, हर्षित, रूपक, हीरा के अलावा तमाम स्वयंसेवक रहे।

### जमीन के विवाद को लेकर मारपीट का आरोप

**धनारी, अमृत विचार :** धनारी थाना क्षेत्र के गांव सुरपुर निवासी बुद्धि सिंह का गांव के ही रामरहीश के साथ जमीन के विवाद को लेकर न्यायालय में वाद विचाराधीन है। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों में शनिवार को गाली गलौज होने लगी। जिसमें रामरहीश ने बुद्धि सिंह की पिटाई कर दी।

# मंडलायुक्त ने चुनाव की तैयारियों का लिया जायजा

## संभल जिले के मतदान केंद्रों का दौरा कर ईवीएम रखने के लिए स्ट्रांग रूम का किया निरीक्षण

संवाददाता,संभल/बहजोई

**अमृत विचार:** मुरादाबाद के मंडलायुक्त आंजनेय कुमार सिंह ने जनपद का दौरा कर लोकसभा चुनाव को लेकर की गई तैयारियों को जांचा। मंडलायुक्त ने ईवीएम स्ट्रांग रूम व मतगणना स्थल का जायजा लेने के साथ ही संभल व चंदौसी में कई मतदान केंद्रों का भी दौरा किया। अधिकारियों को हिदायत देकर कहा कि निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण चुनाव के लिए तैयारियां समय से पूरा करें।

मंडलायुक्त ने बहजोई में ईवीएम रखने व मतगणना के लिए यूपी स्टेट वेयरहाउस के स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया। जहां उन्होंने जिला प्रशासन द्वारा सुरक्षा को लेकर किए गए इंतजामों के बारे में विस्तार से जानकारी की। मंडलायुक्त ने ईवीएम रखे जाने के स्थान को देखा। उन्होंने जिलाधिकारी मनीष बंसल से नक्शे के मुताबिक कहां-कहां क्या-क्या बनाया गया है इसको लेकर जानकारी ली। ईवीएम रखे जाने को लेकर पूरी सुरक्षा और सतर्कता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। वहीं मतदान के बाद पोलिंग पार्टी के पहुंचने पर क्या व्यवस्था की जाएगी इसको लेकर भी जानकारी की। उन्होंने कहा कि सभी व्यवस्थाओं को चाक चौबंद रखा जाए। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। परिसर की 24 घंटे सीसीटीवी कैमरा की निगरानी होनी चाहिए। इस दौरान डीएम, एडीएम प्रदीप वर्मा, एसडीएम चंदौसी नीतू रानी, तहसीलदार धीरेंद्र कुमार आदि मौजूद रहे।



मैप देखकर व्यवस्थाओं की जानकारी लेते मंडलायुक्त आंजनेय कुमार सिंह।

### संभल में भी देखे मतदान केंद्र

**संभल,अमृत विचार :** मंडलायुक्त आंजनेय कुमार सिंह ने डीएम व एसपी के साथ संभल के भी कई मतदान केंद्रों का दौरान किया। हिंदूपुरा खेड़ा के मतदान केंद्रों का दौरा करने के बाद मतदान केंद्र पर सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने के निर्देश दिये। कहा कि मतदान केंद्रों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम रहें ताकि किसी तरह की गड़बड़ी न होने पाये। इसके साथ ही पेयजल व रोशनी की व्यवस्था भी पुख्ता करने के निर्देश दिये।

### बनियाठेर थाना क्षेत्र के संवेदनशील मतदान केंद्र भी देखे

**चन्दौसी, अमृत विचार :** शनिवार को मंडलायुक्त आंजनेय कुमार सिंह जिलाधिकारी मनीष बंसल के साथ बनियाठेर थाना क्षेत्र के संवेदनशील अकरौली, रसूलपुर कैली, गांव आटा, देवरखेड़ा स्थित प्राथमिक विद्यालय के मतदान केंद्र पर पहुंचे। यहां व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इसके बाद मंडलायुक्त चन्दौसी के एफआर इंटर कालेज, गांव मौलागढ़ प्राथमिक विद्यालय द्वितीय पहुंचे। जहां अधिकारियों ने पोलिंग पार्टियों द्वारा मतदान संपन्न कराने के लिए मूलभूत सुविधाएं, रैंप, शौचालय, विद्यालय व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था को देखा। साथ ही बूथों पर साफ-सफाई के निर्देश दिए।

### उड़नदस्ता टीम ने चार वाहनों से जब्त किए 2.56 लाख

**गुन्नौर, अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव को लेकर गठित उड़नदस्ता टीम ने बैरियर लगाकर वाहनों की चेकिंग की। टीम ने चार वाहनों से 2 लाख 56 हजार 500 रुपये की नकदी जब्त कर ली। उड़नदस्ता टीम प्रभारी राम लखन यादव ने बताया कि शनिवार को गांव ईसमपुर डांडा के पास सघन वाहन चेकिंग की गई। इस दौरान बुलंदशहर जनपद की तहसील शिकारपुर के गांव भुड़ासी निवासी ओमपाल शर्मा से 66 हजार 500 रुपये, अलीगढ़ निवासी मुनेश से 70 हजार रुपये, सोनिया पैलेस आगरा निवासी वीरेंद्र कुमार से 58 हजार रुपये और अलीगढ़ के हरदुआगंज निवासी सईद खान से 62 हजार रुपये की नकदी मिली। लोगों द्वारा नकदी के संबंध में कोई साक्ष्य दस्तावेज नहीं दिखाया गया। आचार संहिता का उल्लंघन पाए जाने के कारण चारों लोगों से जब्त किए गए 2 लाख 56 हजार 500 रुपये कोषागार में जमा कराए जा रहे हैं।

## दो कार आमने सामने टकराईं एक पलटी, 10 लोग घायल

संवाददाता, संभल

**घायलों में नवविवाहिता व दो बच्चे भी, पुलिस ने भाग रहे कार चालक को पकड़ा**

**अमृत विचार:** नखासा थाना क्षेत्र में संभल हसनपुर मार्ग पर दो कारों की आमने सामने से टक्कर के बाद एक कार सड़क किनारे पलट गई। हादसे में नवविवाहिता व दो बच्चों सहित दस लोग घायल हो गए। पुलिस ने टक्कर मारकर भाग रहे कार चालक को पकड़ लिया। घायलों को उपचार के लिए पुलिस ने जिला अस्पताल भिजवाया। हालत गंभीर होने पर एक महिला को हायर सेंटर रेफर किया गया।

थाना क्षेत्र के गांव जलालपुर निवासी आकिल शनिवार की सुबह नौ बजे दिल्ली में अपनी ससुराल से नवविवाहिता शबीना को कार से लेकर घर आ रहा था। कार में आकिल की मां केसर जहां, बड़ा भाई मोहम्मद रईस व भतीजा 12 वर्षीय फाजिल, गांव मूसापुर निवासी बहन नाजमीन बहनोई अलीम व भांजी अलशिफा 8 वर्ष के अलावा सैदनगली निवासी बहन खुशनबी व बहनोई कुर्बान अली भी सवार थे। संभल हसनपुर मार्ग पर दूसरी कार ने सामने से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि आकिल की कार सड़क किनारे पलट गई। ग्रामीणों ने किसी तरह खिड़की खोलकर घायल आकिल, शबीना, केसर जहां, मोहम्मद रईस, फाजिल, नाजमीन, अलीम, अलशिफा, खुशनबी और कुर्बान अली को कार से बाहर निकाला। ग्रामीणों ने पीछा कर टक्कर मारकर भाग रहे कार चालक को पकड़ लिया। हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने नाजमीन को हायर सेंटर रेफर कर दिया।

## बाइक की टक्कर से किसान की मौत

**संभल/रजपुरा, अमृत विचार :** रजपुरा थाना क्षेत्र में फसल की रखवाली कर खेत से पैदल घर लौट रहे किसान को बाइक सवारों ने टक्कर मार दी। हादसे में किसान की मौत हो गई जबकि बाइक सवार दो युवक घायल हो गए। घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया गया है।



थाना क्षेत्र के गांव उधरनपुर खागी निवासी (40 वर्ष) पुत्र लाल सिंह शुक्रवार की देर रात पैदल ही खेत से वापस घर लौट रहा था। गांव उधरनपुर खागी के पास बाइक ने टक्कर मार दी।

हादसे में सुखराम की मौके पर ही मौत हो गई जबकि बाइक सवार कैला देवी थाना क्षेत्र के गांव कुदारसी निवासी सतेंद्र और पवन गंभीर रूप से घायल हो गए।

## प्रत्याशी को विधानसभा वार रखना होगा खर्च का ब्योरा

संवाददाता,बहजोई

**बहजोई से मिलेगी प्रचार वाहनों की अनुमति**

**अमृत विचार:** लोकसभा निष्पक्ष व सकुशल कराने के लिए व्यय प्रेक्षक ने लोकसभा लेखा टीमों व सहायक निर्वाचन अधिकारियों के साथ लेखा व अनुमति कि अधिकारियों से विस्तार से समीक्षा की। इस दौरान जिलाधिकारी मनीष बंसल ने बताया कि प्रचार वाहनों की अनुमति बहजोई जिला मुख्यालय से मिलेगी। वहीं प्रत्याशियों को खर्च का ब्योरा विधानसभा वार रजिस्टर बनाकर रखना होगा।

कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में व्यय प्रेक्षक के मिस्त्री ने कहा कि निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन के अनुसार अपनी डयूटी का पालन करें। डीएम ने कहा कि प्रचार वाहनों की अनुमति जनपद मुख्यालय से जारी की जाएगी।

गाड़ियों के व्यय का लेखा जोखा चंदौसी की लेखा टीम देखेगी। प्रत्याशी विधानसभा वार रजिस्टरों ठीक तरीके से तैयार करें। चुनावों के समय भेजी जानी वाली कुछ रिपोर्ट बी8, बी9, जो कि एफएसटी को प्रतिदिन की रिपोर्ट अंकित करनी होगी।

### लावारिस मिले वृद्ध को वृद्धाश्रम पहुंचाया

**संभल अमृत विचार :** वार्ड 32 की सभासद के पति प्रमोद सैनी को शनिवार को वृद्ध पालिका परिसर में लावारिस हालत में पड़ा मिला। सूचना पर पुलिस और एंबुलेंस मौके पर पहुंची। एंबुलेंस से वृद्ध को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। सभासद के पति ने वृद्ध के बारे में एसडीएम को भी सूचना दी। प्रमोद सैनी ने बताया कि वृद्ध को चंदौसी में रामबाग स्थित वृद्धाश्रम पहुंचा दिया गया है। हालांकि वृद्ध के बारे में कोई जानकारी नहीं मिल सकी।

## सार-संक्षेप



चेहरे पर पेंटिंग कर मतदान की अलख जगाते विद्यार्थी। ● अमृत विचार

### विद्यार्थियों ने चेहरे पर पेंटिंग करा मतदान को प्रेरित किया

**संभल/सिरसी, अमृत विचार :** सिरसी के उच्च प्राथमिक विद्यालय द्वितीय में छात्र छात्राओं ने चेहरे पर पेंटिंग कराकर मतदान की अलख जगाई। मतदाताओं को लोकसभा चुनाव में बढ़चढ़ कर मतदान करने के लिए प्रेरित किया। उच्च प्राथमिक विद्यालय की इंचार्ज अध्यापिका निगहत जैदी और शिक्षिका खुशबू के मार्गदर्शन में छात्र छात्राओं ने चेहरों पर पेंटिंग करके मतदाता जागरूकता को लेकर संदेश दिया। छात्र छात्राओं ने सारे काम छोड़ दो, सबसे पहले वोट दो, वोट डालने जाना है अपना फर्ज निभाना है, पहले मतदान फिर जलपान आदि नारे लगाए। कहा कि छात्र छात्राएं घर जाकर अभिभावकों, पड़ोसियों और रिश्तेदारों को बताएं कि लोकसभा चुनाव में बिना किसी प्रलोभन में आकर निष्पक्ष एवं निर्भीक होकर अधिक से अधिक मतदान करें।




उड़ान आर्टिस्ट ग्रुप एवं संस्कार भारती के कार्यक्रम में प्रस्तुति देते बच्चे।

### छात्राओं ने चित्रकला और नृत्य में दिखाई प्रतिभा

**बबराला, अमृत विचार :** उड़ान आर्टिस्ट ग्रुप एवं संस्कार भारती के तत्वावधान में वर्ल्ड आर्ट दिवस के उपलक्ष्य में बबराला में चित्रकला प्रतियोगिता एवं नृत्य प्रतियोगिता हुई। जिसमें छात्राओं ने डांडिया और सांस्कृतिक कार्यक्रम में हिस्सा लिया। वर्ल्ड आर्ट दिवस पर उन मेधावियों को सम्मानित भी किया गया जिन्होंने चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी से प्राचीन कला केंद्र चित्रकला भूषण प्रथम, द्वितीय और तृतीय वर्ष में सफलता हासिल की। समाजसेवी नितिन वार्ष्णेय, अभय वार्ष्णेय, डॉ. राहुल यादव ने मेधावी छात्राओं को प्रमाण पत्र दिए। इससे पूर्व संस्था के पदाधिकारियों ने अतिथियों का बुके देकर एवं पटका पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान अमन, ममता राजपूत, योगेंद्र सिंह, राहुल यादव, संजना यादव, गुंजन यादव, अमन बंसल, माही, भावना, खुशी, प्रवेश, लक्ष्मी, प्रिया, लकी, अन्नपूर्णा पाठक, नव्या, अंशु आदि रहे।




गुन्नौर में मतदाता जागरूकता रैली निकालते स्कूली बच्चे। ● अमृत विचार

### दस गांवों में निकली मतदाता जागरूकता रैली

**गुन्नौर, अमृत विचार :** स्वीप कार्यक्रम के तहत शनिवार को ब्लॉक के दस गांवों में निकली स्कूली बच्चों की रैलियों में मतदाताओं से शत प्रतिशत मतदान करने का आह्वान किया गया। खंड विकास अधिकारी नरेश पाल सिंह ने बताया कि गांव अकबरपुर, मखदुमपुर, मीरमपुर, फरीदपुर, रसूलपुर, शाहजहांनाबाद, गुन्नौर सेमला, बिचपुरी सैलाब, कन्हुआ और गुन्नौर अब्दुलहई में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत प्राथमिक विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने मतदाता जागरूकता रैली निकाली। जिसमें लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया। क्लस्टर के हिसाब से रैलियां एक ग्राम पंचायत से दूसरी ग्राम पंचायत तक निकाली गईं। खंड विकास अधिकारी ने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में मतदान का विशेष महत्व है। सभी मतदाताओं को सात मई को अपने मताधिकार का प्रयोग करना है। रैली के दौरान ग्राम पंचायत सचिव भी मौजूद रहे।

### सास व पुत्रवधू ने लगाया एक दूसरे पर मारपीट का आरोप

**संभल, अमृत विचार :** नखासा थाना क्षेत्र के गांव जालब सराय निवासी मदन की पत्नी शारदा व पुत्रवधू अर्पित की पत्नी रुकनेश ने एक दूसरे पर मारपीट का आरोप लगाकर पुलिस को तहरीर दी। शारदा का आरोप है कि शुक्रवार की रात अर्पित का गांव के ही अपने साढू से किसी बात को लेकर विवाद हो रहा था। बीच बचाव करने पहुंचने पर अर्पित ने मारपीट कर घायल कर दिया। जबकि रुकनेश ने बताया कि बिना किसी बात के सास शारदा गाली गलौज कर रही थी। आरोप है कि विरोध करने पर शारदा ने अपने देवर के साथ मिलकर मारपीट करते हुए ईंट मारकर घायल किया है।

### सीएमओ ने हीट वेव कक्ष का किया निरीक्षण, दिए निर्देश

**संभल अमृत विचार :** सीएमओ डॉ .तरन्नुम रजा शनिवार को अचानक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र संभल पहुंचीं। सीएमओ ने सीएचसी में तैयार किए गए हीट वेव कक्ष का निरीक्षण किया। कक्ष में भर्ती होने वाले मरीजों की सुविधा को लेकर कूलर, पंखे, शौचालय, दवाओं के बारे में जानकारी ली। सीएमओ ने मौजूद स्वास्थ्य अधिकारियों और कर्मचारियों को जरूरी निर्देश दिए। कहा कि हीट वेव कक्ष में मानक और नियमानुसार व्यवस्था होनी चाहिए। इस दौरान डॉ .नीरज शर्मा, फार्मासिस्ट रमेश चंद्र, सोमपाल, किरन चाहल, विवेक आदि रहे।

# विधि विधान से की स्कंदमाता की पूजा-अर्चना, गूंजे जयकारे

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** चैत्र नवरात्र में पांचवें दिन मां दुर्गा के स्वरूप स्कंदमाता की पूजा अर्चना को लेकर भक्तों में उत्साह नजर आया। सुबह से ही भक्तों की मंदिरों में कतारें लग गईं। भक्तों ने विधि विधान से पूजा अर्चना करके मनौती मांगी।

चैत्र नवरात्र में भक्त पूजा श्रद्धा और उत्साह के साथ मां दुर्गा के स्वरूपों की पूजा अर्चना कर रहे हैं। शनिवार को सुबह पांच बजे से ही भक्तों की मंदिरों में भीड़ उमड़ी। हल्लू सराय के चामुंडा मंदिर में भक्तों ने बारी-बारी से मां दुर्गा के स्वरूप स्कंदमाता की पूजा अर्चना करके मनौती मांगी। माता रानी के जयकारों से मंदिर गुंजायमान हो गया। हयातनगर के चामुंडा मंदिर और घुंघावली के चामुंडा मंदिर में भी भक्तों की भीड़ उमड़ी। मंदिरों में घंटों तक पूजा अर्चना का सिलसिला चलता रहा। क्षेत्र के सिरसी, असमोली, सौंधन, कैला देवी, पंवासा, बहजोई, धनारी, बबराला, गुन्नौर, जुनावई, रजपुरा और गंवा के मंदिरों में भी भक्तों ने स्कंदमाता की पूजा करके मनौती मांगी। शाम को महाआरती में हिस्सा लेकर माता रानी का गुणगान किया।



चामुंडा मंदिर हल्लू सराय में देवी माता की पूजा अर्चना करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार



चन्दौसी के गंगा देवी मंदिर में देवी के भजन गातीं महिलाएं। ● अमृत विचार

**देवी मंदिरों में शनिवार को सुबह पूजा अर्चना के लिए लगी भक्तों की कतारें**

### पंचम स्वरुप स्कंदमाता की आराधना कर उपवास रखा

**चन्दौसी, अमृत विचार :** चैत्र नवरात्र के पांचवे दिन शनिवार को देवी भक्तों ने मां दुर्गा के पंचम स्वरुप मां स्कंदमाता की विधि विधान से पूजा अर्चना की और उपवास भी रखा। घरों और मंदिरों में महिलाओं ने देवी छंद गाए। नगर के प्रमुख देवी मंदिरों में महाआरती में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। इस दौरान माता के जयकारे गूंजते रहे। रोजाना की तरह भक्तों ने सुबह उठ कर स्नान आदि किया और विधि विधान से पूजा अर्चना कर उपवास रखा। हवन कर आहुतियां दीं। दोपहर में देवी मंदिरों में महिलाओं ने भजन कीर्तन किया। ब्रह्म बाजार स्थित श्रीदेवी गंगा मंदिर में महिलाओं ने ढोलक व मजीरे के साथ देवी के छंद गाए। आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया। इस दौरान प्रवेश शर्मा, पूजा रानी, आकृति वार्ष्णेय, रेखा वार्ष्णेय, राजेश्वरी देवी, नीता, गीता, किरन, पुष्पा, वीना, उर्मिला, राजरानी, सुमनलता, सुशीला, महादेवी, कांती, नर्मदा समेत तमाम महिलाएं उपस्थित रहीं। उधर रामबाग धाम स्थित श्री सिद्धि दात्री नवदुर्गा मंदिर, सीता आश्रम स्थित श्री शीतला माता नवदुर्गा मंदिर (बगिया वाली), मौलागढ़ स्थित श्री कंकाली देवी मंदिर में शाम को माता के दर्शन के लिए भक्तों की भारी भीड़ रही। शाम सात बजे महाआरती में भारी संख्या में देवी भक्त शामिल हुए। इस दौरान माता के जयकारे भी गूंजते रहे। हर कोई माता की भक्ति में रंगा नजर आ रहा था।

## बच्चों के विवाद में चले लाठी डंडे, दो घायल

**चन्दौसी/कुढ़फतेहगढ़, अमृत विचार:** ग्राम पंचायत अटबा में शुक्रवार राजीव पुत्र भगवानदास तथा अवधेश पुत्र छेदा लाल निवासी गांव अटबा के बच्चों में किसी बात को लेकर विवाद हो गया। जिसमें दोनों पक्षों के बीच लाठी डंडे चले। इससे राजीव और संदीप घायल हो गए। पुलिस ने राजीव व संदीप पुत्र भगवानदास तथा अवधेश पुत्र छेदालाल के खिलाफ शांति भंग की कार्रवाई की है।

**पिता पुत्र पर मारपीट का आरोप**

**संभल:** मुहल्ला दीपासराय निवासी मोतीउर्ररहमान की पत्नी फरोग अंजुम दरवाजे पर खड़ी थी। आरोप है कि पुराने विवाद को लेकर मोहम्मद अनवर गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर अनवर ने अपने बेटे शहजाद को बुलाकर लाठी डंडों से फरोग अंजुम के साथ मारपीट करने लगे। बचाने पहुंचे फरोग अंजुम के बेटे सैफुर्ररहमान व बहनोई रिजवान के साथ भी मारपीट को घायल कर दिया।

## आंबेडकर जयंती शोभायात्रा मार्ग व थाने का एसपी ने किया निरीक्षण

संवाददाता,संभल

**अमृत विचार :** पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह गुनावत ने शनिवार को नखासा थाना क्षेत्र में डॉ.भीमराव आंबेडकर की जयंती पर निकलने वाली शोभायात्रा का मार्ग देखा। उन्होंने आंबेडकर पार्क पर भी पहुंचकर लोगों से संवाद किया और सुरक्षा इंतजामों को लेकर अधीनस्थों को निर्देश दिए।

पुलिस अधीक्षक मोहल्ला सोतीपुरा पहुंचे। यहां उन्होंने शोभायात्रा के जुलूस मार्ग के बारे में जानकारी लेकर रास्ते का पैदल भ्रमण किया। लोगों से संवाद कर शांति व्यवस्था कायम रखने का आह्वान किया। एसपी ने इसके बाद नखासा थाने का निरीक्षण भी किया। यहां शस्त्रों और अभिलेखों के रखरखाव को देखा। महिला हेल्प डेस्क और हवालात का निरीक्षण किया। पुलिस अधीक्षक ने साफ सफाई और अभिलेखों के अच्छे रखरखाव को लेकर निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक का निरीक्षण संपन्न होने के बाद पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों ने राहत की सांस ली।



आंबेडकर जयंती शोभायात्रा जुलूस के बारे में की जानकारी लेते एसपी।



गुरुद्वारे में सबद कीर्तन करता रागी जत्था। ● अमृत विचार



एबीसी मांटेसरी स्कूल में बैसाखी पर्व मनाते बच्चे। ● अमृत विचार

# गुरु गोविंद सिंह के बताये मार्ग पर चलने का दिया संदेश

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** गुरुद्वारा श्री गुरु नानक दरबार में बैसाखी पर्व श्रद्धा और उत्साह से मनाया गया। सुखमनी साहिब के पाठ के बाद कीर्तन दरबार सजा। इस बीच गुरु गोविंद सिंह के जीवन और कार्यों पर प्रकाश डाला गया। उनके बताये मार्ग पर चलने का संदेश दिया गया।

गुरुद्वारा में शनिवार को सुबह सुखमनी साहिब का पाठ हुआ। जिसके बाद कीर्तन दरबार सजाया गया। गुरजीत सिंह, गुरमीत सिंह आदि ने गुरुवाणी कीर्तन कर संगतों को निहाल किया। कहा कि आज के दिन सिख धर्म के दसवें गुरु गुरु गोविंद सिंह ने आनंदपुर साहिब की धरती पर पंच प्यारों की साजना कर खालसा पंथ की नींव रखी थी। कहा कि गुरु के बताए मार्ग पर चलकर जाति-पाति, ऊंच नीच, भेदभाव, अंधविश्वास आदि से ऊपर उठकर आदर्श जीवन जिया जाए। कुलदीप सिंह परिवार की ओर से निशान साहिब के चोले की सेवा की गई। सुखमनी सोसाइटी की सुखविन्दर कौर, जगजीत कौर, करमजीत कौर ने कीर्तन दरबार में हाजिरी लगाई और गुरुवाणी सबद गाए। हेड ज्ञानी ने आनंद साहिब का पाठ, नगर में सुख शांति और भाईचारे की अरदास कराई। जिसके बाद अटूट लंगर हुआ। इस दौरान हरदीप सिंह, धर्म सिंह, कुलवीर सिंह, जसमीत सिंह, रंजीत सिंह, सतपाल सिंह, दलजीत सिंह आदि रहे।

### बैसाखी व आंबेडकर जयंती पर नन्हें मुन्नों ने किया धमाल

**चन्दौसी, अमृत विचार :** एबीसी किड्स मांटेसरी स्कूल में बैसाखी पर्व तथा आंबेडकर जयंती मनाई गई। जिसमें सभी बच्चों ने पंजाबी पोशाक पहनकर भांगड़ा कर धमाल कर दिया। वहीं बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर को याद किया गया। विद्यालय संचालिका संगीता भार्गव ने बच्चों को बैसाखी पर्व के महत्व को बताते हुए कहा कि बैसाखी से सिक्खों के नए साल की शुरुआत होती है। इसी दिन सिख पंथ के गुरु श्री गुरु गोविंद सिंह ने सन् 1699 में खालसा पंथ की स्थापना की थी। तभी से बैसाखी का त्योहार मनाया गया। प्री नर्सरी से यूकेजी तक के सभी बच्चे पंजाबी पोशाक पहनकर आए और भांगड़ा व गिद्दा नृत्य कर मस्ती की।

## बोलेरो की टक्कर से मां बेटा सहित तीन घायल

**जुनावई, अमृत विचार:** जुनावई थाना क्षेत्र के गांव दवथरा हरलाल निवासी ललतेश की पत्नी नीलम अपने बेटे अनिकेत के साथ शनिवार को स्कूटी पर सवार होकर जुनावई से घर जा रही थी।

बदायूं मेरठ मार्ग पर थाना क्षेत्र में स्थित सराय ब्राह्मण मंदिर के पास सामने से बोलेरो ने स्कूटी में टक्कर मार दी। जिसमें नीलम व अनिकेत गंभीर घायल हो गए। टक्कर मारने के बाद चालक बोलेरो छोड़कर मौके से भाग गया।

पुलिस ने घायल नीलम व अनिकेत को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया। हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार देकर हायर सेंटर रेफर कर दिया।

**खोया-पाया**

मेरी हाईस्कूल परीक्षा वर्ष 2020 अनुक्रमांक 0765598 व इंटरमीडिएट परीक्षा वर्ष 2022 अनुक्रमांक 2225587467 के अंकपत्र वास्तव में खो गये हैं। इनका प्रयोग अवैध माना जायेगा। सोनू कुमार पुत्र उदयपाल ग्राम ईसमपुर डांडा तहसील गुन्नौर जनपद संभल।

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि फर्म मैसर्स जाहिद हुसैन कोल्ड स्टोरेज एण्ड जनरल मिल, ग्राम बिछौली चंदौसी रोड, जिला सम्भल (यू०पी०) नामक फर्म में दिनांक 19.07.2017 को जाहिद हुसैन का देहान्त तथा दिनांक 06.06.2020 को अनवर कमाल का देहान्त हो गया है तथा दिनांक 19.07.2017 को श्री मौ० हिलाल पुत्र अनवर कमाल शामिल हो गये हैं तथा अब वर्तमान में तीन पार्टनर श्रीमती दिलवरी बेगम, मौ० जमाल व मौ० हिलाल रह गये हैं।

**श्रीमती दिलवरी बेगम**
**पार्टनर**
फर्म मैसर्स जाहिद हुसैन कोल्ड स्टोरेज एण्ड जनरल मिल, ग्राम बिछौली चंदौसी रोड, जिला सम्भल (यू०पी०)

## एक नजर

### अवैध शस्त्र के साथ दो लोग दबोचे, चालान

**चन्दौसी/बनियाठेर, अमृत विचार :** थाना बनियाठेर के उप निरीक्षक राधेश्याम शर्मा शुक्रवार की शाम टीम के साथ गश्त पर थे। चेकिंग के दौरान पुलिस ने हारूण पुत्र दिलशाद निवासी गांव जनेटा थाना बनियाठेर को गांव मऊ अस्सू से पहले जनेटा को जाने वाले चकरोड से गिरफ्तार कर लिया। इसके पास से 312 बोर का एक तमंचा व दो कारतूस बरामद किए हैं। जबकि शौकीन पुत्र मासूक अली निवासी गांव अजीमगंज थाना बनियाठेर को अलीगंज जाने वाले कच्चे रास्ते से तमंचा 315 बोर व दो कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है।

### अवैध शस्त्र बनाकर बेचने का आरोपी पकड़ा

**संभल/कैलादेवी, अमृत विचार :** कैलादेवी थाना में अवैध शस्त्र बनाकर बेचने में वांछित आरोपी को पुलिस ने शनिवार को सूचना मिलने पर तमंचे के साथ गिरफ्तार कर लिया। हयातनगर थाना क्षेत्र में सरायतरीन के मुहल्ला बरखेरियान निवासी वसीम उर्फ लाला शनिवार को कैलादेवी थाना क्षेत्र के गांव रायपुर के नजदीक स्थित नहर की पुलिया के पास खड़ा हुआ था। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और वसीम को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी लेने पर वसीम के पास से तमंचा बरामद हुआ। वसीम के खिलाफ हयातनगर व कैलादेवी थाने में नौ मुकदमें दर्ज हैं।

### आपस में भिड़े दो लोग गिरफ्तार

**संभल/धनारी, अमृत विचार :** बहजोई थाना क्षेत्र के गांव हसनपुर पगोना निवासी मुलायम सिंह व गंगाराम शनिवार को न्यायालय में चल रहे वाद को लेकर एक दूसरे के साथ धनारी बस स्टैंड के पास बस्ती में गाली गलौज कर रहे थे। विवाद इतना बढ़ गया कि मुलायम सिंह व गंगाराम आपस में मारपीट करने लगे। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मुलायम सिंह व गंगाराम को हिरासत में ले लिया। पुलिस ने कानूनी कार्रवाई कर मुलायम सिंह व गंगाराम का शांतिभंग करने में चालान कर दिया।

# राहुल-अखिलेश से जनता मांग रही गुंडागर्दी का हिसाब

## बूथ अध्यक्ष सम्मेलन में पहुंचे भाजपा प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह ने विपक्षी नेताओं पर साधा निशाना

संवाददाता, संभल/बबराला

**अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह ने कहा कि विपक्षी पार्टियों को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि 2019 के बाद से राहुल गांधी गायब हैं और 2022 के चुनाव के बाद से प्रियंका गांधी का कोई अता पता नहीं है। यही हाल अब सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव का होने वाला है।

बबराला में बूथ अध्यक्ष सम्मेलन को संबोधित करने पहुंचे भाजपा प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि अखिलेश यादव और राहुल गांधी से जनता उनकी सरकारों में हुई गुंडागर्दी का हिसाब मांग रही है। भाजपा की बढ़ती हुई लोकप्रियता को देखते हुए अपराध, भ्रष्टाचार और स्वार्थी राजनीति का गठबंधन बनाया गया है जिसे जनता ने नकार दिया है।

इससे पहले बगीचा बैंकेट हाल में बदायूं लोकसभा सीट के गुन्नौर विधानसभा क्षेत्र बूथ अध्यक्ष सम्मेलन में कार्यकर्ताओं को देवतुल्य बताते हुए प्रदेश अध्यक्ष ने उनका उत्साह बढ़ाया।

प्रदेश अध्यक्ष ने बूथ और शक्ति केंद्र प्रभारियों का आह्वान किया कि वह अपने बूथ के अंतर्गत आने वाले मतदाताओं को मतदान के लिए घर से निकलने का आग्रह करें।

सम्मेलन में भाजपा जिलाध्यक्ष हरेन्द्र सिंह रिंकू, लोकसभा प्रत्याशी दुर्विजय सिंह शाक्य, पूर्व मंत्री अजीत कुमार उर्फ राजू यादव, बदायूं के विधायक महेश गुप्ता, एमएलसी बागीश पाठक, मणिकांत वार्ष्णेय, अखिलेश अग्रवाल, हर्ष वर्धन वार्ष्णेय, शिखर गोयल सहित आदि मौजूद रहे। संचालन सुधीर मल्होत्रा ने किया।



बूथ अध्यक्ष सम्मेलन में बोलते भाजपा प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह।

- 2022 के चुनाव के बाद प्रियंका गांधी का कोई अता पता नहीं
- यही हाल अब सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव का होने वाला है




भाजपा के बूथ सम्मेलन में बोलते अशोक कटारिया। ● अमृत विचार

### बूथ जीता तो समझो लोकसभा चुनाव जीता

**बहजोई, अमृत विचार :** संभल लोकसभा की चंदौसी विधानसभा के बूथ स्तरीय सम्मेलन में भाजपा नेता पूर्व मंत्री अशोक कटारिया ने कहा कि बूथ जीतने से ही तीसरी बार मोदी प्रधानमंत्री बनेंगे। कार्यकर्ताओं को प्रत्येक बूथ पर जीत दर्ज कराने के टिप्स देते हुए अशोक कटारिया ने कार्यकर्ताओं व पदाधिकारी से सीधा संवाद किया। बहजोई के डीआर रिसोर्ट में बूथ सम्मेलन को संबोधित करते हुए अशोक कटारिया ने कहा कि जिस प्रकार से मोदी और योगी सरकार की नीतियों का लाभ प्रत्येक वर्ग के लोगों को मिला है। हमें इस बार भी जीत दर्ज करने के लिए बूथ स्तर पर अपनी जीत दर्ज करनी होगी। तभी हम केंद्र में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सशक्त सरकार बना सकते हैं। इसलिए प्रत्येक बूथ कार्यकर्ता को पन्ना प्रमुख समेत अन्य कार्यकर्ताओं के साथ संबंध में स्थापित करना होगा। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. अनामिका यादव, जिलाध्यक्ष हरेंद्र सिंह, चेयरमैन राजेश शंकर राजू, धर्मेंद्र मिश्रा, भुवनेश राघव, ललित मोहन शर्मा, अंकुर अग्रवाल, गिरिराज मौर्य आदि मौजूद रहे।

### संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत

**धनारी अमृत विचार :** धनारी में स्टेशन बस्ती निवासी कुलदीप शर्मा (21वर्ष) पुत्र अमरीश शर्मा 29 मार्च को बीमार हुआ तो परिजनों ने उसे चंद्रकांति हॉस्पिटल बरेली में भर्ती कराया। वहां हालत ज्यादा बिगड़ने पर चार अप्रैल को राममूर्ति हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। 12 अप्रैल को इलाज के दौरान कुलदीप शर्मा की मौत हो गई। इस मामले में कुलदीप शर्मा के ससुर शिशुपाल शर्मा निवासी गांव अजीमाबाद थाना बहजोई ने पारिवारिक कलह के चलते संदिग्ध परिस्थितियों में मौत होने का आरोप लगाया। मामला पुलिस तक पहुंच गया। पुलिस ने कुलदीप शर्मा का शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# दो पक्षों के बीच हुए बवाल में 11 के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी/बनियाठेर

- शुक्रवार को दो पक्षों में हुआ था टकराव के बाद पथराव

**अमृत विचार:** थाना बनियाठेर के कस्बा नरौली में दो पक्षों में हुए टकराव में 10 नामजद समेत 11 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। उप निरीक्षक आकाश की ओर से रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस ने दोनों पक्षों से चार लोगों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया है। अन्य आरोपी फरार हैं। गिरफ्तारी के लिए पुलिस की दबिश दे रही है।

नरौली के मोहल्ला काजी टोला में जमीरूद्दीन व रईस अहमद के परिवार में चार दिन पहले दोनों पक्षों में सड़क पर बने गड्ढे पाटने को लेकर विवाद हो गया था। मामला नरौली चौकी पुलिस तक पहुंचा तो समझौता करा दिया गया। शुक्रवार को दोनों पक्ष जुमे की नमाज अदा करके अपने घर पहुंचे तो दोनों पक्षों के बीच कहासुनी हो गई।

> नरौली में शुक्रवार को दो पक्षों के बीच हुए मारपीट व पथराव के मामले में दोनों पक्षों के लोगों को नामजद करते हुए रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। चार आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है। अन्य की गिरफ्तारी के लिए दबिश जारी है।
>
> **-मोहित कुमार काजला,** एसओ

गाली-गलौच के साथ लाठी डंडे व पत्थर चले। पत्थरबाजी में दोनों पक्षों के कई लोग घायल हो गए। मामले में उप निरीक्षक आकाश की ओर से मुगीर, गयासूद्दीन, मईमुद्दीन, फिशान, मोईनुद्दीन, सोनू, शारून, मो. गौश, आजम पुत्र रईस अहमद, फिरोज व एक अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

**NAME CHANGE**

I, Asif Ali S/O Sabir Husain R/o Said Nagli, Amroha, Uttar Pradesh-244242, have changed the name of my minor daughter Alisha aged 07 Years and she shall hereafter be known as Alisha Fatima.

**खोया-पाया**

प्राप्त सूचना के प्रकाश में विजेंद्र सिंह पुत्र राजपाल सिंह से म0 सं0 2/1445 बुद्धि विहार, आवास विकास मुरादाबाद का मूल बैनामा दि 19/11/01 जि0 3552 कृ0सं0 8629 तथा म0 सं0 2/1445 एवं 2/1444 बुद्धि बिहार आवास विकास मुरादाबाद के मूल आवंटन पत्र खो गये है। जिसे मिले वो 15 दिन के अन्दर सूचित करे अन्यथा माना जायेगा कि उक्त सम्पत्ति व उक्त मूल दस्तावेज हर प्रकार से पाक साफ व भार मुक्त हैं। किसी भी वित्तीय संस्थान आदि को कोई आपत्ति नहीं है। कोई क्लेम स्वीकार्य नहीं होगा। उक्त मूल दस्तावेज का प्रयोग अवैध माना जायेगा। उक्त दोनो सम्पत्तियों पर LIC HFL से लोन लिया जा रहा है।

-नितेश अग्रवाल एडवोकेट, चै0 नं0 153, कचहरी, मुरादाबाद, 7830202010, 9897208955

# टेंपो की टक्कर से बच्ची की मौत

कार्यालय संवाददाता, संभल/सरायतरीन

**अमृत विचार:** हयातनगर थाना क्षेत्र में टेंपो की टक्कर से घर के दरवाजे के पास खड़ी डेढ़ वर्षीय बच्ची की मौत हो गई। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। टक्कर मारकर भाग रहे टेंपो चालक को आसपास के लोगों ने पकड़कर मौके पर पहुंची पुलिस को सौंप दिया।



शनिवार को सरायतरीन के मुहल्ला नया गांव कमालपुर सराय निवासी विजय सैनी की डेढ़ साल पुत्री मानवी पिता के साथ ठेले का पास खड़ी थी। इसी दौरान मुहल्ला कोटला की ओर से आ रहे तेज रफ्तार टेंपो ने मानवी को टक्कर मार दी जिससे वह सड़क पर गिर गई। विजय सैनी ने शोर मचाया तो इकट्ठा हुए आसपास के लोगों ने टक्कर मारकर भाग रहे टेंपो को रुकवा कर चालक को पकड़ लिया। गंभीर रूप से घायल मानवी को निजी अस्पताल ले गये। यहां से उसे दूसरे निजी अस्पताल रेफर किया गया। यहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और टेंपो कब्जे में लेकर चालक को हिरासत में ले लिया। थाना प्रभारी संत कुमार ने बताया कि पंचनामा भरकर बच्ची का शव पोस्टमार्टम को भेज दिया गया है। तहरीर के आधार पर टेंपो चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।



बच्ची की मौत के बाद परिजनों को समझाते कोतवाल संत कुमार। ● अमृत विचार

- पिता के साथ ठेले के पास खड़ी थी डेढ़ साल की मानवी, टेंपो चालक को पकड़कर पुलिस को सौंपा

**पेराई सत्र 2024-25 के सुचारू रूप से संचालन हेतु विभिध्न आवश्यक सामाग्रियों को ई-टेण्डरिंग के माध्यम से क्रय/कार्य को कराने हेतु-निविदा सूचना**

पत्रांक सं0:- 52/प्र0प्र0/ई-टेण्डर/2024-25 दिनांक:- 13/04/2024

इस मिल समिति द्वारा ई-टेण्डरिंग के माध्यम से विभिन्न प्रकार की आवश्यक सामाग्रियों को क्रय/कार्य कराने हेतु ई-निविदायें आमंत्रित की जाती है। इन निविदाओं हेतु निविदा प्रपत्र रुपया-500.00 +जी०एस०टी०-90.00 अर्थात कुल रुपया-590.00 प्रति निविदा तथा उनके सामने अंकित निर्धारित धरोहर राशि आर.टी.जी.एस./नगद रुद्र-बिलास किसान सहकारी चीनी मिल्स लि० बिलासपुर रामपुर (बैंक का नाम - पंजाब नैशनल बैंक, शाखा-रुद्रपुर, खाता संख्या- 0833000100123339, आई०एफ० एस०सी० कोड- PUNB0083300) के पक्ष में जमा कराना अनिवार्य है। यदि आवश्यक हुआ तो निगोशियेशन भी कराया जायेगा। निविदा की शर्ते, निविदा फार्म तथा धरोहर धनराशि का पूर्ण विवरण आदि www.etender.up.nic.in से तथा www.upsugarfed.org से डाउनलोड किये जा सकते है। एक या समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा।

| S. No | Name of the Item | Technical bid opening at 11:15 am | Commercial bid opening 03.00 pm | E.M.D. (in Rs.) | Starting date of loading of E-Tender |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | हार्डवेयर आईट्मों की आपूर्ति करना। | 29.04.2024 | 29.04.2024 | रु०-20,000.00 | 18.04.2024 |
| 2. | आक्सीजन गैस की आपूर्ति करना। | 30.04.2024 | 30.04.2024 | रु०-10,000.00 | 18.04.2024 |
| 3. | जनरल इलेक्ट्रीकल आईट्मों की आपूर्ति करना। | 01.05.2024 | 01.05.2024 | रु०-20,000.00 | 22.04.2024 |
| 4. | सी०आई० कास्टिंग, सी०एस०कास्टिंग, गन मैटल (आर०सी० आइटमों को छोडकर) आइटमों की नयी सप्लाई एवं कन्वर्जन वेसिस पर आपूर्ति करना। | 02.05.2024 | 02.05.2024 | रु०-15,000.00 | 22.04.2024 |
| 5. | मिल के विभिन्न फैब्रीकेशन इरेक्शन से सम्बन्धित कार्य करना। | 04.05.2024 | 04.05.2024 | रु०-10,000.00 | 24.04.2024 |
| 6. | ब्यायलर रिफैक्ट्री सामान की आपूर्ति करना। | 06.05.2024 | 06.05.2024 | रु०-10,000.00 | 25.04.2024 |
| 7. | (1) शुगर बैग हैण्डलिंग का कार्यः-50 किग्रा के बैग्स में ग्रेडरों से चीनी को भरना, इन बोरों को तौल कर मशीन तक पहुँचाना, तौल उपरान्त नम्बर टेंग लगाकर, बोरों की सिलाई करना तदोपरान्त ग्रेड वाइज चीनी के भरे बोरों को ड्रायर हाउस/चीनी गोदामों में तथा एक गोदाम से दूसरे गोदाम में बैग्स/बोरों की शिफ्टिंग करना। (2) चीनी के कट्टों को ट्रकों में लादना, कटे-फटे बोरों की सिलाई करना, गोदामों की सफाई हेतु मजदूर उपलब्ध कराना आदि कार्य। | 09.05.2024 | 09.05.2024 | रु०-50,000.00 | 29.04.2024 |
| 8. | ब्यायलर रिटयूबिंग के कार्य | 11.05.2024 | 11.05.2024 | रु०-10,000.00 | 30.04.2024 |
| 9. | Scientific operation of ETP for the season 2024-25 and discharge of treated effluent as per norms of U.P. Pollution Control Board/CPCB<br>Operation of Spary pond overflow treatment (Sulphate removal) system for the Crushing saeson 2024-25 as per norms of UPPCB/CPCB<br>Procurement / Grant of water consent from UPPCB, Lucknow for calendar year 2025 and analysis of the following samples of E.T.P. from other recognised laboratory: i-Analysis of treated water. ii-Analysis of storage lagoon water. iii-Analysis of spray pond overflow. iv- Analysis of surface water (Hand Pump) | 13.05.2024 | 13.05.2024 | रु०-10,000.00 | 01.05.2024 |
| 10. | पेराई सत्र 2024-25 के दौरान बैगास कैरियर पर अपने श्रमिकों द्वारा अतिरिक्त बैगास को हटाना एवं मिल से बची हुई बैगास/बाहर से लायी गयी बैगास से सीजन के दौरान समस्त तीनों ब्यायलरों के प्रेशर मेन्टेन करने के लिए एवं मिल बन्दी/आवश्यकतानुसार अपने मजदूरों को लगातार बैगास को रिटर्न बैगास कैरियर में भरकर प्रेशर मेन्टेन करने का कार्य करना। | 15.05.2024 | 15.05.2024 | रु०-40,000.00 | 04.05.2024 |
| 11. | Transportation charge for the supply of Sulphur from Panipat Refinery to RudraBilas Kisan Sahkari Chini Mills Ltd., Bilaspur Distt-Rampur (U.P) for season 2024-25 | 18.05.2024 | 18.05.2024 | रु०-10,000.00 | 06.05.2024 |
| 12. | पेराई सत्र 2024-25 में इस मिल के वैक्युम फिल्टरों से निकलने वाली प्रेसमड को निरन्तर अपने संशाधनो/ट्रैक्टर-ट्राली लगाकर उठाकर ले जाना ताकि प्रेसमड गिरने के स्थान पर जाम न लगने पाये एवं पेराई कार्य प्रभावित न हो सके तथा वैक्यूम फिल्टरों के नीचे व बाहर पूर्णतया सफाई रखना। | 20.05.2024 | 20.05.2024 | रु०-1,00,000.00 | 08.05.2024 |

भवदीय प्रधान प्रबंधक

## सार-संक्षेप



मां पूर्णागिरी धाम मंदिर से कलश यात्रा निकालती महिलाएं। ● अमृत विचार

### महिलाओं ने निकाली कलश यात्रा

**चन्दौसी, अमृत विचार :** शिव मंदिर सेवा समिति की ओर से गोशाला रोड स्थित गांव मिलक के मां पूर्णागिरि नवदुर्गा धाम से नवरात्र के उपलक्ष्य में कलश यात्रा निकाली गई। जिसमें महिलाएं पीले वस्त्र धारण कर सिर पर कलश लेकर चल रही थीं। यह कलश यात्रा हर वर्ष चैत्र नवरात्र के अवसर पर निकाली जाती है। कलश यात्रा में डीजे पर माता रानी के भजन बज रहे थे। पीछे चल रहे रथ पर माता रानी की प्रतिमा रखी थी। जिससे प्रसाद वितरित किया जा रहा था। मां पूर्णागिरि मंदिर से आरंभ हुई कलश यात्रा गोशाला रोड, आवास विकास व आरएस इंटर कॉलेज होते हुए पुन: मंदिर पर आकर संपन्न हुई।

### साइकिल से गिरकर घायल युवक की उपचार के दौरान मौत

**चन्दौसी, अमृत विचार :** बनियाठेर थाना क्षेत्र के गांव जनेटा के पास गत रविवार को मोहल्ला संभल गेट स्थित आंबेडकर नगर निवासी शिवम 18 पुत्र झबरी साइकिल से गिरकर घायल हो गया था। परिजन घायल को उपचार के लिए मुरादाबाद के निजी हास्पिटल ले गए थे। वहां शुक्रवार को युवक की उपचार के दौरान मौत हो गई।

### मकान की दीवार पर चढ़कर की फायरिंग, हड़कंप

**अगवानपुर, अमृत विचार :** नगर के मोहल्ला सराय फारुख में फायरिंग का मामला सामने आया है, वहीं पुलिस ने फायरिंग की घटना से इनकार किया है। नगर के मोहल्ला सराय फारुख निवासी गौरव पुत्र रामोतार ने हाल ही में हाईस्कूल के पेपर दिए हैं। साथ ही गौरव टोरेंट गैस एजेंसी में हेल्पर की नौकरी करता है। शनिवार की रात वह अपने घर के बाहर खड़ा था। इस दौरान मोहल्ले के तीन युवक कार में सवार होकर शराब के नशे में उससे गाली- गलौज करने लगे। विरोध करने पर तीनों युवक गौरव को खींचकर गाड़ी में बैठाने की कोशिश करने लगे। गौरव किसी तरह उनसे छूटकर घर आ गया। कुछ देर बाद अन्य दोस्तों को लेकर शराबी युवक गौरव के घर पहुंच गए और उस पर घर से बाहर आने का दबाव बनाने लगे। परिजनों द्वारा पूछने पर गौरव ने पूरी बात बताई। इस पर परिजनों ने घर का दरवाजा बंद कर लिया। काफी देर तक दरवाजा न खोलने पर शराबी युवकों ने घर की दीवार परचढ़कर पांच राउंड फायरिंग कर दी। लोगों ने चौकी पुलिस को सूचना दी। वहीं चौकी पर तैनात कार्यवाहक दारोगा भीमसेन ने बताया कि मोहल्ले के किसी बच्चे ने पटाखे फोड़े हैं। फायरिंग नहीं की गई है। मोहल्ले वालों ने पांच राउंड फायरिंग होने की बात कह रहा है। जिसमें एक जिन्दा कारतूस भी मौके पर बरामद हुआ है।

### देवी मंदिर के निकट जूठी पत्तले फेंकने पर रोष

**चंदौसी, अमृत विचार :** जारई गेट पर देवी के प्राचीन मंदिर के निकट जूठी पत्तले फेंकने पर हिंदू संगठनों में रोष व्याप्त है। बताया जाता है कि दूसरे समुदाय के परिवार में हुई मांसाहारी दावत की पत्तले मंदिर के बराबर फेंक दी गईं जबकि इन दिनों नवरात्र चल रहे हैं। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले की जानकारी की है। मामला सोशल मीडिया पर भी वायरल हो रहा है। शनिवार की रात करीब साढ़े आठ बजे मंदिर के सामने ही दूसरे समुदाय ने मांसाहारी भोजन की जूठी पत्तलों को मंदिर के मुख्य दरवाजे के समीप ही फेंक दिया। इसकी सूचना मंदिर के पुजारी ललित शंखधार ने हिन्दू नेता कौशल किशोर वंदेमातरम व बजरंग दल के रितुपर्ण ने पुलिस को दी। मौके पर आनन फानन में पत्तलों को वहां से हटाया गया। सीकरी गेट चौकी पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जानकारी की। उधर प्रभारी निरीक्षक अतर सिंह का कहना है कि ऐसी कोई सूचना उन्हें नहीं मिली है।

# संदिग्ध अवस्था में बेहोशी की हालत में मिली युवती

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

- घर से ब्यूटी पार्लर जाने की बात कहकर निकली थी
- देर शाम तक नहीं आया होश स्वस्थ होने पर पता चलेगा कारण

**अमृत विचार:** बनियाठेर थाना क्षेत्र के बहजोई मार्ग स्थित पेट्रोल पंप के पास 20 वर्षीय युवती संदिग्ध अवस्था में बेहोश हो गई। जिसे उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया। सूचना मिलने पर परिजन भी सीएचसी पहुंच गए। देर शाम तक युवती को होश नहीं आया था।

दोपहर 2.15 बजे युवती बनियाठेर थाना क्षेत्र के बहजोई मार्ग स्थित झलक पेट्रोल पंप के पास बेहोशी की हालत मिली। युवती कैसे बेहोश हुई इसकी जानकारी नहीं हो सकी। आसपास लोगों ने बताया कि युवती पेट्रोल के पास पैदल आ रही थी। तभी अचानक बेहोश होकर गिर पड़ी। युवती के पिता रतिपाल सिंह रेलवे में गार्ड हैं। उन्होंने बताया कि उनकी पुत्री ब्यूटी पार्लर का कोर्स कर चुकी है। दोपहर एक बजे घर से ब्यूटी पार्लर जाने की बात कहकर घर से निकली थी। शाम को जानकारी हुई कि उनकी पुत्री बेहोशी की हालत में सीएचसी में भर्ती है। देर शाम तक युवती को होश नहीं आया था। परिजन व चिकित्सक युवती के होश में आने का इंतजार कर रहे थे। स्वस्थ होने पर पता चलेगा कि वह कैसे बेहोश होकर गिरी।



बस का इंतजार करते यात्री व खाली पड़ा बस अड्डा। ● अमृत विचार

# ईद पर घूमने निकले लोग तो कम पड़ गई रोडवेज बसें

कार्यालय संवाददाता, संभल

- संभल से मुरादाबाद को चलीं 40 अनुबंधित बसें, फिर भी परेशान दिखे लोग

**अमृत विचार :** ईद के मौके पर लोगों ने घरों से निकलकर रिश्तेदारी और अन्य स्थानों पर घूमने का मन बनाया तो संभल में मुरादाबाद के लिए अनुबंधित रोडवेज बसें कम पड़ गईं। ऐसे में लोगों को रोडवेज बस अड्डा पर बसों का इंतजार करना पड़ा और परेशानी भी हुई। आलम यह रहा कि जैसे ही बस यहां पहुंची तो दो मिनट में भी खचाखच भर गई।

संभल से मुरादाबाद के लिए 40 अनुबंधित रोडवेज बसों का संचालन हो रहा है। ईद के मौके पर लोग घूमने के लिए निकले तो बसों की किल्लत पैदा हो गई। शनिवार को दोपहर संभल रोडवेज बस अड्डा पर तमाम लोग बस का इंतजार करते दिखाई दिए।

रोडवेज बस अड्डा कार्यालय में ड्यूटी कर रहे तारा चंद्र ने बताया कि प्रत्येक बस दिन में संभल से मुरादाबाद के चार-चार चक्कर लगा रही है। ईद के मौके पर सफर करने वाले लोगों की संख्या ज्यादा है। इसलिए बसें जल्दी ही भर रही हैं। जिस कारण लोगों को थोड़ा इंतजार करना पड़ रहा है।

# बसपा, सपा-कांग्रेस ने गरीबों का नहीं किया उत्थान

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बढ़ापुर क्षेत्र के गांव आलमपुर में जनसभा को किया संबोधित

कार्यालय संवाददाता, बिजनौर

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को कहा कि जो लोग माफिया को पालते थे, वे आपको सुरक्षा नहीं दे सकते। कभी जिस माफिया की तूती बोलती थी, आज वे जान की भीख मांग रहे हैं। ध्यान रहे कि यह भाजपा का सुशासन है, जिसने सभी लोगों को सुरक्षा का अहसास कराया है। उन्होंने सपा, बसपा कांग्रेस पर निशाना साधा। कहा कि उनके कार्यों में विकास या गरीब का उत्थान नहीं था, बल्कि व्यापारी, बेटियों, उद्योगों की सुरक्षा पर सेंध लगाने का काम ये लोग करते थे।

मुख्यमंत्री मुरादाबाद लोकसभा क्षेत्र की विधानसभा बढ़ापुर के गांव आलमपुर गांवड़ी में भाजपा प्रत्याशी कुंवर सर्वेश सिंह के समर्थन में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। यहां उन्होंने 2016 में सहारनपुर में हुए सिख विरोधी दंगे का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि आज यूपी में न दंगा है, न कर्फ्यू है सब कुछ चंगा है। दंगाई छिपे हुए हैं। राम मंदिर निर्माण का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि हमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त करना चाहिए, आज अयोध्या की भव्यता, दिव्यता देखते ही बनती है। इस मंदिर के लिए कई पीढ़ियां कुर्बान हुईं। हम सौभाग्यशाली हैं कि हमारे सामने राम मंदिर का निर्माण संभव हुआ। कहा कि विकास भी है, विरासत भी है, साथ में सुरक्षा भी है। मुरादाबाद में महात्मा जंभेश्वर के नाम से विश्वविद्यालय बन रहा है। बिजनौर में महात्मा विदुर नाम से मेडिकल कॉलेज का निर्माण हो चुका है। अमानगढ़ रेंज को वर्ल्ड क्लास सफारी बनने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि दुनिया में भारत का गौरव बढ़ा है।

आज भारत को सब सम्मान की दृष्टि से देखते हैं। आज केंद्र व प्रदेश में आपके हितों की चिंता करने वाली सरकारें हैं। इसलिए किसानों, हस्तशिल्पियों व कामगारों का सहयोग सरकार कर रही है। उन्होंने भारत में किए गए तेजी से विकास कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि देश में मेट्रो, मेडिकल कॉलेज, अस्पताल, उद्योग धंधे, हवाई, कुटीर उद्योगों को बढ़ावा आदि कार्य तेजी से स्थापित किए गए हैं। इससे युवाओं को भी आजिविका के साधन प्राप्त हुए हैं। 50 करोड लोगों को धन-जन व 12 करोड लोगों को किसान सम्मान योजना का लाभ दिया गया है। 10 करोड़ लोगों को निशुल्क गैस सिलेंडर दिए। कहा कि अब होली, दिवाली भी फीकी नहीं जाने देंगे, बल्कि एक-एक सिलेंडर सरकार की ओर से इन त्योहारों पर मुफ्त दिया जाएगा।

चार करोड लोग को मकान, ढाई करोड़ को बिजली कनेक्शन दिए गए। कहा कि ये सब काम पहले की सरकारें भी कर सकती थीं पर उनकी नियत जनता के विकास की नहीं थी। इस दौरान मुरादाबाद लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी कुमार सर्वेश सिंह, बढ़ापुर विधानसभा के भाजपा विधायक सुशांत सिंह, बिजनौर, जिलाध्यक्ष नागेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।



विजयी चिह्न दिखाते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ प्रत्याशी कुंवर सर्वेश सिंह व अन्य। ● अमृत विचार

**राजनीति**

▸▸ मुख्यमंत्री बोले- जो लोग माफिया को पालते थे, वह आपको सुरक्षा नहीं दे सकते

### एक नजर

### भक्तों ने देवी मां की पूजा कर सुख-शांति मांगी

**नहटौर, अमृत विचार :** नवरात्र के पांचवें दिन शनिवार को भक्तों ने मां स्कंदमाता की पूजा अर्चना की। उन्होंने सुख–शांति मांगी। पंडित सुभाष चन्द्र भार्गव ने बताया कि मां स्कंदमाता की आराधना के लिए देवी स्कन्दमाता के मंत्र का ध्यान करना चाहिए। उन्होंने बताया कि नवरात्र के पांचवें दिन स्कंदमाता की पूजा में श्वेत रंग के वस्त्रों का प्रयोग कर सकते हैं। यह दिन बुध ग्रह से संबंधित शांति पूजा के लिए सर्वोत्तम है। इस दिन माता दुर्गा को केले का भोग लगाएं व गरीबों को केले का दान करें। इससे परिवार में हमेशा सुख–शांति रहती है।

### मां स्कंदमाता की विधि विधान से की गई पूजा

**नगीना, अमृत विचार :** भक्तों ने उपवास रखकर मां स्कंदमाता की विधि विधान से पूजा अर्चना की। परिवार की खुशहाली एवं सुख समृद्धि की कामना की। सुबह से ही धामपुर मार्ग स्थित श्री रामलीला ग्राउंड स्थित देवी के प्रसिद्ध व प्राचीन मंदिर में भक्तों का आना जाना लगा रहा। दुर्गा देवी के मंदिर में दीप जलाकर, प्रसाद व देवी के श्रृंगार का सामान चुनरी, नारियल चढ़ाकर सुख समृद्धि की कामना की। देर शाम तक भक्तों की भीड़ उमड़ी रही। सुरक्षा के लिए पुलिस तैनात रही।

### आरसीसी की टीम ने 17 रन से जीता मैच

**किरतपुर, अमृत विचार :** मोहल्ला अफगानान स्थित मैदान पर राईन क्रिकेट क्लब द्वारा ईद मिलन क्रिकेट टूर्नामेंट कराया गया। उसका उद्घाटन शमीम अंसारी ने फीता काटकर किया। इस दौरान युवाओं से 19 अप्रैल मतदान दिवस को पर्व के तौर पर मनाने का आह्वान किया। युवाओं से कहा कि वे स्वंय मतदान का प्रयोग करें और पड़ोसियों को प्रेरित करें। फाइनल मैच आरसीसी क्लब और अंसारियांन के बीच खेला गया। इसमें आरसीसी ने 17 रन से मैच जीता। इस दौरान कप्तान गुलफाम, परवेज आलम, इरफान, दिलशाद, शहजाद आदि युवा रहे।

### 60 लोगों का जत्था भसौडी शरीफ रवाना

**हल्दौर, अमृत विचार :** जिला रामपुर के भसौडी शरीफ स्थित दादा राहत मियां व इनायत मियां के उर्स के मौके पर क्षेत्र के गांव गांगू नंगला शरीफ से सूफी शाकिर अजमती के नेतृत्व में 60 लोगों का एक जत्था शनिवार सुबह 11 बजे रवाना हुआ। इनमें सूफी गुलाम मुस्तफा हल्दौरी आदि का सहयोग रहा।

### पांचवें सेमेस्टर की परीक्षा में शाजिया परवीन प्रथम

**किरतपुर, अमृत विचार :** अब्दुल समी मेमोरियल लॉ कॉलेज का एलएलबी के पांचवें सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। इसमें शाजिया परवीन ने 64.8 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। 62.2 प्रतिशत अंक के साथ अंकिता राजपूत द्वितीय, आफरीन मिर्जा व सैफुल हसन अंसारी ने संयुक्त रूप से 61.8 प्रतिशत अंक के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया।

कॉलेज के प्रबंधक मोहम्मद राशिद छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं दीं। कॉलेज के अध्यक्ष मोहम्मद साईम राजा ने छात्रों की सफलता पर हर्ष व्यक्त किया। मौलाना मोहम्मद अली जौहर हायर एजुकेशन इंस्टीट्यूट के प्राचार्य डॉ. मोहित बंसल ने छात्र-छात्राओं को मेहनत व लगन से आगे बढ़कर सफलता प्राप्त करने को कहा। विधि प्रवक्ता विवेक, अतहर जावेद व नेहा रवि ने छात्र-छात्राओं की सफलता के लिए उन्हें बधाई दी।

# भाजपा के मददगारों से रहें चौकस : अखिलेश

संवाददाता, नहटौर (बिजनौर)

**अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने शनिवार को कहा कि लोकतंत्र को बचाने के लिए इंडिया गठबंधन का सहयोग करना आवश्यक है। कुछ लोग भाजपा की मदद करने के लिए आए हैं। उनसे चौकस रहने की जरूरत है।

वह जेवीएम इंटर कॉलेज में सपा-कांग्रेस गठबंधन की जनसभा को संबोधित कर रहे थे। यहां उन्होंने कहा कि 2022 में हम हारे नहीं, हमें हराया गया। इस बार जनता का चुनाव है और उसके बीच बुनियादी सवालों का इस सरकार के पास कोई जवाब नहीं है। सामाजिक न्याय की लड़ाई गठबंधन लड़ रहा है। संविधान के अधिकारों की लंबी लड़ाई लड़ी जाएगी। आजादी के बाद हमें जो सम्मान मिलना चाहिए था, वह यह सरकार नहीं दिला पाई है। लोकतंत्र को खत्म करने की साजिश हो रही है। इस देश की आजादी में हिंदुओं के साथ-साथ मुसलमानों ने भी कंधा मिलाकर साथ दिया था।

उन्होंने कहा कि आज बेरोजगारी चरम पर है। सरकार विश्व में भारत को सबसे आगे बढ़ने का सपना दिखा रही है, जबकि युवा आत्महत्या कर रहे हैं। उत्तर प्रदेश में परीक्षाओं के पेपर लीक हुए हैं। यदि पहली परीक्षा में कार्रवाई होती तो किसी की हिम्मत नहीं थी कि अगली परीक्षा का पेपर लीक होता। भाजपा से होशियार पार्टी, कोई नहीं है। साजिश रचने में माहिर है। उनकी साजिश से बचना है। ये वे लोग हैं जो कानून और संविधान की कोई चिंताएं नहीं रखते है। उनकी पार्टी के खिलाफ जो कोई आवाज उठाता है, उसे झूठे मुकदमों में फंसा कर जेल भेज देते हैं। उन्होंने नगीना लोकसभा सीट के प्रत्याशी पूर्व जज मनोज कुमार व बिजनौर लोकसभा सीट के प्रत्याशी दीपक सैनी को वोट देने की अपील की। इस मौके पर सपा के जिलाध्यक्ष अनिल यादव, विधायक स्वामी ओमवेश, मनोज पारस, शेरवाज पठान, पूर्व सांसद यशवीर सिंह, शेख सुलेमान, नईमुलहसन, इमरान, नजाकत अली आदि मौजूद रहे।



लोगों का अभिवादन स्वीकार करते अखिलेश यादव, साथ में अन्य।

### भाजपा को पैसा देने वाली कंपनियों पर नहीं होती कार्रवाई

उन्होंने कहा कि जो महापुरुष तस्वीरों में दिखाई दे रहे हैं, उन्होंने बहुत संघर्ष किया है। यह संविधान हमें आसानी से नहीं मिला। इसके लिए जाने कितने लोगों ने अपनी जान की कुर्बानी दी है। उन्होंने कहा कि जो लोग नारा दे रहे हैं कि 400 पार, उन्हें आखिरकार मुख्यमंत्री को क्यों जेल भेजना पड़ रहा है। अगर सरकार बना रहे हैं तो दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को क्यों जेल भेजना पड़ा। इलेक्टोरल ब्रांड से पैसा भाजपा के पास कैसे पहुंच गया। ये लोग अरविंद केजरीवाल और अन्य लोगों पर सवाल खड़ा कर रहे हैं। हर एक कंपनी भाजपा को इलेक्टोरल ब्रांड से पैसा दे रही है। उस पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही है।

### सार-संक्षेप

### फ्लाईओवर में जीना न बनाने का मुद्दा राष्ट्रपति तक पहुंचा



इस फ्लाईओवर पर नहीं है जीना।

**नजीबाबाद, अमृत विचार :** रेलवे क्रॉसिंग पर बने फ्लाईओवर में जीना निर्माण न होने का मुद्दा राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री कार्यालय, मानवाधिकार आयोग तक पहुंच गया है। जलालाबाद और गढ़मलपुर में रेलवे क्रॉसिंग संख्या 484 तथा 480 पर फ्लाईओवर का निर्माण तो कर दिया गया लेकिन जीने का निर्माण नहीं कराया गया। इस कारण लोगों को एक ओर से दूसरी ओर जाने के लिए परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जीने के अभाव में 7 लोगो की मौत हो चुकी है। कई लोग अभी तक घायल हो चुके हैं। आदर्श नगर निवासी आरटीआई कार्यकर्ता मनोज शर्मा ने इस संबंध में राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री कार्यालय, मानवाधिकार आयोग, राज्यपाल, मुख्यमंत्री कार्यालय को पुन: भेजी शिकायत में जीना निर्माण की मांग की है। उधर, रेलवे ने जलालाबाद फ्लाईओवर के नीचे दीवार बना दी है। इससे लोग लाइन पार नहीं कर सकते हैं।

### डीएम कार्यालय के पीछे हो रहा अवैध निर्माण रुकवाया

**अमरोहा, अमृत विचार :** कलेक्ट्रेट के पीछे बाईपास पर कुछ लोगों ने भूमि पर कब्जा कर अवैध निर्माण शुरू कर दिया। शनिवार को उपजिलाधिकारी ने मौके पर पहुंचकर निर्माण को रुकवा दिया और दोबारा निर्माण कार्य करने पर कठोर कार्रवाई करने की चेतावनी दी। जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी के निर्देश पर उप जिलाधिकारी सुधीर कुमार ने अवैध निर्माण रुकवा दिया। एसडीएम और पुलिस के मौके पर पहुंचते ही लोग फरार हो गया और मजदूर भी भाग गए। उप जिलाधिकारी ने बताया कि बाईपास स्थित भूमि पर अवैध रूप से निर्माण किया जा रहा था। इसकी सूचना जिलाधिकारी को मिली तो उन्होंने उसे रुकवाने के आदेश दिए थे। इस मामले में जांच की जा रही है। इस दौरान अगर फिर से भूमि पर निर्माण कार्य कराया गया तो कठोर कार्रवाई की जाएगी।

### खेत में ले जाकर युवक को पीटा, वीडियो वायरल

**अमरोहा, अमृत विचार :** खेत में ले जाकर युवक की पिटाई कर दी। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। बताया जा रहा है कि पुरानी रंजिश के चलते उसे मारा पीटा गया। फिलहाल मामले में कोई कानूनी कार्रवाई नहीं की गई है। यह मामला थाना बछरांयू क्षेत्र के गांव इस्लामनगर का बताया जा रहा है। दरअसल यहां के निवासी आदिल के साथ एक युवक व कुछ साथियों ने जंगल में ले जाकर मारपीट की। आरोपियों ने मारपीट का वीडियो बनाकर भी सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। यह मामला क्षेत्र में चर्चा का विषय बन गया। बताया जा रहा है कि कुछ पुरानी रंजिश के चलते ऐसा किया गया। फिलहाल मामले में कोई कार्रवाई नहीं की गई। थाना अध्यक्ष अलका चौधरी ने बताया की तहरीर के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

### पुलिस ने लापता बालक को परिजनों को सौंपा

**गजरौला, अमृत विचार :** ईद के दिन खेलते समय लापता हुए नौ वर्षीय बालक को पुलिस ने तलाश कर लिया। गढ़मुक्तेश्वर में मिले बालक को पुलिस ने परिजनों को सौंप दिया है। नगर के मोहल्ला सुल्तान नगर निवासी रेशमा का पौत्र रिहान ईद के दिन घर के बाहर खेल रहा था। इस दौरान वह लापता हो गया था। रेशमा की तहरीर पर पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज करते हुए रिहान की तलाश शुरू की। चौपला चौकी प्रभारी प्रवीण कुमार ने रिहान का फोटो सोशल मीडिया पर वायरल करने के साथ ही विभागीय व्हाट्सएप ग्रुप पर भी शेयर कर दिया। इसी बीच शनिवार शाम एक अनजान बालक के गढ़मुक्तेश्वर पुलिस चौकी पर मौजूद होने की सूचना मिली। हरकत में आई थाना पुलिस रिहान के परिजनों को साथ लेकर वहां पहुंची। परिजनों ने वहां मौजूद बालक की पहचान रिहान के रूप में की। चौकी प्रभारी ने बताया कि बालक को उसके परिजनों को सौंप दिया गया है।

### हिल्टन कॉन्वेंट स्कूल में धूमधाम से मनाया बैसाखी पर्व

**अमरोहा, अमृत विचार :** हिल्टन कॉन्वेंट स्कूल में बैसाखी पर्व धूमधाम के साथ मनाया गया। विद्यार्थियों ने रंगा रंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया। शनिवार को विद्यालय निदेशक भावना सैनी ने कार्यक्रम का आरंभ किया। विहान, जैवलिन, इशिका, सोना, अन्वी, यशवी ने नृत्य किया। प्रधानाचार्य अवनीश शर्मा ने बैसाखी पर्व के महत्व पर प्रकाश डाला। विद्यालय प्रबंधक अनुराग सैनी ने बच्चों को पुरस्कार दिए। इस मौके पर पिंकी डालर, मांजू माहेश्वरी, रंजना चौहान आदि मौजूद रहे।

### गंगेश्वरी क्षेत्र में आज मनाई जाएगी आंबेडकर जयंती

**मुबारिजपुर, अमृत विचार :** ब्लाक गंगेश्वरी क्षेत्र समेत रहरा, ढवारसी, आदमपुर, दड़ियाल, मुबारिजपुर, सलारा, श्योरामपुर, गुरैठा खादर, खरपड़ी, चंदनपुर, चचौरा, पौरारा, छपना, बुरावली, जयतौली, नानई, पथरा, उकवली, देहरी खादर,जल्लौपुर, काई मुस्तकम, सिरसा कला, भावली,मलकपुर, मरौरा, जामुनोवाली मढ़ैया, बिहारीपुर, भूवरा, बीझनपुर, तलावड़ा, बहादरपुर मिश्र, मालीपुरा, खुर्तिया, खेलिया पट्टी में आंबेडकर जयंती धूमधाम से मनाई जाएगी।

### महिला को खाने में खिलाया जहरीला पदार्थ, रिपोर्ट दर्ज

**गजरौला, अमृत विचार :** ससुराल वालों ने महिला को खाने में जहरीला पदार्थ खिला दिया। हालत बिगड़ने पर उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। उसके पिता ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। असमोली थाना क्षेत्र के गांव मौसमपुर निवासी गंगासरन ने अपनी बेटी अंशु की शादी मझौला निवासी अमरजीत से की थी। अंशु का अपने जेठ–जेठानी व अन्य परिवार वालों से किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। आरोप है कि अंशु को खाने में उसके ससुराल वालों ने जहरीला पदार्थ दे दिया। हालत बिगड़ने पर उसे एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। होश आने पर अंशु ने घटना की जानकारी दी। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने बताया कि गंगासरन की तहरीर पर अंशु के जेठ मोहित, जेठानी संगीता, सास वीरवती व अन्य विजयपाल, ऊषा व अमरजीत के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

### पांच दिन बाद प्रेमी ने भी कीटनाशक खाकर दी जान

**रहरा, अमृत विचार :** आदमपुर थाना क्षेत्र के कस्बा निवासी 22 वर्षीय युवक का एक युवती से काफी समय से प्रेम प्रसंग चल रहा था। इसकी जानकारी युवती के परिजनों को हुई तो उन्होंने युवक से बेटी की शादी करने से इनकार कर दिया। इसके चलते युवती ने पांच दिन पहले कीटनाशक का सेवन कर आत्महत्या कर ली थी। परिजनों ने युवती का बिना कानूनी कार्रवाई के ही अंतिम संस्कार कर दिया था। युवक प्रेमिका के मरने का गम नहीं झेल पा रहा था। उसकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी। प्रेमिका की मौत के पांच दिन बाद ही प्रेमी ने भी कीटनाशक का सेवन कर आत्महत्या कर ली। देर शाम परिजनों ने बिना कानूनी कार्रवाई के ही युवक के शव का अंतिम संस्कार कर दिया। ग्रामीणों के मुताबिक, युवक रहरा थाना क्षेत्र के एक गांव में मेडिकल स्टोर चला रहा था।

### मौलाना तौकीर रजा ने सपा-भाजपा पर साधा निशाना

**रामपुर, अमृत विचार :** बरेली से आए मौलाना तौकीर रजा ने भाजपा और सपा पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि मेरे ऊपर झूठे मुकदमे लगाए और गिरफ्तार किया। हम मिशन लेकर चल रहे हैं। इसमें हिन्दू–मुस्लिम सब शामिल हैं। कोई हिन्दू नहीं चाहता कि देश में महाभारत हो। उनके हिन्दू दोस्तों ने बताया कि हम बेरोजगारी बर्दाश्त कर रहे हैं। कहा कि ईवीएम के माध्यम से 400 के पार कर सकते हैं।

# एआरओ से आईडी बनवाएं कर्मचारी

कार्यालय संवाददाता, बिजनौर

**अमृत विचार :** जिला निर्वाचन अधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल ने कहा कि कई विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों की ड्यूटी मतदेय स्थल पर लगाई गई है। मतदान दिवस पर अपने दायित्वों का निर्वहन करने के लिए उन्हें एआरओ से आईडी उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि विभागीय आईडी को मतदान दिवस पर नहीं स्वीकार किया जाएगा। केवल निर्वाचन आईडी ही स्वीकार्य होगी। कर्मचारियों की आईडी एआरओ से बनवाना सुनिश्चित करें।

कलेक्ट्रेट सभागार में शनिवार को जिला निर्वाचन अधिकारी ने लोकसभा चुनाव को लेकर प्रभारी अधिकारी एवं सह प्रभारी अधिकारियों के साथ बैठक की। कहा कि दायित्व, जिम्मेदारी और निष्ठा के साथ पूर्ण करें। यदि किसी अधिकारी को अपने दायित्वों के निर्वहन में कोई समस्या या परेशानी हो रही है तो उन्हें बताएं। उन्होंने जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित किया कि मतदान केंद्रों पर वीडियोग्राफी के लिए कैमरे की व्यवस्था पूर्ण कर लें। कार्मिक वीडियोग्राफी के लिए नामित किए जाए, उनके पहचान पत्र-आईडी एआरओ से बनवाए। उन्होंने प्रभारी अधिकारी एमसीएमसी को मीडिया कंट्रोल रूम स्थापित करने के निर्देश दिए। उन्होंने चकबंदी विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि मतदान कार्मिकों को ले जाने वाले वाहनों में निर्धारित ऐप और जीपीएस लगवाएं। मुख्य विकास अधिकारी पूर्ण बोरा ,अपर जिलाधिकारी प्रशासन विनय कुमार सिंह, वि/रा अरविंद कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी न्यायिक वान्या सिंह, परियोजना निदेशक ज्ञानेश्वर तिवारी सहित समस्त प्रभारी अधिकारी एवं सहायक प्रभारी अधिकारी उपस्थित थे।




बैठक में निर्देश देते जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल। ● अमृत विचार

### अंतिम संस्कार में आए दो युवक गंगा में डूबे

**गजरौला, अमृत विचार :** तिगरी में आए दिन गंगा में डूबने के मामले में सामने आ रहे है। कई लोगों की जान भी चली गई। शनिवार को भी अंतिम संस्कार आए दो युवक गंगा में स्नान करते समय डूब गए। शोर होने पर गोताखोरों ने दोनों युवकों को बचाया।

नगर पंचायत सैदनगली निवासी रूपकिशोर का शनिवार दोपहर तिगरी गंगा घाट पर अंतिम संस्कार किया गया। इसके बाद लोग गंगा में स्नान करने के लिए चले गए। अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए हापुड़ में गढ़ रोड निवासी उनके रिश्तेदार निशांत व अंशुल भी आए थे। स्नान करते समय दोनों गहरे पानी में डूबने लगे। इस दौरान किसी ने उनको देख लिया। आसपास स्नान कर रहे लोगों ने शोर मचा दिया। शोर होने पर गोताखोर मौके की तरफ दौड़े। गोताखोरों ने दोनों को बाहर निकाल लिया।



राज्य अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष का स्वागत करते लोग।

# युवा उच्च शिक्षा प्राप्त कर करें देश सेवा : अशफाक

संवाददाता, गजरौला

**अमृत विचार :** नगर स्थित अमन पब्लिक स्कूल में शनिवार को राज्य अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष अशफाक सैफी का स्वागत किया गया। यहां उन्होंने कहा कि केंद्र व प्रदेश की सरकार ने लोगों को बिना भेदभाव के सरकारी योजनाओं का लाभ दिया है।

विकास व देश की तरक्की के लिए एक बार फिर से नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाना है। कहा कि मुस्लिम युवाओं को उच्च शिक्षा प्राप्त कर देश सेवा करनी चाहिए। मुस्लिम समाज को जागरूक करने के लिए युवाओं को आगे आना चाहिए। इस दौरान इफ्तेखार सैफी व स्कूल के डायरेक्टर शरीफ अख्तर सैफी, नबी हसन सैफी, डॉ. रईस अहमद, शराफत अली, जुनैद आलम, मो.यूसुफ सैफी, अनवार अली, सिराज अली आदि रहे।

# पुलिस लाइन में तैनात सिपाही ने उपचार के दौरान दम तोड़ा

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** बीमारी के चलते बिजनौर के सिपाही की मुरादाबाद में मौत हो गई। सिपाही की पुलिस लाइन में तैनाती थी। सिपाही काफी दिन से मुरादाबाद के निजी अस्पताल में भर्ती था। मुरादाबाद पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है।



बिजनौर के किरतपुर थाना क्षेत्र के इस्लामपुर साहू गांव निवासी अजय भारती 2011 में पुलिस में सिपाही के पद पर भर्ती हुए थे। उनकी तैनाती रामपुर जिले में हुई थी। वर्तमान में वह पुलिस लाइन में तैनात थे। 22 मार्च को अजय भारती अनुपस्थित हो गए थे। शनिवार को इलाज के दौरान सिपाही की मौत हो गई। आरआई हरेंद्र कुमार ने बताया कि सिपाही की मौत हुई है।

### ट्रैक्टर-ट्रॉली की चपेट में आकर कारोबारी की मौत

**टांडा, अमृत विचार :** सड़क पार करते समय ट्रैक्टर–ट्रॉली की चपेट में आने से फल कारोबारी की मौत हो गई। हादसे के बाद मौके पर भीड़ इकट्ठा हो गई। इसके चलते मार्ग के दोनों ओर जाम लग गया। पांच दिन में इस मार्ग पर यह तीसरा हादसा है। मोहल्ला रांड निवासी कबीर (35) पुत्र अमीर अहमद पूर्वाह्न 11:30 बजे जरुरी काम से बाजार गया था। वह मुख्य मार्ग पर नेता अकील के घर के सामने पहुंचा तो सड़क पार करते समय पीछे से आ रही ट्रैक्टर–ट्रॉली के पिछले पहिये के नीचे आने से उसकी मौत हो गई।

### नशे में धुत युवक ने की गर्दन में ब्लेड मारकर आत्महत्या की कोशिश

**गजरौला, अमृत विचार :** नशे में धुत युवक ने गर्दन में ब्लेड मारकर आत्महत्या करने की कोशिश की। समय के रहते परिजनों ने उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया।

क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक शराब पीने का आदी है। जिसे लेकर उसका अपने परिवार वालों से आए दिन झगड़ा होता रहता है। शनिवार देर शाम भी वह शराब पीकर घर पहुंचा तो उसका परिवार वालों से झगड़ा हो गया। युवक ने अपनी गर्दन पर ब्लेड से वार कर लिया। इससे वह जख्मी हो गया। युवक को खून से लथपथ देख परिवार वाले घबरा गए। उन्होंने उसे एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां चिकित्सक ने उसका उपचार किया। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने मामला संज्ञान में नहीं है।

# नाले के अतिक्रमण पर गरजी नगर पालिका की जेसीबी

संवाददाता, किरतपुर

**अमृत विचार :** बस स्टैंड स्थित मॉल के आगे बिना अनुमति नाले पर डाली गई पाइपलाइन को मोहल्ले के लोगों की शिकायत पर पालिका टीम ने जेसीबी से तोड़वा दिया। टीम ने अतिक्रमण करने वालों को नोटिस जारी किया।

नगर के बस स्टैंड स्थित एक मॉल का निर्माण किया जा रहा है, जो नगर में पिछले काफी समय से चर्चा का विषय बना हुआ है। इस मॉल के आगे नाला है। नाले में नगर का गंदा पानी जाता है। ठेकेदार द्वारा नाले का पानी रोककर उसमें सीमेंटेड पाइप डालने का कार्य किया जा रहा था। जैन चौराहा, मोहल्ला जाटान, मेन मार्केट समेत कई मोहल्लों में जलभराव होना शुरू हो गया था। नगर वासियों को सड़कों पर चलना भी मुश्किल हो रहा था। सूचना के बाद मोहल्ले के सभासद कन्हैया राणा, पूर्व भाजपा नगर अध्यक्ष संजय चौहान, सभासद अखिलेश कुमार, सभासद अंकुश जैन समेत अन्य लोग बस स्टैंड स्थित नाले पर पहुंचे और नगर पालिका परिषद को सूचना दी। नगर पालिका सफाई इंचार्ज सुरेंद्र कुमार, सफाई नायक सुंदर लाल, सुरेंदर सिंह व स्टाफ जेसीबी लेकर नाले पर पहुंच गए। उन्होंने जेसीबी से अतिक्रमण हटवाया। अधिशासी अधिकारी मेघा गुप्ता ने बताया कि ठेकेदारों द्वारा नाले में पाइप डालने की कोई भी अनुमति नगर पालिका से नहीं ली गई थी। मोहल्ले वासियों की शिकायत पर अतिक्रमण को हटवा दिया गया है। अतिक्रमण कर रहे ठेकेदारों के खिलाफ पालिका प्रशासन ने नोटिस जारी किया है।

### चाइनीज मांझे से कटी सात साल के बालक की गर्दन

**रामपुर, अमृत विचार :** थाना गंज क्षेत्र के नैनीताल हाईवे पर चाइनीज मांझे की चपेट में आकर सात साल के बालक की गर्दन कट गई। वह खून में लथपथ हो गया। यह देख परिवार के लोग घबरा गए। आनन–फानन में उसे उपचार के लिए स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उसे 10 टांके लगाए गए हैं। सात वर्षीय आरिश शनिवार को नैनीताल हाईवे पर अपने पिता आकिब के साथ बाइक की टंकी पर बैठकर कहीं जा रहा था। ग्राम ताश्का के पास अचानक आरिश की गर्दन पर चायनीज मांझा आकर गिरा गया। इससे उसकी गर्दन कट गई।

BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY
Rohilkhand Medical College Campus, Pilibhit Bypass Road, Bareilly-243006 (UP) India, Phone: 0581-2526051, 053, 153
Email: registrar@biu.edu.in, Website: www.biu.edu.in
For any query contact : 7906374491, 9105500202, 9105500404

APPLICATIONS ARE INVITED FOR ADMISSION TO Ph. D. PROGRAMMES JULY 2024 SESSION IN THE FOLLOWING DISCIPLINES

- FACULTY OF MEDICAL SCIENCES (All Clinical and Non-Clinical Specialties)
- FACULTY OF NURSING M. Sc.(N) with 3 years teaching or clinical experience
- FACULTY OF DENTAL SCIENCES All Specialties)
- HUMANITIES AND JOURNALISM English
- FACULTY OF PHARMACY

Last Date of Receiving Application : 20th May, 2024
Application Submission Address : To, The Registrar, Administrative Block, Bareilly International University, Bareilly-243006 (U.P.), India
For more details and application form & application fee
Visit University Website : www.biu.edu.in
(https://biu.edu.in/research/Latest-Application-form-for-PHD-pogramme.pdf

# राष्ट्र सर्वोपरि आस्था



हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उ.प्र.

> आंबेडकर ने प्राचीन इतिहास का गहन अध्ययन किया। शूद्रों को अलग नस्ल बताने वाली नेतागिरी का प्रतिकार किया। मार्क्सवाद पढ़ा और भारतीय परिस्थितियों खासतौर से दलितों के लिए अनुपयोगी बताया। उन्होंने बहुचर्चित 'आर्य आक्रमण के सिद्धांत' का प्रतिकार किया। भारतीय इतिहास बोध के प्रेमी उनके ऋणी रहेंगे।

डॉ.बी.आर. आम्बेडकर वाकई भारत रत्न हैं। प्रख्यात मनीषी, संविधान सर्जक, व श्रद्धेय राष्ट्र निर्माता। वे अद्वितीय थे, प्रेरक थे, अमर थे। उन्होंने भारतीय सार्वजनिक जीवन में हस्तक्षेप किया। उनके व्यक्तित्व, कृतित्व और विचार आधुनिक राजनीति को भी लगातार प्रभावित कर रहे हैं। वे अपने जीवनकाल से ज्यादा आधुनिक काल में भी प्रभावी हैं। वर्तमान जैसे विद्यमान श्रीमान है। प्रखर राष्ट्रवादी हैं। डॉ. आम्बेडकर अपने समकालीन विद्वानों, राजनेताओं के मध्य श्रेष्ठ बुद्धिजीवी थे। राष्ट्रनिष्ठ और बहुपठित थे। वे भारतीय समाज संरचना के तर्कनिष्ठ आलोचक थे। उन्होंने ऋग्वेद सहित सम्पूर्ण प्राचीन भारतीय वाड्.मय पढ़ा। उपनिषद पुराण और स्मृति ग्रंथ भी उनके प्रिय विषय रहे। उन्होंने प्राचीन इतिहास का गहन अध्ययन किया। शूद्रों को अलग नस्ल बताने वाली नेतागीरी का प्रतिकार किया। मार्क्सवाद पढ़ा और भारतीय परिस्थितियों खासतौर से दलितों के लिए अनुपयोगी बताया। उन्होंने बहुचर्चित 'आर्य आक्रमण के सिद्धांत' का प्रतिकार किया। भारतीय इतिहास बोध के प्रेमी उनके ऋणी रहेंगे।

राजनीति ने 'जाति और शूद्र' को भारतीय इतिहास का प्राचीन तत्व बनाया है। ब्रिटिश विद्वान व जातिवादी राजनीति का एक बड़ा धड़ा आर्यों को विदेशी हमलावर और शूद्रों को पराजित नस्ल बताता रहा है। डॉ. आम्बेडकर ने लिखा, "यह धारणा गलत है कि आर्य आक्रमणकारियों ने शूद्रों को जीता। पहली बात तो यह कि आर्य भारत में बाहर से आए थे और उन्होंने यहां के मूल निवासियों पर आक्रमण किया, इस कहानी के समर्थन के लिए कोई भी प्रमाण नहीं है। भारत ही आर्यो का मूल निवास स्थान था, यह सिद्ध करने के लिए प्रमाण-सामग्री काफी बड़े परिमाण में है। आर्यो और दस्युओं में युद्ध हुआ, यह साबित करने के लिए कोई प्रमाण नहीं है। फिर दस्युओं का शूद्रों से कुछ लेना-देना नहीं है।" (डॉ. बाबा साहब आम्बेडकर राइटिंग्स एण्ड स्पीचेज खण्ड 7 पृष्ठ 420) आर्यों को विदेशी मानने का झूठ अभी भी जारी है।

डॉ.आम्बेडकर की पुस्तक "हू वेयर शूद्राज" (शूद्र कौन थे?) (1946) पठनीय है। उन्होंने एक विद्वान अधिवक्ता की तरह पहले पाश्चात्य विद्वानों के विचार दिये हैं। उन स्थापनाओं को तर्क सहित गलत बताया है। उन्होंने ऐसे विद्वानों की 7 मुख्य स्थापनाएं बनाई - 1. जिन लोगों ने वैदिक साहित्य रचा था, वे आर्य नस्ल के थे। 2. आर्य नस्ल बाहर से आई थी और उसने भारत पर आक्रमण किया था। 3. भारत के निवासी दास और दस्यु रूप में जाने जाते थे और ये आर्यो से नस्ल के विचार से भिन्न थे। 4. आर्य श्वेत नस्ल के थे, दास और दस्यु काली नस्ल के थे। 5. आर्यो ने दासों और दस्युओं पर विजय प्राप्त की। 6. दस और दस्यु विजित होने के बाद दास बना लिए गए और शूद्र कहलाए। 7. आर्यो में रंगभेद की भावना थी। इसलिए उन्होंने चातुर्वर्ण्य का निर्माण किया। इसके द्वारा उन्होंने श्वेत नस्ल को काली नस्ल से, यथा दासों और दस्युओं से अलग किया। (वही, खण्ड 7, पृष्ठ 65) इसके बाद सातों विचार बिन्दुओं की सभी स्थापनाओं को गलत बताया। ऋग्वेद के उद्धरण दिये और लिखा "इन (शब्दो) के प्रयोग देखने से निष्कर्ष यह निकलता है कि ये शब्द नस्ल के अर्थ में कहीं भी प्रयुक्त नहीं हुए" (वही पृष्ठ 70) वे आर्यों को विदेशी बताने का तर्क काटते हैं "जहां तक वैदिक साहित्य का संबंध है, वह इस सिद्धांत के प्रतिकूल है कि आर्यो का मूल निवास भारत से कहीं बाहर था।" (वही) आर्य विदेशी होते तो भारतीय नदियों को माता कहकर प्रणाम न करते। आर्य हम सबके पूर्वज थे।

डॉ. आम्बेडकर ने रंग (वर्ण) भेद के आधार पर आर्यो और शूद्रों को अलग बताने वाली स्थापना को भी गलत बताया। उन्होंने ऋग्वेद के तमाम उद्धरण दिए और लिखा, "आर्य गौर वर्ण के थे और श्याम वर्ण के भी थे। अश्विनी देवों ने श्याव और रूक्षती का विवाह करवाया। श्याव श्याम वर्ण है, रूक्षती गौर वर्ण है।" डॉ. आम्बेडकर की स्थापना है "इन उद्धरणों से ज्ञात होता है कि वैदिक आर्यो में रंगभेद की भावना नहीं थी। ऋग्वेद के एक ऋषि दीर्घ तमस् है, वे श्याम वर्ण के, और कण्व भी श्याम वर्ण के थे।" आर्यो के दोनों अवतारी पुरुष श्रीराम व श्रीकृष्ण सांवले थे। महाभारत के प्रतिष्ठित योद्धा अर्जुन भी श्याम रंग के थे। समूचा आर्य समाज एक था। हिन्दू प्राचीन आर्य समाज की ही नई संज्ञा है।

डॉ. आम्बेडकर ने लिखा "हिन्दुओं से अछूतों को अलग करने की मांग पर मुसलमानों ने जोर दिया था। 27 जनवरी 1910 को उन्होंने सरकार के सामने एक आवेदन प्रस्तुत किया था। उनका दावा था कि देश की राजनीतिक संस्थाओं में उनके प्रतिनिधित्व का अनुपात सभी हिंदुओं की संख्या के अनुसार निश्चित न किया जाना चाहिए वरन् सवर्ण हिंदुओं की संख्या के अनुरूप ही निश्चित होना चाहिए। उनका कहना था कि अछूत हिंदू नहीं हैं।" (खण्ड 5 पृष्ठ 7) लिखा कि "1909 में मुसलमानों की ओर से आगा खां ने वायसराय मिंटों के सामने आवेदन पेश किया था-राजनीतिक संस्थाओं और सार्वजनिक सेवाओं में मुसलमानों को पृथक् और पर्याप्त प्रतिनिधित्व मिलना चाहिए। 1901 में जो मर्दुमशुमारी हुई थी उसमें मुसलमान कुल आबादी का चैथाई या पांचवां हिस्सा थे। यदि हिन्दू समुदाय से अस्पशर्‌य अंगों को निकाल दिया जाए, जो प्रकृति पूजक हैं या छोटे-मोटे धर्म मानने वालें हैं, वे निकाल दिये जाएं, तो बहुसंख्यक हिंदुओं के मुकाबले मुसलमानों की संख्या का अनुपात पहले से बढ़ जाता है।" (खण्ड 7, पृष्ठ 311-12)

ऋग्वेद में कहीं भी 4 वर्ण नहीं है। शब्द ब्राह्मण का भी वर्ण के अर्थ में प्रयोग नहीं हुआ। डॉ. रामविलास शर्मा ने लिखा (भारतीय संस्कृति और हिन्दी प्रदेष, पृष्ठ 53) है, "ऋग्वेद में ब्रह्मन् शब्द बहुत बार आया है। इसका अर्थ ब्राह्मण वर्ण नहीं है। ब्रह्मन् की तरह अनेक बार ब्रह्मा का भी प्रयोग हुआ है। इसका मूल अर्थ प्रषस्तिपरक काव्य है। कवि इन्द्र से कहता है, हम तेरे लिए अभूतपूर्व स्तोत्र कहते हैं। (8.90.3) ब्रह्मन् की तरह ब्रह्मा भी कवि, गायक, स्तोता हैं। वशिष्ठ इसी अर्थ में ब्रह्मन् है। (8.90.3) इन्द्र वशिष्ठ से कहते हैं-हे वशिष्ठ, ब्राह्मन्, तू उर्वषी के मन से उत्पन्न हुआ है। (7.33.11) इन तमाम संदर्भो में स्तुति और स्तोत्र की चर्चा है। ब्राह्मणाम् का अर्थ ब्राह्मण जाति या वर्ण नहीं, कवि, ब्रह्मकार गायक है।"

राष्ट्र सर्वोपरि आस्था है। डॉ. आंबेडकर ने लिखा, "भारत एक भौगोलिक इकाई है। इस इकाई का निर्माण प्रकृति ने किया है। यह सही है कि भारतवासी आपस में झगड़ते रहते हैं, परंतु इन झगड़ों से उस एकता का नाश नहीं हो सकता जो प्रकृति के समान ही सनातन है। भौगोलिक एकता के साथ ही यहां सांस्कृतिक एकता भी है।" डॉ. आम्बेडकर के निष्कर्ष रोमांचकारी हैं। भारत प्रकृति निर्मित राष्ट्र है। राष्ट्र की सांस्कृतिक एकता प्रकृति के समान सनातन है। संविधान निर्माण के आखिरी दिन (25.11.1949) उन्होंने भावुक भाषण दिया। अंत में कहा, "यहां मैं अपना भाषण खत्म कर देता किन्तु मेरा मस्तिष्क देश की भविष्य चिन्ता से परिपूर्ण है। क्या भारत अपनी स्वतंत्रता बनाये रखने में कामयाब होगा? जाति और मत-मतान्तर राजनैतिक पक्ष बन रहे हैं। क्या भारतीय मत-मतान्तरों को राष्ट्र से श्रेष्ठ मानेंगे या राष्ट्र के मत मतान्तरों से ऊपर?" डॉ. आम्बेडकर की आस्था का केन्द्र राष्ट्र था। हम सबको अपने भारतरत्न पर गर्व है।

# दिल्ली: केंद्र की किंकर्तव्यविमूढ़ता

> केंद्र और उसका गृह मंत्रालय व दिल्ली के उपराज्यपाल इतने असहाय भी नहीं हैं, जैसा वे आचरण कर रहे हैं। राज्य सरकारें संधिधान के अनुच्छेद 356 के तहत केंद्र द्वारा बर्खास्त की जा सकती हैं।



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

अधूरे प्रदेश दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल 21 मार्च को शराब घोटाले में जेल भेजे जा चुके हैं,तब से वहीं पर हैं और जन तथा विधायी कार्य देखने की स्थिति में नहीं हैं। वे त्याग पत्र नहीं दे रहे हैं और वहीं से सरकार चलाने की हठ कर रहे हैं। इस बिंदु पर संविधान में कोई स्पष्ट व्यवस्था नहीं है। हर चीज पर कानून या सांविधानिक प्रावधान हो भी नहीं सकते। व्यवहारिक पक्ष और नैतिकता भी मायने रखती है।

हालांकि आजकल नैतिकता शब्द केवल डिक्शनरी तक सीमित है,व्यवहार में दृष्टिगत नहीं होता है। इसके पहले कई बार पदासीन मुख्यमंत्रियों के जेल जाने की नौबतें आई, तब उन्होंने पहले ही इस्तीफा दे दिया और जगहंसाई नहीं करवाई। केजरीवाल अद्वितीय निकले। त्यागपत्र तो नहीं ही दे रहे हैं, जेल से सरकार चलाने का भी दावा कर रहे हैं। उनका एक दुर्गुण आज उनके लिए लाभकारी सिद्ध हो रहा है। वह यह कि उन्होंने अपने पास कोई विभाग ही नहीं रखा जिससे फिलहाल रोजमर्रा के काम नहीं रुक रहे। इस तरह फिलहाल वे चन्द्रमा पर से भी दिल्ली के मुख्यमंत्री बने रह सकते हैं।

दिक्कतें आएंगी, जब उनकी सदन, विधान मंडल दल और जनता में उपस्थिति जरूरी होगी, किंतु तत्काल तो वे समस्याएं पैदा ही कर रहे हैं। देश में एक केंद्र सरकार भी है। उसकी इस प्रकरण पर तीन हफ्ते से तटस्थता आश्चर्यजनक है। जब मुख्यमंत्री को कारागार भेजा है तो परवर्ती परिणामों का भी ख्याल रखना चाहिए था और उपाय कर लेना था। शायद भाजपा ने सोचा होगा कि इस्तीफा तो हो ही जाएगा और फिर विधायकों की तोड़फोड़ करके अपनी सरकार बना लेंगे जिससे दिल्ली व अन्यत्र भी लोकसभाई चुनावों में लाभ मिलेगा। गणित फेल हो गई। अब निरुपाय होकर टुकुर-टुकुर क्या देख रहे हैं? विश्व में एक नमूना कायम हो रहा है,क्योंकि दिल्ली संसार के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश की राजधानी है। विश्व में यह संदेश जा रहा है कि मुख्यमंत्री या उस जैसा कोई अन्य जन प्रतिनिधि अपराधिक मामले में जेल में बंद रहकर भी पद पर बना रह सकता है।

केंद्र और उसका गृह मंत्रालय व दिल्ली के उपराज्यपाल इतने असहाय भी नहीं हैं, जैसा वे आचरण कर रहे हैं। राज्य सरकारें संविधान के अनुच्छेद 356 के तहत केंद्र द्वारा बर्खास्त की जा सकती हैं। बशर्ते कि वहां संवैधानिक तंत्र चरमरा गया हो। यह शर्त दिल्ली में स्पष्टतया पूरी हो रही है। मुख्यमंत्री नेता सदन होता है। सदन के प्रति वह उत्तरदायी भी है। क्या जेल से वह सदन में बैठ सकेगा? वह कैबिनेट बैठकों की अध्यक्षता भी करता है। कारागार से कैसे करेगा?

जनता का दुख दर्द समस्याएं सुनना,समझना और निराकरण उसका दायित्व है। आज के हालात में वह यह सब कैसे करेगा? तब फिर केंद्र किस बात इंतजार कर रहा है? जनता की समस्याओं से मुंह क्यों फेरे हैं? शायद चुनावी नफा नुकसान! या सुप्रीमकोर्ट का डर कि कहीं राष्ट्रपति शासन लगाने की उद्‌घोषणा का न्यायिक पुनरीक्षण न कर ले और स्थगित न कर दे। तब चुनाव बुरी तरह प्रभावित हो जाएंगे,जो भी हो केंद्र को कदम तो उठाना ही होगा। साहसहीनता आधारित किंकर्तव्य विमूढ़ता ठीक नहीं। दिल्ली प्रांत के लिए संविधान में एक प्रावधान और है,जो राज्य सरकार को निष्क्रिय कर देगा। वह है-अनुच्छेद 239 ए बी। इसका प्रयोग भी किया जा सकता है। बहरहाल हर हाल में कदम तो बढ़ाना ही पड़ेगा।

# आधुनिक भारत के शिल्पी, सर्व समाज के आदर्श बाबा साहेब





प्रो.एच.सी.पुरोहित
दून विश्वविद्यालय

दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश के संविधान की रचना करने वाले महामुनी डॉ. भीमराव आंबेडकर की 125 वीं जयंती के अवसर पर वर्ष 2015 में भारत सरकार ने 26 नवंबर को 'संविधान दिवस' के रूप बनाने का निर्णय लिया,क्योंकि इसी संविधान सभा ने 1949 में अपना काम पूरा कर लिया था,तब से हर वर्ष 26 नवंबर को संविधान दिवस धूमधाम से मनाया जाता है। बाबा साहेब डॉ.भीमराव आंबेडकर की राष्ट्र निर्माण एवं संविधान निर्माण में अद्वितीय, अतुलनीय और अप्रतिम योगदान के लिए उनके प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने का इससे बेहतर कोई और विकल्प मेरी समझ से हो नहीं सकता था। विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र में संवैधानिक मूल्यों के प्रति देश के नागरिकों में सम्मान की भावना प्रबल करने और नई पीढ़ी को इन मूल्यों के प्रति जागरूक करने लिए के इस दिवस का विशेष महत्व है।

संविधान सभा की प्रारूप समिति में जिन सात लोगों को शामिल किया गया,उनमें कन्हैयालाल मुंशी,मोहम्मद सादुल्लाह,अल्लादि कृष्णस्वामी अय्यर,गोपाल स्वामी अय्यंगार,एन. माधव राव और टीटी कृष्णामचारी थे। इनमें से एक सदस्य बीमार हो गए,दो दिल्ली के बाहर थे,एक विदेश में थे, एक ने बीच में ही इस्तीफा दे दिया और एक सदस्य किन्हीं कारणों से नहीं आ सके। इस तरह से सात सदस्यों वाली कमेटी में अकेले डॉ. आंबेडकर के कंधों पर संविधान का मसौदा तैयार करने की सारी जिम्मेदारी थी। यह तथ्य ड्राफ्टिंग कमेटी के ही सदस्य टीटी कृष्णामाचारी ने नवंबर 1948 में संविधान सभा में कहा कि 'मृत्यु, बीमारी और अन्य व्यस्तताओं' की वजह से कमेटी के ज्यादातर सदस्यों ने मसौदा बनाने में पर्याप्त योगदान नहीं दिया। इसके चलते संविधान तैयार करने का बोझ डॉ. आंबेडकर पर आ पड़ा। इससे समझा जा सकता है कि इतने महत्वपूर्ण मसौदे को तैयार करने में कितनी शक्ति एवं विचार की आवश्यकता रही होगी।

संविधान में सर्व कल्याण की मूल भावना समाहित है,क्योंकि उसमें इस श्लोक के विचार को समाहित किया गया है। 'सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामया। सर्वे भद्राणि पश्यंतु मा कश्चित् दुःखभाग् भवेत्।।' मंत्र को केंद्र में रखते हुए सर्व समाज के कल्याण एवं हितों का संरक्षण करने वाले संविधान की रचना की। इस मंत्र को साकार करने के लिए संविधान में आर्टिकल 41 एवं 42 के अंतर्गत स्पष्ट प्रावधान किए गए हैं कि राज्य अपनी आर्थिक क्षमता और विकास की सीमाओं के अनुसार काम पाने,शिक्षा पाने, बेकारी, बुढ़ापा, बीमारी और निःशक्तता तथा अन्य अनर्ह अभाव की दशाओं में लोक सहायता पाने के अधिकार को प्राप्त कराने, काम की न्यायसंगत और मानवोचित दशाओं का तथा प्रसूति सहायता का प्रभावी उपबंध करेगा। इन्हीं प्रावधानों के करण पिछले 75 वर्षों से देश के सभी नागरिकों को विभिन्न प्रकार की सामाजिक कल्याण की सुविधाएं प्राप्त हो रही है और इन कल्याणकारी सुविधाओं या योजनाओं में किसी प्रकार का जाति,धर्म, क्षेत्र या वर्ग में कोई भेद नहीं है,ये प्रावधान सर्व समाज के लिए एवं देश के प्रत्येक नागरिक के लिए उपलब्ध हैं। हमारे आपस में दलगत राजनीति के कारण कितने ही मतभेद क्यों न हों,लेकिन जब भी देश की बात होती है तो सभी लोगों की राय एक ही रहती है कि देश चलेगा तो संविधान से ही,यह भाव इसकी सर्वग्राहता एवं सार्वभौमिकता का द्योतक है। बाबा साहब डॉ. आंबेडकर सामाज में व्याप्त भेदभाव से वाकिफ थे और इसके निवारण के लिए वे शिक्षा के प्रसार एवं गुणवत्ता युक्त शिक्षा पर जोर देते थे,उनका स्पष्ट मानना था कि समाज के हर व्यक्ति को शिक्षित होना आवश्यक है। क्योंकि शिक्षा के माध्यम से ही समाज में हर प्रकार के भेदभाव को समाप्त किया जा सकता है। परिवार ने निजी तौर पर कई दुश्वारियां झेली,उनके चार-चार बच्चे काल के गाल में समा गए,लेकिन बाबा साहब इन सबको दरकिनार कर निजी दुख से विचलित हुए बिना देश के करोड़ों बच्चों के भविष्य को सवांरने की चिंता में लीन राष्ट्र निर्माण एवं सामाजिक कल्याण के लिए एक तपस्वी संत की भांति पूर्ण मनोयोग से समर्पित रहे। नित रोज कुछ नया करने एवं सीखने की ललक डॉ. आंबेडकर को पुस्तकों के करीब ले जाती थी। वे हर दिन घंटों अपने निजी पुस्तकालय में अध्ययन करते थे, उनके पुस्तकालय में हजारों पुस्तकें थी,उनको लिखने का बहुत शौक था। डॉक्टर आंबेडकर लगभग 65 वर्ष से भी कम समय तक हम लोगों के बीच रहे। इतने कम समय में इतनी पुस्तकों का अध्ययन व रचना करना उनके उच्च अकादमिक कैलिबर के व्यक्तित्व को प्रदर्शित करता है।

एक बार सांसद को संबोधित करते हुए बाबा साहब ने मजाकिया अंदाज में जिक्र किया था कि इस समाज को जब कभी दिशा देने की आवश्यकता पड़ी तो समाज ने हमको चुना। महाभारत काल में मत्स्यगंधा के पुत्र महर्षि वेद व्यास ने महाभारत ग्रंथ की रचना की,त्रेता युग में महर्षि वाल्मीकि ने रामायण रची और आधुनिक काल में यह दायित्व डॉक्टर आंबेडकर को मिला। महर्षि वाल्मीकि का चित्र वाला रामायण देश व दुनिया के करोड़ों घरों व देवालयों में स्थापित है। महर्षि वेद व्यास द्वारा रचित महाभारत भी करोड़ों घरों और देवालयों में शोभायमान है। बाबा साहब डॉक्टर भीमराव आंबेडकर का स्थान एक समाज के नायक, महान समाज सुधारक,महामुनि और महान तपस्वी संत से अधिक आधुनिक भारत के निर्माण के शिल्पी के रूप में युगों-युगों तक याद किया जाएगा।

# वंचितों के मसीहा डॉ.आंबेडकर



डॉ. सुभाष चन्द्र
सह. पुस्तकालय अध्यक्ष
एमजेपीआरयू, बरेली

भक्ति काल में वंचित एवं पिछड़ी जातियों में अनेक संतों का उदय हुआ था। उनमें मुख्यतः कबीर, रविदास, घाना, पीपा इत्यादि महान संत हुए। इसके इतर सामाजिक बुराइयों से संघर्ष करने वालों में नारायण गुरु, पेरियार, महात्मा ज्योतिबा फुले आदि शख्सियतों ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। वर्ण व्यवस्था कई तरह के अन्यायों यथा- आर्थिक अन्याय, सामाजिक अन्याय, राजनीतिक अन्याय, धार्मिक अन्याय एवं सांस्कृतिक अन्याय की जननी रही है। हम सभी जानते है कि डॉ. आंबेडकर का जन्म एक अछूत जाति में हुआ था। बाल्यकाल से ही उन्हें उपरोक्त अन्यायों को सहन करना पड़ा और इन अन्यायों ने जीवन पर्यंत किसी न किसी रूप में उनका पीछा नहीं छोड़ा।

कई बार लोग कहते हैं कि आंबेडकर स्वतंत्रता आंदोलन में कहां थे? वे स्पष्ट कहते हैं कि 'इस देश को आजादी मिलनी चाहिए, जितना आप चाहते हैं, उतना ही मैं भी चाहता हूं,लेकिन मेरे मन में एक प्रश्न है कि देश की आजादी आएगी तो मेरी और मेरे मित्रों और बंधुओं की आजादी या नहीं या वे वैसे ही गुलाम बने रहेंगे'। वे कांग्रेस के नेताओं से पूछते थे कि 'क्या आप मुझे विश्वास दिला सकते हो कि आजादी मिलने के बाद मेरे इन बंधुओं की भी आजादी आ जाएगी, क्या वे स्वतंत्र होंगे'? उस समय हिंदू नारियों की अवस्था भी वंचित तबके के समान ही दयनीय थी। इस संदर्भ में हिंदू कोड बिल के माध्यम से उन्होंने जो कानूनी प्राविधान किए थे,वे ऐतिहासिक स्वरूप के हैं।

आंबेडकर ने वंचित समाज के लोगों को एक मंच दिया,मूक लोगों को वाणी दी, जैसा कि 'मूकनायक' नाम के उनके समाचार पत्र को हम जानते हैं। एक अस्तित्व दिया, आधार दिया, उनमें आत्मविश्वास पैदा किया। उन्होंने अधिकारों के लिए लोगों को जागरूक किया,संगठित किया, अनुशासित किया,संघर्ष के लिए तैयार किया। लोगों को स्वाभिमानी बनाया,शिक्षित होने का आह्वान किया,अपने अधिकार लेने के लिए लोगों को एकत्रित किया और कई सफल आंदोलन किए।

डॉ. आंबेडकर के प्रयासों से ही आजादी के उपरांत वंचित समाज के उत्थान एवं विकास के लिए आरक्षण को एक संवैधानिक प्रावधान के तहत स्वीकार किया गया। आजादी के सतहत्तर वर्षों उपरांत भी यह नीति सरकार,संविधान एवं न्याय पालिका के संरक्षण में क्रियान्वित है। कोई भी व्यक्ति या सरकारी संस्था आरक्षण के प्रावधानों का उल्लंघन नहीं कर सकती। आरक्षण नीति का समाज के दलित, शोषित, वंचित समाज को बहुत लाभ भी मिला है। अधिकारों के प्रति जागरूकता का भी विकास हुआ है।

# फुले, आंबेडकर और राहुल सांकृत्यायन



सुरेन्द्र सोनकर
सामाजिक चिंतक

अप्रैल माह का पहला पखवाड़ा स्वतंत्रता, समता,भाईचारे का आधुनिक भारत में जिन महापुरुषों ने सपना देखा था की जयंती का है। ज्योतिराव फुले का जन्म 11 अप्रैल 1827 को,डॉ. बी.आर आंबेडकर का जन्म 14 अप्रैल 1891 को और महापंडित राहुल से सांकृत्यायन का जन्म 9 अप्रैल 1891 को हुआ। इन तीनों महापुरुषों में व्यक्तित्व, कृतित्व, दर्शन, विचार समान हैं, हिंदुत्ववादी व्यवस्था में संस्कारों, परंपराओं, वर्ण जाति व्यवस्था, पितृसत्ता का समर्थन करने वाले मूल्यों का खंडन किया। महात्मा ज्योतिराव फुले ने अपनी पुस्तक गुलामगिरी,डॉ. आंबेडकर ने 'जाति का विनाश' और राहुल सांकृत्यायन ने अपनी पुस्तक 'तुम्हारी क्षय' में वर्ण व जाति व्यवस्था के आधार पर समाज में व्याप्त व्यवस्था पर सच्चाई वर्णित की है। बाबा साहब आंबेडकर की जयंती के कार्यक्रम बहुत बड़े स्तर पर पूरे भारत में मनाए जाते हैं।

बरेली में भी पखवाड़े के रूप में रन फॉर आंबेडकर 11 अप्रैल को महात्मा फुले की जयंती, जनजागरण के लिए प्रभातफेरी, प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम होते हैं,लेकिन महापंडित राहुल सांकृत्यायन की जयंती 9 अप्रैल को होती है। महात्मा ज्योतिराव फुले आधुनिक भारत के पहले व्यक्ति हैं जिन्होंने सामाजिक गुलामी, अवमानना, उपेक्षा, शोषण उत्पीड़न के शिकार शूद्रों, अंत्यजों और स्त्रियों की मुक्ति, शिक्षा, पूर्ण बराबरी का आह्वान किया,फुले की दृष्टि अत्यंत व्यापक थी। थॉमस पेन की पुस्तक 'राइट्स ऑफ मैन' का उन पर बहुत असर था। जाति व्यवस्था में अछूत समझी जाने वाली महार जाति में 14 अप्रैल 1891 को जिस बालक का जन्म रामजी सकपाल भीमाबाई दंपती के यहां हुआ वह आगे चलकर डॉ बी.आर आंबेडकर के नाम से विश्व विख्यात हुए। डॉ.आंबेडकर की पुस्तक जाति का विनाश पढ़कर महात्मा गांधी भी प्रभावित हुए और कहा आंबेडकर हिंदुत्व के लिए सबसे बड़ी चुनौती है,उन्होंने यह भी कहा कोई भी समाज सुधारक इस किताब की अनदेखी नहीं कर सकता। भविष्य में आंबेडकर को किसी भी विशेषण से जोड़े,परंतु आंबेडकर ऐसे व्यक्ति नहीं हैं जिन्हें भुला दिया जाए। गांधी जी का कथन पूरी तरह से सही साबित हुआ। आज आंबेडकर पराधीनता और अपमान की आग से झुलस रहे लोगों के लिए शीतल छांव बनकर उभरे और उनके मसीहा बन गए। चाहे राजनीतिक या विविध कारणों से ही सही उनसे नाइत्तेफाकी रखने वाले भी उनका नाम लेने और उन्हें स्वीकार करने को आतुर हैं। भारत की समस्याओं की भीतरी तहों को जानने वाला कोई भी व्यक्ति इस बात से इंकार नहीं कर सकता कि भविष्य के किसी भी खूबसूरत भारत की रचना का रास्ता आंबेडकर से गुजर कर जाएगा।

आंबेडकर ने कहा अगर किसी एक चीज ने भारतीय समाज को एक पतनशील समाज में परिवर्तित किया तो वह जाति व्यवस्था है जिसने जिंदा कौम को मुर्दा कौम में तब्दील कर दिया। एक जगह उन्होंने कहा था,लोग जिसे धर्म कहते हैं,वह और कुछ नहीं आदर्शों और प्रतिबंधों की भीड़ है। धर्म बस आदेशों व निषेधों की सहिंता के रूप में ही मिलता है। वास्तविक धर्म वह है जिसमें आध्यत्मिक सिद्धांतों का विवेचन हो,जो वास्तव में विश्व के सभी समुदायों के लिए सर्वजनीन हो हर विषय में उपयोगी होकर तत्व नहीं पाया जाता। इतिहास ने उन्हें यह अवसर दिया जिससे सबके लिए मुकम्मल दस्तावेज लिखा,जिसे भारत का संविधान कहते हैं। संविधान में मूल अधिकार दिए जो किसी व्यक्ति की गरिमा की रक्षा के लिए आवश्यक हैं। नागरिकों के इन अधिकारों के उल्लंघन होने पर या इसको लागू करवाने के लिए सीधे उच्चतम न्यायालय जाने का अधिकार है। अनुच्छेद-14 के मुताबिक समता का अधिकार है। कानून के समक्ष समानता तथा सभी कानूनों से समान सरंक्षण का अधिकार प्रत्येक नागरिक को है।

# अदम्य साहस और इच्छाशक्ति की कहानी



अशोक पांडेय
हल्द्वानी



उसकी स्मृति में यह बात अब तक गड़ी हुई है कि अपनी मां की पहली संतान होने के कारण उसे तब तक घर वालों से अपने हक का वह स्नेह नहीं मिला जब तक कि उसके बाद दो भाई और पैदा नहीं हो गए। पिता टैक्सी चलाते थे। आर्थिक-सामाजिक रूप से बेहद निचली पायदान पर खड़े उसके परिवार के पास उसे देने को तमाम तरह के ढेर सारे कष्ट थे। दुनियाभर की तकलीफों के बीच उसके पास एक मां थी,जो उसे बहुत प्यार करती थी। वही उसका सबसे बड़ा संबल थी। यह और बात कि निर्धनता की हिंसा के बीच बचपन से ही मां को खटते देखने की तमाम स्मृतियां भी उसके जेहन से कभी नहीं गईं।

स्कूल जाती थी,लेकिन उसे बार-बार यह अहसास दिलाया जाता कि वह एक लड़की है जिसके पढ़ने-लिखने का कोई मतलब नहीं। कई बार किताबों के लिए पैसे नहीं होते थे। वह किसी सहपाठी से याचना कर किताब उधार मांग कर लाती थी। कई बार यह भी होता कि उसे स्कूल भेजने के बजाय मां के साथ घास-लकड़ी के लिए जंगल भेज दिया जाता। मां घास ढोने वाली टोकरी में उसकी किताब छिपाकर ले जाया करती। मां काम करती,वह पढ़ने की कोशिश करती,लेकिन उसके आंसू निकल आते थे कि संसार की निगाह में बेटी होना इतना बड़ा अपराध कैसे हो गया। वह बहुत कुछ करना चाहती थी, लेकिन सारे रास्ते या तो बंद थे या बंद करा दिए जाते थे। एक बार उसके दोस्त से उधार मांगी गई किताब आग के हवाले कर दी गई। उसे दोस्त से झूठ बोलना पड़ा कि किताब गुम हो गई। उस शर्मिंदगी की याद भी उसके मन से नहीं गई। जब वह दस साल की हुई, उसकी मां को आंगनबाड़ी सहायिका की नौकरी हासिल हो गई। घर की अनिश्चित आमदनी में आठ सौ रुपये माहवार की बढ़ोतरी हुई।

विषमतम संभव परिस्थितियों में उसने पिथौरागढ़ जिले के सल्मोड़ा गांव से फर्स्ट क्लास में हाईस्कूल पास करने में सफलता हासिल कर ली। उसे विज्ञान के विषय पढ़ने का मन था,लेकिन गांव के स्कूल में वह सुविधा न थी। उसके लिए पिथौरागढ़ जाना पड़ता-बीस रुपये रोज आने-आने के खर्च करने पड़ते जो नहीं थे। सो वहीं इंटर आर्ट्स में दाखिला ले लिया। घर पर दादी का रुतबा चलता था। उन्होंने कहा लड़कियों को पढ़ने-पढ़ाने की कोई जरूरत नहीं होती और टनकपुर में तैनात एक पुलिस वाले से उसकी शादी तय कर दी। दादी के हठ से किसी तरह उसे पिता ने बचा लिया। सातवीं क्लास से ही उसने एनसीसी में भी दाखिला ले लिया था। एनसीसी का सबसे बड़ा आकर्षण उसमें लगने वाले दो-तीन हफ्तों के कैंप होते थे। घर से बाहर रहना एक बड़ी नेमत हुआ करती थी। जीवन ने उसे यही एक सुअवसर उपलब्ध कराया था जिसे उसने दोनों हाथों से दबोच लिया। जैसे-तैसे इंटर करने के बाद कॉलेज में बीए में दाखिला ले तो लिया पर फिर से शादी का दबाव बढ़ने लगा। यह 2014 का साल था जब अठारह साल की आयु में उसने अपने पिता से तीन साल की मोहलत मांगी कि उसके बाद जो चाहो कर लेना अभी मुझे कुछ कर लेने दिया जाए। उसकी बात मान ली गई।

कॉलेज में भी एनसीसी थी। रुड़की में कैंप लगा जिसमें गणतंत्र दिवस की परेड के लिए बच्चे छांटे जाने थे। कद में छोटी होने के कारण इस परेड के लिए उसका सेलेक्शन न हो सका। उदास होकर घर वापस आना पड़ा। दो माह बाद एनसीसी की तरफ से उसके पास चिठ्ठी आई कि उसका नाम रुद्र गैरा पर्वत पर चढ़ाई करने वाले एक अभियान दल के लिए छांटा गया है। पर्वतारोहण का यह उसका पहला अनुभव था जिसमें उसके साथ पच्चीस हम उम्र लड़कियां थीं। पांच हजार आठ सौ मीटर ऊंची इस चोटी की मुश्किल चढ़ाई चढ़ने में दस दिन लगे। शिखर पर पहुंचने के बाद उसके मन में सबसे पहले जंगल में घास काटती अपनी मां की छवि आई जिसने कैसे-कैसे कष्ट सहते हुए उसे यहां तक पहुंचाने में हरसंभव मदद की थी। उसे यह अहसास भी हुआ कि वह इस जीवन में खुद कुछ कर सकती है। रुद्र गैरा अभियान में उसका प्रदर्शन देखते हुए एनसीसी की तरफ से उसे अन्य अभियानों में शामिल किया गया। 2016 में जब उसका चयन त्रिशूल चोटी के आरोहण के लिए हुआ तो स्थानीय अखबारों ने खबर छापी। पहली बार उसके माता-पिता को अहसास हुआ कि शीतल कुछ ऐसा करती है,जो महत्वपूर्ण है।

त्रिशूल अभियान के लिए उत्साहपूर्वक तैयारियों में जुटी शीतल को अचानक झटका लगा जब उसका नाम अचानक मुख्य सूची से हटाकर रिजर्व सूची में रख दिया गया और अंततः वह अभियान से बाहर हो गई। उसने हार नहीं मानी और जम्मू कश्मीर में एक एडवांस कोर्स के लिए अप्लाई किया। सात हजार रुपये फीस थी। घर पर इतने पैसे न थे। किस्मत से उन दिनों पिथौरागढ़ में एक डांस प्रतियोगिता हुई,जिसे उसके छोटे भाई ने जीत लिया। उसे इनाम में दस हजार रुपये मिले,जो उसने अपनी दीदी के हाथ में रख दिए।

1996 में जन्मी शीतल की इसके बाद की कहानी एक छोटी सी लड़की के अदम्य साहस और उसकी इच्छाशक्ति की दृढ़ता की कहानी है। शीतल ने मुझे बताया बचपन से ही उसे पहाड़ों में चेहरे दिखाई देते थे। जब उसका मन व्यथा से भर जाता वह अकेली उनसे बात करने लगती थी और अपनी पूरी आत्मा उनके सम्मुख उड़ेल देती थी। कभी वे जवाब देते थे कभी नहीं।

# उत्तराखंड में चुनौती तो दूर प्रचार से ही बाहर नजर आ रही कांग्रेस

अरविंद मलिक, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव के लिए उत्तराखंड में पहले चरण में 19 अप्रैल मतदान होगा। ऐसा पहली बार है कि मतदान में सिर्फ एक हफ्ता बचा है, लेकिनर विपक्षी दल कांग्रेस का प्रचार कहीं नहीं दिख रहा है। दूसरी ओर भाजपा के प्रचार में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दो जनसभाएं रुद्रपुर व ऋषिकेश में हो चुकी हैं। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, कैबिनेट मंत्री स्मृति ईरानी के दौरे भी हो गए हैं। 13 अप्रैल को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ हल्द्वानी आ रहे हैं। इसी दिन कांग्रेस के पक्ष में स्टार प्रचारक प्रियंका गांधी वाड्रा की रामनगर में जनसभा प्रस्तावित है। इस चुनाव में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की उभरती युवा सनातनी नेता की छवि ने मतदाताओं के बीच मोदी-धामी का 'मैजिक' प्रभावी बना दिया है।

उत्तराखंड में केंद्र सरकार की लाभार्थी योजनाएं तो चल ही रही हैं साथ ही मोदी सरकार ने यहां एक लाख 25 हजार करोड़ की बड़ी योजनाएं भी दी हैं, जिनमें चार धाम की विकास, ऑल वेदर रोड, कर्णप्रयाग-ऋषिकेश रेल प्रोजेक्ट, मानसखंड प्रोजेक्ट आदि शामिल हैं।



प्रधानमंत्री मोदी को शंख भेंट करते मुख्यमंत्री धामी। फाइल फोटो

## आचार संहिता से पहले हर सीट का दौरा कर चुके सीएम धामी

- मुख्यमंत्री पुष्कर धामी के समान नागरिक संहिता कानून लागू करने, लैंड जिहाद पर प्रभावी कारवाई करने, धर्मांतरण कानून लागू करने, दंगा विरोधी कानून लाने, गो हत्या, गो तस्करी के खिलाफ गैंगस्टर लगाने जैसे कार्यों उनकी छवि को सनातनी बनाने के साथ छवि जनता में सख्त हिंदू प्रशासक की भी बना दी है। भाजपा को इस छवि का लाभ लोकसभा चुनाव में मिलता दिख रहा है। युवाओं के लिए नकल विरोधी कानून लाकर नौकरियों में पारदर्शिता लाने से भी भाजपा को फायदा मिल रहा है। मुख्यमंत्री धामी हर रोज तीन जनसभाएं कर रहे हैं। चुनाव की घोषणा से पहले वह सभी विधानसभाओं के दौरे कर चुके थे। वहीं कांग्रेस, वामपंथी दल और क्षेत्रीय नेता एकजुट होकर भी मोदी सरकार के खिलाफ अपनी आवाज मुखर नहीं कर पाए हैं।

**1.25**
लाख करोड़ की बड़ी योजनाएं भी दी मोदी सरकार ने

- मोदी-धामी मैजिक से राज्य में जीत की हैट्रिक की उम्मीद
- प्रधानमंत्री मोदी की रुद्रपुर व ऋषिकेश में हो चुकी दो सभाएं
- मुख्यमंत्री पुष्कर धामी हर रोज कर रहे हैं तीन जन सभाएं
- कांग्रेस की तरफ से अभी तक कोई रैली या सभा नहीं हुई



### नैनीताल सीट

नैनीताल ऊधमसिंह नगर सीट पर रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट दूसरी बार किस्मत आजमा रहे हैं। उनका मुकाबला दो बार विधानसभा चुनाव हार चुके प्रकाश जोशी से है। इस सीट से पूर्व में कृष्ण चंद्र पंत, नारायण दत्त तिवारी, भगत सिंह कोश्यारी जैसे बड़े नेता सांसद बन चुके हैं। यहां कुल दस प्रत्याशी मैदान में हैं। पिछली बार अजय भट्ट ने कांग्रेस के दिग्गज हरीश रावत को 3,39,096 वोटों से धूल चटाई थी। इस बार कांग्रेस ने ठाकुर के बजाय ब्राह्मण उम्मीदवार उतारा है। लेकिन कांग्रेस के कई नेता भाजपा में शामिल हो गए हैं। बसपा ने अख्तर अली को प्रत्याशी बनाया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यहां जनसभा हो चुकी है। कांग्रेस की तरफ से कोई बड़ा नेता अभी नहीं आया है।

### अल्मोड़ा (सुरक्षित ) सीट

इस आरक्षित सीट पर एक बार फिर भाजपा के पूर्व केंद्रीय मंत्री अजय टम्टा और कांग्रेस के पूर्व राज्यसभा सदस्य प्रदीप टम्टा के बीच मुकाबला है। 2019 चुनाव में भाजपा के अजय टम्टा को 4,44,651 और कांग्रेस को 2,11,665 वोट मिले थे। अल्मोड़ा, पिथौरागढ़, चंपावत व बागेश्वर जिले का प्रतिनिधित्व करने वाली इस लोकसभा सीट पर मुख्यमंत्री धामी ने चुनाव घोषित होने से पहले ही चार बड़ी जनसभाएं करके भाजपा की राह आसान कर दी। कुछ माह पूर्व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी पिथौरागढ़ व्यास घाटी आदि कैलाश व जागेश्वर में शिव आराधना कर सभा कर गए हैं। कांग्रेस प्रचार से बाहर नजर आ रही है।



### पौड़ी गढ़वाल सीट

भाजपा ने यहां पूर्व मुख्यमंत्री तीरथ सिंह रावत का टिकट काटकर अपने राष्ट्रीय मीडिया प्रमुख अनिल बलूनी को टिकट दिया है। उनका मुकाबला कांग्रेस के गणेश गोदियाल से हो रहा है। अनिल बलूनी नया युवा चेहरा हैं ।पिछली बार 2019 में यहां भाजपा को 5,06,980 और कांग्रेस के मनीष खंडूरी को 2,04,311 वोट मिले थे। मनीष खंडूरी अब भाजपा में हैं उनके अलावा बद्रीनाथ के कांग्रेस विधायक राजेंद्र भंडारी और तीन पूर्व विधायक भी भाजपा का दामन थाम चुके हैं। यहां कुल 13 प्रत्याशी हैं। एक सीट है, जहां कांग्रेस चुनाव प्रचार में ताकत लगाए है।

### टिहरी सीट

इस सीट पर टिहरी राज परिवार का कब्जा रहा है। भाजपा ने इस बार भी महारानी माला राज लक्ष्मी को उम्मीदवार बनाया है। टिहरी राज परिवार ने यहां से 12 बार लोकसभा चुनाव जीता है। 2019 में यहां महारानी को 5,65,333 कांग्रेस के प्रीतम सिंह को 2,64,747 वोट मिले थे। इस बार कांग्रेस ने यहां जोत सिंह गुनसोला को टिकट दिया है। टिहरी राजघराने के प्रति जनता में आदर भाव रहता आया है। राजमहल से ही भगवान बद्री विशाल के द्वार खुलने और बंद होने की तिथि घोषित होने की परंपरा है। कुल 11 उम्मीदवार चुनाव मैदान में है। मुकाबला भाजपा और कांग्रेस में है।

### हरिद्वार सीट

यहां भाजपा से पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत का मुकाबला हरीश रावत के पुत्र वीरेंद्र रावत से है। कांग्रेस में अंर्तकलह के चलते कई नेता व कार्यकर्ता पार्टी को अलविदा कह चुके हैं। यहां से खानपुर के विधायक उमेश कुमार निर्दलीय प्रत्याशी हैं, जबकि बसपा ने मौलाना जमील अहमद को टिकट दिया है। पिछली बार यहां से पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक को 6,65,674 वोट मिले थे, कांग्रेस को 4,06,945 और बसपा को 1,73,528 वोट मिले थे। यहां मुस्लिम वोटों की संख्या भाजपा के लिए थोड़ा चिंता का सबब है। हरिद्वार से कुल 14 प्रत्याशी भाग्य आजमा रहे हैं।

## बारामती लोकसभा सीट



### ननद सुप्रिया की जीत का चौका भाभी सुनेत्रा बनाने में लगीं कैच का मौका

**मुंबई।** महाराष्ट्र की बारामती लोकसभा सीट इस बार पूरे देश में चर्चा के केंद्र में है। पूर्व केंद्रीय मंत्री शरद पवार का गढ़ कही जाने वाली इस सीट पर इस बार मुकाबला कांटे का है। शरद पवार की बेटी सुप्रिया सुले 2009 से लगातार तीन चुनाव इस सीट से जीत चुकी हैं और वह इस बार चौका लगाने की तैयारी कर रही हैं, लेकिन उनकी राह में उनके चचेरे भाई उप मुख्यमंत्री अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा ही दीवार बनकर खड़ी हो गई हैं। सुप्रिया जहां एनसीपी शरद पवार गुट से मैदान में हैं तो अजित पवार के नेतृत्व वाली (एनसीपी) ने अपनी पत्नी सुनेत्रा पवार को उम्मीदवार बनाया है। ऐसे में इस बार ननद सुप्रिया के सामने उनकी भाभी कड़ी चुनौती पेश करती नजर आ रही हैं। सुप्रिया की जीत सुनिश्चित करने के लिए शरद पवार जहां मतदाताओं से वर्षों पुराने रिश्ते की दुहाई दे रहे हैं तो उनकी बहू सुनेत्रा पीएम मोदी की गारंटी के नाम पर वोट मांग रही हैं। भाजपा के साथ ही शिवसेना शिंदे गुट भी सुनेत्रा की जीत सुनिश्चित करने में जुटी हुई है। फिलहाल शरद पवार के लिए इस बार उनकी पारंपरिक सीट बारामती में सियासी राह कठिन नजर आ रही है। शरद पवार पार्टी और सिंबल पर अधिकार की लड़ाई में भतीजे अजित पवार के हाथ पहले ही शिकस्त खा चुके हैं, अब वह बारामती में बेटी की शकस्त झेलने के लिए तैयार नहीं हैं। ऐसे में उनके सामने बहू के खिलाफ चुनाव लड़ रही बेटी को जिताना प्रतिष्ठा का प्रश्न बन गया है।



# यूं ही नहीं कोई शहर बीजेपी के लिए बुलंद बन जाता है

### भाजपा की हैट्रिक रोकने के लिए हाथी को जहां पहली जीत की तलाश, वहीं अर्से बाद हाथ बाजी पलटने को दिख रहा तैयार

मनोज त्रिपाठी

बुलंदशहर यानी भाजपा का मजबूत गढ़। 2014 में प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार रहे नरेंद्र मोदी ने यहीं से अपने चुनावी अभियान का शंखनाद किया था, तो 2024 में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के दो दिन बाद बुलंदशहर से ही 400 पार की हुंकार भरते हुए एक बार फिर लोकसभा चुनाव अभियान का आगाज किया। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ पहुंचे प्रधानमंत्री ने इससे पहले जिले में 19,000 करोड़ से ज्यादा की तमाम विकास परियोजनाओं का उद्घाटन करके पश्चिमी उत्तर प्रदेश से लेकर एनसीआर और हरियाणा तक की दो दर्जन से अधिक लोकसभा सीटों पर राम का नाम और मोदी के काम का चुनावी संदेश फैला दिया।

बुलंदशहर वह जगह है, जिसे भाजपा चुनावी बिगुल के लिए शुभ मानती है। 2014 में यहां से अभियान शुरू करने पर पार्टी ने पश्चिमी उत्तर प्रदेश में मुस्लिम बाहुल्य समेत सभी 14 सीटों पर क्लीन स्वीप किया था, जबकि 2019 में सहारनपुर से प्रचार शुरू करने पर भाजपा को पश्चिमी उत्तर प्रदेश में सात सीटों पर नुकसान उठाना पड़ा था। ऐसे में यह देखना काफी दिलचस्प होगा कि इस बार यूपी में मिशन-80 का लक्ष्य लेकर चल रही भाजपा क्या इस बार भी 2014 की तरह बुलंदशहर के तीर से पश्चिम यूपी की सभी सीटों पर कमल खिला पाएगी।



भोला सिंह, भाजपा।



गिरीश चंद्र, बसपा।



शिवराम, कांग्रेस।

### 2009 का जनादेश

| दल | प्रत्याशी | प्राप्त मत | वोट प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| सपा | कमलेश कुमार | 2,36,257 | 35.34 |
| भाजपा | अशोक प्रधान | 1,70,192 | 25.46 |
| बसपा | राजकुमार गौतम | 1,42,186 | 21.27 |

### नगीना के सांसद यहां से मैदान में

बुलंदशहर लोकसभा सीट पर वर्तमान में भारतीय जनता पार्टी का कब्जा है और वह यहां इस बार चुनावी जीत की हैट्रिक लगाना चाहती है। मुकाबले में छह प्रत्याशी हैं। भाजपा के मौजूदा सांसद और प्रत्याशी डा. भोला सिंह को इंडिया गठबंधन से कांग्रेस के प्रत्याशी शिवराम वाल्मीकि, बसपा के टिकट पर मैदान में उतरे सांसद गिरीश चंद्र के अलावा ऋषिवादी कर्मशील युवा परमार्थी पार्टी के राजेश तुरैहा समेत निर्दलीय सोनम भारती व प्रदीप कुमार चुनौती दे रहे हैं। यह लोकसभा क्षेत्र मुस्लिम, दलित, जाट, ब्राह्म बहुल गिनी जाती है। हालांकि वैश्य, त्यागी, गुर्जर, राजपूत के अलावा अन्य ओबीसी मतदाता अच्छी संख्या में हैं। सीट आरक्षित होने के बाद जहां पिछले तीन चुनावों में सपा एक बार यहां से जीत चुकी है, वहीं बसपा का खाता नहीं खुला है। जीत की तलाश में ही बसपा ने इस बार यहां नगीना सुरक्षित सीट के सांसद गिरीश चंद्र जाटव को मैदान में उतारा है।

**2014**
में नरेंद्र मोदी ने यहीं से किया था चुनावी अभियान का शंखनाद तो 2024 में बुलंदशहर से ही भरी 400 पार की हुंकार

लोकसभा क्षेत्र की पांचों विधानसभा सीटों पर खिला था
### भाजपा का कमल

- बुलंदशहर लोकसभा क्षेत्र में पांच विधान सभा सीटें अनूपशहर, बुलंदशहर, डिबाई, शिकारपुर और स्याना शामिल हैं ।2022 में हुए विधानसभा चुनाव में इन सभी पांच विधानसभा सीटों पर भाजपा का कमल खिला था। किसान आंदोलन के बावजूद भी सपा-रालोद का गठबंधन यहां फेल साबित हुआ था।

### भाजपा के बाद बसपा लगातार बढ़ा रही अपना प्रभाव

- बुलंदशहर में सपा ने 2009 में जीत भले दर्ज की हो, लेकिन जिले की राजनीति में भारतीय जनता पार्टी के साथ बहुजन समाज पार्टी का वर्चस्व बढ़ता हुआ नजर आता है। दरअसल, मुस्लिम और दलित मतदाताओं का गठजोड़ जहां बसपा के पक्ष में खड़ा दिखता रहा है, वहीं ठाकुर, लोध, ब्राह्मण और वैश्य समाज भाजपा के साथ लामबंद है। कांग्रेस अब यहां चौथे नंबर की पार्टी बन चुकी है। कल्याण सिंह के बाद यहां किसी नेता का ऐसा कोई आधार नहीं रही कि वह वोट किसी के पक्ष में ट्रांसफर करा सके। जातीय आधार पर जरूर वोट इधर से उधर होते रहे हैं। दो-तीन विधानसभा क्षेत्रों में रालोद का अच्छा असर है। वह इस बार भाजपा को समर्थन देकर उसकी जीत की राह आसान कर रहा है।

### 2019 लोकसभा जनादेश

| भाजपा | बसपा | कांग्रेस |
|---|---|---|
| 60.64 % | 34.82 % | 02.63 % |
| 6,81,321 मत | 3,91,264 मत | 29,465 मत |
| डॉ. भोला सिंह | योगेश वर्मा | बंशी सिंह |

### 2014 का जनादेश

| दल | वोट प्रतिशत |
|---|---|
| भाजपा | 59.86% |
| बसपा | 18.07 % |
| सपा | 12.75 % |

| दल | प्रत्याशी | प्राप्त मत |
|---|---|---|
| भाजपा | डॉ. भोला सिंह | 6,04,449 |
| बसपा | प्रदीप कुमार जाटव | 1,82,476 |
| सपा | कमलेश | 1,28,737 |

### चार लाख से ज्यादा ब्राह्मण और क्षत्रिय पर ओबीसी-दलित लिखते हार-जीत की पटकथा

- बुलंदशहर सुरक्षित सीट पर लोकसभा चुनाव 2024 में मतदाताओं की संख्या 18 लाख के करीब है। इनमें पुरुष मतदाता 9 लाख 50 हजार और महिला मतदाता साढ़े आठ लाख हैं। ट्रांसजेंडर वोटर 127 हैं। इस लोकसभा सीट पर ओबीसी और अनुसूचित जाति के मतदाता जीत-हार का फैसला करने में आगे रहते हैं। जातीय आधार पर आकलन के मुताबिक इस लोकसभा क्षेत्र में 3.10 लाख मुस्लिम मतदाताओं के बाद 2.20 लाख ब्राह्मण, 2 लाख क्षत्रिय मतदाता हैं। जाटव बिरादरी के 2.25 लाख और लोध बिरादरी के दो लाख मतदाता हैं। जाट मतदाताओं की संख्या करीब 1.65 लाख है। इनके अलावा खटिक, वाल्मीकि, गुर्जर, त्यागी, कश्यप, प्रजापति, पाल जाति के मतदाताओं की संख्या चार लाख के आसपास है।

### भाजपा के छत्रपाल लगातार चार बार जीते

वर्ष 1952 से 1971 तक यहां हुए पांच लोकसभा चुनावों में कांग्रेस का कब्जा रहा। लेकिन साल 1971 के बाद मतदाताओं ने अलग-अलग पार्टियों को चुना। आपातकाल के बाद 1977 और 1980 के चुनाव में जनता पार्टी ने जीत दर्ज की। 1984 में इंदिरा गांधी की हत्या के बाद हुए चुनाव में कांग्रेस ने फिर वापसी की। 1989 के चुनाव में जनता दल के जीत दर्ज करने के बाद 90 के दशक में राम लहर के दौरान राजनीति बदल गई और वर्ष 1991 से लेकर 2004 तक हुए पांच चुनावों में बुलंदशहर सीट पर लगातार भारतीय जनता पार्टी ही जीत दर्ज करती रही। भाजपा के छत्रपाल सिंह लोधा ने 1991 के बाद 1996, 1998 और 1999 में लगातार जीत का चौका लगाया। वर्ष 2004 के चुनाव में भाजपा ने पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह को यहां से चुनावी मैदान में उतारा। कल्याण सिंह अलीगढ़ को अपनी जन्म भूमि तो बुलंदशहर को कर्म भूमि मानते थे। उन्होंने बुलंदशहर में भाजपा की लगातार पांचवीं जीत सुनिश्चित कर दी। 2009 लोकसभा चुनाव से पहले इस सीट का परिसीमन बदल गया और यह लोकसभा क्षेत्र अनुसूचित जाति वर्ग के लिए आरक्षित हो गया। परिसीमन के बाद हुए 2009 के पहले चुनाव में समाजवादी पार्टी के कमलेश वाल्मीकि ने जीत हासिल करके भाजपा को जीत का छक्का लगाने से रोक दिया। लेकिन 2014 की मोदी लहर में भाजपा के डा. भोला सिंह ने बड़ी जीत दर्ज की और 2019 में भी जीत का सिलसिला बरकरार रखते हुए इस बार जीत की हैट्रिक लगाने के इरादे से मैदान में हैं।

**मंडी का रणक्षेत्र** | कांग्रेस ने मंत्री विक्रमादित्य सिंह को मैदान में उतारा

# कांग्रेस के विक्रमादित्य रोकेंगे कंगना की जीत का 'बेताल'

महेश शर्मा, नई दिल्ली



**अमृत विचारः** हिमाचल प्रदेश का मंडी लोकसभा क्षेत्र भाजपा के टिकट पर कंगना रनौत के मैदान में आने के बाद चर्चा में आ गया है। कांग्रेस ने यहां से हिमाचल सरकार में मंत्री विक्रमादित्य सिंह को अपना उम्मीदवार बना दिया है। कांग्रेस की कोशिश है कि वह किसी भी सूरत में तीन सौ से ज्यादा मंदिरों वाले मंडी लोकसभा क्षेत्र को कंगना का अंगना न बनने दे। अब पार्टी ने विक्रमादित्य को मैदान में उतारकर मुकाबले को रोचक बना दिया है।

कांग्रेस के दबदबे वाली मंडी लोकसभा क्षेत्र के चुनावी इतिहास में 13 बार कांग्रेस जीत दर्ज करा चुकी है। ब्राह्मण और राजपूत बहुल इस सीट से ब्राह्मण और राजपूत प्रत्याशी ही जीतकर संसद पहुंचता रहा है। कांग्रेस के दिग्गज नेता रहे स्व.वीरभद्र सिंह के परिवार लोग यहां से छह बार जीते हैं। कांग्रेस के सुखराम भी तीन बार जीत चुके हैं। 2019 में रिकार्ड वोटों से जीते भाजपा के रामस्वरूप शर्मा की मृत्यु होने से यहां पर 2021 में उपचुनाव हुए जिसमें कांग्रेस की प्रतिभा सिंह ने जीत दर्ज की थी। अब कंगना के मुकाबले विक्रमादित्य सिंह का नाम तय कर दिया है। तीन उपचुनाव मिलाकर मंडी लोकसभा सीट पर 19 चुनाव हुए हैं। 2019 के चुनाव में भाजपा के रामस्वरूप शर्मा ने कांग्रेस के आश्रय शर्मा को हराकर जीत हासिल की थी। भाजपा ने 68.75 फीसद रिकार्ड वोट पाए थे। कांग्रेस को 25.68 फीसद पर ही संतोष करना पड़ा था। 2021 में भाजपा सांसद शर्मा का निधन के बाद उपचुनाव में प्रतिभा सिंह आठ हजार वोटों से जीती थी। यहां पर 2004 में हुए चुनाव से देखें तो प्रतिभा सिंह कांग्रेस से जीती थी पर 2009 में खुद वीरभद्र सिंह मैदान में आए और जीत गए। 2013 में उपचुनाव में फिर प्रतिभा सिंह जीतीं। 2014 और 2019 में भाजपा जीती पर 2021 में उप चुनाव हारी।

### 33 फीसदी राजपूत, 28 फीसदी दलित और 21 फीसदी ब्राह्मण मतदाता

- जातीय आंकड़ों पर नजर डालें तो मंडी में 33.6 फीसद राजपूत आबादी है। 21.4 फीसद ब्राह्मण मतदाता हैं। मंडी में दलित 29.85 फीसद हैं। फिर भी सिर्फ एक बार ही दलित सांसद गोपीराम 1052 में लोकसभा पहुंचे थे। मंडी लोकसभा क्षेत्र में 17 विधानसभा सीटें आती हैं जिनमें 12 पर भाजपा काबिज है।

### भाजपा अलर्ट, कंगना की जुबान न फिसल जाए

- विवादित बयानों से चर्चा में आयीं कंगना ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस को देश का पहला प्रधान मंत्री बनाया तो ट्रोल हुईं ।असम के सीएम हेमंता विस्व सरमा को उनके बचाव के लिए एक्स पर आना पड़ा ।कंगना पीएम नरेंद्र मोदी को राम का अंश बता चुकी हैं। कांग्रेस का आईटी सेल कंगना की जुबान फिसलने का इंतजार कर रहा, जुबान फिसली नहीं कि उसने मुद्दा बनाया।




**जीतेंगे बाजी**

मुजफ्फरनगर में समाजवादी पार्टी मुखिया अखिलेश यादव की रैली में समर्थकों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला।

## चुनावी गतिविधियां

- **मतदान के लिए तैयारी तेज, 19 को पहले चरण का मतदान :** प्रदेश में पहले व दूसरे चरण की आठ-आठ सीटों के लिए मतदान की तैयारी तेज हो गई है। पहले चरण में मतदान 19 अप्रैल व दूसरे चरण का मतदान 26 अप्रैल को होगा। पहले चरण में रामपुर, सहारनपुर, पीलीभीत, नगीना, बिजनौर, मुरादाबाद, मुजफ्फरनगर और कैराना सीटों पर मतदान होगा, जबकि दूसरे चरण में अमरोहा, मेरठ, बागपत, गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर, बुलंदशहर, अलीगढ़ व मथुरा में मतदान होगा। मुख्य निर्वाचन कार्यालय के अधिकारियों ने बताया कि मतदाताओं को गर्मी व लू से बचाने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारियों को निर्देश दिये गये हैं। इसके साथ ही, बीएलओ के जरिये मतदाताओं को सूचना पर्ची समय पर पहुंचाने को कहा गया है। इसके साथ ही, सुरक्षा बलों की तैनाती के लिए इंतजाम किये जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि मतदान केंद्रों पर केंद्रीय सुरक्षा बलों के साथ ही, प्रदेश के पुलिस बल तैनात करने के निर्देश दिये गये हैं। इसके साथ मतदान केंद्रों पर भी सुरक्षा व अन्य सुविधाओं को लेकर विशेष ध्यान दिया जा रहा है ,जिससे की इस बार प्रदेश का मतदान प्रतिशत पिछली बार से और अधिक बढ़ाया जा सके।

# किसान हित की योजनाओं का असर दिखेगा चुनाव में

**मिशन 80** साधने में न सिर्फ केंद्र बल्कि प्रदेश सरकार की भी होगी परीक्षा

**2.68 करोड़ को पीएम किसान सम्मान निधि में मिले 68,139 करोड़ रुपये**

**निजी नलकूपों से सिंचाई को मुफ्त बिजली का राज्य सरकार ने दिया तोहफा**

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव में किसान का मुद्दा खूब हावी है, लेकिन किसान कहीं जाति में बंटे नजर आ रहे हैं, तो कहीं चुप्पी साधे हुए हैं। विपक्ष महंगी हो रही खेती के मुकाबले आय कम होने से एमएसपी के मुद्दे को गरमा रहा है, जबकि भाजपा गठबंधन के नेता कांग्रेस और सपा सरकारों की याद दिलाकर किसानों की न सिर्फ सुधरी हालत, बल्कि दबंगई और गुंडागर्दी समेत नौकरी में उनके बच्चों से वसूली की मुद्दे पर माहौल बना रहे हैं। लेकिन असली परीक्षा डबल इंजन सरकार की किसान हित की योजनाओं की होने वाली है।





प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से लकेर राजग के सभी बड़े-छोटे नेता डबल इंजन सरकार में पीएम किसान सम्मान निधि से लेकर राज्य सरकार की ओर से नलकूपों से सिंचाई के लिए मुफ्त बिजली और गन्ना मूल्य के भुगतान से लेकर नई चीनी मिलों की स्थापना पर वोट मांग रहे हैं। देखना होगा मिशन-80 सीटों के लक्ष्य को पूरा करने में कितना ट्रंप कार्ड साबित होगी। भाजपा के मुताबिक किसानों को निजी नलकूपों से सिंचाई के लिए मुफ्त बिजली का ऐलान करके अपने संकल्प को पूरा किया है।

### न्यूनतम आय सहायता के रूप में 6 हजार रुपए प्रति वर्ष

अन्नदाता किसानों को राहत देने के लिए केंद्र सरकार द्वारा शुरू की गई योजनाओं को भी प्रदेश में कुशलता के साथ लागू किया गया है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के अंतर्गत केंद्र सरकार ने किसानों को न्यूनतम आय सहायता के रूप में 6 हजार रुपए प्रति वर्ष प्रदान करने की पहल की, जिसके तहत देश में कुल 12 करोड़ और प्रदेश के 2.68 करोड़ अन्नदाता किसान लाभान्वित हो रहे हैं। फरवरी 2024 तक प्रदेश भर में पात्र किसानों को 68,139 करोड़ डीबीटी के माध्यम से उनके खातों में भेजे जा चुके हैं।

### गन्ना किसानों को मिली मजबूती

भाजपा प्रवक्ता का कहना है कि गन्ना किसानों के लिए भी सरकार ने बड़े कदम उठाए हैं, जिससे उनकी आय में गुणात्मक वृद्धि हुई है। इसके तहत राज्य सरकार द्वारा 2017 से अब तक लगभग 2.50 लाख करोड़ का गन्ना मूल्य भुगतान कराया गया है। सरकार ने 7 वर्षों में गन्ना समर्थन मूल्य में 55 रुपए प्रति क्विटल की वृद्धि की है। मार्च 2017 से अब तक 3 नई चीनी मिलों की स्थापना हुई है, जबकि 5 चीनी मिलों के पुर्नसंचालन एवं 38 चीनी मिलों में क्षमता विस्तार से कुल 107100 टीसीडी की अतिरिक्त पेराई क्षमता का सृजन हुआ। इससे लगभग 117810 लोगों को प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार प्राप्त हुआ है।

# मायावती आज मुजफ्फरनगर से शुरू करेंगी चुनाव प्रचार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



- पश्चिम उप्र में छह दिन में 13 जिलों में संबोधित करेंगी रैलियां

**अमृत विचार :** उप्र. में बसपा सुप्रीमो मायावती रविवार से लोकसभा चुनाव में पार्टी के प्रत्याशियों के समर्थन में प्रचार करने निकलेंगी।

पहले चरण के चुनाव को ध्यान में रखते हुए प्रचार अभियान की की शुरूआत पश्चिमी उप्र. से करेंगी और छह दिन में 13 रैलियां संबोधित करेंगी। पहली चुनावी रैली 14 अप्रैल को मुजफ्फरनगर में दारा सिंह प्रजापति और उसी दिन सहारनपुर में प्रत्याशी माजिद अली के समर्थन में संबोधित करेंगी।

लोकसभा चुनाव में हरिदार से प्रचार शुरू करने वाली मायावती उप्र. में पहले चरण में 14 से 16 अप्रैल के मध्य छह सीटें और फिर 21 से 24 अप्रैल के मध्य सात सीटों में सभाएं करेंगी। पहले दिन की रैलियों के बाद अगले दिन 15 अप्रैल को रामपुर में जीशान खां और उसी दिन मुरादाबाद में मो.इरफान सैफी के लिए के लिए संभाएं होगी। इसके बाद नगीना सुरक्षित सीट पर सुरेन्द्र पाल सिंह और बिजनौर में बिजेंद्र सिंह के समर्थन में 16 अप्रैल को चुनावी रैली संबोधित करेंगी।

पांच दिन विश्राम के बाद मायावती 21 अप्रैल को गाजियाबाद, बागपत और अमरोहा में कुल तीन चुनावी रैलियों को संबोधित करेंगी। अगले दिन 22 अप्रैल को गौतमबुद्ध नगर, बुलंदशहर और अंत में 23 अप्रैल को मेरठ और हापुड में प्रचार अभियान जारी रखेंगी।

# गोंडा सांसद के भाग्य का फैसला करेंगे जिले के 4.26 लाख मतदाता

लाल जी सिंह, बलरामपुर

- गोंडा संसदीय क्षेत्र में शामिल है जिले की उतरौला विधानसभा
- पांचवें चरण में 20 में को इस विधानसभा क्षेत्र में होगा मतदान

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव 2024 के दौरान बलरामपुर जिले में दो चरणों में मतदान होगा। पांचवें चरण में यहां उतरौला विधानसभा क्षेत्र के 4.26 लाख मतदाता गोंडा संसदीय क्षेत्र के सांसद का चुनाव करेंगे। छठवें चरण में श्रावस्ती सांसद के लिए वोट डाले जाएंगे। छठवें चरण में बलरामपुर सदर, तुलसीपुर, तथा गैंसड़ी के मतदाता वोट डालेंगे।

बताते चलें कि वर्ष 2009 में परिसीमन के दौरान बलरामपुर संसदीय क्षेत्र का अस्तित्व ही समाप्त हो गया। जिले की चार विधानसभाओं को दो संसदीय क्षेत्रों में बांट दिया गया। गोंडा संसदीय क्षेत्र में जिले की सर्वाधिक मतदाता वाली विधानसभा उतरौला को शामिल कर दिया गया। शेष तीन विधानसभा बलरामपुर सदर, तुलसीपुर, और गैंसड़ी को श्रावस्ती संसदीय क्षेत्र में शामिल कर दिया गया। आगामी लोकसभा चुनाव में गोंडा संसदीय क्षेत्र के लिए पांचवें चरण में मतदान होगा। उतरौला विधानसभा के मतदाता पांचवें चरण में मतदान करेंगे ।भाजपा ने गोंड़ा संसदीय क्षेत्र से वर्तमान सांसद कीर्ति वर्धन सिंह उर्फ राजा भैया को अपना उम्मीदवार बनाया है। सपा ने यहां से बाराबंकी के बाबू बेनी प्रसाद वर्मा की पौत्री श्रेया वर्मा को चुनाव मैदान में उतारा है। यह पूर्व कारागार मंत्री राकेश वर्मा की बेटी है।

बसपा तथा अन्य दलों ने अभी इस क्षेत्र में अपना पता नहीं खोला है। उतरौला विधानसभा क्षेत्र मुस्लिम और वर्मा बाहुल्य माना जाता है । यहां से भाजपा के वर्तमान विधायक राम प्रताप वर्मा अपनी बिरादरी में अच्छी खासी पकड़ रखते हैं। वही पिछले वर्षों में गोंडा संसदीय क्षेत्र से जीत का परचम लहरा चुके बाबू बेनी प्रसाद वर्मा की पौत्री श्रेया वर्मा भी एम के वाई( मुस्लिम, कुर्मी, यादव) समीकरण के सहारे एक बार फिर चुनावी वैतरणी पार करने की फिराक में है। अब देखना यह है कि मनकापुर राज परिवार के उत्तराधिकारी कीर्तिवर्धन सिंह उर्फ राजा भैया अपनी जीत की हैट्रिक लगा पाते हैं। या फिर श्रेया वर्मा उनकी राह में रोड़ा अटका सकती हैं। कीर्तिवर्धन सिंह को भाजपा के परंपरागत वोटों पर पूरी तरह विश्वास है। मतदाता अभी खामोश है ।मतदाताओं की चुप्पी ने प्रत्याशियों तथा उनके समर्थकों की धड़कनें बढ़ा रखी है।

### विधानसभा क्षेत्र वार मतदाताओं की संख्या

| विधानसभा | कुल मतदाता | महिला | पुरुष | अन्य |
|---|---|---|---|---|
| 1-मेहनौन | 378547 | 175126 | 203414 | 07 |
| 2-गोंडा सदर | 360423 | 168753 | 191639 | 31 |
| 3-मनकापुर | 338771 | 158730 | 180035 | 00 |
| 4-गौरा | 333641 | 154046 | 179588 | 07 |
| 5-उतरौला | 426913 | 195767 | 231116 | 30 |

# जातीय गणित से तय होता है कबीर की धरती का चुनाव परिणाम

**भाजपा जीत की हैट्रिक लगाने को बेताब**

**सपा-बसपा में उम्मीदवार चयन को लेकर असमंजस**

गोरखनाथ मिश्र, संतकबीरनगर

**अमृत विचार।** कबीर की धरा पर चुनाव की सरगर्मी धीरे-धीरे बढ़ रही है। छठवें चरण में यहां मतदान होना है। इसी महीने के अंतिम सप्ताह से नामांकन भी शुरू हो जाएगा।

भाजपा ने काफी पहले ही अपने वर्तमान सांसद प्रवीण निषाद को एक बार फिर मैदान में उतार दिया है। वहीं सपा और बसपा के सुप्रीमो जातीय समीकरण में उलझकर उम्मीदवार के चयन को लेकर असमंजस में हैं।

इस बात से सबसे ज्यादा हैरान कार्यकर्ता हैं। उन्हें अभी यह समझ में नहीं आ रहा है कि आखिर उम्मीदवार को लेकर पेंच कहां फंस रहा है। सोशल मीडिया पर लोग अपने-अपने उम्मीदवार को टिकट दिला रहे हैं, लेकिन अब देखने की बात होगी कि पार्टी किस पर दांव लगाती है।

### 27 साल पूर्व हुआ था जनपद का सृजन

**संतकबीरनगर।** लोकसभा सीट उत्तर प्रदेश राज्य की 80 लोकसभा सीटों में से एक है। पहले यह क्षेत्र बस्ती जिले का हिस्सा था। लेकिन बाद में 5 सितंबर 1997 को संत कबीर नगर के रूप नए जिले की स्थापना कर दी गई। संत कबीर नगर को महान संत कबीर दास की धरती के रूप में जाना जाता है। 2002 में बने परिसीमन आयोग की सिफारिश पर 2008 में संतकबीरनगर लोकसभा सीट अस्तित्व में आई। इसके एक साल बाद यहां पहला लोकसभा चुनाव लड़ा गया।

### संतकबीर नगर लोकसभा क्षेत्र की खास बातें

संतकबीरनगर। संतकबीर नगर उत्तर प्रदेश का लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र है। इसका मुख्यालय खलीलाबाद है। यहां के मगहर में संतकबीरदास का विश्व प्रसिद्ध स्मारक है। यह उत्तर में सिद्धार्थ नगर और महाराजगंज जिलों से पूर्व में गोरखपुर जिले से दक्षिण में अम्बेडकर नगर जिले से और पश्चिम में बस्ती जिले की सीमा से घिरा है। तामेश्वरनाथ महादेव मंदिर, भंगेश्वरनाथ मंदिर बखिरा, हशेश्वरनाथ मंदिर हैंसर बाजार, कुबेर नाथ मंदिर मेंहदावल और बखिरा झील यहां के प्रमुख पर्यटन स्थल हैं। दिल्ली से संत कबीर नगर की दूरी 728.6 किलोमीटर है और लखनऊ से 237.1 किलोमीटर है।

### संतकबीरनगर लोकसभा सीट का जातीय समीकरण

संतकबीरनगर। लोकसभा सीट में कुल 19,44,454 मतदाता हैं। जिसमें महिला वोटरों की संख्या 8,87,227 है। वहीं पुरुष वोटर की संख्या 10,57,144 है। एक अनुमान के मुताबिक, जाति के आधार पर क्षेत्र में निषाद मतदाताओं की तादाद करीब डेढ़ लाख, मुस्लिम मतदाता सवा छह लाख, यादव मतदाता 1 लाख 30 हजार, कुर्मी मतदाता 1 लाख 20 हजार, ब्राह्मण मतदाता 3 लाख, क्षत्रिय मतदाता सवा लाख, भूमिहार मतदाताओं की संख्या 50 हजार और दलित मतदाताओं की संख्या करीब साढ़े चार लाख है।

### जिले की लोकसभा का हाल

**संतकबीरनगर।** संत कबीर की निर्वाण स्थली मगहर इसी क्षेत्र में है। संत कबीर नगर लोकसभा सीट से 2014 में भाजपा के शरद त्रिपाठी ने जीत हासिल किया था। उसके बाद भाजपा के ही प्रवीण निषाद यहां से चुने गए। घाघरा और राप्ती के बीच बसा संत कबीर नगर बस्ती मंडल का हिस्सा है। इस सीट पर वर्ष 2009 में बसपा के भीष्मशंकर उर्फ कुशल तिवारी चुनाव जीतकर संसद में पहुंचे थे। 2014 में भारतीय जनता पार्टी के शरद त्रिपाठी ने यहां पर जीत हासिल किया। डेमोग्राफी, विधानसभा और मुद्दे इस लोकसभा सीट में विधानसभा की पांच सीटों में खलीलाबाद, धनघटा, मेंहदावल जनपद संतकबीरनगर के विधानसभा क्षेत्रों के अलावा अम्बेडकर नगर जिले की आलापुर और गोरखपुर जिले का खजनी विधानसभा क्षेत्र शामिल हैं। कभी बुनकरों और जूट उद्योग के लिए प्रसिद्ध संतकबीरनगर में औद्योगिक स्थिति बदहाल है। चुनाव में यह एक अहम मुद्दा होगा। यहां की औसत साक्षरता दर 55.6 फीसद है।

## आईना : संतकबीरनगर लोकसभा सीट

### 2019 चुनाव का लेखा जोखा




| उम्मीदवार | वोट |
|---|---|
| प्रवीण कुमार निषाद | 4,67,543 |
| भीष्म शंकर तिवारी | 4,31,794 |
| भाल चन्द्र यादव | 1,28,506 |

### 2014 में किसको कितने वोट




| दल | उम्मीदवार | वोट |
|---|---|---|
| भाजपा | शरद त्रिपाठी | 3,48,892 |
| बसपा | भीष्म शंकर | 2,50,914 |
| सपा | भाल चन्द्र यादव | 2,40,169 |
| पीईसीपी | राजा राम | 69,193 |
| कांग्रेस | रोहित कुमार पांडे | 22,029 |

संत कबीर नगर के क्षेत्र




**2008** में संतकबीरनगर लोकसभा सीट अस्तित्व में आई

**19,44,454** कुल मतदाता

पुरुष - 10,57,144

महिला - 8,87,227

2019 नोटा 12,631


प्रवीण कुमार निषाद।


भीष्म शंकर तिवारी।

**5 सितंबर 1997** को संत कबीर नगर जिले की हुई थी स्थापना



2009 चुनाव के आंकड़े




**रायबरेली का सलोन विधानसभा क्षेत्र अमेठी संसदीय क्षेत्र का है हिस्सा**

# रायबरेली के मतदाता भी चुनते हैं अमेठी का सांसद

**1967** में अस्तित्व में आए अमेठी लोकसभा क्षेत्र में रायबरेली जिले का सलोन विधानसभा क्षेत्र भी शामिल किया गया था

**सभी राजनीतिक दलों की नजर सलोन विधानसभा क्षेत्र के मतदातओं पर विशेष रूप से रहती है**

नीरज श्रीवास्तव, परशदेपुर, रायबरेली

**अमृत विचार।** रायबरेली जिले के मतदाता अमेठी का भी सांसद चुनते हैं। जी हां, रायबरेली का सलोन विधान सभा ऐसा क्षेत्र है जो रायबरेली का नहीं बल्कि अमेठी का सांसद चुनता है। जिले का सलोन विधान सभा अमेठी संसदीय क्षेत्र में शामिल है यही वजह है कि यहां के मतदाता अमेठी का सांसद चुनने के लिए वोट करते हैं।



1967 में अस्तित्व में आई अमेठी लोक सभा में रायबरेली जिले का सलोन विधान सभा भी शामिल किया गया था। जिससे रायबरेली के लोग भी अमेठी का सांसद चुनने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। यही वजह है कि सभी राजनीतिक दलों की नजर सलोन विधान सभा पर जरूर रहती है।

राजनीतिक दलों की चुनावी रणनीति में सलोन विधान सभा प्रमुख रूप से शामिल रहता है। इस बार सलोन विधान सभा में कुल 3,61,227 मतदाता अमेठी का सांसद चुनने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। वहीं इस बार भी लोक सभा चुनाव में रोचक मुकाबला भी देखने को मिलगा। फिलहाल कांग्रेस ने यहां पर अपना पत्ता नहीं खोला है, जिससे यहां के मतदाता अभी मौन हैं।

### सलोन आंकड़ों पर एक नजर

लोकसभा क्षेत्र अमेठी




| | |
|---|---|
| सलोन में कुल ब्लॉक | 03 |
| कुल नगर पंचायत | 03 |
| कुल मतदान केंद्र | 227 |
| कुल मतदेय स्थल | 369 |
| कुल जोन | 03 |
| कुल सेक्टर | 30 |

### महत्वपूर्ण पदों पर भाजपा का है कब्जा

वर्तमान समय में सलोन विधानसभा के महत्वपूर्ण पदों पर भाजपा का ही कब्जा है। विधायक अशोक कुमार भाजपा के हैं। सलोन ब्लॉक प्रमुख अंजू कुशवाहा, डीह ब्लॉक प्रमुख मिथिलेश, छतोह ब्लॉक प्रमुख संगीता भाजपा की है। नगर पंचायत सलोन के अध्यक्ष चंद्रशेखर रस्तोगी, परशदेपुर के अध्यक्ष विनोद कौशल भाजपा में शामिल हो गए है। नसीराबाद के अध्यक्ष मोहम्मद अली भी भाजपा के ही कार्यक्रमों के देखे जाते हैं। सलोन में चार, डीह में तीन व छतोह में दो जिला पंचायत सदस्य हैं। इसमें भी ज्यादातर भाजपा से ही जुड़े हैं। कुछ निर्दलीय हैं। जबकि सलोन तृतीय से अयोध्या प्रसाद कांग्रेस के जिला पंचायत सदस्य हैं।

### मायावती सरकार ने बदला नाम

मायावती सरकार ने जब अमेठी को छत्रपति शाहूजी महाराज नगर के नाम से जिला बनाया था तब रायबरेली जिले की सलोन और तिलोई को भी जिले में शामिल किया था। सत्ता परिवर्तन होने के बाद अखिलेश यादव सरकार ने जिले का नाम बदलकर अमेठी कर दिया था। सलोन विधान सभा को वापस रायबरेली में जोड़ दिया गया था। मामला कई वर्षो तक कोर्ट में भी चला था।

# अस्तित्व खो रही भाजपा व रालोद की समन्वय समिति

**राज्य ब्यूरो, लखनऊः** लोकसभा चुनाव में एनडीए प्रत्याशियों को जिताने के लिए रालोद और भाजपा की गठित सात सदस्यीय चुनाव समन्वय समिति पहले ही चरण में ही महत्ता खोती जा रही है। भाजपा के चार और रालोद के तीन पदाधिकारियों की समिति को लेकर पार्टी द्वारा हर सीट पर प्रत्याशियों के समर्थन में ज्यादा से ज्यादा प्रचार करने व दिक्कतों को दूर करने का दावा किया गया था।

रालोद के प्रदेश अध्यक्ष रामाशीष राय का कहना है कि समन्वय समिति द्वारा क्षेत्रीय स्तर पर व्यवहारिक दिक्कतों को दूर कराया गया है। क्षेत्रीय स्तर पर चुनाव प्रचार में आवश्यक विषयों पर चर्चा की जा रही है। वहीं व्यापार प्रकोष्ठ के रोहित अग्रवाल का कहना है समन्वय समिति का गठन चुनाव के दौरान आने वाली समस्याओं को दूर करने के लिए हुआ था, मगर अभी तक कोई समस्या उभरकर नहीं आयी है। समिति के पदाधिकारियों द्वारा हर समस्या का समाधान पार्टी स्तर पर किया जा रहा है।

# अखिलेश के तीन यार-आजम अतीक और मुख़्तार: केशव

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- उपमुख्यमंत्री ने कहा - सपा गुंडे, अपराधियों, माफियाओं और दंगाईयों की फैक्ट्री

**अमृत विचारः** भाजपा के वरिष्ठ नेता व उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने शनिवार को सपा पर तीखा हमला बोला। कहा कि अखिलेश यादव के तीन यार- मोहम्मद आज़म खान, अतीक अहमद और मुख़्तार अंसारी। हालांकि इनमें से दो चले गए। कहा कि सपा गुंडे, अपराधियों, माफियाओं, दंगाईयों की फैक्ट्री है। अपराधियों की रहनुमाई के कारण सपा अब सफा हो गई है। दावा किया कि जिन्होंने राममंदिर के निमंत्रण को ठुकराया है उनको रामभक्त ठुकरा देगें।

वे शनिवार को भाजपा प्रदेश मुख्यालय पर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि सपा की सरकार के समय प्रसिद्ध नारा था जिस गाड़ी में सपा का झंडा, उस गाड़ी में बैठा गुंडा। हर सपाई का था नारा, खाली मकान-प्लॉट हमारा। अखिलेश की सरकार के समय प्रदेश का हर जिला अपराध से पीड़ित था और दंगों की आग में झुलस रहा था। उन्होंने कहा कि सपा प्रमुख अखिलेश यादव पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक के विरोधी हैं। इनका पीडीए परिवार डिवेलप्मेंट अथॉरिटी है। इंडी गठबंधन के सभी नेता एक दूसरे के परिवारों का ही हित साधने में ही बिजी हैं। इनकी सरकार में सर्वाधिक उत्पीड़न पिछड़ों, दलितों का ही हुआ है।

मौर्य ने अखिलेश यादव पर निशाना साधते हुए कहा कि जिन्होंने राममंदिर के निमंत्रण को ठुकराया है उनको रामभक्त ठुकरा देगें। अपने विधायकों को राम लला के दर्शन नहीं करने दिये इसीलिए उनकी पार्टी में अंतर कलह हो गई और सपा विधायक राज्यसभा चुनाव में भाजपा का साथ दिए। सहारनपुर से कांग्रेस प्रत्याशी इमरान मसूद के बयान पर मौर्य ने कहा कि वह जिन वोटों की ओर देख रहे हैं, वह उन्हें नहीं मिलेंगे।

## अमरमणि का नौतनवा स्थित मकान कुर्क

**लखनऊ, अमृत विचार :** 2001 में बस्ती में एक व्यापारी के बेटे के अपहरण के मामले में पूर्व मंत्री अमरमणि त्रिपाठी की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। पुलिस ने अमरमणि त्रिपाठी के नौतनवा स्थित आवास को कुर्क कर दिया है। इस दौरान भारी संख्या में पुलिस फोर्स तैनात रही। पूर्व मंत्री अमरमणि बस्ती जिले के एक व्यापारी के बेटे के हुए अपहरण के मामले में आरोपी हैं। वह इस मामले में फरार चल रहे हैं। बस्ती के अपर जिला जज एवं सत्र न्यायाधीश एमपी-एमएलए कोर्ट ने फरार चल रहे अमरमणि त्रिपाठी की संपत्तियों को कुर्क करने का आदेश दिया था।

### मोदी, योगी और शाह कर रहे ताबड़तोड़ जनसभाएं, अखिलेश, मायावती ने भी तेज की रैलियां

# पहले चरण के मतदान को 5 दिन बाकी, सत्तापक्ष-विपक्ष ने प्रचार में झोंकी ताकत

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश में पहले चरण के लिए 19 अप्रैल को मतदान है। राज्य की 8 सीट के लिए होने वाले मतदान में अब मात्र पांच दिन शेष हैं। ऐसे में इन चंद दिनों में खासकर एनडीए और इंडिया गठबंधन के स्टार प्रचारकों के बीच आरोप-प्रत्यारोपों का घमासान देखने को मिलेगा। इस बीच जहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और उप्र. के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जैसी हस्तियां एनडीए प्रत्याशियों के प्रचार में ताबतोड़ जनसभाएं कर रहें हैं। वहीं, देर से ही सही लेकिन सपा प्रमुख अखिलेश यादव, कांग्रेस के उप्र. प्रभारी अविनाश पांडेय और बसपा नेत्री मायावती व राष्ट्रीय कोआर्डिनेटर आकाश आनंद भी अब जनसभाओं को संबोधित कर रहे हैं।

वहीं, भाजपा के सहयोगी दल भी उप्र. के चुनावी रण में खूब पसीना बहा रहे हैं। हालांकि, राजनीतिक दलों के नेताओं, आम कार्यकर्ताओं से लेकर आम मतदाताओं को अभी भी सबको उप्र. के दो लड़कों की जोड़ी की संयुक्त रैली, रोड-शो का इंतजार है। सूत्रों के मुताबिक जल्द ही राहुल और अखिलेश संयुक्त रैली कर सकते हैं। सपा-कांग्रेस गठबंधन के मुख्य नेताओं ने आपस में बैठकर पिछले दिनों संयुक्त प्रचार की रूपरेखा बना ली है। प्रचार के दौरान आप नेता संजय सिंह और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल भी नजर आ सकती है।

दरअसल, दिल्ली का रास्ता तय कराने वाले उत्तर प्रदेश में सात चरणों में चुनाव होगा। पहले चरण की वोटिंग 19 अप्रैल को है। पहले चरण में पश्चिमी उप्र. की कई सीट समेत कुल 8 सीटों पर चुनाव होना है। इसमें बिजनौर, कैराना, मुरादाबाद, मुजफ्फरनगर, नगीना, पीलीभीत, रामपुर और सहारनपुर सीट शामिल है। जिसमें से कई सीट पर भाजपा और सपा की अंदरूनी कलह पार्टी को नुकसान पहुंचा सकती है।

### प्रचार को लेकर कुछ और है विपक्ष की राजनीतिक सोच

बहरहाल, चुनाव प्रचार की रेस में एनडीए के मुकाबले सपा-कांग्रेस गठबंधन के नेता नि:संदेह देर से शामिल हुए हैं। इसपर भाजपा के स्टार प्रचारकों ने चुटकी भी ली कि, एनडीए की तैयारी देखकर विपक्षी खेमा प्रचार से भी दूर है। वहीं, सूत्र बता रहे हैं कि, उत्तर प्रदेश मंथ विपक्षी गठबंधन में शामिल दल खामोशी से प्रचार की रणनीति पर आगे बढ़ रहे हैं। बड़ी रैलियों के बजाय लोकसभा क्षेत्र के स्तर पर छोटी-छोटी सभाएं करने पर जोर है। हर चरण के चुनाव में एक-दो ही बड़ी रैलियां करने की योजना पर काम हो रहा है। सूत्र बताते हैं कि इसके पीछे विपक्ष की रणनीति भाजपा में अतिआत्मविश्वास भरकर अपनी चिन्हित कई सीटों से दूर रखना है।

### विपक्षी दलों के लिए वित्तीय प्रबंधन भी बड़ी चुनौती

कांग्रेस के एक पुराने नेता का तर्क है कि, पिछले कई चुनावों में कांग्रेस ने बड़ी चुनावी रैलियां तो कीं लेकिन परिणाम लगभग सिफर ही रहा। इस बार कांग्रेस को वित्तीय प्रबंधन की भी चिंता है। वहीं, प्रत्याशी भी खामोशी से चुनाव लड़ना चाहते हैं। यही स्थिति अमूमन अन्य दलों की भी है। क्योंकि क्षेत्र में जो भी उनकी मजबूत बेल्ट हैं, वह नहीं चाहते कि भाजपा की उनमें भी सेंधमारी हो। सूत्रों की माने तो इंडिया गठबंधन में शामिल दलों की रणनीति यह है कि उनके परंपरागत वोटबैंक में अतिरिक्त मतदाताओं को बिना किसी शोर-शराबे के जोड़ने का प्रयास करते हुए जीतने की जुगत भिड़ाई जाए, बाकी अंडर करंट पर निर्भर रहें।

## देवरिया में कुत्तों के हमले में 4 साल की बच्ची की मौत

**देवरिया, अमृत विचार :** कोतवाली थाना क्षेत्र में अमेठी माता मंदिर के पास शनिवार को आवारा कुत्तों के हमले में घुमंतू परिवार की चार साल की बच्ची की मौत हो गयी। प्रभारी निरीक्षक वेदप्रकाश शर्मा ने बताया कि कोतवाली थाना क्षेत्र में अमेठी माता मंदिर के पास शंकर नामक व्यक्ति पिछले कई महीनों से अस्थायी झोपड़ी बनाकर अपने परिवार के साथ रह रहा था। उन्होंने बताया कि शनिवार सुबह जब परिवार के सदस्य आजीविका के लिए भीख मांगने निकले तो आवारा कुत्तों ने उनके पीछे आ रही उनकी चार साल की बेटी पर हमला कर दिया।

# मंत्रियों का निजी सचिव बनकर पैरवी करने वाले गिरोह के सरगना समेत दो गिरफ्तार

### पकड़े गए आरोपी अन्वेष तिवारी और कप्तान तिवारी अयोध्या निवासी निकले

एजेंसी

**लखनऊ :** एसटीएफ ने वॉइस ओवर इंटरनेट प्रोटोकॉल (वीओआईपी) कॉल के जरिये मुख्यमंत्री और मंत्रियों के निजी सचिव के रूप में विभिन्न उच्चाधिकारियों के सीयूजी नंबर को प्रदर्शित कर अनधिकृत पैरवी करने वाले गिरोह के दो आरोपियों को शनिवार को गिरफ्तार किया। उत्तर प्रदेश पुलिस के विशेष कार्यबल (एसटीएफ) की ओर से शनिवार को जारी एक बयान में कहा गया कि वीओआईपी कॉल के माध्यम से विभिन्न उच्चाधिकारियों (उप्र सरकार के मुख्यमंत्री के निजी सचिव, लोक निर्माण मंत्री के निजी सचिव व ऊर्जा एवं अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत मंत्री के निजी सचिवों) के सीयूजी नम्बर को (कॉल स्पूफिंग) प्रदर्शित कराकर अधिकारियों से अनधिकृत पैरवी करने वाले मास्टरमाइंड सहित दो अभियुक्तों को लखनऊ में अयोध्या मार्ग के कमता तिराहे से गिरफ्तार किया गया है।


कप्तान तिवारी और अन्वेष तिवारी।

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अयोध्या जिले के रौनाही थाना क्षेत्र के पिरखोली निवासी अन्वेष तिवारी और कप्तान तिवारी के रूप में हुई है। इनमें अन्वेष को सरगना बताया गया है। आरोपियों के पास से लैपटॉप, मोबाइल, एटीएम, उत्तर प्रदेश मीडिया डायरेक्टरी (इसी के माध्यम से अधिकारियों के नम्बर प्राप्त करता था) और नकदी बरामद की गयी है। बयान में कहा गया कि एसटीएफ, उत्तर प्रदेश को विगत काफी समय से वीओआईपी कॉल के माध्यम से फोन कर विभिन्न उच्च अधिकारियों के सीयूजी नम्बर को प्रदर्शित कराकर अनाधिकृत पैरवी करने वाले संगठित गिरोहों के सक्रिय होने की सूचनाएं प्राप्त हो रही थी। काफी छानबीन के बाद गिरोह की गतिविधि पता चलने पर शनिवार को दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।

### अन्वेष ने एमसीए करने के बाद खुद की कम्पनी बनायी

पूछताछ में गिरोह के सरगना अन्वेष तिवारी ने बताया कि उसने 2018 में डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या से एमसीए करने के बाद 2023 में खुद की कम्पनी बनायी और अब तक उसने स्कूल व वित्तीय तकनीक के लगभग तीन हजार साफ्टवेयर बनाये हैं। उसने बताया कि 2022 में इंटरनेट के माध्यम से उसे 'इंडीकॉल' ऐप की जानकारी मिली जिसके माध्यम से किसी भी नम्बर को प्रदर्शित कर कॉल किया जा सकता था। अन्वेष तिवारी ने बताया कि उसने इसकी जानकारी अपने चाचा कप्तान तिवारी को दी और इसके बाद फोन करके अधिकारियों से काम कराने लगा। आरोपियों ने इस माध्यम से की गयी अपनी पैरवी का भी ब्योरा पूछताछ के दौरान साझा किया है। बयान के मुताबिक गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ लखनऊ पुलिस आयुक्तालय के थाना चिनहट में भारतीय दंड संहिता की संबंधित धाराओं और सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया है। मामले में अग्रिम विधिक कार्रवाई स्थानीय पुलिस द्वारा की जा रही है।

## आगरा में पति ने की पत्नी की चाकू मार कर हत्या

**आगरा, अमृत विचार :** थाना सदर क्षेत्र के सरस्वती विहार कॉलोनी में पति और ससुरालीजनों पर विवाहिता की बेरहमी से हत्या करने का मामला सामने आया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। घटनाक्रम के अनुसार मंजू का पति गोविंद के साथ शुक्रवार को देर रात्रि किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया था। मंजू ने इस बात की सूचना अपने भाई को दी थी। सूचना पर भाई मंजू के पास पहुंचा था। मृतका के भाई ने बताया कि उसने अपनी बहन को कहा कि मुझे ड्यूटी पर जाना है, तुम कमरे के अंदर से दरवाजा बंद कर कुंडी लगा लेना। भाई यह कह कर चला गया। सुबह लौटा तो दो सिपाही बहन के घर के बाहर थे और उसका शव पड़ा हुआ था। मंजू के भाई ने बताया कि बहन को बेरहमी के साथ मारा गया है। उसके चेहरे और शरीर पर चाकू से वार के निशान थे। भाई के मुताबिक, मंजू के तीन बच्चे हैं। वह नर्स का काम करती थी। उसके पति गोविंद और गोविंद के पिता कुंवर पाल एवं मां ने ही इस घटना को अंजाम दिया है।

# आपराधिक छवि वाला व्यक्ति सर्वोच्च पद पाने का हकदार नहीं

विधि संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने पदोन्नति से जुड़े एक मामले पर अपनी विशेष टिप्पणी में कहा कि पदोन्नति किए जाने वाले उम्मीदवार की उपयोगिता कई कारकों पर निर्भर होती है। सेवा न्यायशास्त्र में एक नियोक्ता का प्रयास हमेशा यह होना चाहिए कि जिस उम्मीदवार की पदोन्नति की जा रही है, वह योग्यता के अलावा सभी दृष्टिकोणों से उपयुक्त हो और अगर नैतिक अधमता से जुड़े आपराधिक मामले में दोषी ठहराए गए उम्मीदवार को पदोन्नति दी जाती है तो निश्चित रूप से इससे न केवल समाज में गलत संदेश जाएगा बल्कि छात्रों के अबोध मन पर इसका प्रतिकूल प्रभाव भी पड़ेगा, साथ ही संबंधित संस्थान के प्रशासन पर भी इसका बुरा प्रभाव पड़ सकता है।




वर्तमान मामले में माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड अधिनियम, 1982 की धारा 18 के तहत वर्ष 2019 से संस्था के प्राचार्य के रिक्त पद को संभालने का कार्यवाहक प्रभार सबसे वरिष्ठ व्याख्याता होने के नाते याची को दिया गया था, लेकिन अपनी मां के बिगड़ते स्वास्थ्य के कारण याची ने पद संभालने से मना कर दिया। परिणामस्वरूप विपक्षी को प्राचार्य का कार्यवाहक प्रभार दिया गया, लेकिन याची की मां की मृत्यु होने के बाद उन्होंने अपने दावे पर पुनर्विचार करने के लिए जिला विद्यालय निरीक्षक को एक अभ्यावेदन दिया, लेकिन इसे इस आधार पर खारिज किया गया कि एक बार दावा छोड़ने पर वह पुनः देय नहीं हो सकता।

इसके बाद याची ने अन्य स्तरों पर भी प्रयास किया, लेकिन वह सफल नहीं हुआ। तभी एक आपराधिक मामले में विपक्षी को दोषी ठहराया गया। हालांकि बाद में उसे जमानत मिल गई, लेकिन प्रशासनिक अनिश्चितताओं के कारण संस्थान ने कार्यवाहक प्राचार्य के रूप में याची का नाम आगे बढ़ने का निर्णय लिया, लेकिन तभी आश्चर्यजनक रूप से प्रबंधन समिति ने दोषी विपक्षी को न केवल सेवा में बहाल किया बल्कि कार्यवाहक प्रिंसिपल का प्रभार देने का समर्थन भी किया। हालांकि कोर्ट ने निष्कर्ष निकाला कि विपक्षी गंभीर सार्वजनिक अपराध का दोषी है। नैतिक अधमता से जुड़ी सजा किसी व्यक्ति को सर्वोच्च पद संभालने का अधिकार नहीं देती है। अंत में याचिका को स्वीकार करते हुए जिला विद्यालय निरीक्षक, बस्ती तथा अपर शिक्षा निदेशक द्वारा पारित आदेश को निरस्त कर दिया। उक्त आदेश न्यायमूर्ति अजीत कुमार की एकलपीठ ने अशोक कुमार पांडेय की याचिका को स्वीकार करते हुए पारित किया।

# भाजपा का संकल्प पत्र आज जारी होगा

नई दिल्ली/लखनऊ, ब्यूरो

- **भाजपा मुख्यालय में प्रातः 8.30 बजे मोदी जारी करेंगे संकल्प पत्र**

**अमृत विचारः** आगामी लोकसभा चुनाव में लगभग सभी राजनीतिक दलों द्वारा अनुसूचित वर्ग के मतों को आकर्षित करने के लिए तरह-तरह के हथकंडे अपनाए जा रहे हैं। वहीं भारतीय जनता पार्टी ने सबसे सटीक उपाय अपनाया है। इसके तहत अंबेडकर जयंती पर भाजपा अपना चुनावी संकल्प पत्र जारी करने जा रही है। पार्टी मुख्यालय पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में रविवार को सुबह 8.30 बजे संकल्प पत्र जारी होगा। इसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, सामाजिक न्याय मंत्री डा. वीरेंद्र खटीक सहित तमाम राष्ट्रीय नेता होंगे। उल्लेखनीय है कि भाजपा का चुनावी संकल्प पत्र 5 अप्रैल को जारी होना था लेकिन एक रणनीति के तहत इस कार्यक्रम को आगे बढ़ा दिया गया था। अब अंबेडकर जयंती पर इसे जारी किया जाएगा। रविवार को लोकसभा परिसर सहित देश भर में जगह-जगह अंबेडकर जयंती पर तमाम कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। उसी कड़ी में भाजपा के चुनावी संकल्प पत्र जारी होने का एक वर्ग विशेष में अच्छा संदेश जाएगा।

भाजपा ने चुनावी घोषणा पत्र बनाने वाली समिति का अध्यक्ष पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को बनाया है। इस कमेटी में 27 सदस्य शामिल हैं। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को इस समिति का संयोजक बनाया गया है।

गुजरात, असम और मध्य प्रदेश के वर्तमान मुख्यमंत्री क्रमशः भूपेंद्र पटेल, हिमंता बिस्वा सरमा, डॉ. मोहन यादव के अलावा मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे को भी इस समिति में शामिल किया गया। भाजपा को अपना चुनावी घोषणा पत्र तैयार करने के लिए मिस कॉल अभियान के जरिए 3.75 लाख और नमो ऐप के जरिए 1.70 लाख सुझाव मिले।

## खालसा पंथ की स्थापना दिवस के रूप में एक नई प्रेरणा, प्रकाश का स्रोत है बैसाखी: मुख्यमंत्री


लखनऊ स्थित नाका गुरुद्वारे में गुरु ग्रंथ साहिब के समक्ष मत्था टेकते मुख्यमंत्री।

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** गुरु गोविंद सिंह महाराज ने वर्ष 1699 में देश और धर्म की रक्षा के लिए शक्तिपुंज के रूप में खालसा पंथ की स्थापना की, जो आज दुनिया में बिना रुके, डिगे, झुके धर्म की ध्वज पताका को गौरव के साथ आगे बढ़ाने का कार्य कर रहा है। बैसाखी का पर्व खालसा पंथ की स्थापना दिवस के रूप में एक नई प्रेरणा और प्रकाश का स्रोत है। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को बैसाखी के अवसर पर राजधानी के नाका हिंडोला स्थित गुरुद्वारे में आयोजित कार्यक्रम में कहीं। इससे पहले उन्होंने गुरु ग्रंथ साहिब के समक्ष मत्था टेका और प्रदेशवासियों संग सिख भाइयों-बहनों को बैसाखी की शुभकामनाएं दीं।

कार्यक्रम में मंत्री सरदार बलदेव सिंह औलख, भाजपा महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, पार्टी के वरिष्ठ नेता नीरज सिंह, गुरुद्वारा कमेटी के अध्यक्ष सरदार राजेंद्र सिंह बग्गा आदि मौजूद रहे।

## चुनाव ड्यूटी से पति-पत्नी में किसी एक को मिलेगी छूट

**लखनऊ, अमृत विचार :** चुनाव ड्यूटी में लगे पति-पत्नी में किसी एक को ड्यूटी से छूट मिलेगी। भारत निर्वाचन आयोग ने चुनाव ड्यूटी में लगे कर्मियों के लिए जारी आदेश जारी किया है। आयोग के आदेश के बाद मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों को निर्देश जारी किया है। जारी निर्देश में कहा गया है कि सरकारी कर्मियों में पति व पत्नी दोनों अगर चुनाव ड्यूटी मैं लगाए गए हैं तो दोनों में किसी एक को चुनाव ड्यूटी से मुक्ति मिल सकेगी। प्रार्थना पत्र के आधार पर जिला निर्वाचन अधिकारी इस पर निर्णय लेंगे। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि निर्वाचन आयोग ने कर्मचारी संगठनों की ओर से सरकारी सेवा में कार्यरत पति व पत्नी दोनों को चुनाव ड्यूटी में लगाने की शिकायत के बाद नए निर्देश जारी किए हैं। उत्तर प्रदेश मिनिस्टीरियल कलेक्ट्रेट कर्मचारी संघ के प्रांतीय अध्यक्ष राजकुमार वर्मा ने निर्वाचन आयोग से इस सिलसिले में शिकायत की थी।

## जांच के लिए खनन निदेशालय पहुंची एसटीएफ

**लखनऊ।** खनन निदेशालय में आग लगने की घटना की जांच के लिए एसटीएफ की टीम शनिवार दोपहर खनन निदेशालय पहुंची। इस दौरान एसटीएफ ने वहां के कई अफसर से पूछताछ की। कर्मचारियों को भी मौके पर बुलाया गया और उनके बयान लिए गए। इसके अलावा गेट पर रखे रजिस्टर का भी अवलोकन किया गया।

## वर्ग पहेली-39

**बाएं से दाएं**

1. दुगना, दूना।
3. दे. ऐलबम।
5. रिकार्ड किए संगीत को बजाने का उपकरण (जो उत्कृष्ट स्वर उत्पन्न करता है)।
7. क्षार, खार।
9. 1. संगीन अपराधियों को रखने के लिए कारावास में बनी बहुत छोटी और अँधेरी कोठरी 2. बहुत छोटा और अँधेरा कमरा।

**ऊपर से नीचे**

2. 1. दस का मान या भाव 2. लिखे हुए अंकों की गिनती के क्रम में दाहिनी ओर से दूसरे स्थान पर आने वाला अंक जिसका मान पहले अंक से दस गुना होता है।
4. 1. शक्तिशाली, ताकतवर 2. महारथी।
6. 1. वह मादा खच्चर जो मिस्र के हाकिम ने मुहम्मद साहब को भेंट की थी 2. मुहर्रम की आठवीं तारीख़ को जुलूस के साथ निकाला जाने वाला वह कोतल घोड़ा जिसके साथ शिया मुसलमान मातम करते हुए चलते हैं।
8. 1. नाम संबंधी 2. केवल नाम मात्र का जिसका वास्तविक तथ्य से कोई संबंध न हो, (नॉमिनल)।



### वर्ग पहेली -38 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 नि | का | ला | ■ | 2 गि | ■ | ■ |
| मे | ■ | ■ | 3 धु | न | की | ■ |
| ष | ■ | 4 ज | क | ना | ■ | 5 उ |
| ■ | 6 नु | ■ | धु | ■ | ■ | प |
| 7 वै | मा | नि | की | ■ | ■ | च |
| ■ | इ | ■ | ■ | ■ | ■ | रि |
| 8 बे | श | र | मी | ■ | ■ | त |

## सुडोकू -118

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 7 | | | | 9 | |
| 6 | | 2 | | | | | 7 | |
| 9 | | | 4 | | | 5 | | |
| 4 | | 7 | | | 1 | 8 | | |
| | 3 | | | | | | 6 | |
| | | 5 | 9 | | 6 | | | 3 |
| | | 8 | | | 2 | | | 7 |
| | 9 | | | | | 2 | 5 | |
| | 1 | | | | 3 | | | |

### सुडोकू -117 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 8 | 1 | 2 | 6 | 7 | 4 | 3 | 9 |
| 9 | 7 | 4 | 3 | 8 | 1 | 5 | 6 | 2 |
| 2 | 6 | 3 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 | 7 |
| 7 | 3 | 9 | 5 | 1 | 8 | 6 | 2 | 4 |
| 4 | 5 | 6 | 9 | 3 | 2 | 7 | 8 | 1 |
| 1 | 2 | 8 | 7 | 4 | 6 | 3 | 9 | 5 |
| 6 | 4 | 7 | 1 | 2 | 3 | 9 | 5 | 8 |
| 3 | 9 | 2 | 8 | 5 | 4 | 1 | 7 | 6 |
| 8 | 1 | 5 | 6 | 7 | 9 | 2 | 4 | 3 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 14 अप्रैल रविवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-चैत्र, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि- षष्ठी 11.43 तक तत्पश्चात सप्तमी।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**-पश्चिम। **ऋतु**-वसंत।
चन्द्रबल-मेष, मिथुन, सिंह, कन्या, धनु, मकर।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-आर्द्रा 15 अप्रैल 01.35 तक तत्पश्चात पुनर्वसु।

**मेष** — आज व्यवसाय में बिक्री बढ़ने से मन प्रसन्न रहेगा। प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता मिलने की संभावना बन रही है। आपकी आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी। नया व्यवसाय शुरू कर सकते हैं। रिश्तेदारों और मित्रों के साथ अच्छा समय बिता सकते हैं।

**वृष** — आज यात्रा कर रहे हैं तो सामान और धन की स्थिति का ध्यान रखें। पुराने कर्ज को उतारने के लिए दिन बहुत अच्छा है। पारिवारिक जीवन में थोड़ी परेशानी होगी। दिन लिए काफी खर्चीला रहेगा।

**मिथुन** — आज आपको कुछ शुभ समाचार मिल सकते हैं। धन के लेन-देन में सावधानी रखें। आर्थिक स्थिति उत्तम रहने वाली है। विद्यार्थियों के लिए दिन बहुत अच्छा है। जीवनसाथी के प्रति मन में सम्मान भाव बढ़ेगा। दोस्ती प्रेम संबंधों में बदल सकती है।

**कर्क** — आज आपका स्वास्थ्य थोड़ा कमजोर रहेगा। युवाओं को वैवाहिक जीवन में मनमुटाव से बचना चाहिए। स्वार्थी प्रवृत्ति के लोगों से आपको नुकसान हो सकता है। अनावश्यक कार्यों से आपको बचना चाहिए। पुराने उधार के कारण समस्या हो सकती है।

**सिंह** — आज प्रेमीजन के साथ महत्वपूर्ण डेट्स पर जाने की योजना बना सकते हैं। तकनीकी शिक्षा ले रहे विद्यार्थियों को जॉब के अवसर मिलने की संभावना बन रही है। आपके सभी कार्य तय समय पर पूर्ण हो जाएंगे।

**कन्या** — आज पुराने सामान को बेचकर धन कमा सकते हैं। छोटे व्यापारियों की आय में अचानक वृद्धि हो सकती है। सरकारी कार्यों की रुकावटें दूर होंगी। मन काफी चंचल रहेगा, लेकिन फिर भी आपके विचारों को लोग काफी महत्व देंगे।

**तुला** — आज लेखन आदि कार्यों में सफलता मिलेगी। जीवन के प्रति आपका दृष्टिकोण किसी कारणवश बदल सकता है। अपने स्वभाव में लचीलापन बनाए रखें। करियर को लेकर काफी आशावादी और प्रयत्नशील रहेंगे।

**वृश्चिक** — आज व्यवसाय में टीमवर्क की भावना ध्यान रखें। दूसरों की कही-सुनी बातों को ज्यादा महत्व न दें। इससे आपके काम बिगड़ सकते हैं। आज शान्त होकर परिस्थितियों का आकलन करें। नया काम शुरू न करें।

**धनु** — आज काफी समय से रुका हुआ धन आपको वापस मिल सकता है। व्यापारिक संबंध और सुदृढ़ होंगे। कार्यक्षेत्र में बेहतरीन धन लाभ होगा। आप काफी प्रसन्न रहने वाले हैं। टीमवर्क में काम करने से काम शीघ्र सफल होंगे।

**मकर** — आज अपने खर्चों पर नियंत्रण रखें। बीमार लोगों को अपनी सेहत को लेकर लापरवाह नहीं होना चाहिए। आपके मन में कुछ नया करने की इच्छा जागृत होगी, किंतु आपके चलते हुए कार्यों में किसी कारण बाधा आ सकती है।

**कुंभ** — आज आपको अपने मान-सम्मान की चिंता रहेगी। जीवनसाथी से वैचारिक तनाव दूर होगा। प्रेमी जन से झगड़ा हो सकता है। संतान के जिद्दी व्यवहार के कारण परेशानी होगी। बाहर का तला भुना व गरिष्ठ भोजन न करें।

**मीन** — आज नजदीकी लोगों को लेकर थोड़ा परेशान रहेंगे। गुप्त शत्रु खुलकर आपको नुकसान पहुंचाने की कोशिश कर सकते हैं। व्यापार में नया प्रयोग करने से आपको बचना चाहिये। विद्यार्थियों को पढ़ाई में कुछ समस्या होगी।

## आज की फिल्में

B4U Movies
कातिलों के कातिल — दोपहर : 12.00
मिस्टर नटवर लाल — रात : 08.38

&pictures
राधे — सुबह : 11.14
टॉयलेट-एक प्रेम कथा — शाम : 04.57

Sony Pix
बुलैट ट्रेन — सुबह : 09.34
द अनहोली — रात : 09.00

Zee Cinema
रक्षा बंधन — सुबह : 11.30
खिलाड़ी — रात : 08.30

StarGold Select
मेड इन चाइना — सुबह : 09.30
बैंग बैंग — शाम : 06.30

### आज की सुपरहिट फिल्म



एंड पिक्चर्स पर शाम : 04.57 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

छोरो- तू वाट्सऐप पर है क्या?
छोरी- नहीं मैं तो मेरे घर हूं।
छोरो- मेरा मतलब है, वाट्सऐप यूज करती है क्या?
छोरी- नहीं मैं तो गोरी होने के लिए क्रीम यूज करती हूं।
छोरो- मेरी मां वाट्सऐप चलाना आता है क्या?
छोरी- तू चला लेना मैं पीछे बैठ जाऊंगी।

पत्नी-मैं रोज पूजा करती हूं, काश एक दिन भगवान श्रीकृष्ण के दर्शन हो जाए।
पति- एक बार मीराबाई बनकर जहर पी ले, फिर देख श्रीकृष्ण तो क्या तुझे सारे भगवान नजर आ जाएंगे।

## मैंथा बाजार भाव

चन्दौसी : शिवालिक- 1010, फ्लैग- 1110, बोल्ड- 1160, डीएमओ- 890
रामपुर : शिवालिक-1000, फ्लैग- 1110, डीएमओ-890, बोल्ड-1170

## मुरादाबाद मंडी



दालों का भाव : दाल चना : 75 से 76 रुपये मसूर : 88 से 90 रुपये मलका : 82 से 85 रुपये अरहर : 118 से 125 रुपये उड़द : 95 से 101रुपये धोआ उड़द : 110 से 120 रुपये मूंग धोआ : 104 – 106 रुपये मूंग छिलका : 102 रुपये मूंग साबुत : 100रुपये चना देसी : 80 रुपये चना कावली : 145 से 160 रुपये राजमा लाल : 155रुपये राजमा चित्ता : 145 रुपये लोबिया लाल 94 लोबिया सफेद 98 रुपये ।

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चांदी 999 (प्रति किलो) | 84900 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) लिवाल | 85000 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) बिकवाल | 90000 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 74250 |
| सोना गिन्नी (प्रति नग) | 55300–55500 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडर्ड | 74,250 |
| सोना रवा | 74,100 |
| सोना गिन्नी (प्रति नग) | 42,500 |
| चांदी तैयार | 82,100 |
| चांदी (999) | 82,500 |
| चांदी सिक्के (100 नग) | 80,000 |
| **बरेली** | |
| गोल्ड (पक्के जेवर) | 73500 |
| गोल्ड (गिन्नी जेवर) | 72500 |
| सिल्वर (पक्की) | 810 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 73,600 |
| चांदी आभूषण | 82,300 |

## बिजली की बढ़ी मांग गैस संयंत्रों को दो माह चालू रखने के निर्देश

**नई दिल्ली।** सरकार ने इस बार लंबे समय तक गर्मी रहने के अनुमान के कारण बिजली की मांग में वृद्धि को देखते हुए गैस आधारित सभी बिजली उत्पादन स्टेशनों को एक मई से 30 जून तक अपने संयंत्रों को चालू रखने का निर्देश दिया है।

गैस-आधारित उत्पादन स्टेशनों (जीबीएस) के एक बड़े हिस्से का वर्तमान में, मुख्यतः व्यावसायिक कारणों से प्रयोग नहीं हो रहा है। मंत्रालय ने इस गर्मी में 260 गीगावाट अधिकतम मांग का अनुमान लगाया है। यह आदेश एक मई, 2024 से 30 जून, 2024 तक बिजली उत्पादन और आपूर्ति के लिए वैध रहेगा। गैस-आधारित उत्पादन स्टेशनों से अधिकतम बिजली उत्पादन सुनिश्चित करने के लिए सरकार ने बिजली अधिनियम, 2003 की धारा 11 के तहत सभी गैस-आधारित उत्पादन स्टेशनों को निर्देश जारी किए हैं।

# दालों की जमाखोरी पर सख्त हुई सरकार

## खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने भंडारन में लिप्त पाए जाने पर कार्रवाई की दी चेतावनी

नई दिल्ली, एजेंसी

सरकार ने शनिवार को चेतावनी दी कि दालों के भंडारन में लिप्त पाए जाने वाले किसी भी व्यक्ति से आवश्यक वस्तु अधिनियम के विभिन्न प्रावधानों के अनुसार सख्ती से निपटा जाएगा। यह चेतावनी 15 अप्रैल, 2024 से ऑनलाइन स्टॉक मॉनिटरिंग के संचालन से पहले आई है। उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय के एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि उपभोक्ता मामलों के विभाग के साथ बातचीत के दौरान उद्योग को यह चेतावनी जारी की गई।

उद्योग जगत की प्रतिक्रिया और विभिन्न बाजारों के व्यापारियों के साथ स्टॉक की स्थिति से संबंधित बाजार खुफिया जानकारी को आगे के सत्यापन के लिए एकत्रित किया गया है। सरकार द्वारा व्यापारियों/थोक विक्रेताओं, खुदरा विक्रेताओं, बड़े लोगों के साथ बातचीत में दालों के भंडारन का मामला सामने आया है। सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में खुदरा विक्रेताओं और अन्य प्रोसेसरों को इस वर्ष 01 अप्रैल से अगले आदेश तक प्रत्येक शुक्रवार को पोर्टल पर गेहूं की अपनी स्टॉक स्थिति घोषित करनी होगी। यह समग्र खाद्य सुरक्षा का प्रबंधन करने और आवश्यक खाद्यान्नों और दालों की कीमतों की जमाखोरी और बेईमान सट्टेबाजी को रोकने के लिए किया जा रहा है। उपभोक्ता मामलों के विभाग की सचिव निधि खरे ने 15 अप्रैल 2024 से ऑनलाइन स्टॉक मॉनिटरिंग के संचालन के लिए दाल उद्योग के प्रतिनिधियों के साथ बातचीत की श्रृंखला के दौरान इस बात पर जोर दिया कि कोई भी व्यक्ति दालों के वायदा कारोबार में लिप्त पाया जाता है, तो उसके खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम के विभिन्न प्रावधानों के अनुसार सख्ती से निपटा जाएगा।

उन्होंने कहा कि प्रमुख बंदरगाहों और दाल उद्योग केंद्रों में स्थित गोदामों में स्टॉक को समय-समय पर सत्यापित किया जाना चाहिए और स्टॉक प्रकटीकरण पोर्टल पर गलत जानकारी देने वाली स्टॉकहोल्डिंग संस्थाओं पर सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। उन्होंने यांगून में भारतीय मिशन के साथ म्यांमार से दालों के आयात से संबंधित मुद्दों जैसे कि संशोधित विनिमय दरों और म्यांमार में आयातकों द्वारा रखे गए स्टॉक के मद्देनजर आयात की कीमतें पर भी चर्चा की। मंत्रालय के बयान में कहा गया है कि भारतीय मिशन ने बताया कि व्यापार लेनदेन को सरल बनाने और उन्हें और अधिक कुशल बनाने के लिए 25 जनवरी 2024 से रुपया क्यात निपटान तंत्र चालू किया गया है। मंत्रालय के अनुसार सेंट्र बैंक ऑफ म्यांमार ने 26 जनवरी 2024 को विशेष रुपया वोस्ट्रो खाता (एसआरवीए) के तहत भुगतान प्रक्रियाओं के लिए दिशानिर्देश जारी किए।



### म्यांमा से दालों का आयात भुगतान को सरकार ने बनाया सरल

**नई दिल्ली।** सरकार ने शनिवार को कहा कि म्यांमा से दालों का आयात करने वाले व्यापारियों के लिए भुगतान तंत्र को आसान और सरल बनाया गया है। उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि आयातकों को पंजाब नेशनल बैंक के जरिए विशेष रुपया वोस्ट्रो खाते (एसआरवीए) के जरिए रुपया/क्यात प्रत्यक्ष भुगतान प्रणाली का उपयोग करने को कहा गया है। भारत घरेलू कमी को पूरा करने के लिए दालों के आयात पर निर्भर है। देश म्यांमा से तुअर और उड़द दाल का आयात करता है। बयान के मुताबिक उपभोक्ता मामलों की सचिव निधि खरे ने म्यांमा से दालों का आयात करने के संबंध में यंगून स्थित भारतीय दूतावास के साथ चर्चा की। इस दौरान संशोधित विनिमय दरों और म्यांमार में आयातकों के स्टॉक जैसे मुद्दों पर बातचीत हुई। भारतीय दूतावास ने सचिव को बताया कि व्यापार लेनदेन को सरल बनाने के लिए इस साल 25 जनवरी से रुपया/क्यात निपटान तंत्र चालू कर दिया गया है। सेंट्रल बैंक ऑफ म्यांमा ने 26 जनवरी, 2024 को एसआरवीए के तहत भुगतान प्रक्रियाओं के लिए दिशानिर्देश जारी किए।

## एशिया में सबसे अधिक जीवन यापन की लागत पाकिस्तान में : एडीबी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में 25 प्रतिशत मुद्रास्फीति दर के साथ जीवन-यापन की लागत पूरे एशिया में सबसे अधिक है।

एशियाई विकास बैंक (एडीबी) की मनीला में जारी एक रिपोर्ट के अनुसार पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था 1.9 प्रतिशत की दर से बढ़ सकती है। एक्सप्रेस ट्रिब्यून ने बताया कि एशियाई विकास परिदृश्य ने अगले वित्त वर्ष के लिए एक निराशाजनक तस्वीर पेश की है, और इस दौरान 15 प्रतिशत मुद्रास्फीति दर और 2.8 प्रतिशत वृद्धि दर का अनुमान लगाया गया है।

एडीबी ने कहा कि चालू वित्त वर्ष में पाकिस्तान में मुद्रास्फीति की दर 25 प्रतिशत रहने का अनुमान है, जो पूरे एशिया में सबसे अधिक है। इस तरह एशिया में सबसे अधिक महंगाई पाकिस्तान में है। पाकिस्तान लंबे समय से मुद्रास्फीतिजनित मंदी के दौर में है और विश्व बैंक ने भी पिछले सप्ताह कहा था कि महंगाई के कारण यहां एक करोड़ लोग गरीबी के जाल में फंस सकते हैं।

## रियल एस्टेट में विदेशी निवेश की भारी गिरावट जनवरी-मार्च में आए सिर्फ 1.1 करोड़ डॉलर

नई दिल्ली, एजेंसी



विदेशी निवेशक इस साल रियल एस्टेट से सतर्क रहे और उन्होंने इस क्षेत्र में 2024 की पहली तिमाही में सिर्फ 1.1 करोड़ डॉलर का निवेश किया। वैश्विक संपत्ति सलाहकार फर्म वेस्टियन ने शनिवार को कहा कि रियल एस्टेट क्षेत्र में जनवरी-मार्च में संस्थागत निवेश सालाना 55 प्रतिशत घटकर 55.2 करोड़ डॉलर रह गया।

रिपोर्ट के अनुसार, रियल एस्टेट क्षेत्र में पिछले साल की समान अवधि में 123.83 करोड़ डॉलर (1.23 अरब डॉलर) निवेश आया था। वेस्टियन के आंकड़ों के अनुसार, रियल एस्टेट में विदेशी कोषों का संस्थागत प्रवाह 2024 की पहली तिमाही में 99 प्रतिशत गिरकर केवल 1.1 करोड़ डॉलर रह गया। घरेलू निवेशकों ने जनवरी-मार्च 2024 में भारतीय रियल एस्टेट में 54.11 करोड़ डॉलर का निवेश किया, जो पिछले साल की समान अवधि में 44.69 करोड़ डॉलर से 21 प्रतिशत अधिक है। वेस्टियन के सीईओ श्रीनिवास राव ने कहा कि घरेलू निवेशक भारत की वृद्धि गाथा को लेकर उत्साहित हैं और रियल एस्टेट क्षेत्र में निवेश करना जारी रख रहे हैं।

## आशियाना हाउसिंग गुरुग्राम के 15 मिनट में बिके 224 फ्लैट

**नई दिल्ली।** रियल एस्टेट कंपनी आशियाना हाउसिंग ने गुरुग्राम में परियोजना शुरू करने के 15 मिनट के भीतर 224 लग्जरी फ्लैट 440 करोड़ में बेच दिए। यह परियोजना गुरुग्राम के सेक्टर 93 में स्थित है। आशियाना हाउसिंग के संयुक्त प्रबंध निदेशक ने कहा कि हम मिली इस प्रतिक्रिया से खुश हैं। हमने सुबह 11 बजे पंजीकरण शुरू किया और हमें 11.15 बजे तक 224 इकाइयों के लिए 800 चेक मिल गए थे।

## पुणे में जीसीसी का ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर शुरू

**नई दिल्ली।** स्पेशिलिटी केमिकल क्षेत्र की कंपनी लुब्रीजोल ने एक रणनीतिक केंद्र के रूप में पुणे में एक नया ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर (जीसीसी) शुरू किया है। कंपनी ने कहा कि एम्बेसी टेक जोन, हिंजेवाड़ी, पुणे में स्थित ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर लुब्रीजोल के नई सुविधा का हिस्सा है। जीसीसी कैम्पस लीड गोल्ड प्रमाणित है और एक सुरक्षित, स्वस्थ और पर्यावरण के प्रति जागरूक कार्यस्थल को सक्षम बनाने के लिए उपयुक्त है। ग्राहक अनुभव केंद्र लुब्रिजोल के विज्ञान बारे में जानकारी देता है। इंजीनियरिंग, सप्लाय चेन, टेक्नोलॉजी, फाइनेंस, प्रोक्योरमेंट, लीगल आणि ह्यूमन रिसोर्स में काम करने वाले 200 से अधिक कर्मचारियों को अगले वर्ष जीसीसी में नौकरी मिलने की उम्मीद है।

## पेट्रोगैज इंडिया ने एलपीजी आयात भंडारण टर्मिनल किया चालू

चेन्नई, एजेंसी

पेट्रेडेक समूह की अनुषंगी कंपनी पेट्रोगैज इंडिया ने अपना नया अत्याधुनिक एलपीजी आयात और भंडारण टर्मिनल चालू किया है। कंपनी ने शनिवार को कहा कि इसे 600 करोड़ रुपये की लागत से स्थापित किया गया है।

आंध्र प्रदेश के कृष्णापट्टनम में अडाणी कृष्णापट्टनम निजी बंदरगाह के भीतर स्थित नई इकाई से निजी विपणनकर्ताओं के साथ-साथ



आवासीय, वाणिज्यिक, औद्योगिक और वाहन क्षेत्र के उपभोक्ताओं को लाभ होगा। कंपनी ने बयान में कहा कि यह इकाई पेट्रोगैज को एलपीजी विपणन के लिए लागत प्रभावी और भरोसेमंद समाधान प्रदान करने में सक्षम बनाती है। इस इकाई की वार्षिक क्षमता 15 लाख टन से अधिक है।

# राष्ट्रीय

## एक नजर

### हिमाचल प्रदेश: चार माह बाद खुले चूड़धार मंदिर के कपाट, यात्रा प्रारंभ

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के जिला सिरमौर में 11 हजार 965 फीट की ऊंचाई पर स्थित चूड़धार मंदिर के कपाट शनिवार से भक्तों के लिए खुल गए हैं। इसके साथ ही सर्दियों में करीब चार महीने बंद रहने के बाद चूड़धार की यात्रा आज से प्रसाशनिक तौर एक बार फिर शुरू हो चुकी है। आज वैशाखी की संक्रांति होने के चलते बड़ी संख्या में दूर-दूर से श्रद्धालु यहाँ पहुंचे है। बता दें कि हर साल देवता शिरगुल महाराज की तपोस्थली कही जाने वाली चूड़धार चोटी की यात्रा पर दिसंबर माह में आधिकारिक रूप से प्रतिबंध लग जाता है। दिसंबर महीने में चूड़धार में अत्यधिक बर्फबारी के चलते जहां पारा माइनस से नीचे रहता है, वहीं चूड़धार के रास्तों पर यात्रा में अत्यधिक जोखिम रहता है। जिसके बाद अप्रैल माह में वैशाखी की संक्रांति पर मंदिर के कपाट विधिपूर्वक पूजा-पाठ के साथ खुल जाते हैं।

### गर्मी के मौसम में रेलवे देगी स्टेशनों पर पेयजल उपलब्धता की गारंटी

**नई दिल्ली।** रेल मंत्रालय ने देश के सभी स्टेशनों पर यात्रियों को पीने योग्य पानी उपलब्ध कराने की गारंटी के लिए विशेष दिशानिर्देश जारी किए हैं। रेल मंत्रालय ने गर्मी के मौसम और संभावित लू की आशंका को लेकर स्टेशनों पर पीने के पानी की उपलब्धता की समीक्षा की है और सभी रेलवे जोन को स्थापित मानदंडों के अनुसार यात्रियों को स्वच्छ पेयजल की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए निर्देश जारी किए हैं। रेल मंत्रालय ने निर्देश दिए हैं कि सभी मौजूदा वॉटर कूलर कार्यात्मक रहें और यात्रियों की मांग को पूरा करें, मौजूदा आपूर्ति की पूर्ति के लिए महत्वपूर्ण स्टेशनों पर पानी के टैंकर तैनात करें और सभी प्लेटफार्मों पर पानी की उपलब्धता की पुष्टि करने के लिए स्टेशनों पर नियमित जांच करें।

### डेढ़ साल के बच्चे को संदिग्ध परिस्थितियों में लगी गोली, पिता पर मुकदमा दर्ज

**सोनीपत।** सोनीपत के लाठ गांव में डेढ़ साल के बच्चे को संदिग्ध परिस्थितियों में गोली लगने का मामला सामने आया है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि मामले में बच्चे के पिता के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। हालांकि, खानपुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती बच्चे की मां एवं दादा ने पुलिस के सामने बयान दर्ज कराने से इनकार कर दिया है। पुलिस ने बताया कि गोहाना सदर थाना पुलिस ने जांच अधिकारी के बयान के आधार पर बच्चे के पिता के खिलाफ हत्या की कोशिश व शस्त्र अधिनियम की सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की है। गोहाना सदर थाना में तैनात एएसआई नीरज ने पुलिस को बताया कि 12 की रात को जानकारी मिली थी कि लाठ गांव में डेढ़ साल के बच्चे अयांश पुत्र अजय को गोली लगी है और उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उन्होंने बताया कि वह पुलिस दल के साथ अस्पताल पहुंचे और बच्चे की मां हिमांशी और दादा जोरा सिंह से पूछताछ की लेकिन उन्होंने कोई बयान देने से इनकार कर दिया। पुलिस की जांच में सामने आया है कि बच्चे को घर में ही गोली लगी और पिता अजय ने ही गोली चलाई थी।

### सीएसडीएस के ताजा सर्वे ने मोदी सरकार की खोल दी है पोल : कांग्रेस

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस के संगठन महासचिव अमुल्य नीरज खलखो ने कहा कि सी.एस.डी.एस. के ताजा सर्वे ने मोदी सरकार का पोल खोलकर रख दी है। प्रदेश संगठन महासचिव ने कहा कि लगातार कांग्रेस इन्हीं मुद्दों के बीच आवाज उठा रही है और यही कारण है कि इन आवाजों को दबाने के लिए कांग्रेस और इंडी गठबंधन के नेताओं पर ईडी की शिकंजा कसवाया जा रहा है ताकि महंगाई, बेरोजगारी जैसे मुद्दे गोन रहे। खलखो ने कहा कि भाजपा की मोदी सरकार के दिन अब पूरी तरह लद चुके हैं।

## भारत-सिंगापुर के उच्चतम न्यायालयों के बीच प्रौद्योगिकी एवं संवाद पर दो दिवसीय सम्मेलन

# नवोन्मेष की अगली सीमा है एआई : चंद्रचूड़

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ ने शनिवार को कहा कि आधुनिक प्रक्रियाओं में कृत्रिम मेधा (एआई) के इस्तेमाल से ऐसे जटिल नैतिक, कानूनी और व्यावहारिक विषय खड़े होते हैं जिनकी व्यापक समीक्षा की जरूरत है। प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि कृत्रिम मेधा 'नवोन्मेष की अगली सीमा' तक ले जाती है तथा अदालती निर्णय प्रक्रिया में उसका इस्तेमाल अवसर और चुनौतियों दोनों ही पेश करता है जिनपर गहन विचार-विमर्श की आवश्यकता है।

न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा कि कृत्रिम मेधा अप्रत्याशित मौके प्रस्तुत करती है लेकिन साथ ही, वह खासकर नैतिकता, जवाबदेही और पक्षपात से संबंधित कई चुनौतियां भी खड़ी करती है तथा इन चुनौतियों के समाधान के लिए भौगोलिक और संस्थानों की सीमाओं से परे वैश्विक पक्षों द्वारा ठोस प्रयास की जरूरत है। वह भारत एवं सिंगापुर के उच्चतम न्यायालयों के बीच प्रौद्योगिकी एवं संवाद विषयक दो दिवसीय सम्मेलन में बोल रहे थे।

सिंगापुर के प्रधान न्यायाधीश सुंदरीष मेनन तथा कई अन्य न्यायाधीश एवं विशेषज्ञ इस सम्मेलन में मौजूद थे। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा कि कानूनी क्षेत्र में भी, कानूनी शोध से लेकर मामला विश्लेषण तक और अदालती कार्यवाही की कार्यकुशलता तक, जिस तरह कानूनी पेशेवर काम करते हैं, उनमें बदलाव लाने में कृत्रिम मेधा में विपुल संभावना है।

उन्होंने कहा कि कानूनी शोध के क्षेत्र में कृत्रिम मेधा पासा पलटने वाले के रूप में उभरी है तथा उसने कानूनी पेशेवरों को असाधारण कार्यकुशलता एवं सटीकता प्रदान कर उन्हें सशक्त बनाया है। प्रधान न्यायाधीश चंद्रचूड़ ने कहा कि चैटजीपैट के आने से यह चर्चा होने लगी है कि किसी मामले में निष्कर्ष पर पहुंचने में कृत्रिम मेधा पर भरोसा किया जाए या नहीं। उन्होंने कहा कि ये घटनाएं दर्शाती हैं कि हम अदालती निर्णय प्रक्रिया में कृत्रिम मेधा के इस्तेमाल के प्रश्न को टाल नहीं सकते। अदालती कार्यवाही समेत आधुनिक प्रक्रियाओं में एआई के इस्तेमाल से ऐसे नैतिक, कानूनी और व्यावहारिक विषय खड़े होते हैं जिनपर व्यापक परीक्षण की जरूरत है।





नई दिल्ली में भारत के सर्वोच्च न्यायालय में प्रौद्योगिकी और न्यायिक संवाद पर दो दिवसीय सम्मेलन को संबोधित करते भारत के प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ (बाएं) कार्यक्रम में मौजूद भारत के सर्वोच्च न्यायालय और अन्य अदालतों के न्यायाधीश।

# कोलकाता में भीषण आग, 50 झुग्गियां राख



कोलकाता, एजेंसी

कोलकाता के उत्तर-पश्चिमी हिस्से में दमदम रोड पर छाता कोल के पास मेला ग्राउंड में स्थित झुग्गी बस्ती में शनिवार को आग लगने से लगभग 50 झुग्गियां जल कर खाक हो गयीं।

दमदम निर्वाचन क्षेत्र के सांसद सौगत रॉय ने कहा कि किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है, लेकिन पास के पशुशाला में कई मवेशियों की जलकर मौत हो गई।पश्चिम बंगाल के अग्निशमन मंत्री सुजीत बोस ने कहा कि आग की बढ़ती लपटों पर काबू पाने के लिए दमकल की करीब 10 गाड़ियों को मौके पर भेजा गया। उन्होंने कहा कि संकीर्ण गाली और भीड़भाड़ वाला क्षेत्र होने के कारण अग्निशमन वाहनों को आग के स्रोत का पता लगाने में कठिनाई हुई। बोस ने कहा कि उनका पहला काम आग की लपटों पर काबू पाना और फिर संपत्ति के नुकसान का आकलन करना था। उन्होंने कहा कि सरकार इस मामले को देखेगी। माकपा नेता एवं दमदम उम्मीदवार सुजन चक्रवर्ती ने भी इलाके का दौरा किया और लोगों से बात की।

## राजद का वादा, एक करोड़ युवाओं को नौकरी

पटना, एजेंसी



- **राजद ने घोषणपत्र को परिवर्तन पत्र का दिया है नाम, जनता से किए 24 वादे**

बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं राष्ट्रीय जनता दल (राजद) नेता तेजस्वी यादव ने लोकसभा चुनाव के लिए शनिवार को पार्टी का घोषणापत्र जारी किया, जिसमें एक करोड़ युवाओं को सरकारी नौकरी और रक्षाबंधन पर गरीब परिवारों की बहनों को प्रति वर्ष एक लाख रुपये देने का वादा किया है। राजद ने घोषणपत्र को परिवर्तन पत्र नाम दिया है। राजद ने जनता से 24 वादे किए हैं।

यादव ने कहा कि हमने आज परिवर्तन पत्र जारी किया है, हम 2024 के चुनावों के लिए 24 वचन लेकर आए हैं। विपक्षी गुट इंडिया की सरकार बनने पर देश के एक करोड़ युवाओं को सरकारी नौकरी दी जाएगी । रक्षाबंधन के मौके पर गरीब परिवारों की बहनों को सालाना एक लाख रुपये देना शुरू करेंगे। पुरानी पेंशन योजना लागू करने और एलपीजी सिलेंडर 500 रुपये में देने का वादा किया। 30 लाख से अधिक सरकारी पद रिक्त हैं जिनको भरने के साथ-साथ 70 लाख पद सृजित किए जाएंगे। घोषणापत्र में बिहार को विशेष राज्य का दर्जा दिलाने, पांच वर्षों में बिहार में चौमुखी विकास के लिए एक लाख 60 हजार करोड़ की विशेष वित्तीय सहायता दिए जाने, देश भर में जातिगत गणना कराने, आरक्षण की सीमा बढाकर 75 प्रतिशत करने की बात कही गई है।

## शिअद ने जारी की 7 नामों की सूची

चंडीगढ़, एजेंसी

- **शिरोमणि अकाली दल ने पंजाब के चुनावी मैदान में उतारे उम्मीदवार**

शिरोमणि अकाली दल (शिअद) ने पंजाब के लिए शनिवार को सात उम्मीदवारों की अपनी पहली सूची जारी की। शिअद ने पार्टी के वरिष्ठ नेता प्रेम सिंह चंदूमाजरा को आनंदपुर साहिब से और दलजीत सिंह चीमा को गुरदासपुर से प्रत्याशी घोषित किया है। इसके अलावा शिअद ने पूर्व विधायक एन के शर्मा को पटियाला, पूर्व मंत्री अनिल जोशी को अमृतसर, बिक्रमजीत सिंह खालसा को फतेहगढ़ साहिब, राजविंदर सिंह को फरीदकोट और इकबाल सिंह झूंदा को संगरूर सीट से उम्मीदवार बनाया है।

शिअद के नेता दलजीत सिंह चीमा ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, शिरोमणि अकाली दल के अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल ने संसदीय चुनाव 2024 के लिए उम्मीदवारों के रूप में पार्टी के सात वरिष्ठ नेताओं की सूची की घोषणा की है। 'खालसा सृजन दिवस' के ऐतिहासिक एवं पवित्र अवसर को प्रत्याशियों की घोषणा के लिए सबसे उपयुक्त दिन के रूप में चुनते हुए, उन्होंने पहली सूची जारी की है। शिरोमणि अकाली दल 1996 के बाद पहली बार अपने दम पर अकेले लोकसभा चुनाव लड़ेगा। शिअद ने 1996 में भाजपा के साथ गठबंधन किया था। सुखबीर सिंह बादल के नेतृत्व वाली पार्टी ने अब निरस्त किए जा चुके कृषि कानूनों को लेकर 2020 में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन छोड़ दिया था।

## दिल्ली में बिजली, पानी और बस यात्रा सब्सिडी रहेगी जारी : सक्सेना

- **दिल्ली के उपराज्यपाल बोले- झूठे और भ्रामक बयानों को गंभीरता से न लें**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने दिल्ली के लोगों को आश्वस्त किया है कि गरीबों को मिलने वाली किसी भी तरह की सब्सिडी योजनाओं को बंद नहीं किया जाएगा। उन्होंने लोगों से निहित राजनीतिक स्वार्थ के चलते दिए जा रहे बयानों और अफवाहों पर ध्यान न देने के अपील की है।

राज निवास की ओर से जारी एक बयान में शनिवार को कहा गया है कि सक्सेना ने एक विशेष पार्टी के सदस्यों और सरकार के मंत्रियों द्वारा जानबूझकर दिए जा रहे झूठे और भ्रामक बयानों को गंभीरता से लेते हुए उन्हें पूरी तरह से खारिज किया है। इन बयानों में प्रचार किया जा रहा है कि, मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के जेल जाने के बाद दिल्ली सरकार की फ्री बिजली, पानी और महिलाओं के लिए फ्री बस यात्रा से संबंधित योजनाओं को बंद कर दिया जाएगा। केंद्र सरकार और उपराज्यपाल इन योजनाओं को रोक देंगे। सक्सेना ने आश्वस्त किया है कि गरीबों को लाभ मिलने वाली सब्सिडी योजनाओं को बंद नहीं किया जाएगा।

## भारत माता की जय बोलने की झिझक पर भाजपा ने उठाए सवाल

कलबुर्गी, एजेंसी

- **कर्नाटक के कांग्रेस विधायक लक्ष्मण सावदी के खड़गे की अनुमति के बिना भारत माता की जय न बोलने से गहराया राजनीतिक विवाद**

कर्नाटक के कांग्रेस विधायक लक्ष्मण सावदी द्वारा पार्टी प्रमुख मल्लिकार्जुन खड़गे की अनुमति के बिना 'भारत माता की जय' बोलने में झिझकने की घटना लोकसभा चुनाव से पहले राज्य में राजनीतिक विवाद का केंद्र बिंदु बन गई है। कर्नाटक भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष विजयेंद्र येदियुरप्पा के नेतृत्व में भाजपा ने इस घटना का फायदा उठाते हुए कांग्रेस की आलोचना की और खुद को देशभक्ति तथा राष्ट्रवाद के सच्चे चैंपियन के रूप में स्थापित करने की कोशिश की।

विजयेंद्र की टिप्पणियों ने भाजपा की इस कहानी पर प्रकाश डाला कि कांग्रेस में देशभक्ति के उत्साह की कमी है और वह राष्ट्रवादी भावनाओं को व्यक्त करने में अनिश्चित है। घटना को इस तरह से प्रस्तुत करके भाजपा ने राष्ट्रवादी आदर्शों के प्रति अपनी अटूट प्रतिबद्धता को कांग्रेस की दुविधा या झिझक के रूप में चित्रित करने की कोशिश की। इस घटना पर सार्वजनिक प्रतिक्रिया विशेषकर सोशल मीडिया पर जहां वीडियो वायरल हुआ, ने भी कई लोगों को प्रभावित किया, जिससे घटना का राजनीतिक महत्व और बढ़ गया। घटना के इर्द-गिर्द गहन जांच और बहस ने कर्नाटक में चुनावी चर्चा को आकार देने में देशभक्ति तथा राष्ट्रवाद के मुद्दों की भूमिका पर प्रकाश डाला।

विजयेंद्र ने आरोप लगाया कि भाजपा की तुलना में कांग्रेस में देशभक्ति और राष्ट्रवादी उत्साह की कमी है। उन्होंने निराशा व्यक्त की और भारत माता की जय बोलने में सावदी की झिझक को चित्रित किया। उन्होंने कांग्रेस को एक ऐसी पार्टी के रूप में चित्रित किया जो देशभक्ति की भावनाओं को व्यक्त करने में अनिश्चित या यहां तक कि झिझकती है। उन्होंने कहा कि यह जानना बहुत दुर्भाग्यपूर्ण और निराशाजनक है कि लक्ष्मण सावदी जैसे वरिष्ठ नेता अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के सामने कांग्रेस के मंच पर खुलेआम 'भारत माता की जय' का नारा लगाने से हिचकिचाते हैं।



### ऑरेंज कैप

| खिलाड़ी | मैच | रन |
|---|---|---|
| विराट कोहली (आरसीबी) | 06 | 319 |
| रियान पराग (राजस्थान) | 06 | 266 |
| संजू सैमसन (राजस्थान) | 06 | 264 |

### पर्पल कैप

| खिलाड़ी | मैच | विकेट |
|---|---|---|
| युजवेंद्र चहल (राजस्थान) | 06 | 11 |
| जसप्रीत बुमराह (मुंबई) | 05 | 10 |
| मुस्तफिजुर रहमान (चेन्नई) | 04 | 09 |

# घरेलू मैदान पर लखनऊ सुपर जायंट्स को हराने उतरेगी केकेआर

**कोलकाता, एजेंसी**

दो बार की चैम्पियन कोलकाता नाइट राइडर्स अपने गढ ईडन गार्डंस पर रविवार को आईपीएल के मैच में मयंक यादव के बिना उतर रही लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ उतरेगी तो उसका लक्ष्य जीत की राह पर लौटने का होगा। यह ईडन गार्डंस पर केकेआर का इस सत्र में पहला मैच है।

मेंटोर गौतम गंभीर को बखूबी पता है कि यहां होने वाले पांच मैच 2021 के बाद पहली बार प्लेआफ में जगह बनाने के लिये निर्णायक साबित हो सकते हैं। दोनों टीमों ने तीन तीन जीत दर्ज की है जबकि पिछले दौर में पराजय का सामना करके आई हैं। केकेआर को वेस्टइंडीज के आंद्रे रसेल और सुनील नारायण पर अत्यधिक निर्भरता का खामियाजा भुगतना पड़ रहा है जो चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ साबित होगा। चेन्नई ने पिछले मैच में उसे सात विकेट से हराया। नारायण (27) और रसेल (10) बल्ले से नाकाम रहे। इन दोनों के जबर्दस्त फॉर्म के चलते तीन मैचों में 200 पार का स्कोर बनाने वाली केकेआर चेन्नई के खिलाफ नौ विकेट पर 137 रन ही बना सकी। ऊंगली की चोट के कारण नीतिश राणा यह मैच भी नहीं खेल सकेंगे। केकेआर के कप्तान श्रेयस अय्यर प्रभावित नहीं कर सके हैं और चार मैचों में 0, नाबाद 39, 18 और 34 रन बनाये। वेंकटेश अय्यर तीन मैचों में दोहरे अंक तक नहीं पहुंच पाये और एकमात्र अर्धशतक रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के खिलाफ लगाया। सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ पहले मैच में वह तीसरे नंबर पर उतरे लेकिन पिछले दो मैचों में सातवें और पांचवें नंबर पर उतरे। रमनदीप सिंह ने भी प्रभावित नहीं किया। अंडर 19 विश्व कप 2022 विजेता अंगकृष रघुवंशी ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ 54 रन बनाये। वह अच्छी पारी खेलने को बेताब होंगे। मिचेल स्टार्क गेंदबाजी में नाकाम रहे हैं और उन्होंने पहले दो मैचों में 100 रन दे डाले। दूसरी ओर लखनऊ को तेज गेंदबाज मयंक यादव की कमी खलेगी जो बाजू की मांसपेशी में खिंचाव के कारण बाहर हैं। उनकी जगह खेल रहे अरशद खान दिल्ली के खिलाफ नाकाम रहे। मोहसिन खान भी अभी तक पूरी तरह से फिट नहीं हैं। क्विंटोन डिकॉक और केएल राहुल को बड़ी पारियां खेलनी होंगी। वहीं मार्कस स्टोइनिस और निकोलस पूरन से भी अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद होगी। उनके पास रवि बिश्नोई और कृणाल पंड्या जैसे उम्दा स्पिनर भी है।

**लखनऊ सुपर जायंट्स :** केएल राहुल (कप्तान), क्विंटन डिकॉक, निकोलस पूरन, आयुष बदोनी, काइल मेयर्स, मार्कस स्टोइनिस, दीपक हुडा, देवदत्त पडिक्कल, रवि बिश्नोई, नवीन-उल-हक, क्रुणाल पंड्या, युद्धवीर सिंह, प्रेरक मांकड़, यश ठाकुर, अमित मिश्रा, शमर जोसेफ, मयंक यादव, मोहसिन खान, के. गौतम, अर्शिन कुलकर्णी, एम. सिद्धार्थ, एश्टन टर्नर, मैट हेनरी, मोहम्मद अरशद खान। **कोलकाता नाइट राइडर्स :** श्रेयस अय्यर (कप्तान), केएस भरत, रहमानुल्लाह गुरबाज, रिंकू सिंह, अंगकृष रघुवंशी, शेरफेन रदरफोर्ड, मनीष पांडे, आंद्रे रसेल, नितीश राणा, वेंकटेश अय्यर, अनुकूल रॉय, रमनदीप सिंह, वरुण चक्रवर्ती, सुनील नारायण, वैभव अरोड़ा, चेतन सकारिया, हर्षित राणा, सुयश शर्मा, मिशेल स्टार्क, दुष्मंता चमीरा, साकि हुसैन और मुजीब उर रहमान। **मैच शाम 7.30 बजे शुरू होगा।**

## टी20 विश्वकप के आधिकारिक गान के लिए तैयार पॉल व केस

**दुबई।** ग्रैमी पुरस्कार विजेता सीन पॉल और सोका सुपरस्टार केस एक जून को शुरु होने वाले आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2024 के आधिकारिक गान के लिए तैयार हैं। वेस्टइंडीज और यूएसए में आयोजित टूर्नामेंट में फेंकी जाने वाली पहली गेंद से 50 दिन पहले आईसीसी ने आधिकारिक गान की घोषणा की है। आने वाले हफ्तों में यह गान लॉन्च के लिए तैयार होगा जिसका ट्रैक माइकल 'टैनो' मोंटानो ने बनाया है।

## खेल डायरी

### कैंडिडेट्स शतरंज में भारतीय दौड़ में बरकरार

**टोरंटो।** भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा और डी गुकेश कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट के आठवें दौर में जब अपने अभियान का फिर से आगाज करेंगे तो रूस के इयान नेपोम्नियाशिच को पीछे छोड़ने पर फोकस रहेगा। प्रज्ञानानंदा का सामना फ्रांस के फिरोजा अलीरजा से है जबकि गुकेश की टक्कर हमवतन विदित गुजराती से होगी। नेपोम्नियाशिच 4.5 अंक लेकर शीर्ष पर हैं जबकि उनसे आधा अंक पीछे प्रज्ञानानंदा, गुकेश और अमेरिका के फेबियानो कारूआना हैं। महिला वर्ग में भारतीय खिलाड़ी अपेक्षा के अनुरूप प्रदर्शन नहीं कर सकीं हैं।

### भाटिया और थीगाला ने कट में प्रवेश किया

**आगस्टा।** भारतीय मूल के अमेरिकी अक्षय भाटिया और साहित थीगाला ने तेज हवाओं के बीच अच्छा प्रदर्शन करते हुए 88वें आगस्टा मास्टर्स गोल्फ के दूसरे दिन कट में प्रवेश कर लिया। पिछले सप्ताह वालेरो टैक्सास ओपन जीतने वाले 22 वर्ष के भाटिया संयुक्त 30वें और थीगाला संयुक्त 35वें स्थान पर हैं। दुनिया के नंबर एक गोल्फर स्कॉटी शेफलेर ने तीन बर्डी और तीन बोगी लगाकर इवन पार 72 स्कोर किया। वह ब्रायसन डि चैम्ब्यू और मैक्स होमा के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर है। वहीं टाइगर वुड्स ने रिकॉर्ड लगातार 24वीं बार कट में प्रवेश किया। वह संयुक्त 22वें स्थान पर हैं।

### राधिका को रजत, शिवानी को कांस्य पदक मिला

**बिश्केक (किर्गिस्तान)।** एशियाई कुश्ती चैम्पियनशिप में भारतीय पहलवान राधिका ने शनिवार को महिलाओं की 68 किलो वर्ग में रजत पदक अपने नाम किया जबकि शिवानी पवार ने कांस्य पदक जीता। एशियाई चैम्पियनशिप में राधिका का यह दूसरा पदक है। पिछले साल अंडर 23 एशियाई चैम्पियनशिप में रजत पदक जीतने वाली राधिका 2022 सीनियर एशियाई चैम्पियनशिप में भी दूसरे स्थान पर रही थीं। उन्होंने कजाखस्तान की अलबीना के को पहले मुकाबले में तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर हराया।

### बिली जीन किंग कप: भारत न्यूजीलैंड से 1-2 से हारा

**चांगशा (चीन)।** अनुभवी टेनिस खिलाड़ी अंकिता रैना दूसरा एकल गंवाने के बाद अपनी जोड़ीदार प्रार्थना थोंबारे के साथ निर्णायक युगल मैच हार गईं। जिससे भारत शनिवार को यहां न्यूजीलैंड से 1-2 से पिछड़कर बिली जीन किंग कप के प्ले-ऑफ जगह बनाने के ऐतिहासिक मौके से चूक गया। भारत टूर्नामेंट में तीसरे स्थान पर रहकर एशिया/ओशिनिया ग्रुप एक में बना रहा। रुतुजा भोसले ने शुरुआती एकल में मोनिका बैरी पर 6-2, 7-6 से जीत दर्ज कर भारत को आगे कर दिया। अंकिता दूसरे एकल मुकाबले में दुनिया के 169 वीं रैंकिंग की खिलाड़ी लुलु सुन के खिलाफ एकतरफा मुकाबले में 2-6, 0-6 से हार गयी।

### मुक्केबाजी में अमित पंघाल भारतीय टीम में

**नयी दिल्ली।** विश्व चैम्पियनशिप रजत पदक विजेता अमित पंघाल ने बैंकाक में 25 मई से दो जून तक होने वाले आखिरी ओलंपिक क्वालीफाइंग टूर्नामेंट के लिये मुक्केबाजी टीम में वापसी की है। पिछले महीने इटली में ओलंपिक क्वालीफायर में खराब प्रदर्शन के बाद पांच मुक्केबाजों को दूसरे विश्व क्वालीफिकेशन टूर्नामेंट के लिये टीम में जगह नहीं मिली है। विश्व चैम्पियनशिप 2023 के कांस्य पदक विजेता दीपक भोरिया (51 किले) और मोहम्मद हुसामुद्दीन (57 किलो), छह बार के एशियाई चैम्पियनशिप विजेता शिवा थापा (63.5 किलो), मौजूदा राष्ट्रीय चैम्पियन लक्ष्य चाहर (80 किलो) और 2022 राष्ट्रमंडल खेल कांस्य पदक विजेता जे लम्बोरिया (60 किलो) को जगह नहीं मिली है।

### गौरव गिल ओटागो रैली के पहले दिन शीर्ष तीन में

**नयी दिल्ली।** भारत के सबसे तेज रैली ड्राइवर गौरव गिल न्यूजीलैंड में ओटागो रैली के शुरुआती दिन अच्छा प्रदर्शन करते हुए शीर्ष तीन में जगह बनाने में सफल रहे। जेके टायर के गिल और न्यूजीलैंड के उनके सह-चालक जेरेड हडसन तालिका में शीर्ष पर काबिज जैक हॉक्सवुड से 30 सेकंड जबकि दूसरे स्थान पर मौजूद रॉबी स्टोक्स से 11 सेकंड पीछे है। गिल और हडसन 2022 एपीआरसी चैंपियन और 10 बार के ओटागो रैली विजेता हेडन पैडन की 'हुंडई आई20 एन रैली2 मशीन' चला रहे थे। रैली के 16 चरण में से पहले दिन ड्राइवरों ने आठ विशेष चरणों से होकर गुजरना था। गिल पांचवें चरण में एक गलती कर बैठे जिससे उन्होंने 15 सेकंड गंवा दिया। एपीआरसी के तीन बार के चैंपियन गिल चौथे, सातवें और आठवें चरण को जीतकर खिताब की दौड़ में बने हुए है।

# राजस्थान के हेटमायर ने पंजाब से छीनी जीत

## पंजाब को एक गेंद शेष रहते तीन विकेट से हराया, राजस्थान रॉयल्स के आवेश और महाराज ने दो-दो विकेट झटके



शिमरोन हेटमायर

**मुल्लापुर, एजेंसी**

राजस्थान रॉयल्स ने इंडियन प्रीमियर लीग टी20 मैच में शनिवार को यहां पंजाब किंग्स को तीन विकेट से शिकस्त दी। पंजाब की पारी को आठ विकेट पर 147 रन पर रोकने के बाद राजस्थान ने एक गेंद शेष रहते सात विकेट गंवाकर लक्ष्य हासिल कर लिया। राजस्थान के लिए सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने सबसे ज्यादा 39 रन का योगदान दिया। शिमरोन हेटमायर ने आखिरी ओवरों में 10 गेंद में नाबाद 27 रन बनाकर टीम की जीत सुनिश्चित की। पंजाब के लिए कगिसो रबाडा और सैम करेन ने दो-दो विकेट लिये।

केशव महाराज की अगुवाई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से राजस्थान रॉयल्स ने इंडियन प्रीमियर लीग टी20 मैच में शनिवार को यहां पंजाब किंग्स को आठ विकेट पर 147 रन पर रोक दिया था। महाराज ने चार ओवर में 23 रन देकर दो विकेट लिये। उन्हें आवेश खान (दो विकेट), ट्रेंट बोल्ट (एक विकेट), युजवेंद्र चहल (एक विकेट) और कुलदीप सेन (एक विकेट) का अच्छा साथ मिला था। पंजाब की टीम 13वें ओवर में 70 रन पर पांचवां विकेट गंवा कर संघर्ष कर रही थी लेकिन आशुतोष शर्मा (31 रन), जितेश शर्मा (29 रन) और लियाम लिविंगस्टोन (21 रन) ने आखिरी ओवरों में तेजी से रन बनाकर टीम को चुनौती देने लायक स्कोर तक पहुंचाया। पंजाब को चोटिल कप्तान शिखर धवन की कमी खली। उनकी जगह टीम में आये अथर्व तायडे ने दूसरे ओवर में कुलदीप सेन का स्वागत लगातार दो चौके से कर आक्रामक तेवर दिखाये लेकिन चौथे ओवर में गेंदबाजी के लिए आये आवेश ने उनकी 12 गेंद में 15 रन की पारी को खत्म किया। पावरप्ले में पंजाब की टीम एक विकेट पर 38 रन ही बना सकी। सातवें ओवर में गेंदबाजी के लिए आये चहल ने प्रभसिमरन सिंह (10 रन) को चलता किया तो अगले ओवर में महाराज ने जॉनी बेयरस्टो (15) का शिकार किया। धवन की जगह टीम की कमान संभाल रहे सैम करेन भी बल्ले से कुछ कमाल नहीं कर सके। वह महाराज का दूसरा शिकार बने। शानदार लय में चल रहे शशांक सिंह और लय तलाश रहे जितेश शर्मा ने 12वें ओवर में महाराज के खिलाफ एक-एक चौके लगाकर रन गति तेज करने की कोशिश की। शशांका हालांकि नौ रन बनाकर सेन की गेंद पर ध्रुव जुरेल को कैच देकर पवेलियन लौट गये। जितेश ने 15वें ओवर में चहल के खिलाफ छक्का जड़ा जबकि अगले ओवर में उन्होंने सेन के खिलाफ गेंद को दर्शकों के पास पहुंचाया। इसी ओवर का अंत लिविंगस्टोन ने चौका और छक्का से किया। आवेश के खिलाफ 17वें ओवर में बड़ा शॉट खेलने की कोशिश में जितेश रियान पराग को कैच थमा बैठे। इंपैक्ट प्लेयर के तौर पर क्रीज पर आये आशुतोष ने चहल के खिलाफ शानदार छक्का लगाया लेकिन अगली गेंद पर संजू सैमसन के शानदार प्रयास से लिविंगस्टोन रन आउट हो गये। आशुतोष को आवेश की गेंद पर 19वें ओवर में जीवनदान मिला।

### अंकतालिका

| टीम | मैच | जीत | हार | अंक | रनरेट |
|---|---|---|---|---|---|
| राजस्थान | 6 | 5 | 1 | 10 | +0.767 |
| कोलकाता | 4 | 3 | 1 | 6 | +1.528 |
| चेन्नई | 5 | 3 | 2 | 6 | +0.666 |
| लखनऊ | 5 | 3 | 2 | 6 | +0.436 |
| हैदराबाद | 5 | 3 | 2 | 6 | +0.344 |
| गुजरात | 6 | 3 | 3 | 6 | -0.637 |
| मुंबई | 5 | 2 | 3 | 4 | -0.073 |
| पंजाब | 6 | 2 | 4 | 4 | -0.218 |
| दिल्ली | 6 | 2 | 4 | 4 | -0.975 |
| बेंगलुरु | 6 | 1 | 5 | 2 | -1.124 |

### पंजाब 147/8
20 ओवर, अतिरिक्त : 10

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| अथर्व तायडे का सेन बो आवेश | 15 | 12 | 2/0 |
| जॉनी बेयरस्टो का हेटमायर बो महाराज | 15 | 19 | 1/0 |
| प्रभसिमरन सिंह का जुरेल बो चहल | 10 | 14 | 1/0 |
| सैम करेन का जुरेल बो महाराज | 06 | 10 | 0/0 |
| जितेश शर्मा का पराग बो आवेश | 29 | 24 | 1/2 |
| शशांक सिंह का जुरेल बो सेन | 09 | 09 | 1/0 |
| लिविंगस्टोन रन आउट (कोटियान/सैमसन) | 21 | 14 | 2/1 |
| आशुतोष शर्मा का महाराज बो बोल्ट | 31 | 16 | 1/3 |
| हरप्रीत बराड़ नाबाद | 03 | 03 | 0/0 |

**गेंदबाजी :** ट्रेंट बोल्ट 4-0-22-1, कुलदीप सेन 4-0-35-1, आवेश खान 4-0-34-2, युजवेंद्र चहल 4-0-31-1, केशव महाराज 4-0-23-2

### राजस्थान 152/7
19.5 ओवर, अतिरिक्त : 3

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| यशस्वी जायसवाल का हर्षल बो रबाडा | 39 | 28 | 4/0 |
| तनुष कोटियान बो लिविंगस्टोन | 24 | 31 | 3/0 |
| संजू सैमसन पगबाधा रबाडा | 18 | 14 | 1/1 |
| रियान पराग का रबाडा बो अर्शदीप | 23 | 18 | 1/1 |
| ध्रुव जुरेल का शशांक बो हर्षल | 06 | 11 | 0/0 |
| शिमरोन हेटमायर नाबाद | 27 | 10 | 1/3 |
| रोवमैन पोवेल का जितेश बो करेन | 11 | 05 | 2/0 |
| केशव महाराज का लिविंगस्टोन बो करेन | 01 | 02 | 0/0 |
| ट्रेंट बोल्ट नाबाद | 00 | 00 | 0/0 |

**गेंदबाजी :** अर्शदीप 3.5-0-45-1, रबाडा 4-0-18-2, करेन 4-0-25-2, लिविंगस्टोन 3-0-21-1, हर्षल 2-0-21-1, बराड 3-0-22-0

# चेन्नई और मुंबई के मुकाबले में नजरें धोनी पर

**मुंबई, एजेंसी**

गत चैम्पियन चेन्नई सुपर किंग्स और मेजबान मुंबई इंडियंस इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में रविवार को आमने सामने होंगी तो नजरें महेंद्र सिंह धोनी पर रहेंगी जिनका वानखेड़े स्टेडियम पर संभवतः यह आखिरी मैच होगा। चेन्नई सुपर किंग्स पहली बार मुंबई में धोनी की कप्तानी के बिना खेलेगी।

नवंबर 2005 के बाद किसी भी टीम के साथ सिर्फ एक खिलाड़ी के तौर पर वह यहां पहली बार खेलेंगे। 42 वर्ष की उम्र में भी विकेट के पीछे धोनी कमाल का प्रदर्शन कर रहे हैं और खेल की उनकी समझ का कोई सानी नहीं। चेन्नई को उम्मीद है कि बाहरी मैदान पर इस सत्र में खराब रिकॉर्ड सुधारने में धोनी का रणनीतिक कौशल काम आयेगा। मुंबई के खिलाफ पिछले पांच मैचों में चेन्नई ने चार जीते हैं। पांच पांच बार आईपीएल खिताब जीत चुकी टूर्नामेंट की दो सबसे कामयाब टीमों के कप्तान इस बार बदले हैं। मुंबई ने रोहित शर्मा की जगह हार्दिक पंड्या को कप्तान बनाया जबकि चेन्नई की कमान धोनी ने रूतुराज गायकवाड़ को दी। इसके बावजूद दोनों टीमों की मैदानी प्रतिद्वंद्विता जस की तस रहने की उम्मीद है। दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ शानदार प्रदर्शन करने के बाद रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के खिलाफ 200 के करीब का लक्ष्य हासिल करने वाले मुंबई के बल्लेबाजों को रोकना चेन्नई के गेंदबाजों के लिये कठिन चुनौती होगा। खराब शुरूआत के बाद पंड्या की मुंबई इंडियंस ने वापसी की है। पिछले दो मैचों में उसके बल्लेबाजों का प्रदर्शन शानदार रहा है। सूर्यकुमार यादव ने आरसीबी के खिलाफ 17 गेंद में अर्धशतक जड़ डाला। चेन्नई के गेंदबाजों ने चेपॉक की धीमी पिच पर अच्छा प्रदर्शन किया है लेकिन सपाट और बल्लेबाजों की मददगार पिचों पर अभी तक उनकी परीक्षा नहीं हुई है। ईशान किशन और रोहित शर्मा की शुरूआती साझेदारी मुंबई के लिये अहम रहेगी। दूसरी ओर चेन्नई को कप्तान गायकवाड़, रचिन रविंद्र, डेरिल मिचेल, शिवम दुबे, रविंद्र जडेजा और धोनी से अच्छी पारियों की उम्मीद होगी।

**मुंबई इंडियंस :** हार्दिक पंड्या (कप्तान), रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव, डेवाल्ड ब्रेविस, जसप्रीत बुमराह, पीयूष चावला, जेराल्ड कोएत्ज़ी, टिम डेविड, श्रेयस गोपाल, ईशान किशन (विकेटकीपर), अंशुल कंबोज, कुमार कार्तिकेय, आकाश मधवाल, क्वेना मफाका, मोहम्मद नबी, शम्स मुलानी, नमन धीर, शिवालिक शर्मा, रोमारियो शेफर्ड, अर्जुन तेंदुलकर, नुवान तुषारा, तिलक वर्मा, विष्णु विनोद, नेहल वढेरा, ल्यूक वुड। **चेन्नई सुपरकिंग्स :** महेंद्र सिंह धोनी, अरावेली अवनीश, डेवोन कॉनवे, रुतुराज गायकवाड़ (कप्तान), अजिंक्य रहाणे, शेख रशीद, मोईन अली, शिवम दुबे, आरएस हंगरगेकर, रविंद्र जडेजा, अजय जादव मंडल, डेरिल मिशेल, रचिन रवींद्र, मिचेल सेंटनर, निशांत सिंधू, दीपक चाहर, तुषार देशपांडे, मुकेश चौधरी, मुस्तफिजुर रहमान, मथीसा पथिराना, सिमरजीत सिंह, प्रशांत सोलंकी, शारदुल ठाकुर, महेश तीक्षणा और समीर रिज्वी।

# ऑस्ट्रेलिया से पांचवां टेस्ट भी हारा भारत, सूपड़ा साफ

**पर्थ, एजेंसी**

भारतीय पुरुष हॉकी टीम को पांचवें और आखिरी टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया ने 3-2 से हराकर पांच मैचों की श्रृंखला 5-0 से जीत ली। पिछले चार मैचों में भारत को 1-5, 2-4, 1-2, 1-3 से पराजय का सामना करना पड़ा था। पेरिस ओलंपिक की तैयारी के लिये यह दौरा काफी महत्वपूर्ण था।

भारत के कप्तान हरमनप्रीत सिंह (चौथा मिनट) और बॉबी सिंह धामी (53वां मिनट) ने गोल दागे। आस्ट्रेलिया के जेरेमी हैवर्ड (20वां), के विलोट (38वां) और टिम ब्रांड (39वां) ने गोल किये। भारत ने आक्रामक शुरूआत की। जुगराज सिंह ने आस्ट्रेलियाई हाफ में जरमनप्रीत सिंह को गेंद सौंपी लेकिन वह उसे पकड़ नहीं पाये। भारत को चौथे मिनट में हरमनप्रीत ने पेनल्टी कॉर्नर पर गोल करके कामयाबी दिलाई। हरमनप्रीत का यह श्रृंखला में तीसरा गोल था। ऑस्ट्रेलिया ने 20वें मिनट में हैवर्ड के गोल के दम पर बराबरी की। भारत के रिजर्व गोलकीपर सूरज करकेरा ने नाथन ई के शॉट पर मुस्तैदी से गोल बचाया। हाफटाइम के बाद ऑस्ट्रेलिया को पेनल्टी कॉर्नर मिला लेकिन सूरज करकेरा ने गोल बचाया। 37वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर पर हरमनप्रीत का निशाना चूक गया।

## बॉलीवुड हलचल

# परिणीति ने अमर सिंह चमकीला के लिए 15 किलो वजन बढ़ाया



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेत्री परिणीति चोपड़ा ने फिल्म ''अमर सिंह चमकीला'' के लिये 15 किलो वजन बढ़ाया था। बॉलीवुड फिल्मकार इम्तियाज अली की फिल्म अमर सिंह चमकीला में दिलजीत दोसांझ और परिणीति चोपड़ा अहम भूमिका में हैं। ''अमर सिंह चमकीला'' पंजाब के रॉकस्टार कहे जाने वाले अमर सिंह चमकीला पर आधारित है। इस फिल्म में दिलजीत दोसांझ, अमर सिंह की भूमिका में हैं, जबकि परिणीति अमर सिंह की पत्नी अमरजोत कौर बनी हैं। फिल्म 'अमर सिंह चमकीला' शुक्रवार को नेटफिलक्स पर रिलीज हो चुकी है। परिणीति चोपड़ा ने इस फिल्म के लिये 15 किलोग्राम वजन बढ़ाया था। परिणीति चोपड़ा ने बताया, किसी भी फिल्म या बायोपिक में अपने जैसा दिखने को कोई मतलब नहीं और इसलिए मैंने तुरंत अमरजोत के किरदार में ढलने की कोशिश की और इसके लिए इम्तियाज ने मुझे खूब परांठे भी खिलाए। इस फिल्म में मैं बिल्कुल अमरजोत कौर के जैसा दिखना चाहती थी और इसलिए मैंने 15 किलो वजन बढ़ाया। इम्तियाज के साथ इस फिल्म की शूटिंग में मुझे जितना मजा आया, मुझे नहीं लगता कि मुझे किसी और फिल्म में इतना मजा आएगा। ये बहुत अच्छा अनुभव था। गौरतलब है कि 08 मार्च, 1988 को अमर सिंह चमकीला और अमरजोत कौर अपने बैंड के साथ जालंधर से महसामपुर में लाइव परफॉर्मेंस के लिए गए थे। वह गाड़ी से निकलकर स्टेज पर जा रहे थे कि तभी कुछ बाइक सवारों ने दोनों की गोली मारकर हत्या कर दी।

# एकता कपूर की फिल्म एलएसडी 2 का ट्रेलर रिलीज

**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड फिल्मकार एकता कपूर की आने वाली फिल्म ''एलएसडी 2 का ट्रेलर रिलीज हो गया है। दिबाकर बनर्जी के निर्देशन में बनी फिल्म लव सेक्स और धोखा (एलएसडी) वर्ष 2010 में प्रदर्शित हुयी थी। राजकुमार राव की यह बतौर अभिनेता डेब्यू फिल्म थी। इस फिल्म में नुसरत भरूचा ने भी अहम भूमिका निभायी थी। फिल्म की कहानी ऑनर किलिंग, एमएमएस स्कैंडल और कास्टिंग काउच पर आधारित थी। एकता कपूर 14 साल बाद अपनी फिल्म एलएसएडी का सीक्वल एलएसडी 2 ला रही हैं। एलएसडी 2 में उर्फी जावेद, बोनिता राजपुरोहित और पारितोष तिवारी जैसे कलाकार अहम भूमिका निभाते नजर आ रहे हैं। फिल्म का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है। ट्रेलर की शुरुआत "मैं कैमरे में उस नूर को देख रही हूं जो साड़ी पहनकर राष्ट्रपति से बेस्ट एक्ट्रेस का अवॉर्ड ले रही है।" डायलॉग से शुरू होती है। फिर दिखाया गया कि कैसे व्यूज के लिए लोग आपस में झगड़ते हैं। व्यूज के लिए एक बेटा अपनी मां को ही जोरदार थप्पड़ मार देता है। ट्रेलर में व्यूज के लिए यंग जेनरेशन के बीच पागलपन और ट्रांसजेंडर्स के साथ यौन हिंसा जैसे मुद्दों की झलक दिखाई गई है। एलएसडी 2 19 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।



# ऋतिक और जूनियर एनटीआर की फिल्म में होगा जबरदस्त एयरक्राफ्ट सीक्वेंस

**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेता ऋतिक रौशन और जूनियर एनटीआर की आने वाली फिल्म वॉर 2 में जबरदस्त एयरक्राफ्ट सीक्वेंस फिल्माया जायेगा। ऋतिक रौशन इन दिनों वर्ष 2019 में प्रदर्शित अपनी सुपरहिट फिल्म वॉर के सीक्वल वॉर 2 में काम कर रहे हैं। इस फिल्म में जूनियर एनटीआर खलनायक की भूमिका में हैं। फिल्म वॉर 2 में दिखाया जाएगा कि जासूस कबीर धालीवाल (ऋतिक) को एक और मिशन पर भेजा जाता है। यशराज बैनर तले अयान मुखर्जी के निर्देशन में बन रही वॉर 2 में जबरदस्त एयरक्राफ्ट सीक्वेंस फिल्माया जायेगा। बताया जाता है कि निर्माता आदित्य चोपड़ा और निर्देशक अयान मुखर्जी ने दक्षिण अफ्रीकी एक्शन निर्देशक फ्रांज स्पिलहास के साथ मिलकर इस सीक्वेंस की परिकल्पना की है, जो एक निजी जेट में सेट किया गया है।



स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक राज सागर द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0591-3551286 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar.moradabad@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

# आतंक के खात्मे को कोई नियम-कानून नहीं

**पुणे, एजेंसी**

- जयशंकर ने आतंकवाद को लेकर पाकिस्तान को घेरा, कहा- जवाब देने के लिए प्रतिबद्ध भारत



विदेश मंत्री एस जयशंकर ने एक बार फिर पाकिस्तान को आतंकवाद को लेकर घेरा है। जयशंकर ने कहा कि अगर भारत पर सीमा पार से आतंकी हमला होगा तो उसका जवाब देने के लिए हमारा देश प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि आतंकवादी नियमों के अनुसार नहीं चलते, इसलिए हमारे लिए भी उनका जवाब देने के लिए कोई नियम नहीं हो सकता।

जयशंकर ने 2008 में 26/11 के मुंबई आतंकवादी हमलों पर बोलते हुए कांग्रेस की तत्कालीन यूपीए सरकार पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि सरकारी स्तर पर बहुत विचार-विमर्श के बाद भी उस समय कुछ भी सार्थक परिणाम नहीं निकला। युवाओं के लिए अवसर और वैश्विक परिदृश्य में भागीदारी' नामक एक कार्यक्रम में युवाओं के साथ बातचीत करते हुए जयशंकर ने कहा कि अगर अब इसी तरह का हमला होता है और कोई उस पर प्रतिक्रिया नहीं करता है, तो आगे ऐसे हमलों को कैसे रोका जा सकता है। जयशंकर ने यह भी कहा कि 2014 के बाद से देश की विदेश नीति में बदलाव आया है और आतंकवाद से निपटने का यही तरीका है। उन देशों के बारे में पूछे जाने पर जिनके साथ भारत को संबंध बनाए रखना चुनौतीपूर्ण लगता है, जयशंकर ने कहा कि भारत को सवाल करना चाहिए कि क्या उसे कुछ देशों के साथ संबंध बनाए रखना चाहिए।

जयशंकर ने उत्तर देते हुए कहा कि एक देश तो हमारे बगल में ही है और ईमानदारी से कहूं तो पाकिस्तान के साथ रिश्ता रखने के लिए हमें केवल आत्मनिरीक्षण करना होगा। उन्होंने कहा कि अगर भारत शुरू से ही स्पष्ट होता कि पाकिस्तान आतंकवाद में लिप्त है, जिसे भारत को किसी भी परिस्थिति में बर्दाश्त नहीं करना चाहिए, तो देश की नीति बहुत अलग होती।

## वैसाखी उत्सव को सिख तीर्थयात्रियों का जत्था पाक रवाना

**अमृतसर।** भारत के करीब 2400 सिख तीर्थ यात्री वैशाखी के अवसर पर शनिवार को पाकिस्तान पहुंचे हैं। पाकिस्तानी पंजाब के पहले सिख मंत्री सरदार रामश सिंह अरोरा, इवैक्यू ट्रस्ट प्रॉपर्टी बोर्ड (ईटीपीबी) के अतिरिक्त सचिव राणा शाहिद और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने वाघा बॉर्डर पर भारतीय तीर्थयात्रियों का स्वागत किया। ईटीपीबी प्रवक्ता अमीर हाशमी ने बताया कि गुरुद्वारा पुंजा साहिब में आयोजित वैसाखी उत्सव में शामिल होने के लिए भारतीय यहां आए हैं। उन्हें पुलिस और पाकिस्तानी रेंजर्स द्वारा सुरक्षा प्रदान की गई है। उन्होंने कहा कि नई दिल्ली स्थित पाकिस्तान उच्चायोग ने तीर्थयात्रियों को 2,975 वीजा जारी किए थे लेकिन यहां सिर्फ 2400 यात्री ही आए हैं।

# एनपीएस में मिलेगा पीपीएफ के मुकाबले ज्यादा टैक्स फायदा

*जो लोग सरकारी सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के दायरे में नहीं आते, उनके लिए पब्लिक प्रोविडेंट फंड (पीपीएफ) और नेशनल पेंशन स्कीम (एनपीएस) खुशहाल रिटायरमेंट के अच्छे विकल्प हैं। लेकिन, टैक्स बेनिफिट के मामले में एनपीएस बेहतर है। नेशनल पेंशन सिस्टम में सरकारी कर्मचारी और सामान्य नागरिक दोनों निवेश कर सकते हैं। यहां 18 से 60 साल तक की उम्र के लोग निवेश कर सकते हैं। देश के करीब सभी सरकारी और निजी बैंकों में जाकर इस योजना के तहत खाता खुलवाया जा सकता है। जानते हैं कैसे...*




- एनपीएस बनाम पीपीएफ पीपीएफ सरकार समर्थित इन्वेस्टमेंट स्कीम है। ये गारंटीड रिटर्न देती है। एनपीएस पीएफआरडीए द्वारा रेगुलेटेड मार्केट लिंक्ड इन्वेस्टमेंट प्लान है। इसमें बाजार से जुड़ी एसेट्स के डाइवर्सिफाई पोर्टफोलियो से ऊंचा रिटर्न देने की क्षमता होती है।

### पीपीएफ की 7.1 फीसदी है ब्याज दर




- पीपीएफ के बेनिफिट्स 15 साल के लॉक-इन पीरियड और गारंटीड ब्याज दरों के साथ, पीपीएफ एक विश्वसनीय सेविंग स्कीम है। जोखिम से बचने वाले लोग अक्सर पीपीएफ में निवेश करते हैं। अभी इसकी ब्याज दर 7.1 फीसदी है।
- एनपीएस के बेनिफिट्स इस मार्केट लिंक्ड रिटायमेंट स्कीम में इक्विटी और डेट, दोनों के लाभ मिलते हैं। एनपीएस के लिए न्यूनतम योगदान टियर-1 में 500 रुपए और टियर-2 खातों में 1,000 रुपए तय है। निवेश की अधिकतम निवेश सीमा तय नहीं है। 18 से 60 वर्ष की उम्र तक इसमें खाता खोला जा सकता है।

### दोनों में क्या हैं टैक्स लाभ

दोनों निवेश योजनाएं आयकर कानून की धारा 80सी के तहत कटौती लाभ के लिए योग्य हैं। हालांकि, टैक्स बचत के मामले में एनपीएस, पीपीएफ से ज्यादा फायदेमंद है। इसकी सबसे बड़ी वजह ये है कि इसमें धारा 80सी के तहत 1.5 लाख रुपए से अधिक की कटौती के अलावा धारा 80 सीसीडी (1बी) के तहत भी 50 हजार रुपए तक अतिरिक्त छूट मिल सकती है।

- रिटायरमेंट के बाद भी आपको नियमित आमदनी होती रहे, इसके लिए रिटायरमेंट प्लानिंग बहुत जरूरी है। अलग-अलग जगह निवेश कर आप अपने भविष्य को सुरक्षित कर सकते हैं। रिटायरमेंट प्लानिंग के लिहाज से निवेश का एक अच्छा ऑप्शन नेशनल पेंशन स्कीम भी है।
- पब्लिक प्रोविडेंट फंड यानी पीपीएफ के शानदार रिटर्न और टैक्स छूट के चलते यह हर किसी का फेवरेट बनता जा रहा है। इसके तहत जो प्रिंसिपल अमाउंट निवेश किया जाता है, उस पर 80सी के तहत टैक्स नहीं लगता है। वहीं इस पर जो ब्याज मिलता है वह भी सेक्शन 10 के तहत टैक्स के दायरे से बाहर रहता है।

## एक नजर

### लिव-इन में रह रहे प्रेमी जोड़े ने सातवीं मंजिल से कूदकर दी जान

**चंडीगढ़।** हरियाणा के झज्जर जिले में लिव-इन रिलेशन में रह रहे एक प्रेमी जोड़े ने अपार्टमेंट की सातवीं मंजिल से कूद कर आत्महत्या कर ली। दोनों मृतक यूट्यूब पर चैनल चलाते थे। जानकारी के अनुसार, दोनों में झगड़ा हुआ जिसके बाद उन्होंने यह खौफनाक कदम उठाया। मृतकों की पहचान गर्वित (25) और नंदिनी (22) के रूप में हुई है। दोनों देहरादून के रहने वाले थे, बहादुरगढ़ के रुहिल में किराए पर रहते थे। पुलिस ने दोनों के शवों को कब्जे में लेकर शिविल अस्पताल में रखवा दिया है, जहां उनका पोस्टमॉर्टम करवाया जाएगा। बता दें कि हाल ही में मृतक देहरादून उत्तराखंड से अपनी टीम के साथ फेसबुक पर शॉर्ट फिल्म बनाकर लौटे थे। जिसके बाद टीम रुहिल रेजीडेंसी में रुकी हुई थी। फिलहाल पुलिस टीम जांच में जुटी है।

### आज नौसेना के जवान होंगे वीरता पुरस्कार से सम्मानित

**नई दिल्ली।** नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार रविवार को वीरता, नेतृत्व, पेशेवर उपलब्धि और उच्च कोटि की विशिष्ट सेवा का प्रदर्शन करने वाले नौसेना कर्मियों को वीरता और विशिष्ट सेवा पुरस्कार प्रदान करेंगे। एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि रविवार को गोवा के आईएनएस हंसा में आयोजित नौसेना अलंकरण समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ओर से पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। सीएनएस उड़ान सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए कैप्टन रवि धीर मेमोरियल गोल्ड मेडल और हथियार सुधार और इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग के क्षेत्र में अग्रणी अनुसंधान के लिए लेफ्टिनेंट वीके जैन मेमोरियल गोल्ड मेडल भी प्रदान करेगा।

### भूकंप से दहली चीन की धरती, 5.7 की तीव्रता से लगे झटके

**बीजिंग।** चीन में भूकंप के तेज झटके लगे है। पड़ोसी मुल्क के जिजांग प्रांत में ये झटके महसूस किए गए हैं। जर्मन रिसर्च सेंटर फॉर जियोसाइंसेज (जीएफजेड) ने बताया है कि, चीन में आए भूकंप के इन झटकों की तीव्रता 5.7 आंकी गई है। एजेंसी ने कहा कि भूकंप 10 किमी (6.2 मील) की गहराई पर था। भूकंप से फिलहाल किसी जानमाल के नुकसान की सूचना नहीं है।

### पाकिस्तान में बारूदी सुरंग में धमाका, तीन बच्चों की दर्दनाक मौत

**पेशावर।** पाकिस्तान के अशांत प्रांत खैबर पख्तूनख्वा में एक बार फिर बारूदी सुरंग विस्फोट हुआ है। इस हादसे में तीन बच्चों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि हादसे में एक घायल हो गया। पुलिस के मुताबिक, यह घटना आदिवासी दक्षिण वजीरिस्तान जिले के वाना शहर में उस समय हुई, जब बच्चे मंडोकाई इलाके में वॉलीबॉल मैच देखने जा रहे थे। इस दौरान उनमें से एक बच्चे का पैर बारूदी सुरंग पर पड़ गया, जिसके कारण यह धमाका हुआ। उन्होंने बताया कि इस हादसे में तीन बच्चों की मौके पर ही मौत हो गई।

# इजराइल पर हमले की ताक में ईरान अमेरिका ने तीन देशों से मांगी मदद

## ईरान से टकराव टालने में जुटा अमेरिका, पश्चिम एशिया में बढ़ा तनाव

**वाशिंगटन, एजेंसी**

अमरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने इजराइल को अलर्ट करते हुए कहा कि वह जल्द ही ईरान की तरफ से हमले की उम्मीद कर रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, अगले 24 घंटों के भीतर ईरान की तरफ से यहूदी धरती पर ड्रोन और मिसाइल से हमले होने की संभावना है। ईरान के पास अपनी सीमाओं से दो हजार किमी दूर तक अपने लक्ष्य पर हमला करने वाले बैलेस्टिक और क्रूज मिसाइलें हैं।

नेतन्याहू ने ईरान के हमले की आशंका के बाद शुक्रवार देर रात सुरक्षा की समीक्षा के लिए वॉर कैबिनेट और रक्षा प्रमुखों साथ बैठक की। उधर, ईरान समर्थित हिजबुल्ला गुट ने लेबनान से देर रात इजराइल में रॉकेट 2 और ड्रोन से विस्फोटक दागे। इजराइली सेना का दावा है कि उसके एयर डिफेंस सिस्टम ने न 40 से रॉकेट और दो ड्रोन को मार गिराया। बता दें, इजराइल को बचाने के लिए अमेरिका ने मदद भेज दी है। भूमध्य सागर में अमेरिका ने अपनी नौसैनिक विध्वंसक पोत को तैनात किया है।

एक यूएसएस कार्नें भी है, जिसे लाल सागर में हूती ड्रोन और जहाज रोधी मिसाइलों को रोकने के लिए तैनात किया गया था। अमेरिका ने क्षेत्र में युद्ध को रोकने के लिए अपने राजनायिक प्रयासों को भी दोगुना कर दिया है। अमेरिका स्विस चैनलों के माध्यम से लगातार ईरान को संदेश भेज रहा है। बाइडन ने अमेरिका सेंट्रल कमांड के अधिकारी जनरल माइकल कुरिला को वार्ता के लिए इजराइल भेजा है।

### अमेरिका के शीर्ष कमांडर एरिक इजराइल पहुंचे



इससे पहले, अमेरिका ने हाई अलर्ट जारी किया। अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी न ब्लिंकन ने सऊदी अरब, तुर्की, चीन और न यूरोपीय देशों के अपने समकक्षों से ईरान को ई इजराइल पर हमला रोकने में मदद मांगी है। ने अमेरिका, रूस समेत 5 देशों ने अपने न नागरिकों को सलाह दी है कि वे इजराइल और मिडिल ईस्ट न जाएं। अमेरिकी दूतावास के कर्मचारियों से कहा है कि वे तेल अवीव, - यरूशलम और बेर्शेबा से बाहर यात्रा न करें। मिडिल ईस्ट में एक और जंग छिड़ने के आभास के बीच अमेरिका के सेंट्रल कमांड के जनरल माइकल कुरिला गुरुवार को इजराइल पहुंच गए है। रिपोर्ट के मुताबिक वो ईरानी हमले की स्थिति में इजराइल को गाइड करेंगे। उन्होंने इजराइल के रक्षा मंत्री योव गैलेंट और इजराइल डिफेंस फोर्स के अधिकारियों से मुलाकात की। अमेरिका ने कहा है कि वह इजराइल का साथ जरूर देगा।

### इजराइल-ईरान विवाद से विश्व युद्ध छिड़ने का खतराः डोनाल्ड ट्रंप



**वाशिंगटन।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि इजराइल और ईरान के बीच बढ़ते तनाव से विश्व युद्ध होने का खतरा है। ट्रंप ने शुक्रवार को कहा, इजराइल के साथ जो चल रहा है उसका अंत विश्व युद्ध के रूप में हो सकता है। ट्रंप ने कहा कि के लिए वर्तमान समय और पांच नवंबर को होने वाले अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव के बीच बहुत कुछ हो सकता है, विशेष रूप से अक्षम अमेरिकी नेताओं के नेतृत्व में। ट्रंप ने कहा- इस पर वैश्विक नेताओं से बातचीत की है लेकिन उन्होंने कोई विवरण देने से इनकार कर दिया।

# देश में कानून का राज बहाल करना उद्देश्य: पीटीआई

**इस्लामाबाद, एजेंसी**



पाकिस्तान की छह विपक्षी पार्टियों ने शहबाज शरीफ सरकार के विरुद्ध शनिवार से अपना आंदोलन शुरू कर दिया। बलूचिस्तान नेशनल पार्टी-मेंगल के प्रमुख सरदार अख्तर मेंगल की अध्यक्षता में शुक्रवार देर रात शुरू बैठक शनिवार सवेरे समाप्त हुई।

पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के महासचिव उमर अयूब खान ने घोषणा की कि छह पार्टियों ने तहरीक तहाफुज आईन-ए-पाकिस्तान (टीटीएपी) के नाम से गठबंधन बनाकर संविधान की रक्षा के लिए आंदोलन चलाने का निर्णय लिया है। पश्तूनख्वा मिल्ली आवामी पार्टी के चेयरमैन महमूद खान अचकजाई को गठबंधन का अध्यक्ष चुना गया है। उमर अयूब ने कहा कि आंदोलन का उद्देश्य देश में कानून का राज बहाल करना है और बलूचिस्तान के पिशिन क्षेत्र में शनिवार को आम सभा से आंदोलन शुरू हो जाएगा। पीटीआई प्रवक्ता ने कहा कि आठ फरवरी को हुए चुनाव में व्यापक गड़बड़ी कर बनी सरकार के विरुद्ध आंदोलन छेड़ा जा रहा है। महमूद अचकजाई ने कहा कि गठबंधन सेना के विरुद्ध नहीं है, लेकिन वे लोग सेना की राजनीतिक भूमिका का विरोध करते हैं। संविधान एक सामाजिक करार है जिसे बचाने के लिए हम शनिवार से आम सभा शुरू करने जा रहे हैं। गठबंधन के अध्यक्ष ने नौकरशाह एवं सेना के अधिकारियों के सेवा विस्तार का भी विरोध किया।

# अनुकूल माहौल में वार्ता करें भारत-पाकिस्तान



**श्रीनगर, एजेंसी।** नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता उमर अब्दुल्ला ने शनिवार को कहा कि भारत और पाकिस्तान दोनों को वार्ता फिर से शुरू करने के लिए अनुकूल माहौल बनाना चाहिए। जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री अब्दुल्ला ने उन लोगों की आलोचना की, जो कहते हैं कि भारत को पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) को वापस लेने के लिए बल प्रयोग करना चाहिए। उन्होंने कहा, मैं इसे इस तरह से कह सकता हूं कि केवल बल प्रयोग से आपको किसी भी समस्या का समाधान नहीं मिलेगा। अंततः जब समाधान निकालने की बात आती है तो अंतिम लक्ष्य पर बातचीत के माध्यम से ही पहुंचा जाता है। अब्दुल्ला ने कहा, बातचीत के लिए स्थितियां बनाना दोनों पक्षों की जिम्मेदारी है, अकेले भारत की नहीं। दोनों देशों के बीच वार्ता बहाल होने की संभावना पर नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष अब्दुल्ला ने कहा, अब पाकिस्तान में नई सरकार है और जून के बाद भारत में भी नई सरकार होगी, भले ही उस सरकार का नेतृत्व कोई भी कर रहा हो। उन्होंने कहा, अब देखना यह है कि क्या ये दोनों सरकारें बातचीत के लिए अनुकूल माहौल बना पाती हैं। जो लोग पाकिस्तान के साथ जंग पर जोर दे रहे हैं, उन्हें खुद जाकर लड़ लेना चाहिए। उन्होंने कहा, अब जो यह बात कह रहे हैं कि बातचीत की कोई जरूरत नहीं है, तो जम्मू कश्मीर के उस हिस्से का क्या जो बाहर (पीओके) है, क्या हमें उसे छोड़ देना चाहिए।

## अनोखी परंपरा



**अगरतला :** अगरतला में एक अनोखी परंपरा आकर्षक रूप में मनाई जाती है। आदिवासी त्योहारों में से ही एक पर्व चरक पूजा है, जिसे भक्त बड़े ही धूमधाम से मनाते हैं। चरक पूजा अनुष्ठान के दौरान श्रद्धालु उलटे होकर जमीन पर लेटते हैं, अन्य मौजूदा महिलाएं ढोल-नगाड़ों के साथ मंगल गीत गाती हैं। ● एजेंसी

## दो इनामी महिला नक्सली समेत 6 ने किया आत्मसमर्पण

**सुकमा।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित सुकमा जिले में दो इनामी महिला नक्सलियों समेत छह नक्सलियों ने सुरक्षाबलों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया है।

सुकमा जिले के पुलिस अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि महिला नक्सली तेलाम गीता (35) और मुचाकी सोमे (24) समेत छह नक्सलियों ने सुरक्षाबलों के सामने आत्मसमर्पण किया है। उन्होंने बताया कि नक्सली गीता पर दो लाख रुपये व सोमे एक लाख रुपये का इनाम घोषित है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि माओवादी नेताओं के भेदभावपूर्ण व्यवहार से तंग आकर हिंसा का मार्ग छोड़कर समाज की मुख्यधारा में शामिल होने का फैसला किया है।

# आतंकियों ने बस में सवार लोगों पर चलाईं गोलियां, 11 की मौत

**कराची, एजेंसी**

- पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान में क्वेटा से ताफ्तान जा रही बस पर आतंकी हमला

पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान प्रांत में शुक्रवार को अज्ञात आतंकवादियों ने नौ बस यात्रियों समेत कम से कम 11 लोगों की हत्या कर दी।

पुलिस ने बताया कि पहली घटना में हथियारबंद लोगों ने नोशकी जिले में राजमार्ग पर एक बस को रोककर बंदूक की नोक पर नौ लोगों का अपहरण कर लिया था। एक अधिकारी ने कहा कि इन नौ लोगों के शव बाद में पास के पहाड़ी इलाकों में एक पुल के पास मिले, इन्हें गोली मारी गई थी। बस क्वेटा से ताफ्तान जा रही थी कि इस बीच हथियारबंद लोगों ने बस को रोका और यात्रियों की पहचान करने के बाद नौ लोगों को पहाड़ी इलाके में ले गए थे। वहीं, एक अलग घटना में उसी हाईवे पर एक कार पर गोलीबारी की गई, जिसमें दो यात्रियों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। बलूचिस्तान के मुख्यमंत्री मीर सरफराज बुगती ने कहा कि नोशकी राजमार्ग पर 11 लोगों की हत्या में शामिल आतंकवादियों को माफ नहीं किया जाएगा और उन्हें जल्द ही पकड़ लिया जाएगा। बुगती ने कहा कि हमलों में शामिल आतंकवादियों का पीछा किया जाएगा, उनका उद्देश्य बलूचिस्तान की शांति को नुकसान पहुंचाना है।

## गोपी बनेंगे अंतरिक्ष की सैर करने वाले पहले भारतीय पर्यटक

**वाशिंगटन।** आंध्र प्रदेश में जन्मे गोपीचंद थोटाकुरा अंतरिक्ष की यात्रा करने वाले पहले भारतीय पर्यटक बनेंगे हैं। वे न्यू शेफर्ड-25 (एनएस-25) मिशन के लिए चालक दल के हिस्से के रूप में अंतरिक्ष की यात्रा करेंगे।

वह 1984 में भारतीय सेना के विंग कमांडर राकेश शर्मा के बाद अंतरिक्ष में जाने वाले पहले भारतीय अंतरिक्ष पर्यटक और दूसरे भारतीय बन गए हैं। हालांकि अमेजन के संस्थापक जेफ बेजोस की अंतरिक्ष कंपनी ब्लू ओरिजिन के इस मिशन के लिए उड़ान की तारीख की घोषणा अभी नहीं की गई है। ब्लू ओरिजिन के अनुसार, गोपी एक पायलट और एविएटर हैं। इतना ही नहीं वह प्रिजर्व लाइफ कॉर्प के सह-संस्थापक भी हैं।

# मणिपुर में दो गुटों में गोलीबारी दो लोगों की मौत, जवान तैनात

**इंफाल, एजेंसी**

मणिपुर की राजधानी इंफाल के पूर्वी इलाके में शनिवार को दो गुटों के बीच जमकर गोलीबारी हुई। इस दौरान दो लोगों की गोली लगने से मौत हो गई। मृतकों की शिनाख्त अब तक नहीं हो सकी है।

इंफाल के पूर्वी इलाके में कांगपोकली जिले की सीमा के पास शनिवार को गोलीबारी हुई। एक अज्ञात समूह और गांव के स्वयं सेवकों के बीच गोलीबारी होने लगी। इस गोलीबारी में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि गोलीबारी की सूचना मिलते ही राज्य सुरक्षा दल और केंद्रीय बल तैनात किया गया है। गोलीबारी में मरे दोनों लोगों की पहचान अब तक नहीं हो सकी है, वहीं पुलिस बल अज्ञात दल को ढूंढ रहा है।

### राज्य में चुनाव के लिए सही समय नहीं, कुकी व मैतई समुदाय चिंतित

**इंफाल।** मणिपुर में कुकी और मैतई के बीच जातीय हिंसा भड़के हुए लगभग एक साल हो गए हैं। जातीय हिंसा ने मणिपुर की तस्वीर ही बदल दी है। मणिपुर में दो लोकसभा सीटों के लिए चुनाव 19 और 26 अप्रैल को होंगे। आंतरिक मणिपुर और बाहरी मणिपुर के कुछ क्षेत्रों में पहले चरण में मतदान होगा, जबकि बाहरी मणिपुर के शेष क्षेत्रों में 26 अप्रैल को मतदान होगा। आगामी चुनाव को लेकर चुराचांदपुर जिले में एक राहत शिविर में समन्वयक कुकी लहैनीलम ने कहा कि हमारी मांग स्पष्टा है। हम कुकी सममुदाय के लिए एक अलग प्रशासन चाहते हैं। वर्षों से विकास केवल घाटी में हुआ है, लेकिन हमारे क्षेत्रों में ऐसा नहीं हुआ। पिछले साल हुई हिंसा के बाद से हम एक साथ नहीं रह सकते, जिसकी कोई संभावना ही नहीं है।

## आस्ट्रेलिया: सिडनी में चाकू मारकर ली 6 लोगों की जान

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के सिडनी स्थित एक शॉपिंग मॉल में चाकूबाजी और गोलीबारी की घटना से हड़कंप मच गया। वेस्टफील्ड मॉल के अंदर चाकूबाजी से अफरातफरी मच गई और सैंकड़ों लोग इधर-उधर भागते दिखे। घटना में छह लोगों की मौत हो गई है और संख्या में और इजाफा हो सकता है।

दरअसल, स्थानीय मीडिया ने बताया कि बॉन्डी जंक्शन पर गोलियों की आवाज सुनी गई। पुलिस ने बताया कि वहां ऑपरेशन चलाकर हमलावर को मार गिराया गया है। मॉल में छह लोगों पर चाकू से हमला किया गया, जिसके बाद पुलिस ने जवाबी कार्रवाई में चाकूबाज पर गोली चलाई। घटना सिडनी के पूर्वी उपनगरों में एक मॉल की है, एक व्यक्ति अंधाधुंध गोलियां चलानी शुरू कर दी और कई लोगों पर चाकू से हमला किया।

**जांबाज** भारतीय सेना ने वर्षगांठ पर हेलीकॉप्टर और लॉजिस्टिक ड्रोन समेत बुनियादी ढांचा की गिनाईं उपलब्धियां, 24 घंटे कर रहे निगरानी

# सबसे ठंडे युद्धक्षेत्र सियाचिन ग्लेशियर में जवानों के चार दशक पूरे

**नई दिल्ली एजेंसी**

ऑपरेशन मेघदूत की 40वीं वर्षगांठ पर भारतीय सेना ने अधिकारियों ने हाल के दिनों में भारतीय रक्षा बलों द्वारा सियाचिन ग्लेशियर क्षेत्र में की गई कुछ प्रमुख पहलों के बारे में बताया। जिसमें हेलीकॉप्टर और लॉजिस्टिक ड्रोन का भी जिक्र किया गया।

सेना अधिकारियों के मुताबिक, आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति में काफी सुधार हुआ है। खासकर उन चौकियों पर जहां भीषण सर्दियों में जवान तैनात रहते हैं। अधिकारियों ने बताया कि विशेष कपड़ों, पर्वतारोहण उपकरणों और राशन की उपलब्धता ने सैनिकों को दुनिया के सबसे ठंडे युद्धक्षेत्र की कठोर परिस्थितियों का सामना करने की क्षमता को बढ़ा दिया है। अधिकारियों ने हाल ही में सेना के आधुनिकरण पर कहा था कि प्रत्येक सैनिक के पास पॉकेट वेदर ट्रैकर्स जैसे गैजेट मौसम के बारे में समय पर अपडेट प्रदान करते हैं और उन्हें संभावित हिमस्खलन के बारे में चेतावनी देते हैं।

ट्रैक के एक व्यापक नेटवर्क के विकास और ऑल-टेरेन व्हीकल्स (एटीवी) की शुरूआत से ग्लेशियर के पार गतिशीलता में काफी सुधार हुआ है।

डीआरडीओ द्वारा विकसित एटीवी पुलों जैसे नवाचारों ने सेना को प्राकृतिक बाधाओं पर काबू पाने में सक्षम बनाया है, जबकि हवाई केबलवे में उच्च गुणवत्ता वाली डायनेमा रस्सियां सबसे दूरस्थ चौकियों तक भी निर्बाध आपूर्ति लाइनें सुनिश्चित करती हैं। ऑपरेशन मेघदूत' की 40वीं वर्षगांठ पर भारतीय सेना ने अधिकारियों ने हाल के दिनों में भारतीय रक्षा बलों द्वारा सियाचिन ग्लेशियर क्षेत्र में की गई कुछ प्रमुख पहलों पर कहा कि मोबाइल और डेटा कनेक्टिविटी में काफी सुधार हुआ है। वीएसएटी तकनीक की शुरूआत ने ग्लेशियर पर संचार में क्रांति ला दी है, जिससे सैनिकों को डेटा और इंटरनेट कनेक्टिविटी प्रदान की जा रही है।

प्रौद्योगिकी में इस छलांग ने वास्तविक जागरूकता, टेलीमेडिसिन क्षमताओं और हमारे सैनिकों को उनके परिवारों से जोड़े रखकर उनकी भलाई को बढ़ाया है। उत्तरी और मध्य ग्लेशियरों में चौकियों पर कर्मियों को डिब्बाबंद राशन के बजाए ताजा राशन और सब्जियां मिलें। एक ऐसा पहलू जिसकी कुछ साल पहले कल्पना भी नहीं की जा सकती थी। नई लॉजिस्टिक पहलों की बदौलत ताजा राशन और सब्जियां अब हमारे फॉरवर्ड पोस्ट के लिए एक वास्तविकता बन गई हैं।



### इसरो ने स्थापित किया था अत्याधुनिक चिकित्सा ढांचा

दुर्गम स्थान में मिली चिकित्सा सहायता इसरो द्वारा स्थापित टेलीमेडिसिन नोड्स समेत सियाचिन में अत्याधुनिक चिकित्सा बुनियादी ढांचा न केवल हमारे सैनिकों को बल्कि नुब्रा घाटी में स्थानीय आबादी और पर्यटकों को भी महत्वपूर्ण चिकित्सा सहायता प्रदान करता है। परतापुर और बेस कैंप में चिकित्सा सुविधाओं में देश के कुछ सर्वश्रेष्ठ चिकित्सा और शल्य चिकित्सा विशेषज्ञ, अत्याधुनिक एचएपीओ कक्ष और जीवन समर्थन प्रणालियों के अलावा ऑक्सीजन उत्पादन संयंत्र शामिल हैं।